RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 52
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 10 दिसंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



फिल्म आरआरआर की शूटिंग से जुड़ेंगी आलिया भट्ट
विविध-12

**केंद्र सरकार का प्रस्ताव पूरी तरह ठुकराया:**

# कानून रद करने पर अड़े किसान, तेज करेंगे आंदोलन

- केंद्र की कानूनों में संशोधन और एमएसपी पर लिखित आश्वासन देने की पेशकश को नकारा
- दिल्ली में प्रवेश के रास्तों को बंद करने, रिलायंस और जियो के उत्पादों का बहिष्कार करने की चेतावनी

**राजेश कुमार**। नई दिल्ली



नई दिल्ली के सिंघू बॉर्डर पर जमे आंदोलनकारी किसानों के नेता सरकार के प्रस्ताव पर पत्रकार वार्ता में बोलते हुए *फोटोः रंजन डिमरी*

**नए कृषि** कानूनों के आठ प्रावधानों में संशोधन के सरकार के मसौदा प्रस्ताव को किसान संगठनों ने बुधवार को ठुकरा दिया। उन्होंने इसे 'अस्पष्ट' और किसानों का अपमान करार दिया। उन्होंने दावा किया कि सरकार के प्रस्ताव में नया कुछ नहीं है। किसानों ने राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश के सभी रास्तों को बंद कर अपना आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। किसान नेताओं ने तीनों कृषि कानूनों को खत्म करने की अपनी मांग को दोहराया। उन्होंने 12 दिसंबर को जयपुर-दिल्ली हाईवे रोकने तथा 14 दिसंबर को देश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी। उधर राहुल गांधी, शरद पवार, सीताराम ऐचुरी सहित पांच नेताओं ने राष्ट्रपति से मिल कर किसानों की मांगों के समर्थन में एक ज्ञापन दिया।

प्रस्ताव को अस्पष्ट और किसानों का अपमान करार देते हुए क्रांतिकारी किसान यूनियन दर्शन पाल ने कहा 'हम दिल्ली-जयपुर हाईवे को अवरुद्ध करेंगे तथा 12 दिसंबर को देश भर के टोल प्लाजा पर धरना देंगे.. उस दिन किसी भी टोल प्लाजा पर टैक्स नहीं दिया जाएगा। 14 दिसंबर को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन के तहत हम सभी जिला मुख्यालय का घेराव करेंगे। हमने लोगों से अनुरोध किया है कि वे भाजपा के सभी सांसदों और विधायकों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे। किसानों ने यह भी कहा कि देशव्यापी धरना दिया जाएगा और हम रिलायंस, अंबानी, अंबानी के प्रतिष्ठानों, उत्पादों का पूरे देश में विरोध करेंगे। किसानों द्वारा प्रस्ताव खारिज किए जाने के तुरंत बाद केंद्र कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने गृहमंत्री अमित शाह के साथ उनके घर पर बैठक की। यह बैठक ढाई घंटे तक चली। सरकार का लिखित प्रस्ताव आने से पहले सिंघू बॉर्डर पर एक बैठक हुई जिसमें किसानों ने फैसला किया कि वे तब तक प्रदर्शन करेंगे जब तक कि सरकार इन कानूनों को वापस नहीं ले लेती। किसानों के प्रतिनिधियों ने कहा 'हम कानूनों में कोई भी संशोधन नहीं स्वीकारेंगे, हम इसे पूरी तरह हटाना चाहते हैं।' गृहमंत्री शाह ने भी मंगलवार को किसान संगठनों के 13 नेताओं से बातचीत की थी, लेकिन उसमें भी कोई हल नहीं निकल पाया था। उसके बाद सरकार और किसानों के प्रतिनिधियों के बीच होने वाली छठे दौर की वार्ता रद्द कर दी गई थी। सरकार ने कम से कम सात मुद्दों पर जरूरी संशोधन का प्रस्ताव दिया था। इसमें मंडी सिस्टम को कमजोर करने के उनके डर को दूर करना शामिल था। सरकार ने नियमित मंडी के ( शेष पेज 9 )

## जावड़ेकर को गतिरोध खत्म होने का भरोसा, कहा-'वर्क इन प्रोग्रेस'

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली



**कृषि सुधार** कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसानों और सरकार के बीच जारी गतिरोध के जल्द समाधान के प्रति केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर बुधवार को आश्वस्त दिखे। उन्होंने किसानों के साथ जारी वार्ता को ''कार्य प्रगति पर है'' (वर्क इन प्रोग्रेस) बताया और भरोसा जताते हुए कहा कि यह आखिरी दौर में है। उन्होंने कहा कि किसानों के मुद्दे पर सरकार ''संवेदनशील'' है और उनकी समस्या के हल की दिशा में क्या किया जा सकता है, यह सरकार ने देखा है। किसानों के प्रदर्शन और इस गतिरोध को समाप्त किए जाने के दिशा में सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए जावड़ेकर ने कहा, ''ये वर्क इन प्रोग्रेस है। उम्मीद करते हैं कि यह आखिरी चरण में है। कुछ और समय का इंतजार करते हैं।'' ज्ञात हो कि राष्ट्रीय राजधानी की विभिन्न ( शेष पेज 9 )

# दलालों को रास नहीं आ रही किसानों की खुशहाली



गोरखपुर की पिपराईच चीनी मिल में सल्फरलेस प्लांट का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

- ऐसे लोग सरकार को बदनाम करने की रच रहे साजिश : मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा**। गोरखपुर

**प्रदेश के** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि पिछली कांग्रेस सरकारों के कार्यकाल में विकास योजनाओं का 90 प्रतिशत धन हड़प जाने वाले दलालों को अब किसानों की खुशहाली रास नहीं आ रही है और वे सरकार को बदनाम करने के लिए तरह-तरह के षड्यंत्र रच रहे हैं। योगी ने मुंडेरवा और पिपराइच चीनी मिल के सल्फरलेस प्लांट का लोकार्पण करने के बाद अपने सम्बोधन में कहा, हर साल किसानों को 6,000 रुपए किसान सम्मान निधि दी जा रही है। आज एक क्लिक दबाने पर पैसा किसान के खाते में चला जाता है। पहले कांग्रेस के समय में होता यह था कि दिल्ली से 100 रुपए भेजे जाते थे लेकिन किसान-मजदूर तक 10 रुपए ही पहुंचते थे। बाकी के 90 रुपए बीच में दलाल खा जाते थे। उन्होंने कहा, आज उन दलालों को बुरा लगता है कि उनके द्वारा की जाने वाली लूट-खसोट को टेक्नोलॉजी के माध्यम से पूरी तरह रोक दिया गया है तो यह लोग आज सरकारों को बदनाम करने के लिए तमाम तरह के षड्यंत्र करने में लगे हुए हैं। मैं उत्तर प्रदेश की जनता को धन्यवाद दूंगा जिन्होंने कल विपक्ष के बंद के आह्वान को पूरी तरह फ्लॉप करते हुए यह साबित किया है कि वह ( शेष पेज 9 )

# सार्वजनिक वाई-फाई नेटवर्क लगाएगी सरकार

- ब्रॉडबैंड का होगा प्रसार

**भाषा**। नई दिल्ली



**देशभर में** ब्रॉडबैंड इंटरनेट पहुंच के विस्तार के लिए सरकार ने पब्लिक डेटा ऑफिस (पीडीओ) के जरिए सार्वजनिक वाई-फाई नेटवर्क की स्थापना को मंजूरी दे दी है। कोई छोटी दुकान या साझा सेवा केंद्र (सीएससी) भी पीडीओ पीडीओ हो सकते हैं। इसके तहत स्थानीय किराना दुकानों तथा गली-मोहल्ले की दुकानों पर भी सार्वजनिक वाई-फाई नेटवर्क या एक्सेस पॉइंट लगाए जा सकेंगे। पीडीओ के लिए न तो लाइसेंस और न ही पंजीकरण की जरूरत होगी। साथ ही इनपर किसी तरह का शुल्क भी नहीं लगेगा।

सार्वजनिक वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस (पीएम वाणी) से देश में एक बड़ी वाई-फाई क्रांति आने की उम्मीद सरकार को है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को सार्वजनिक वाईफाई नेटवर्क की रूपरेखा को मंजूरी दे दी। इसमें कई खिलाड़ी मसलन..पब्लिक डेटा ऑफिस (पीडीओ), पब्लिक डेटा ऑफिस एग्रीगेटर्स और ऐप प्रदाता शामिल रहेंगे। संचार मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, पीडीओ के लिए कोई लाइसेंस लेने की जरूरत नहीं होगी, न ही इनके पंजीकरण की जरूरत होगी। इन पर कोई शुल्क लागू नहीं होगा। पीडीओ छोटी दुकानें या साझा सेवा केंद्र (सीएससी) भी हो सकते हैं।

पीडीओ वाई-फाई एक्सेस पॉइंट को स्थापित करेंगे और उसका रखरखाव और परिचालन करेंगे। साथ ही वे ग्राहकों तक ब्रॉडबैंड सेवाएं भी पहुंचाएंगे। पब्लिक डेटा ऑफिस एग्रीगेटर (पीडीओए) पीडीओ के एग्रीगेटर (सूत्रधार) के रूप में काम करेंगे तथा मंजूरी और लेखा-जोखा रखने का कामकाज करेंगे। ऐप प्रदाता पंजीकृत प्रयोगकर्ताओं के लिए ऐप विकसित करेंगे और नजदीकी क्षेत्रों में वाणी अनुकूल वाई-फाई हॉटस्पॉट की पहचान करेंगे और इंटरनेट सेवाओं तक पहुंच के लिए इसे ऐप के अंदर प्रदर्शित करेंगे। एक केंद्रीय रजिस्ट्री ऐप प्रदाताओं, पीडीओए और पीडीओ का ब्योरा रखेगी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि शुरुआत में सी-डॉट केंद्रीय रजिस्ट्री का कामकाज देखेगा।

## केंद्र ने 23,000 करोड़ की आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना मंजूर की

**नई दिल्ली**। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नई आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना पर 22,810 करोड़ रुपए के व्यय की बुधवार को मंजूरी दी। इस योजना का मकसद महामारी के दौर में कंपनी जगत को नई नियुक्तियों के लिए प्रोत्साहित करना है। आधिकारिक बयान के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना को मंजूरी प्रदान की गई। इसका मकसद आत्मनिर्भर भारत पैकेज की तीसरी किस्त के तहत कोविड-19 महामारी से उबरने के दौरान औपचारिक क्षेत्र में नए रोजगार को बढ़ावा देना और इसके लिए कंपनियों को प्रोत्साहित करना है। मंत्रिमंडल ने इसमें चालू वित्त वर्ष के लिए 1,584 करोड़ रुपए, जबकि योजना की पूरी अवधि के लिए 22,810 करोड़ रुपए के व्यय को मंजूरी दी है। सरकार की यह योजना 2020 से 2023 तक चलेगी। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देने के लिए बुलाए गए संवाददाता सम्मेलन में श्रम मंत्री संतोष गंगवार ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना के तहत सरकार एक अक्टूबर 2020 से 30 जून 2021 तक कंपनियों और अन्य इकाइयों द्वारा नौकरी पर रखे जाने वाले नए कर्मचारियों के लिए दो साल तक सेवानिवृत्ति कोष (ईपीएफ) में कर्मचारी और नियोक्ता दोनों की ओर से अंशदान करेगी।

## बच्चा गोद लेने के लिए विरक्त पत्नी की पूर्व सहमति जरूरी : कोर्ट

**भाषा**। प्रयागराज

**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि भले ही एक शादीशुदा हिंदू व्यक्ति ने अपनी पत्नी को छोड़ रखा है और वह उससे अलग जीवनयापन कर रहा है, लेकिन उसे तलाक नहीं दिया है, तो भी हिंदू दत्तक ग्रहण एवं गुजारा कानून के तहत एक बच्चे को गोद लेने के लिए उसे अपनी विरक्त पत्नी की पूर्व सहमति प्राप्त करना आवश्यक है। न्यायमूर्ति जेजे मुनीर ने मऊ के भानु प्रताप सिंह द्वारा दायर याचिका को खारिज करते हुए यह आदेश पारित किया। सिंह ने अपने चाचा राजेंद्र सिंह की मृत्यु के बाद प्रदेश के वन विभाग में अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति का अनुरोध किया था। याचिकाकर्ता के मुताबिक, राजेंद्र सिंह ने 2001 में उसे गोद लिया था। राजेंद्र सिंह ने अपनी पत्नी फूलमती को छोड़ दिया था और इस दंपति की कोई संतान नहीं थी। याचिका के मुताबिक, ऐसे में वह अनुकंपा के आधार पर नौकरी के लिए पात्र था क्योंकि वह राजेंद्र सिंह का अकेला वारिस था।

# रिश्तों का सबसे मुश्किल दौर सीमा पर शांति बेहद जरूरी

- बीजिंग ने सैनिकों की संख्या बढ़ाई, जिससे दोनों देशों में हुआ तनाव

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**चीन पर बोले जयशंकर**



**वास्तविक** नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गतिरोध के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि चीन के साथ संबंध पिछले 30-40 वर्षों में सबसे मुश्किल दौर में हैं। ऐसा पहली बार हुआ है, क्योंकि बीजिंग ने एलएसी पर शांति और यथास्थिति बनाए रखने के लिए हुए समझौते का उल्लंघन किया है। इस समय लद्दाख में 1,700 किलोमीटर लंबी एलएसी पर दोनों देशों की सेनाएं आमने-सामने हैं। संबंधों को बेहतर बनाने के लिए सीमा पर शांति बेहद जरूरी है। मंत्री ने यह भी स्वीकार किया कि दोनों देशों के बीच विभिन्न स्तरों पर हुई बातचीत अब तक नाकाम रही है। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि मूल मुद्दे पर समझौते का पालन नहीं किया जा रहा है। ऑस्ट्रेलियाई थिंकटैंक लोवी इंस्टीट्यूट के साथ ऑनलाइन बातचीत में जयशंकर ने कहा कि चीन ने हजारों सैनिकों को लद्दाख सेक्टर में एलएसी पर जमा कर समझौतों का उल्लंघन करने के लिए पांच अलग-अलग स्पष्टीकरण दिए हैं। इससे दोनों देशों के संबंधों में खटास बढ़ी है और संभवतः तीन-चार दशकों में यह सबसे बुरा दौर है। इस कड़ी में बीते जून में हुई झड़प में 1975 के बाद पहली बार 20 भारतीय सैनिक हताहत हुए हैं। पिछले 30 वर्षों के दौरान द्विपक्षीय संबंधों में आए सकारात्मक बदलाव जैसे चीन का भारत के साथ दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बनना और पर्यटन क्षेत्र में प्रगति करना, इस तथ्य पर आधारित थे कि दोनों पक्ष सीमा संबंधी मामले को सुलझाने के प्रयास करते हुए एलएसी पर शांति और यथास्थिति बनाए रखने पर सहमत हुए थे। वर्ष 1993 के बाद से दोनों देशों द्वारा एलएसी पर बड़ी संख्या में सैनिकों की तैनाती नहीं करने समेत कई समझौतों को रेखांकित करते हुए जयशंकर ने कहा कि अब चीन ने इस समझौते का उल्लंघन किया है और वह हमें पांच अलग-अलग स्पष्टीकरण दे रहा है। लद्दाख में एलएसी के पास चीन ने बड़े स्तर पर सैन्य तैयारी की है। स्वाभाविक रूप से इससे रिश्तों में दरार आई है।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 46,103 | ↑ | 495 | |
| निफ्टी | 13,529 | ↑ | 136 | |
| सोना | 49,221 | ↓ | 118 | /10g |
| चांदी | 63,410 | ↓ | 875 | /kg |

## क्विक न्यूज

### एम्ब्राएर रक्षा सौदा मामले में आरोप पत्र दायर

**नई दिल्ली**। ईडी ने विमान निर्माता एम्ब्राएर के साथ पूर्ववर्ती संप्रग सरकार के दौरान हुए रक्षा सौदे से जुड़े धन शोधन मामले में आरोप पत्र दायर किया है। केंद्रीय एजेंसी ने बताया कि यहां धन शोधन रोकथाम कानून की विशेष अदालत के सामने अभियोजन पक्ष की शिकायत दर्ज की गई। एजेंसी ने ब्राजील स्थित एम्ब्राएर एसए, इंटरडेव एविएशन सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड, केआरबीएल लिमिटेड, अनूप कुमार गुप्ता (केआरबीएल लिमिटेड के निदेशक), अनुराग पोटदार (अनूप कुमार गुप्ता के रिश्तेदार) और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। केआरबीएल लिमिटेड इंडिया गेट बासमती राइस की निर्माता है। यह मामला भारत में 20 करोड़ 80 लाख डॉलर का सौदा हासिल करने को एम्ब्राएर द्वारा कमीशन दिए जाने से जुड़ा है।

## बुलेट ट्रेन जोड़ेगी दिल्ली को अयोध्या-मथुरा-काशी से

**रिंकू यादव**। नोएडा

**दिल्ली-वाराणसी** बुलेट ट्रेन कॉरिडोर के लिए डीपीआर तैयार की जा रही है। इस रिपोर्ट के तहत धार्मिक शहरों, मथुरा प्रयागराज, वाराणसी, आगरा, कानपुर और जेवर हवाई अड्डे को भी इस कॉरिडोर में जोड़ा जाएगा। दिल्ली से अयोध्या को बुलेट ट्रेन से जोड़ने की योजना है, इसके लिए हवाई सर्वे के साथ डीपीआर तैयार किया जा रहा है। भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या को बुलेट ट्रेन कनेक्टिविटी मिलेगी। दिल्ली-वाराणसी कॉरिडोर के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट डीपीआर तैयार की जा रही है। इस रिपोर्ट के तहत धार्मिक शहरों, मथुरा, प्रयागराज, वाराणसी, आगरा, कानपुर और जेवर हवाई अड्डे को भी इस कॉरिडोर में जोड़ा जाएगा। इस स्ट्रेच के लिए नेशनल हाई स्पीड रेल कारपोरेशन लिमिटेड डीपीआर तैयार कर रहा है। उसके ( शेष पेज 9 )

# दोषसिद्धि पर रोक न होने पर दोषी व्यक्ति चुनाव लड़ने के अयोग्यः सुप्रीम कोर्ट

**भाषा**। नई दिल्ली



**उच्चतम न्यायालय** ने बुधवार को कहा कि अगर आपराधिक मामले में दोषी ठहराए गए व्यक्ति को दो साल या इससे ज्यादा की सजा होती है और अगर उसकी दोषसिद्धि पर रोक नहीं लगाई जाती है तो ऐसा व्यक्ति जन प्रतिनिधित्व कानून के तहत चुनाव लड़ने के अयोग्य है। शीर्ष अदालत ने 2019 के लोकसभा चुनाव में केरल के एर्नाकुलम संसदीय सीट पर सरिता एस नायर का नामांकन पत्र निरस्त करने के निर्वाचन अधिकारी के फैसले के खिलाफ दायर अपील पर सुनाए गए फैसले में यह टिप्पणी की। न्यायालय ने सरिता नायर की अपील खारिज कर दी। निर्वाचन अधिकारी ने केरल में सौर घोटाले से संबंधित आपराधिक मामले में नायर को दोषी ठहराए जाने और उसे सजा होने के तथ्य के मद्देनजर उसका नामांकन पत्र निरस्त कर दिया था। इस सीट पर कांग्रेस के हिबी एडेन विजई हुए थे। नायर ने वायनाड संसदीय सीट पर कांग्रेस के राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए दाखिल नामांकन पत्र इसी आधार पर निरस्त किए जाने को चुनौती देते हुए अपील दायर की थी। यह अपील दो नवंबर को न्यायालय ने खारिज कर दी थी। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमणियन की पीठ ने नायर की इस दलील को अस्वीकार कर दिया कि उसका नामांकन पत्र निरस्त करना गलत था, क्योंकि उसकी तीन साल की सजा को अपीली अदालत ने निलंबित कर दिया था। पीठ ने कहा कि सजा के अमल का निलंबन दोषसिद्धि की स्थिति नहीं बदलता है और इसलिए ऐसा व्यक्ति चुनाव लड़ने के अयोग्य ही रहेगा। शीर्ष अदालत ने केरल उच्च न्यायालय की इस व्यवस्था के लिए आलोचना की कि नायर की याचिका में तीन त्रुटियों-उचित सत्यापन, अधूरी प्रार्थना और पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ आरोप-का सुधार नहीं किया जा सकता था। शीर्ष अदालत ने कहा कि ए त्रुटियां सुधार योग्य थीं और याचिकाकर्ता को इन्हें दूर करने का अवसर दिया जाना चाहिए था। न्यायालय ने कहा कि ( शेष पेज 9 )

## कोरोना संक्रमित रोगियों के घर के बाहर पोस्टर न लगाएंः न्यायालय

**नई दिल्ली**। उच्चतम न्यायालय ने केन्द्र के दिशा-निर्देशों पर गौर करते हुए बुधवार को कहा कि प्राधिकारियों को कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों के घर के बाहर पोस्टर और साइनेज (निर्देशक या चेतावनी संकेतक) नहीं लगाने चाहिए। शीर्ष अदालत ने साथ ही कहा कि यदि योग्य प्राधिकारी आपदा प्रबंधन कानून के तहत विशेष निर्देश जारी करते हैं, तो इस प्रकार के पोस्टर विशेष मामलों में ही लगाए जा सकते हैं। न्यायमूर्ति अशोक भूषण की अगुवाई वाली पीठ ने कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों के घरों के बाहर पोस्टर नहीं चिपकाने का निर्देश दिए जाने का अनुरोध करने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान यह कहा। न्यायमूर्ति आर एस रेड्डी और न्यायमूर्ति एम आर शाह भी पीठ में शामिल थे। पीठ ने याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि केंद्र ने पहले ही दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं और इसलिए राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को इस प्रकार के पोस्टर नहीं लगाने चाहिए। केंद्र ने पहले शीर्ष अदालत से कहा था कि दिशा-निर्देशों में कोविड-19 मरीजों के घर के बाहर पोस्टर लगाने संबंधी कोई निर्देश नहीं दिया गया है और पोस्टर लगाने का मकसद किसी को कलंकित करने की मंशा नहीं हो सकता। केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा शीर्ष अदालत में दायर हलफनामे का जिक्र करते हुए तीन दिसंबर को पीठ को बताया था कि दिशा-निर्देशों में पोस्टर चिपकाने की अनिवार्यता का जिक्र नहीं है। याचिकाकर्ता कुश कालरा की ओर से पेश हुए वकील ने शीर्ष अदालत में कहा था कि कोविड-19 से संक्रमित मरीजों के घर के बाहर पोस्टर लगाने संबंधी कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं किया गया है, लेकिन हकीकत इसके विपरीत है। न्यायालय ने एक दिसंबर को मामले की ( शेष पेज 9 )

## भारत के प्रधान न्यायाधीश की मां को करोड़ों का चूना लगाने वाला गिरफ्तार

**भाषा**। नागपुर

**भारत** के प्रधान न्यायाधीश शरद अरविंद बोबडे की मां को पारिवारिक संपत्ति की देखभाल करने वाले एक व्यक्ति ने कथित तौर पर ढाई करोड़ रुपए का चूना लगा दिया। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी तापस घोष (49) को मंगलवार रात को गिरफ्तार कर लिया गया और नागपुर पुलिस का एक विशेष जांच दल (एसआईटी) डीसीपी विनीता साहू के नेतृत्व में मामले की छानबीन कर रहा है। अधिकारी ने कहा कि आकाशवाणी चौक के पास बोबडे परिवार के आवास से सटी हुई उनकी संपत्ति है, जिसका नाम सीडन लॉन है। उन्होंने कहा कि विभिन्न आयोजनों पर इसे किराए पर दिया जाता है। अधिकारी ने कहा कि न्यायमूर्ति बोबडे की मां मुक्ता बोबडे इस संपत्ति की मालिक हैं और घोष को इसकी देखभाल करने के ( शेष पेज 9 )

# किसानों की खुशहाली के लिए हर कदम उठाए जाएंगे: योगी

## मुख्यमंत्री ने 3209 नलकूप चालकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए

● पहली बार महिलाओं के हाथ होगी नलकूपों की कमान, 516 महिलाओं का भी हुआ चयन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश सरकार की लगातार कोशिशों से किसानों को समय पर खाद-बीज और सिंचाई की सुविधा मिलने लगी है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, पर ड्राप मोर क्रॉप जैसी योजनाओं ने खेती-किसानी को लाभकर बनाया है। सिंचाई व्यवस्था को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। नलकूपों के सुगम संचालन के लिए गांवों में बिजली आपूर्ति न होने की समस्या दूर की गई है। यह सब किसान हितों को संरक्षित करने की ही कोशिश है। सीएम योगी ने कहा कि खुशहाल किसान, समृद्ध प्रदेश की आधारशिला हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को लेकर सरकार लगातार काम कर रही है। किसानों की खुशहाली के लिए हर कदम उठाये जाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को प्रदेश में नवचयनित 3209 नलकूप चालकों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से पहली बार नलकूप चालकों के चयन के लिए परीक्षा और फिर प्रशिक्षण कराए जाने की नीति को ऐतिहासिक बताते हुए सीएम योगी ने नलकूप चालकों को खेती का महत्वपूर्ण अंग बताया। सीएम ने पहली बार नलकूप चालक के पद पर महिलाओं के चयन पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि यह 516 महिला नलकूप चालक एक नया इतिहास रच रही हैं। सीएम ने नवचयनित सभी नलकूप चालकों को बधाई देते हुए उन्हें जल संरक्षण की सीख भी दी। मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनपदों में तैनाती पाने वाले वाले नवचयनित नलकूप चालकों से संवाद भी किया। सीएम ने कहा कि सभी 3209 नवचयनित अभ्यर्थियों को इस बात पर गर्व करना चाहिए कि उन्हें किसी सिफारिश या जुगाड़ से यह सरकारी नौकरी नहीं मिली है। यह नौकरी आपकी अपनी मेधा, क्षमता और मेहनत से मिली है। सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश में नौकरी का एक मात्र आधार मेरिट ही है। पिछले दिनों 69000 प्राथमिक शिक्षकों के चयन की बात हो या पुलिस विभाग में 137000 पदों पर नियुक्ति, एक भी चयन सिफारिश या जुगाड़ से नहीं हुआ। जिसमें प्रतिभा है, उसे ही नौकरी मिलेगी। सीएम ने कहा कि बीते साढ़े तीन साल में करीब 4 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है तो 15 लाख ने निजी क्षेत्र में कॅरियर बनाया है। यही नहीं बैंकों से जोड़कर सरकार ने डेढ़ करोड़ युवाओं को स्वत: रोजगार के लिए वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराए हैं। सीएम ने कहा कि मिशन रोजगार का यह क्रम जारी रहेगा। मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण एवं पदस्थापना कार्यक्रम में लखनऊ में तैनाती पाने वाले नवचयनित नलकूप चालक शोभित शुक्ला, सुजीत नारायण, अरुण कुमार, ख्याति शर्मा और कंचन निषाद को मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्रदान किये। जबकि शेष युवाओं को जनपदों में आयोजित कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने नियुक्ति पत्र दिए। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में जलशक्ति मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में बीते साढ़े तीन साल जल शक्ति विभाग के लिए ऐतिहासिक रहे हैं। प्रदेश में सिंचित भूमि का दायरा 23 लाख हेक्टेयर हो गया है, तो वर्षों से खाली पदों पर नियुक्तियों की प्रक्रिया तेजी से पूरी हो रही है। 2011 के बाद पहली बार नलकूप चालकों की नियुक्ति हो रही है। इस बार पहली बार महिलाओं की तैनाती भी नलकूप चालक के पद पर हुई है, यह ऐतिहासिक है। यही नहीं, पहली बार इस पद के लिए बकायदे परीक्षा कराई गई। सफल अभ्यर्थियों को एक माह का प्रशिक्षण दिया गया। जलशक्ति मंत्री ने सभी नवचयनित नलकूप चालकों को मनचाहे जनपद में तैनाती पर बधाई भी दी। इससे पहले अपर मुख्य सचिव जल शक्ति टी वेंकटेश ने बताया कि प्रदेश में सिंचाई (यांत्रिक) विभाग में 34,401 राजकीय नलकूपों के लिए 18,811 नलकूप संचालकों के पद स्वीकृत हैं। अभी तक 9,198 नलकूप चालक ही सेवारत थे, जिसके कारण एक ऑपरेटर के जिम्मे 4-5 नलकूप होते थे। अब जबकि 3,209 नए चालक मिल रहे हैं, तो प्रदेश में कुल 12,407 चालक हो जाएंगे। इसके बाद अब एक ऑपरेटर के पास 2-3 नलकूपों की जिम्मेदारी होगी, जो कि सिंचाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने में मददगार साबित होगा।

## किसानों को धान बेचने में कोई परेशानी न हो: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्तमान सरकार किसानों के हितों को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्रदेश में जो धान खरीद हुई है, वह पिछली सरकार द्वारा अपने आखिरी वर्ष में की गई खरीद से पांच गुना अधिक है। उन्होंने किसानों से संवाद और समन्वय बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि धान क्रय केन्द्रों पर किसानों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए उनका भुगतान समय से सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में धान खरीद केन्द्रों के संचालन की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर हाल में यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को धान बेचने में कोई दिक्कत न हो। कृषि और ग्रामीण विकास राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उन्होंने सभी सम्बन्धित विभागों को कृषि, किसान कल्याण तथा ग्राम्य विकास से जुड़े कार्यों के संचालन में और तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को अपने विभागीय बजट को अवमुक्त करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने विशेष आर्थिक पैकेज के अन्तर्गत सभी जनपदों में उद्यम समागम व लोन मेलों का आयोजन करने के निर्देश देते हुए कहा कि लाभार्थियों को एमएसएमई इकाइयां स्थापित करने के लिए लोन मुहैया कराया जाए ताकि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा सके।

## 12 पैकेजों में होगा गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य



● यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव गृह एवं यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी द्वारा मेरठ से प्रयागराज तक प्रस्तावित गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना के निर्माण से संबंधित जिलों के अधिकारियों हेतु 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत यूपीडा मुख्यालय पर की गई। गंगा एक्सप्रेसवे से संबंधित 12 जिलों मेरठ, हापुड़, बुलन्दशहर, अमरोहा, सम्भल, बंदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ एवं प्रयागराज के एडीएम, एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो द्वारा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान पहले दिन उन्नाव व रायबरेली जनपद के अधिकारियों द्वारा इस प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया गया। गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना 12 जिलों की 30 तहसीलों से होकर निकल रही है। इस परियोजना में 12 पैकेज बनाए गए है। प्रत्येक पैकेज की लम्बाई 50 किमी है। इस महत्वकांक्षी परियोजना का शिलान्यास जून 2021 में कराया जाना प्रस्तावित है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में निर्देश देते हुए श्री अवस्थी ने कहा कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरु होने से पहले समस्त भूअभिलेखों का परीक्षण संबंधित अधिकारियों द्वारा गहनता से करा लिया जाए ताकि भूमि अधिग्रहण कार्य को तय समय सीमा के अन्तर्गत सुचारु रुप से पूर्ण किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए यह भी कहा कि परियोजना से संबंधित भूमि के क्रय हेतु धनराशि संबंधित जिलाधिकारियों को शीघ्र उपलब्ध करा दी जाएगी। बैठक में श्री अवस्थी ने यह बताया कि यूपीडा के पत्र के साथ परामर्शी द्वारा उपलब्ध कराए गए भू अभिलेखों की 3 प्रतियां जनपदों में उपलब्ध कराई जाएंगी, अभिलेख प्राप्त होने के तुरंत बाद तहसील कर्मचारी अधिकारी अभिलेखीय और स्थलीय सत्यापन अनिवार्य रुप से करेंगे, उसके बाद जो भी प्रस्ताव जिला समिति द्वारा तैयार किया जाए। उसका अनुमोदन मण्डलायुक्त से कराकर यूपीडा को भेजा जाए।

## निवेशकों से नियमित संपर्क करते रहें अधिकारी: मुख्य सचिव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग ग्रुप की आयोजित बैठक में यूपीसीडा द्वारा विकसित प्लास्टिक सिटी परियोजना दिबियापुर (औरैया) की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान मुख्य सचिव ने परियोजना का प्रचार प्रसार कराने तथा निवेशकों से नियमित संपर्क व फालोअप करते रहने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि यूपीसीडा द्वारा जनपद औरैया में कंचैसी-दिबियापुर रोड पर प्लास्टिक सिटी परियोजना विकसित की गई है। यह परियोजना कंचैसी रेलवे स्टेशन से 8 किमी की दूरी पर स्थित है। यह परियोजना कुल 359.38 एकड़ भूमि पर विकसित की गई है, जिसमें 274.45 एकड़ पर औद्योगिक एवं 84.93 एकड़ भूमि आवासीय योजना के लिये विकसित की गई है। बैठक में यह भी बताया गया कि अब तक 77 औद्योगिक, 109 आवासीय तथा 1-1 व्यवसायिक व संस्थागत भूखण्ड आवंटित किए जा चुके हैं। शासन द्वारा लिए गए निर्णय के क्रम में दिबियापुर के एक भाग को सभी प्रकार के उद्योगों के लिए उपलब्ध रखे जाने तथा कानपुर में भी यूपीसीडा के पास उपलब्ध भूमि पर प्लास्टिक पार्क बनाने का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जा रहा है। सके अतिरिक्त शासन द्वारा दिबियापुर स्थित पुलिस चौकी में पुलिस कर्मियों की तैनाती का आदेश निर्गत कर दिया गया है तथा पुलिस चौकी का रख रखाव यूपीसीडा द्वारा करा दिया गया है। परियोजना हेतु गेल के द्वारा एमओयू करने पर सैद्धांतिक सहमति प्राप्त हो गई है। 5 बड़ी इकाइयों ने दिबियापुर में 5 से 8 एकड़ भूमि लेने मे रुचि दिखाई गई है, जिसका नियमित अनुश्रवण एवं फालोअप किया जा रहा है।

**आधा दर्जन पुलिस उपाधीक्षक के तबादले:** लखनऊ। राज्य सरकार ने बुधवार को छह पुलिस उपाधीक्षकों के तबादले कर दिए। एडीजी प्रशासन पीसी मीना की तरफसे जारी आदेश के अनुसार पुलिस उपाधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला को हापुड़ से गोरखपुर, पुलिस उपाधीक्षक जगतराम को चंदौली से गोरखपुर, पुलिस उपाधीक्षक राम मोहन शर्मा को मुजफ्फरनगर से मथुरा भेजा गया है। इसके अलावा पुलिस उपाधीक्षक जगदीश कालीरमन को मथुरा से वाराणसी, पुलिस उपाधीक्षक विनय कुमार गौतम को गाजीपुर से मुजफ्फरनगर और पुलिस उपाधीक्षक संतोष कुमार सिंह को अमेठी से प्रयागराज भेजा गया है।


### कार्यालय नगर पालिका परिषद -सीतापुर

पत्रांक :- 53/टी0सी0-04/2020-21 — दिनॉक-08 नवम्बर, 2020

**अतिअल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

एतदद्वारा सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद सीतापुर सीमान्तर्गत विभिन्न निर्माण इत्यादि कार्य 15वॉ वित्त आयोग/14वॉ वित्त आयोग की निधि से कराये जाने हेतु कार्यालय पत्र संख्या 46/टी0सी0-04/2020-21 दिनांक 26.11.2020 द्वारा कार्यो की निविदाएं आमंत्रित की गई थी, जिनकी तकनीकी बिड खोले जाने की ई-निविदा सम्बन्धी निर्धारित अवधि पूर्ण होने के उपरान्त क्रमांक 04, 05, ई-निविदा प्रक्रिया में किसी भी फर्म द्वारा प्रतिभाग न किये जाने के कारण ई-निविदा कार्यवाही पूर्ण नहीं हो पाई है, वर्णित स्थिति में पूर्व शर्तो के अधीन पुनः अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जानी है। कार्यों का विवरण वेबसाइट http//etender.up.nic.in/एन0पी0पी0 बेवसाइड www.nagarpalikaparishadsitapur.org.in पर देखा जा सकता है शर्तें/कार्य की विस्तृत जानकारी निकाय के निर्माण अनुभाग में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। कार्यों की धरोहर धनराशि/निविदा शुल्क निकाय के खाता संख्या 01591010000660 आई0एफ0एस0सी कोड ORBC0100159 में ऑनलाइन आर०टी०जी०एस० के माध्यम से जमा किया जा सकता है अथवा प्रत्येक निविदा के साथ धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र/एफ0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सीतापुर के नाम बन्धक हो, स्वीकार किया जायेगा। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार मा0 अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सीतापुर में निहित होगा। निविदा विवरण निम्नवत् है-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई-निविदा बेवसाइड पर प्रकाशन तिथि/समय | 09.12.2020/सायं : 03.00 बजे |
| 1. | ई-निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ की तिथि/समय | 09.12.2020/सायं : 03.00 बजे से |
| 3. | ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 14.12.2020/सायं : 03.00 बजे तक |
| 4. | ई-निविदा खोले जाने की तिथि | 14.12.2020/सायं : 04.00 बजे |

(गुरू प्रसाद पाण्डेय)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, सीतापुर

(राधेश्याम जायसवाल)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, सीतापुर


## आज से तीन दिन पूर्वांचल के समग्र विकास पर सरकार करेगी मंथन

● सीएम, दोनों डिप्टी सीएम व कई मंत्री रहेंगे मौजूद

**लखनऊ।** पूर्वांचल के समग्र विकास का ब्लू प्रिंट तैयार करने को सीएम योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर में 10 से 12 दिसंबर तक राष्ट्रीय वेबिनार व संगोष्ठी का आयोजन होने जा रहा है। प्रदेश शासन के नियोजन विभाग के सौजन्य व गोरखपुर विश्वविद्यालय के अकादमिक सहयोग से होने वाले तीन दिन के कार्यक्रम की गम्भीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि योगी सरकार का इन तीन दिनों में डेरा गोरखपुर रहेगा। खुद मुख्यमंत्री योगी कुछ सत्रों में मौजूद रहेंगे। पूर्वांचल का विकास: मुद्दे, रणनीति एवं भावी दिशा विषयक राष्ट्रीय वेबिनार व संगोष्ठी मे पांच सेक्टरों प्राइमरी, मैन्युफैक्चरिंग, सर्विस, सोशल व वाटर सेक्टर में चार दर्जन से अधिक सत्रों में विकास की भावी रूपरेखा तैयार की जाएगी। हर सत्र में प्रदेश सरकार के मंत्री, शासन के वरिष्ठ अधिकारी व देश विदेश के विषय विशेषज्ञ मंथन कर सतत विकास का रोड मैप बनाएंगे। इस राष्ट्रीय वेबिनार व संगोष्ठी का उद्घाटन 10 दिसम्बर को शाम पांच बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। सीएम दूसरे दिन 11 दिसम्बर को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक सभी मंत्रियों, पूर्वांचल के सभी सांसदों व पूर्वांचल के सभी विधायकों के साथ एक-एक घण्टे अलग-अलग बैठक कर इस क्षेत्र के विकास पर मंत्रणा करेंगे। राष्ट्रीय वेबिनार व संगोष्ठी के समापन सत्र में भी 12 दिसम्बर को शाम 4 बजे से सीएम योगी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समापन सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय आयुष मंत्री, स्वतन्त्र प्रभार श्रीपद यशो नाइक की मौजूदगी रहेगी।

अलग अलग सत्रों में दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या और डॉ. दिनेश शर्मा व अन्य मंत्रियों की सहभागिता रहेगी।

## कोविड के दौर में मिले 47,572 करोड़ के निवेश प्रस्ताव

● मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने की इन्वेस्ट यूपी के तहत प्राप्त निवेश प्रस्तावों की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**उत्तर** प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, निवेश तथा निर्यात प्रोत्साहन मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि कोविड 19 आने के बाद जब सम्पूर्ण विश्व की अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई, इस दौरान भी किये गये प्रयासों के फलस्वरूप 47,572 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त करने में सफलता हासिल हुए है। जिसमें घरेलू निवेशकों से 37,714 करोड़ रुपये के 33 प्रस्ताव तथा विदेशी निवेशक से 9,858 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव शामिल हैं। उन्होंने इन निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारने के लिए विशेष सचिव औद्योगिक विकास मुत्थू स्वामी को नोडल अधिकारी नामित किया और परियोजनाओं के यथाशीघ्र क्रियान्वयन के अधिकारियों को उचित निर्देश भी दिए।

श्री सिंह ने यह निर्देश बुधवार को खादी भवन में आयोजित इन्वेस्ट यूपी के उपसमिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। उन्होंने कहा कि कोविड के दौरान विभिन्न देशों के राजदूतों एवं उच्चायुक्तों से लगातार सम्पर्क बनाये रखा गया, जिसके परिणाम अब सामने आने शुरू हो गये हैं। उन्होंने कहा कि कनाडा से 1746 करोड़ रुपये के निवेश के 2 प्रस्ताव मिले, जिसमें से इकाग्राटा कंपनी ग्रेन एन्फ्रास्ट्रक्चर इक्यूपमेंट के लिए 746 करोड़ तथा मेडिकॉम ग्रुप जेवर में 1000 करोड़ का निवेश कर पीपीई किट, मास्क और ग्लब्स का प्लांट लगायेगी। श्री सिंह ने कहा इसी प्रकार जर्मनी की चार कंपनियां लाट्रिक वॉन वेलेक्टस इण्डिया लिमिटेड फुटवेयर, स्विंग स्टेटर इण्डिया लिमिटेट हैवी मशीनरी, जॉक टेक्नालॉजी पावर प्लांट तथा उप्पलस् आईटी प्रोजेक्ट प्रालि आईटी के क्षेत्र में निवेश करेगी। इनके आलवा हांगकांग की तॉंग-फांग कंपनी ग्रेटर नोएडा में 1000 करोड़ रुपये से सोल्डर वायर के क्षेत्र में निवेश करेगी। इसके अतिरिक्त सिंगापुर की आरबीडीसी प्रालि नोएडा में 1500 करोड़ रुपये का निवेश करके डाटासेंटर की स्थापना करेगी तथा यूके की ट्रीनिटी नेचुरल गैस प्रालि कंपनी जेवर एअरपोर्ट के पास 1000 करोड़ रुपये का लॉजिस्टिक एवं वेअरहाउसिंग के क्षेत्र में निवेश करेगी। इसी प्रकार यूके की ही एसोसिएटेड ब्रिटिश फूड कंपनी मध्यांचल में 375 करोड़ का निवेश करके यीस्ट और बेकरी का प्रोसेसिंग प्लांट लगायेगी।


### कार्यालय नगर पालिका परिषद -सीतापुर

पत्रांक :- 52/टी0सी0-04/2020-21 — दिनॉक-08 दिसम्बर, 2020

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

एतद्वारा सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद सीतापुर की सीमान्तर्गत कॉलम के सम्मुख अंकित कार्य को राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फन्ड से कराये जाने हेतु ई-टेण्डर के माध्यम से ई-निविदा दिनांक 09.12.2020 से दिनांक 14.12.2020 को समय 03.00 PM तक आनलाइन डाउनलोड एवं अपलोड की जायेगी, वेबसाइड पर ई-निविदा प्रकाशन दिनांक 09.12.2020 को समय 11.00 AM एवं उक्त निविदा दिनांक 14.12.2020 को समय 04.00 PM बजे खोली जायेगी। सम्बन्धित निविदा वेबसाइट http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है, निविदा प्रपत्र शुल्क आर०टी०जी०एस० के माध्यम से नगर पालिका परिषद, सीतापुर के ओरियन्टल बैंक ऑफ कामर्स सीतापुर के खाता संख्या 01591010000660 आई0एफ0एस0सी कोड ORBC0100159 में ऑनलाइन जमा किया जा सकेगा अथवा चेक/डी0डी0आर0 जमा की जा सकेगी तथा प्रत्येक निविदा के साथ धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र/किसान विकास पत्र/एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, सीतापुर के नाम बन्धक हो, स्वीकार किया जायेगा। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अध्यक्ष महोदय नगर पालिका परिषद, सीतापुर में निहित होगा। अन्य शर्तें/जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पालिका कार्यालय में सम्बन्धित अनुभाग से की जा सकती है, किसी भी कार्य दिवस में अवकाश होने की स्थिति में निर्धारित प्रक्रिया अगले कार्य दिवस में पूर्ण की जायेगी। नियम व शर्ते पूर्व निर्गत कार्यालय पत्र संख्या 45/सा0प्र0/2020-21 दिनांक 24.11.2020 के अधीन रहेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | दर/कुन्तल | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा मूल्य+टैक्स |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | अलाव जलाने हेतु सूखी जलौनी लकड़ी की आपूर्ति। | 2500 कुन्तल | रु0 610.00/कुन्तल | 1525000.00 | 30500.00 | 1200.00+ जी.एस.टी. |

(गुरू प्रसाद पाण्डेय)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, सीतापुर

(राधेश्याम जायसवाल)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, सीतापुर


### राष्ट्रीय लोक अदालत 12 को

**लखनऊ(विसं)।** जिला जज दिनेश कुमार के निर्देशानुसार सिविल कोर्ट परिसर, लखनऊ में 12 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सपना त्रिपाठी के मुताबिक लोक अदालत में समस्त प्रकार के वादों का निस्तारण किया जाएगा।


पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मै, हवलदार सत्येंद्र कुमार पुत्र देवनन्दन यादव, निवासी-मुरगॉव चाकंद, गया, बिहार-804404. मेरे सेवा रिकॉर्ड में गलती से मेरे बेटों की जन्मतिथि गलत लिखी गई है, संदीप कुमार की-01.07.2001, अजीत कुमार की-15.08.2004 और मेरी बेटी पूजा कुमारी की - 17.05.1999। जबकि संदीप कुमार की सही जन्मतिथि 10.08.2005 है, अजीत कुमार-23.07.2004 और मेरी बेटी पूजा कुमारी-17.06.2002 है। शपथ पत्र 24 नवम्बर, 2020, जिला अदालत प्रयागराज, यूपी के अनुसार।


## नई योजना में उलझता जा रहा नौनिहालों का पोषाहार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सूबे** में और बेहतर करने के फेर मे बेचारे नौनिहालों का पोषाहार उलझता जा रहा है। पक्के पोषाहार के स्थान पर कच्चा राशन कई चरणों से गुजरते हुए लाभार्थियों तक पहुंच रहा है। स्थिति यह है कि अभी तक लाभार्थियों को महज चावल व गेहूं का ही वितरण सुनिश्चित हो पाया है। जबकि दालों की अभी खरीदारी ही चल रही है, हालांकि कुछ स्थानों पर ही इसका वितरण हो पाया है। ऐसे में योजना के तहत आगे चलकर चना, घी और स्किम्ड मिल्क के वितरण की व्यवस्था हाल फिलहाल परवान चढ़ती नहीं दिख रही है।

नई योजना के तहत लाभार्थी को कच्चा राशन दिया जा रहा है। इसमें कोटेदार से लेकर लाभार्थी तक कई स्तर से होकर अनाज जा रहा है। दूसरे सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर नई व्यवस्था के तहत प्रदेश में 9 नवंबर से कच्चा राशन बांटने की व्यवस्था शुरू तो की लेकिन बिना समुचित तैयारी के। जिसके चलते व्यवस्था के मूर्त रूप लेने में समय लग रहा है। वहीं महत्वपूर्ण बात यह भी है कि प्रदेश में लागू नई प्रणाली भारत सरकार द्वारा 24 फरवरी 2009 को जारी दिशानिर्देशों एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के पूरी तरह विरोधाभास है, क्योंकि योजना के लाभार्थियों को सूखा राशन दिया जाना वर्जित है। वहीं पीसीडीएफद्वारा वितरित किए जाने वाला स्किम्ड मिल्क अभी वितरित नहीं हो पा रहा है और न ही घी का वितरण हो पा रहा है। आगे चलकर हर ब्लाक में चावल, दाल, चना, घी, गेंहू और दूध का पाउडर समूहों द्वारा एक पैकिंग में भरकर केंद्रों पर दिया जाएगा। तब तक नौनिहालों के पोषाहार का हाल बदहाल है। सूत्रों का कहना है कि नई प्रणाली में कच्चा राशन की कालाबाज़ारी एवं गबन की घटनाओ को बढ़ावा मिलने की अधिक संभावना है।

**मॉनिटरिंग में ही निकल जा रहा डीपीओ का समय**

सूबे में पोषाहार की जगह कच्चा राशन वितरित किया जा रहा है। हर जिले में जिला कार्यक्रम अधिकारी को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। अब जिलों में हाल यह है कि एक आंगनबाड़ी केंद्र पर अनाज पहुंचाने तक डीपीओ को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। उनके पास 6 योजनाओं की जिम्मेदारी होती है। पूरा दिन विभाग से लेकर कोटेदार और कोटेदार से लेकर स्वयं सहायता समूह फिर स्वयं सहायता समूह से लेकर आंगनबाड़ी केंद्रों तक अनाज पहुंचने की प्रक्रिया की मानीटरिंग में ही निकल जा रहा है।

> **नई** व्यवस्था के तहत गेहूं, चावल के साथ दाल की खरीदारी होने के साथ ही वितरण भी कराया जा रहा है। जहां तक स्किम्ड मिल्क का प्रश्न है तो पीसीडीएफ की तरफ से इसका टेंडर कराया जा रहा है। दो जगहों का फाइनल भी हो चुका है। ऐसे में इसका भी वितरण शुरू हो जाएगा। जहाँ तक कालाबाजारी का प्रश्न है तो इसके लिए हर स्तर पर मॉनिटरिंग की जा रही है।
>
> **सारिका मोहन, निदेशक बाल विकास पुष्टाहार**


### कार्यालय नगर पंचायत बभनान बाजार, बस्ती

पत्रांक-1255(3)/न.पं0ब0बा0/2020-21 — दिनांक-09.12.2020

**निविदा आमंत्रण सूचना**
**(ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना)**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण तथा समस्त सम्बन्धित ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत बभनान बाजार, बस्ती में 14वाँ वित्त आयोग के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हैं, जिसके लिए आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कार्य से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा। वेबसाइट पर उपलब्ध निविदा नोटिस में धरोहर धनराशि, निविदा डालने की तिथि, समय, कार्य करने की अवधि एवं निविदा लागत तथा निविदा के विस्तृत नियम एवं शर्तों का उल्लेख है। कार्य का विवरण निम्नलिखित है।

| क्रमांक | कार्य का नाम | योजना का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु0 में) | धरोहर धनराशि 10 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मू0 | कार्यादेश निर्गत होने के 90 दिवस के भीतर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं0 01 अम्बेडकर नगर में बभना कलादीनपुर पिच मार्ग से सन्थुआ पिच रोड तक इण्टरलाकिंग सड़क व आर0वाल0 निर्माण कार्य। | 14वाँ वित्त आयोग | 19.84 | 2% | 1000 | 6 माह |

ई-निविदायें (टेक्निकल एवं फाइनेन्शियल) निम्नलिखित विवरण के अनुसार वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर आनलाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कार्यालय नगर पंचायत वभनान बाजार, बस्ती से कार्यालय समय एवं दिवस पर की जा सकती है।

| क्रमांक | वेबसाईट पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 10.12.2020 | 13:00 बजे |
| 2 | ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 10.12.2020 | 13:00 बजे |
| 3 | ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 18.12.2020 | 13:00 बजे |
| 4 | ई-निविदा खोले जाने की तिथि/समय | 19.12.2020 | 14:00 बजे |

(रमेश कुमार गुप्ता)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बभनान बाजार
जनपद-बस्ती

(सईद खॉं)
अध्यक्ष
नगर पंचायत बभनान बाजार
जनपद-बस्ती


सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# कोरोना वैक्सीन के सुरक्षित स्टोरेज की फूलप्रूफ कार्ययोजना बनाएं: योगी

## मुख्यमंत्री ने कोविड-19 संक्रमण के प्रति सतर्कता बरतने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोविड-19 संक्रमण के प्रति पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि लोगों को इसके सम्बन्ध में जागरूक करने के लिए लगातार प्रचार प्रसार किया जाए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कोरोना वैक्सीन के निकट भविष्य में आने की सम्भावना को ध्यान में रखते हुए उसकी सुरक्षित स्टोरेज तथा कोल्ड चेन की स्थापना के सम्बन्ध में एक फूलप्रूफ कार्य योजना तैयार करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्य योजना स्वास्थ्य एवं गृह विभाग संयुक्त रूप से तैयार करे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह निर्देश बुधवार को अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक के दौरान दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि वैक्सीन का दुरुपयोग किसी भी हाल में न होने पाए। उन्होंने कहा कि पूर्व में रूबेला तथा खसरे की रोकथाम के लिये चलाए गये वैक्सीनेशन अभियानों के अनुभवों के आधार पर कोरोना वैक्सीनेशन अभियान प्रदेश में प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। उन्होंने वैक्सीन की सुरक्षित स्टोरेज के लिए सभी आवश्यक अवस्थापना सुविधाएं 15 दिसम्बर 2020 तक तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने वैक्सीन स्टोरेज सेन्टर्स में सीसीटीवी लगाने के निर्देश देते हुए कहा कि वैक्सीन कैरियर वाहनों में जीपीएस लगाया जाए, जिससे इसकी सुरक्षित सप्लाई सुनिश्चित की जा सके।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में कोरोना वैक्सीन की स्टोरेज के लिये 35,000 केन्द्र स्थापित किये जाएंगे। मुख्यमंत्री ने इनकी समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आज केन्द्र सरकार द्वारा प्रदेश में वैक्सीनेशन के लिये मास्टर ट्रेनर्स की ट्रेनिंग भी करावाई जा रही है। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने इस ट्रेनिंग का वर्चुअल अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कोविड 19 वैक्सीन की स्टोरेज के लिये पूरी गम्भीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिलाधिकारी तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रतिदिन नियमित रूप से सुबह कोविड चिकित्सालय में तथा शाम को इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर में बैठक आहूत करते हुए कार्यों की समीक्षा की जाए और आगे की रणनीति बनायी जाए। उन्होंने कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग तथा सर्विलांस की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड 19 से संक्रमित मरीजों के उपचार की बेहतर व्यवस्था प्रत्येक दशा में सुनिश्चित की जाए। इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता नहीं बरती जानी चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि मरीजों की भर्ती में कोई समस्या न पेश आए। उन्होंने कहा कि कोविड चिकित्सालयों में बेड्स की आवश्यकता का आकलन करते हुए अतिरिक्त बेड्स की व्यवस्था के लिए विशेष प्रयास किये जाएं। कोविड अस्पतालों में दवाओं तथा अन्य सामग्री की कोई कमी न होने पाए। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव आरके तिवारी, औद्योगिक एवं अवस्थापना आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव एमएसएमई तथा सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज एवं ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# राजधानी में 195 और सूबे में मिले कोरोना के 1381 नए केस




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** सहित सूबे में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बरकरार है। बुधवार को राजधानी में कोरोना के 195 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 1381 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 20658 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 3128 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक 7987 मरीजों की और राजधानी में 1038 की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 551,512 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 2022 मरीजो को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 530,854 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। राजधानी लखनऊ में आज कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा 9548 लोगो के सैम्पल लिये गये है। जिनमे प्रमुख रूप से आज इंदिरा नगर 18, आलमबाग 16, गोमती नगर 19, रायबरेली रोड 12, चौक 10, आशियाना 12, महानगर 13, विकासनगर 10, हसनगंज 10, कैंट 10 स्थानों पर पाजिटिव रोगी पाये गये। वही आज कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 103 रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया। जिसमें से सभी 103 रोगियों के लिए एम्बुलेंस का आवंटन भी कर दिया गया।

## महंत नृत्य गोपाल दास मेदान्ता से डिस्चार्ज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**श्री** राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की सेहत में सुधार को देखते हुए बुधवार को मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ से उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। महंत नृत्य गोपाल दास पूरे एक माह अस्पताल में भर्ती रहे, उन्हें पिछले माह 9 नवम्बर को भर्ती कराया गया था। डिस्चार्ज होने बाद ग्रीन कॉरिडोर के जरिये एम्बुलेंस से वह अयोध्या गए। हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ राकेश कपूर ने बताया कि सेहत में सुधार के बाद उनके कहने पर उन्हें डिस्चार्ज किया गया। बता दें कि महंत नृत्य गोपाल दास को पल्मोनरी एम्बोलिज्म के चलते सांस लेने में तकलीफ के बाद क्रिटिकल कंडीशन में आईसीयू में भर्ती कराया गया था उन्होंने बताया इमरजेंसी में उनके फेफड़ों में जमे हुए खून के थक्के को हटाने के लिए सफल ऑपरेशन किया गया। इसके पश्चात उन्हें क्रिटिकल केयर टीम की निगरानी में रखा गया था। बीते एक हफ्ते से वह सपोर्ट सिस्टम से बाहर आ गए थे। उनकी हालत में संतोषजनक सुधार देखते हुए अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है।

## कोरोना काल में ड्यूटी करने वाले 22 हजार संविदा चालकों व परिचालकों को रोडवेज देगा प्रोत्साहन भत्ता

**लखनऊ।** कोरोना काल में गैर राज्यों से यूपी आए श्रमिकों को रोडवेज बसों से घर पहुंचाने वाले ड्राइवर व कंडक्टरों के लिए अच्छी खबर है। दिन रात मेहनत करके बस चलाने वाले 22 हजार संविदा व नियमित चालक परिचालकों पर परिवहन निगम धनवर्षा करने जा रहा है। इसके लिए प्रबंध निदेशक धीरज साहू ने छह करोड़ 33 लाख रुपये बांटने की मंजूरी दे दी है।लॉकडाउन के दौरान ड्यूटी करने वाले हर कर्मियों को रोजाना के 300 रुपये के हिसाब से प्रोत्साहन भत्ता दिया जाएगा। अधिकारी बताते है कि अप्रैल से अक्तूबर माह के बीच जो संविदा कर्मी तय किमी और ड्यूटी पूरा नहीं किए है उन्हें उत्कृष्ट और उत्तम योजना से अलग नहीं किया जाएगा। वहीं जून से अक्तूबर के बीच 50 फीसदी यात्री लोड फैक्टर पर प्रोत्साहन दिए जाने का भी निर्णय लिया है। परिवहन निगम के मुख्य प्रधान प्रबंधक संचालन पीआर बेलवारियार बताते है कि वैसे तो 35 हजार संविदा और 10 हजार के करीब निमयित चालक परिचालक है। पर कोरोना काल में ड्यूटी करने वालों की संख्या 22 हजार के करीब रही। इनमें कुछ कर्मी ऐसे भी जो बीच बीच में ड्यूटी से गायब रहे। ऐसे कर्मियों को पूर्व के शर्तो के साथ प्रोत्साहन देने के निर्देश प्रदेश भर के क्षेत्रीय प्रबंधकों को दिए गए है।

## ऑनलाइन जॉब फेयर से मिशन रोजगार को आगे बढ़ाएगा एकेटीयू

**लखनऊ।** योगी सरकार के मिशन रोजगार अभियान को गति देने के लिए डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने कारपोरेट सेक्टर को विवि से जोड़ने की तैयारी शुरू कर दी है। अभियान के तहत इंजीनियरिंग व मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहे छात्रों को जॉब प्लेसमेंट के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।हालांकि इससे पूर्व भी कई बार विवि की तरफ से जॉब फेयर का आयोजन किया जा चुका है। जिसमे काफी सारी कम्पनियों ने शामिल होकर स्टूडेंट्स को नए मौके दिए हैं। पर अब विवि प्रशासन ने कारपोरेट सेक्टर में सम्भावनाओं के मौके पर लगातार नजर रखने का निर्णय लिया है। इसके तहत दिसम्बर में ऑनलाइन एक बड़े रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इसमें कई नामी कंपनियां छात्रों को नौकरियां देने के लिए जुटेंगी। दिसम्बर में सात बड़ी कंपनियां छात्रों के इंटरव्यू के लिए आएंगी। जो करीब 9061 पदों के लिए छात्रों का साक्षात्कार लेंगी।

# शादी समारोहों से बाइक चुराने वाला पकड़ा गया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राजधानी** में वाहन चोर गिरोह के सक्रिय सदस्य को गोमतीनगर पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरोह का यह सदस्य शादी विवाह में आए लोगों की गाड़ियों को निशाना बनाकर उन्हें लेकर रफूचक्कर जो जाता था। गिरोह के सदस्य की पहचान उमेश लोनिया के रूप में हुई है, जिसको सहारा शहर के पीछे विपुल खंड से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी के छह दोपहिया वाहन भी बरामद किए हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक यह गिरोह लखनऊ में रहकर सक्रिय था, इस गिरोह के आरोपियों ने लखनऊ समेत अन्य जनपदों में गाड़ियां चोरी की है। यह गिरोह चोरी के वाहनों को खरीदता व बेचता भी है, पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया है। आरोपी उमेश लोनिया के पास से पुलिस को कई अहम नम्बर भी मिले हैं जिसको लेकर जांच की जा रही है। एडीसीपी पूर्वी सैय्यद काशिम आब्दी ने बताया कि शादी समारोह में आये दिन दो पहिया वाहनों के चोरी होने की शिकायत मिल रही थी। जिसको लेकर टीम बनाई गई थी,जिसमें क्राइम टीम ने मुखबिर की सूचना पर उमेश लोनिया नामक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से उसके गिरोह के कई मोबाइल नंबर प्राप्त हुए है जिसपर जांच की जा रही है। साथ ही शादी समारोह से चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए सिविल ड्रेस में पुलिस की टीमें लगाई गई हैं।

# संदिग्ध हालात में गोली लगने से आरपीएफ दरोगा की मौत

## रेलवे ट्रैक पर मिली लाश, पीएम रिपोर्ट का इन्तजार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आलमबाग** कोतवाली क्षेत्र के मवैया रेलवे क्रॉसिंग के पास रेलवे ट्रैक पर आरपीएफ विभाग में तैनात सब इंस्पेक्टर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। उन्हें गोली मारी गई थी। गोली उनके सीने में लगी थी और पास में ही सर्विस पिस्टल भी रखी मिली। पुलिस का मानना है कि दरोगा ने खुद को सर्विस रिवॉल्वर से गोली मारकर खुदकुशी की है। जबकि किसी तरह का कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। इंस्पेक्टर प्रदीप सिंह ने बताया कि दिल्ली के बदरपुर निवासी पूरन सिंह नेगी आरपीएफ के सीआईबी शाखा में सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत थे। वह मौजूदा समय में आलमबाग के सरदारीखेड़ा इलाके में अकेले किराए के मकान में रहते थे। उनकी नाका चारबाग में डयूटी लगायी गई थी। इंस्पेक्टर आलमबाग पंकज कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को शाम सात बजे से रात 10 बजे की ड्यूटी करने के लिए गए थे। उसके बाद मंगलवार सुबह 10 बजे से उनकी फिर ड्यूटी थी। न पहुंचने पर आरपीएफ कर्मचारियों ने उनको फोन किया तो रिंग जा रही थी लेकिन फोन नहीं रिसीव हुआ। आरपीएफ अधिकारी ने कई बार फोन किया तब भी कुछ पता न चल सका। इसके बाद विभाग ने ही उच्चाधिकारियों को सूचना दी। फिलहाल मौके पर हुई प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की आशंका लग रही है। शव के पास से दरोगा की सर्विस पिस्टल मिली है। जिससे एक फायर किया गया है। बाकी की बुलेट उसमें मौजूद हैं। इसके साथ ही शरीर पर किसी भी तरह के संघर्ष के निशान नहीं दिखे हैं। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही सही तथ्यों की जानकारी मिल सकेगी। वहीं आरपीएफ के कर्मचारियों ने ही सर्विलांस की मदद से पूर्ण की लोकेशन ट्रेस की। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। लोकेशन के आधार पर ट्रेस करके पुलिस यार्ड के पास पहुंची तो वहां झाडियों में खून से लथपथ शव पड़ा था।

**अटल मेडिकल यूनीवर्सिटी के एकेडमिक ब्लॉक का उद्घाटन आज।** लखनऊ।डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के नवें फ्लोर पर वैकल्पिक तौर पर स्थापित अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी के एकेडमिक ब्लॉक का उद्घाटन गुरुवार को प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना करेंगे। जबकि यूनिवर्सिटी का स्थाई भवन चक गंजरिया में प्रस्तावित है।सूबे में स्थापित राजकीय व निजी मेडिकल कालेजों सहित नर्सिंग व पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट को एक छत के नीचे लाने के लिए स्थापित इस यूनिवर्सिटी के जरिये सभी को डिग्री मिलेगी। विवि के कुलपति प्रो. एके सिंह के मुताबिक अभी राज्य में अभी 31 निजी मेडिकल कॉलेज हैं।

## चौथे चरण की बीएड काउंसिलिंग

# 17125 अभ्यर्थियों को मिला मनमाफिक कालेज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** भर के बीएड कालेजों में दाखिले को लेकर चल रही काउंसलिंग की प्रक्रिया के तहत 20538 अभ्यर्थियों ने काउन्सिलिंग हेतु आनलाइन पंजीकरण कराया था। इनमे 17125 अभ्यर्थियों को उनके वांछित बीएड महाविद्यालयों में सीट आवंटित हुई है। बीएड की स्टेट कोऑर्डिनेटर प्रो अमिता बाजपेयी ने बताया कि मुख्य काउन्सिलिंग के चतुर्थ व अंतिम चरण में स्टेट रैंक 240001 से अंत तक के सीट का आवंटन परिणाम आज घोषित किया गया। इस चरण में कुल 20538 अभ्यर्थियों ने काउन्सिलिंग हेतु आनलाइन पंजीकरण कराया व 18654 अभ्यर्थियों ने अपने विकल्प प्रस्तुत किये। इनमें से 17125 अभ्यर्थियों को उनके वांछित बीएड महाविद्यालयों में सीट आबंटित हुई। इसमें सामान्य श्रेणी की 16284, अनुसूचितजाति जनजाति की 2 अन्य राज्यों के 632 व आर्थिक रुप से पिछड़ा वर्ग के 207 अभ्यर्थियों को विभिन्न बीएड महाविद्यालयों में सीटें आवंटित हुईं। प्रो अमिता बाजपेयी बताया कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2020-22 की पूल काउन्सिलिंग हेतु आनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया 16 दिसम्बर से प्रारम्भ होगी। पूल काउंसलिंग के लिए केवल वही अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं जिन्होंने मुख्य काउन्सिलिंग में प्रतिभाग नहीं किया है अथवा मुख्य काउंसलिंग में प्रतिभाग किया था किन्तु उन्हें कोई सीट आवंटित नहीं हो सकी है अथवा वे अभ्यर्थी जिन्हें मुख्य काउंसलिंग के किसी भी चरण में सीट आवंटित हुई किन्तु शेष शुल्क का भुगतान करने में विफल रहे। पूल काउन्सिलिंग में अभ्यर्थियों को पंजीकरण के समय ही कुल 52000 रुपये, पंजीकरण शुल्क रुपये 750 व महाविद्यालय शुल्क रुपये 51250 जमा किया जाना होगा। यदि उन्हें कोई महाविद्यालय आवंटित होता है तो यह शुल्क उन्हें किसी भी दशा में वापस नहीं किया जायेगा।

# बंथरा पुलिस ने पकड़ा भारी तादाद में अवैध डीजल-पेट्रोल

**सरोजनीनगर**-लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में कई वर्षों से पुलिस के संरक्षण में अवैध तरीके से डीजल-पेट्रोल एथनॉल मोबाइल जैसे अन्य तेलों का अवैध खेल चल रहा था। जिसको पुलिस के उच्चाधिकारियों के दबाव पड़ने के बाद पुलिस ने पकड़ कर लगभग एक दर्जनों लोगों को हिरासत में लिया है। जब इस मामले की जानकारी बंथरा थाना प्रभारी से चाही तो उन्होंने पूरी तरीके से मामले पर पर्दा डालते हुए साफइंकार कर दिया। जबकि इस संबंध में डीसीपी से बात की तो उन्होंने कहा अवैध डीजल पेट्रोल का धंधा करने वालों का गिरोह पकड़ा गया है। जिसकी अनुमति जिलाधिकारी से ली जा रही है। उसके बाद पूरी जानकारी दी जाएगी। थाना क्षेत्र में लगभग आधा दर्जन अवैध तरीके से तेल की अड्डियां चल रही थीं। स्थानीय लोगो की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तकरीबन एक दर्जन लोगो गिरफ्तार करने के साथ ही भारी मात्रा में अवैध डीजल-पेट्रोल भी बरामद किया है। सूत्रों की मानें तो कई दिनों पहले इस गिरोह को पुलिस ने पकड़ा था, जिसमें लगभग एक दर्जन लोग शामिल है। लेकिन पुलिस ने इसका खुलासा नहीं किया। पुलिस के आला अधिकारियों को को इस मामले की जानकारी होने पर स्थानीय पुलिस हरकत मे आई और इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी। लेकिन बंथरा प्रभारी निरीक्षक से जब इस संबंध में जानकारी चाही गई तो उन्होंने साफ इनकार दिया। जबकि डीसीपी सोमेन वर्मा ने बताया कि अवैध डीजल-पेट्रोल सहित अन्य तेल का धंधा करने वाला गिरोह के सदस्यों को पकड़ा गया है।

## जनहित से जुड़ी योजनाओं पर मिल कर काम करेंगे दो विधिक संस्थान

**लखनऊ।** जनहित से जुड़ी योजनाओ पर अब डॉ राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय और विधि सेंटर फॉर लीगल पालिसी मिलकर काम करेंगे। दोनो संस्थान शोध के आधार पर निकले निष्कर्षो से प्रदेश व केंद्र सरकार को अवगत कराएंगे। इस बाबत बुधवार को दोनो संस्थानों के बीच एक अनुबन्ध पत्र पर हस्ताक्षर किया गया। एमओयू के तहत कौटिल्य समिति की स्थापना की गयी है जिसके अंतर्गत विश्वविद्यालय के शिक्षकों तथा विधि सेंटर फॉर लीगल पालिसी के समन्वयकों के निर्देशन में छात्रों द्वारा शोध के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार को लोकहितकारी विधियों के निर्माण सम्बन्धी सलाह दी जाएगी। प्रदेश में अपने तरह के इस अनूठे प्रयोग के माध्यम से विधि छात्रों का एक ऐसा समूह तैयार करने की योजना है जो पब्लिक पालिसी में अपना करियर बना सकें। बता दें कि विधि सेंटर फॉर लीगल पालिसी, नई दिल्ली द्वारा केंद्र सरकार व संसद की विभिन्न स्थायी समितियों को लोक हित के विभिन्न विषयों पर शोध परक सलाह दी जा रही है। लोहिया विधि विश्वविद्यालय की पूर्व विद्यार्थी शहनाज़ भी विधि सेंटर से जुड़ी हुई हैं।

# बर्खास्त एसओ देवेंद्र व दो अन्य के आरोप पत्र पर कोर्ट ने लिया संज्ञान

विधि संवाददाता। लखनऊ

**महोबा** के क्रेशर व्यापारी इंद्रकांत को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में निरुद्ध कबरई के बर्खास्त थानाध्यक्ष देवेंद्र शुक्ला व दो अन्य मुल्जिम सुरेश सोनी व ब्रह्मदत्त तिवारी के खिलाफ दाखिल आरोप पत्र पर बुधवार को भ्रष्टाचार निवारण की विशेष अदालत ने संज्ञान ले लिया। इस मामले में बर्खास्त थानाध्यक्ष देवेंद्र के खिलाफ आईपीसी की धारा 387, 120बी, 504, 506 व 306 के साथ ही भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा जबकि मुल्जिम सुरेश सोनी व ब्रह्मदत्त तिवारी के खिलाफ आईपीसी की धारा 387, 120बी, 504, 506 व 306 के साथ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 8 व 12 के तहत आरोप पत्र दाखिल किया गया था। विशेष जज गौरव शर्मा ने अब अग्रिम आदेश के लिए 17 दिसंबर की तारीख मुकर्रर की है।

बुधवार को विशेष अदालत में आरोप पत्र पर संज्ञान के मसले पर हुई सुनवाई के दौरान मृतक के भाई रविकांत की ओर से आरोप पत्र पर आपत्ति जताई गई। कहा गया कि विवेचना मनचाहे ढंग से की गई है। गवाहों के बयान व मौके पर मौजूद साक्ष्यों की अनदेखी कर आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण के तहत आरोप पत्र दाखिल किया गया है। जबकि उनके भाई की मौत के बाद इस मामले को आईपीसी की धारा 302 में बदलना चाहिए था। लेकिन इस मामले में पुलिस के उच्चाधिकारयों के शामिल होने की वजह से विवेचना ठीक ढंग से नहीं की गई है। लिहाजा उचित धाराओं में संज्ञान लिया जाए। विवेचक की ओर से कहा गया कि इस मामले की जांच एसआईटी को सौंपी गई।

## दरोगा के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की सिफारिश

**ओमेगा अपार्टमेंट में गोली लगने से दरोगा की कथित पत्नी ममता सिंह की मौत का मामला**

**लखनऊ।** कुछ दिन पहले पुलिस सब इंस्पेक्टर राहुल राठौर के लिव इन पार्टनर की संदिग्ध स्थिति में हुई मौत मामले में दरोगा को बर्खास्त करने की तयारी की जा रही है। पुलिस कमिश्नर लखनऊ डीके ठाकुर ने पुलिस सब इंस्पेक्टर के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए ललितपुर पुलिस से सिफारिश की है। दरोगा राहुल राठौर के खिलाफविभागीय कार्रवाई शुरू करने की संस्तुति पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने की है। उन्होंने इस सिलसिले में एसपी ललितपुर को पत्र लिखा है। जिसमें कहा गया है कि पहली पत्नी को बगैर तलाक दिए सब इंस्पेक्टर राहुल राठौर अपनी प्रेमिका के साथ लखनऊ में लिव इन रिलेशनशिप में लंबे समय से रह रहा था। इससे विभाग की छवि पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने एडीशनल डीसीपी लखनऊ को इस मामले की जांच का निर्देश दिया था। उनकी जांच में लिव इन रिलेशनशिप के प्रमाण मिलने और ललितपुर से लगातार गैरहाजिर रहने की जानकारी दी गई है। एडिशनल डीसीपी की प्रारंभिक रिपोर्ट के बाद पुलिस कमिश्नर ने एसपी ललितपुर को पत्र लिखा है। बताया जा रहा है कि विभागीय कार्रवाई शुरू होने पर सब इंस्पेक्टर राहुल राठौर को बर्खास्त भी किया जा सकता है। वहीं ओमेगा अपार्टमेंट की आठवी मंजिल पर संदिग्ध हालात में गोली लगने से दरोगा की कथित पत्नी ममता सिंह की मौत मामले में तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस की जांच में यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि गोली किस वजह से चली, किसने चलाई और अवैध असलहा दरोगा का पास कहां से आया था।


पूर्वोत्तर रेलवे सूचना सं. -149 /2020

रेल यात्रियों हेतु आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि निम्नलिखित विशेष गाड़ियों का संचलन परिवर्तित दिवस एवं परिवर्तित समय पर निम्नवत् किया जायेगा:-



गाड़ी संख्या 05015/05016 गोरखपुर- यशवंतपुर- गोरखपुर सुपरफास्ट विशेष गाड़ी

गाड़ी संख्या-05015 गोरखपुर से दिनांक 12.04.2021 से प्रत्येक सोमवार
गाड़ी संख्या- 05016 यशवंतपुर से दिनांक 14.04.2021 से प्रत्येक बुधवार

समय एवं ठहराव

| 05015 गोरखपुर – यशवंतपुर आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | 05016 यशवंतपुर – गोरखपुर आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 06:35 | गोरखपुर ज. | 18:50 | --- |
| 09:00 | 09:05 | गोण्डा जं. | 15:50 | 15:55 |
| 10:25 | 10:27 | बाराबंकी जं. | 14:28 | 14:30 |
| 11:01 | 11:04 | बादशाहनगर | 13:45 | 13:48 |
| 11:40 | 11:50 | ऐशबाग | 13:15 | 13:25 |
| 12:40 | 12:42 | उन्नाव | 12:05 | 12:07 |
| 13:17 | 13:22 | कानपुर सेंट्रल | 11:30 | 11:35 |
| 14:13 | 14:15 | पोखरायां | 10:00 | 10:02 |
| 14:50 | 14:52 | उरई | 09:08 | 09:10 |
| 16:35 | 16:45 | झांसी जं. | 07:45 | 07:55 |
| 19:05 | 19:10 | बीना जं. | 05:30 | 05:35 |
| 20:55 | 21:00 | भोपाल | 03:35 | 03:40 |
| 22:40 | 22:50 | इटारसी ज. | 01:50 | 02:00 |
| 03:55 | 04:00 | नागपुर | 20:55 | 21:00 |
| 06:33 | 06:35 | चंद्रपुर | 17:38 | 17:40 |
| 07:40 | 07:45 | बल्हारशाह | 17:15 | 17:20 |
| 08:29 | 08:30 | सिरपुर कागज़नगर | 15:14 | 15:15 |
| 11:08 | 11:10 | काजीपेट जं. | 13:18 | 13:20 |
| 13:30 | 13:45 | सिकन्दराबाद ज. | 10:55 | 11:05 |
| 18:54 | 18:55 | मंत्रालयम रोड | 05:24 | 05:25 |
| 20.20 | 20.25 | गुंतकल जं. | 03:55 | 04:00 |
| 22:56 | 23:00 | धर्मावरम जं. | 01:53 | 01:55 |
| -- | -- | हिन्दूपुर | 00:59 | 01:00 |
| 02:45 | --- | यशवंतपुर | ---- | 23:40 |

रेक संरचनाः जेनरेटर सह लगेज यान-2, सामान्य द्वितीय श्रेणी – 4, शयनयान-7, एसी 3 टियर-6, एसी 2 टियर-2 = 21 कोच,

गाड़ी संख्या 02591/02592 गोरखपुर- यशवंतपुर- गोरखपुर सुपरफास्ट विशेष गाड़ी

गाड़ी संख्या – 02591 गोरखपुर से दिनांक 10.04.2021 से प्रत्येक शनिवार
गाड़ी संख्या – 02592 यशवंतपुर से दिनांक 12.04.2021 से प्रत्येक सोमवार

समय एवं ठहराव

| 02591 गोरखपुर – यशवंतपुर आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | 02592 यशवंतपुर – गोरखपुर आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 06:35 | गोरखपुर ज. | 15:40 | --- |
| 07:13 | 07:15 | खलीलाबाद | 14:30 | 14:32 |
| 07:41 | 07:44 | बस्ती | 14:05 | 14:08 |
| 08:26 | 08:28 | मनकापुर जं. | 13:19 | 13:21 |
| 09:00 | 09:05 | गोण्डा जं. | 12:50 | 12:55 |
| 10:25 | 10:27 | बाराबंकी | 11:33 | 11:35 |
| 11:01 | 11:04 | बादशाहनगर | 10:39 | 10:42 |
| 11:40 | 11:50 | ऐशबाग | 10:10 | 10:20 |
| 12:40 | 12:42 | उन्नाव | 09:05 | 09:07 |
| 13:17 | 13:22 | कानपुर सेंट्रल | 08:35 | 08:40 |
| 14:13 | 14:15 | पोखरायां | 06:38 | 06:40 |
| 14:50 | 14:52 | उरई | 05:58 | 06:00 |
| 16:35 | 16:45 | झांसी जं. | 04:15 | 04:25 |
| 17:48 | 17:50 | ललितपुर | 02:43 | 02:45 |
| 20:55 | 21:00 | भोपाल | 00:00 | 00:05 |
| 22:40 | 22:50 | इटारसी जं. | 21:55 | 22:05 |
| 23:49 | 23:50 | घोड़ाडोंगरी | 19:01 | 19:02 |
| 00:30 | 00:32 | बेतुल | 18:26 | 18:28 |
| 00:52 | 00:54 | अमला जं. | 18:08 | 18:10 |
| 03:55 | 04:00 | नागपुर | 15:50 | 15:55 |
| 06:33 | 06:35 | चंद्रपुर | 12:58 | 13:00 |
| 07:40 | 07:45 | बल्हारशाह | 12:35 | 12:40 |
| 08:59 | 09:00 | बेलमपल्ली | 10:34 | 10:35 |
| 09:24 | 09:25 | मनचारल | 10:09 | 10:10 |
| 09:42 | 09:43 | रामगुंडम | 09:49 | 09:50 |
| 11:08 | 11:10 | काजीपेट जं. | 08:33 | 08:35 |
| 13:40 | 13:45 | सिकन्दराबाद जं. | 06:05 | 06:15 |
| 13:55 | 13:56 | बेगमपेट | 05:39 | 05:41 |
| 18:29 | 18:31 | रायचुर | 00:41 | 00.43 |
| 18:54 | 18:55 | मंत्रालयम रोड | 00:09 | 00:10 |
| 19:29 | 19:30 | अदोनी | 23:39 | 23:40 |
| 20:20 | 20:25 | गुंतकल जं. | 22:45 | 22:50 |
| 21:34 | 21:35 | अनंतपुर | 21:32 | 21:33 |
| 22:58 | 23:00 | धर्मावरम जं. | 20:45 | 20:50 |
| --- | --- | हिन्दूपुर | 18:39 | 18:40 |
| 03:00 | --- | यशवंतपुर | --- | 17:20 |

रेक संरचनाः एसएलआरडी-2, सामान्य द्वितीय श्रेणी-4, शयनयान-11, एसी 3 टियर-4, एसी 2 टियर-1 = 22 कोच,

● उपरोक्त गाड़ियों में सभी कोच आरक्षित श्रेणी के होंगे। ● इन गाड़ियों से यात्रा करने वाले यात्रियों को कोविड-19 से बचाव एवं इसकी रोकथाम हेतु जारी दिशा निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

मुजाधि/टी-71 मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक/गोरखपुर

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो० नं० 09794845955 पर एस० एम० एस० करें।

''ट्रेनों में बीड़ी / सिगरेट न पियें''

## पीएम आदर्श योजना के सदस्य ने दौरा कर देखी जमीनी हकीकत

**निगोहां।** बुधवार को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के सदस्य डा जयराम ने विकास खण्ड मोहनलालगंज के उतरावा गांव पहुंचे और जमीनी हकीकत से रूबरू हुए। पहले वह पशु आश्रय केन्द्र पहुंचे, जहां उन्होने गौपूजा की और उसके बाद आदर्श योजना के तहत केन्द्र की तरफ से मिले धन से कराए गये निर्माण कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होने मिनी स्टेडियम आंगनबाड़ी केंद्र, बाजार हॉट, स्मार्ट क्लास रुम के साथ गांव में सफाई की व्यवस्था भी देखी। ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने मिनी स्टेडियम के पास में बने हुए ओपेन जिम में सोलर लाइट लगवाए जाने का भी आश्वासन दिया। डा जयराम का लखनऊ में प्रधानमंत्री आदर्श गाँवो को देखने का दो दिवसीय दौरा था। इसी क्रम में वह बुधवार को उतरांवा गाँव पहुंचे। उन्होने इस गाँव में निर्मित मिनीस्टेडियम को देखा और मैदान में घास कटवाए जाने की बात कही। निरीक्षण के इस कार्यक्रम में उनके साथ डीसी मनरेगा, बीडीओ मोहनलालगंज, सहायक अवर अभियंतासहित कई अधिकारी और कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## राज्य भण्डारण निगम में कार्यरत संविदा कार्मिकों के वाहन भत्ते में 50 प्रतिशत वृद्धि

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश राज्य भण्डारण निगम के कर्मचारियों के व्यापक हितों को ध्यान में रखते हुए निगम के कार्मिकों को वर्ष 2019-20 के लिये किये गये 20 प्रतिशत बोनस के भुगतान, निगम के भण्डारगृहों-क्षेत्रीय कार्यालयों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाये जाने व प्रधान कार्यालय पर कन्ट्रोल सेन्टर बनवाये जाने का कार्य जेम पोर्टल से कराये जाने एवं निगम के भण्डारगृहों में भण्डारित खाद्यान्न स्टाक की सुरक्षा हेतु सुरक्षा गार्डों को लगाये जाने के संबंध में नार्म्स-नीति का अनुमोदन किया गया। निगम में कार्यरत नियमित, आकस्मिक-संविदा कार्मिकों के कन्वेंश भत्ते में 50 प्रतिशत वृद्धि किये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

यह जानकारी सहकारिता मंत्री अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य भण्डारण निगम मुकुट बिहारी वर्मा ने उत्तर प्रदेश राज्य भण्डारण निगम के अंशधारियों की 54वीं वार्षिक सामान्य बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि अंशधारियों की बैठक के पश्चात निगम के संचालक मण्डल की बैठक प्रारम्भ हुई, जिसमें संचालक मण्डल के समक्ष कुल 13 प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत किये गये। संचालक मण्डल द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार करते हुए निगम के वित्तीय वर्ष 2017-18 के स्थिति पत्रक एवं लाभ हानि के लेखों का अनुमोदन करते हुए अंशधारियों को 22 प्रतिशत की दर से लाभांश घोषित किया गया। प्रबन्ध निदेशक श्रीकान्त गोस्वामी ने अध्यक्ष एवं दोनों अंशधारियों के प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए अवगत कराया कि इस निगम ने वर्ष 2016-17 में सफलता के नये कीर्तिमान स्थापित किये गये हैं। वर्ष 2016-17 में निगम की औसत भण्डारण क्षमता 36.75 लाख मीट्रिक टन हो गयी तथा निगम को 4565.64 लाख रुपए का शुद्ध लाभ हुआ। उन्होंने बताया कि अंशधारियों की 54वीं वार्षिक सामान्य बैठक में 31 मार्च 2017 को समाप्त हुये वित्तीय वर्ष के लेखों को अंगीकृत किया गया तथा दोनों अंशधारियों यथा केन्द्रीय भण्डारण निगम व राज्य सरकार को वर्ष 2016-17 हेतु देय लाभांश रु 1,18,74,940 का चेक प्रदान किया गया।

# सुरक्षित मातृत्व हर महिला का अधिकार

● **स्वास्थ्य मंत्री ने सिल्बर जुबली और नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने जय प्रताप सिंह ने कहा कि सुरक्षित मातृत्व हर महिला का अधिकार है। गर्भवती महिला की सही देखभाल हो, उसका खानपान उचित हो, जिससे मां और बच्चा दोनों स्वस्थ रहें, इसके लिए सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने बुधवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत हाई रिस्क प्रैगनैंसी डे पर लखनऊ में अर्बन सीएचसी सिल्बर जुबली अस्पताल तथा नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्रसूति गृह इन्दिरा नगर में व्यवस्थाओं तथा सुविधाओं का निरीक्षण भी किया।

स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पतालों में निरीक्षण के दौरान प्रसव पूर्व तथा प्रसव उपरान्त व्यवस्थाओं, टीकाकरण, आपरेशन की व्यवस्थाओं, उपलब्ध जांचों, जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण, नवजात शिशु गहन कक्ष आदि के साथ-साथ अस्पतालों में साफ-सफाई का निरीक्षण भी किया। उन्होंने प्रसव पूर्व और प्रसव उपरान्त वार्डों में भर्ती प्रसूताओं से स्वयं जाकर व्यवस्था एवं संतुष्टि की जानकारी ली। बच्चों के टीकाकरण की जानकारी लेते समय मंत्री ने अस्पताल में मौजूद 1 वर्ष का टीकाकरण पूर्ण कर चुके बच्चों के प्रमाण पत्र का वितरण भी किया। उन्होंने वैक्सीन भण्डारण के लिए अस्पताल में बनी कोल्ड चेन का निरीक्षण कर प्रत्येक स्थिति में वैक्सीन के सुरक्षित भण्डारण की जानकारी ली। उपस्थित अधिकारियों ने मंत्री को जानकारी दी कि कोल्ड चेन में व्यवस्था व्यवधान होने पर स्वत: अलार्म बजता है। अस्पताल के सम्बंधित कर्मचारी यथेष्ट व्यवस्था निर्धारित रखते हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पतालों से जुड़ी आशा वर्कर, ओपीडी में आये मरीजों की संख्या तथा कोविड मरीजों की संख्या की जानकारी भी ली। ज्ञात हो कि प्रत्येक सीएचसी पर कोविड का इण्टीग्रेटेड कमाण्ड सेन्टर बनाकर नि:शुल्क कोविड जांच की व्यवस्था भी दी गई है। अर्बन सीएचसी सिल्बर जुबली अस्पताल की सीएमएस डॉ प्रियंका सिंह ने बताया कि उनके यहां से होम आइसोलेशन में रखे गये कोविड मरीजों को दिन में 3 से 4 बार कॉल की जाती है तथा आवश्यकता होने पर अस्पताल में भर्ती कराने की व्यवस्था भी करायी जाती है। इन्दिरा नगर स्थित बाल महिला चिकित्सालय की सीएमएस ने बताया कि उनके यहां कोरोना के होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों की संख्या 182 है। सीएमएस ने बताया कि इन्दिरा नगर में कोरोना के अधिक केस हैं, जबकि ओपीडी में आज 19 केसेज ही आये हैं।

## नौकरी दिलाने के नाम पर चार साल तक करता रहा शारीरिक शोषण

**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में एक युवती ने अपने को सेना में बताने वाले युवक पर नौकरी दिलाने के नाम पर चार वर्ष तक शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। युवती का यह भी आरोप है कि आरोपित उससे जबरन शादी करने का दबाव बनाने लगा लेकिन जब उसने शादी करने से मना किया तो युवक ने उसका फर्जी मैरिज सर्टीफिकेट बनवा लिया और बदनाम करने की धमकी देकर होटल में बुलाकर उसका शारीरिक शोषण करता। यही नहीं युवती ने आरोपित युवक पर नौकरी के नाम हजारों हड़पने का भी आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी है। गोसाईगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती का आरोप है कि संतकबीरनगर जिले के थाना धनबटा के तामा गांव का रहने वाले सर्वानन्द राय ने उससे सेना में नौकरी लगवाने के नाम पर बायोडाटा और दोस्ती कर ली। युवती का आरोप है कि कुछ दिन के बाद आरोपित ने उससे शादी करने का प्रस्ताव रखा। लेकिन युवती ने शादी करने से मना कर दिया।


**मध्यॉचल विद्युत वितरण निगम लि., लेसा, लखनऊ**
**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न - लिखित निविदाओं के समक्ष उनके सम्मुख अंकित कार्यों को सम्पादित कराने हेतु प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों / आपूर्तिकर्ताओं से दो भागो मे अलग - अलग निविदाए ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी समस्त जानकारी/निविदा प्रपत्र तथा नियम व शर्ते ई-टेण्डरिंग की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर अवलोकित की जा सकती है। निविदाओं में आर0टी0जी0एस0 / एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से जमा की गई निविदा मूल्य व धरोहर धनराशि की रसीद/साक्ष्य की प्रति अपलोड, वाणिज्यिक, तकनीकी, अनुभव आदि पठनीय प्रपत्र निविदा के प्रथम भाग में तथा द्वितीय भाग में केवल मूल्य/दरें ई-पोर्टल https://etender.up.nic.in पर दिनांक 23.12.2020 को 17.00 बजे तक अपलोड की जानी है। ई-निविदा का प्रथम भाग दिनांक 24.12.2020 को 02.00 बजे अथवा उसके उपरान्त खोला जाएगा। निविदा की अवधि विस्तारण, पुर्नप्रकाशन, शुद्वि पत्र, संशोधन अथवा निरस्तीकरण की सूचना www.mvvnl.in एवं https://etender.up.nic.in पर ही अपलोड की जाएगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने/विभिन्न फर्मो के मध्य विभक्त करने / संशोधन/मात्रा को ±10% घटाने/बढाने करने का अधिकार सुरक्षित होगा, निविदा का विवरण निम्नवत् हैः 1. निविदा सं0-30/वि.न.वि.म.-III/2020-21 - खण्ड - ऐशबाग के अधीन 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र तालकटोरा के स्विचयार्ड में स्थापित क्षतिग्रस्त उपकरणो की मरम्मत व अनुरक्षण कार्य। धरोहर धनराशि रू0 2000.00 निविदा शुल्क रू0 1000+180=1180/- जी.एस.टी. सहित (अप्रतिदेय) **(अधीक्षण अभियंता)** विद्युत नगरीय वितरण मण्डल-तृतीय लेसा, लखनऊ। पत्रांक - 2975, दिनांक - 09.12.2020, **राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाएं। बल्ब की जगह एल0ई0डी0 लगाएं।**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद, चित्रकूटधाम कर्वी, जनपद-चित्रकूट**

पत्र संख्या- 1365/2020-21 /दिनांक- 08 दिसम्बर, 2020

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी जनपद जनपद-चित्रकूट द्वारा नगर क्षेत्र में विभिन्न मापदण्डों पर स्वच्छता का सर्वे किया जाना है, जिसके द्वारा नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी के अंतर्गत समस्त होटलों, अस्पतालों, विद्यालयों, शासकीय कार्यालयों, मार्केट एसोसिएशन आदि का स्वच्छता सर्वे किया जाना है। इस स्वच्छता सर्वेक्षण में संस्थानों को स्वच्छता स्तर के अनुसार रैंक प्रदान किया जायेगा तथा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रैंक प्राप्त करने वाले संस्थानों/उपक्रमों को स्वच्छता रैंकिंग प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। मापदण्ड के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी एवं विशिष्टियां इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गयी है।

अतः उपरोक्त संबंधित संस्थान/उपक्रमों एवं जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि सर्वेक्षण में प्रतिभाग करते हुए नगर को स्वच्छ बनाने के लिए अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें।

**(नरेन्द्र मोहन मिश्र)** अधिशाषी अधिकारी, **(नरेन्द्र गुप्ता)** अध्यक्ष,
नगर पालिका परिषद, चित्रकूटधाम कर्वी, जनपद-चित्रकूट



**कार्यालय छावनी परिषद, वाराणसी**

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छावनी क्षेत्र में स्थित निम्नलिखित दुकान/गुमटी को मासिक लाइसेंस फीस पर आवंटित करने हेतु मुहरबन्द निविदा आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित निविदा प्रपत्र कार्यालय में निर्धारित शुल्क दिनांक 14.12.2020 तक अपराह्न 1.00 बजे जमा करके प्राप्त कर सकते है तथा निविदा में भाग ले सकते है। मुहरबन्द निविदा दिनांक 23.12.2020 को सायं 3.30 बजे तक कार्यालय छावनी परिषद में जमा की जा सकती है। दुकान/गुमटी की निविदा हेतु अलग-अलग धरोहर राशि तथा मांग की गई प्रपत्र जमा करना अनिवार्य है। उक्त दुकान का आवंटन 03 वर्ष के लिए होगा। आवंटी व्यक्ति को भारतीय स्टाम्प अधिनियम के तहत पंजीकृत इकरारनामा कराना होगा जिसका समस्त खर्च आवंटी को वहन करना होगा।

| क्र.सं. | दुकान का विवरण |
|---|---|
| 1. | छावनी परिषद पिलर संख्या 1 एवं उप खंड अधिकारी, पूर्वांचल विद्युत वितरण खंड, वरूणापुल वाराणसी कार्यालय के मध्य स्थित दुकान संख्या 14 |
| 2. | चिकेन/मीट दुकान संख्या 5, 6 एवं 7 मकान नं. 122 के समीप, सदर बाजार, कैंट वाराणसी। |
| 3. | एफ.आर.पी. गुमटी संख्या 10, दूर संचार मार्ग पर स्थित (अनु.जाति/जनजाति के निवासियों हेतु आरक्षित) |

निविदा प्रपत्र शुल्क एवं धरोहर राशि दिनांक 23.12.2020 तक अपराह्न 1.00 बजे तक ही जमा की जाएगी। उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं नियम व शर्तो के बारे में जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में छावनी परिषद कार्यालय में सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते है। निविदा स्वीकृत अथवा करने का अधिकार अध्यक्ष/बोर्ड/अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।

**"हर काम देश के नाम"**

पत्रांक-बी-2/15/3412 (अभिमन्यु सिंह)
कार्यालय छावनी परिषद, मुख्य अधिशासी अधिकारी,
वाराणसी-221002 09 दिस., 2020 छावनी परिषद, वाराणसी।


# ईवीएम मशीन पर बैलेट पेपर की जीत हुईः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से बुधवार को स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा एवं डॉ मान सिंह तथा शिक्षक क्षेत्र से निर्वाचित विधान परिषद सदस्य लाल बिहारी यादव ने भेंट कर विधायिका में सेवा का अवसर देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। अखिलेश यादव ने नवनिर्वाचित विधान परिषद सदस्यों को उनकी जीत के लिए बधाई दी और उम्मीद जाहिर की कि विधान परिषद में समाज के कमजोर वर्ग की आवाज को वे मुखरता से उठाएंगे और स्नातकों तथा शिक्षकों के मसलों पर सरकार को कठघरे में खड़ा करने का काम करेंगे।

श्री यादव ने प्रधानमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में दो समाजवादी प्रत्याशियों की जीत को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सरकार की धांधली नहीं चली। ईवीएम मशीन पर बैलेट पेपर की जीत हुई। भाजपा मशीन से चुनाव जीतने की साजिश करती है। इस सबके बावजूद यह मतदाताओं में समाजवादी पार्टी के प्रति भरोसे की जीत है। श्री यादव ने कहा कि सन् 2022 के विधानसभा चुनावों में अब देर नहीं। सन् 22 के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हमें ज्यादा मेहनत करनी है। सभी को निष्ठावान कार्यकर्ताओं की तरह काम करना है। सरकार के आंख कान पहले से ही बंद है। कोविड 19 काल में मुख भी बंद हो गया है। विपक्ष पर धाराएं लगाई जाती हैं जबकि भाजपा को छूट मिली है। अखिलेश यादव ने कहा इस समय किसानो की परेशानी सबसे बड़ी समस्या है। किसान की धान, गेहूं, मक्का फसल की लूट हुई है। खेती में काम आने वाली खाद, बीज, कीटनाशक, बिजली, डीजल सब मंहगे हैं।

## सरकार किसानों की मांगों का तुरन्त करे समाधानः लल्लू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा है कि लगातार 14 दिनों से पूरे देश का लाखों-लाख अन्नदाता किसान देश की राजधानी के बार्डर पर इन हाड़ कंपाती सर्दी में खुले आसमान में सड़कों पर पड़ा हुआ है और अपनी जान गंवा रहा है। लेकिन सरकार अपनी हठ पर अड़ी है। उन्होंने मांग की है कि सरकार अहंकार त्याग कर किसानों की मांगों का तुरंत समाधान करे। लल्लू ने कहा कि 16 जनपदों के संगठन सृजन अभियान के तहत अपने दौरे के दौरान न्याय पंचायत स्तर के किसानों से बात करने के उपरान्त एक बात समान रूप से उभर कर आयी कि प्रदेश के किसी भी जनपद में किसानों को सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीद नहीं की जा सकी है। परिणामस्वरूप किसानों को अपनी खून पसीने से तैयार उपज को औने पौने दामों पर एमएसपी से बहुत कम दामों पर बिचैलियों के हाथों बेंचने के लिए विवश होना पड़ा।

# मवेशियों की भी मदद व हिफाजत में तत्पर है यूपी-112

## बीते 11 महीने में जानवरों की मदद के लिए आईं 35900 कॉल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**परिस्थितियां** कैसी भी हों यूपी-112 हर आपात स्थिति से निपटने को मुस्तैद रहती है। 112 में आने वाली कॉल के आंकड़े बताते हैं कि इंसानों के साथ जानवरों-मवेशियों की हिफाज़त और उनके संरक्षण को लेकर भी पुलिस विभाग कितना संजीदा है।

जनवरी से नवम्बर तक 11 महीने के दौरान 35,900 कॉल जानवरों-मवेशियों की मदद के लिए 112 को आईं। इस दौरान वन विभाग की मदद से 149 संरक्षित प्रजाति के जानवरों को बचाने का कार्य भी 112 द्वारा किया गया। घायल पशुओं की मदद को पुलिस के साथ आम जनमानस में भी जागरूकता काफी बढ़ी है। लोगों में जागरूकता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि घायल पशुओं की मदद के लिए 23,649 लोगों ने कॉल किया। इन मामलों में 112 ने सरकारी पशु चिकित्सकों, स्थानीय लोगों और स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से घायल जानवरों तक मदद पहुंचाने का कार्य किया गया। 112 ने घायल पशुओं को मदद देने के साथ ही सियार, लोमड़ी और बंदरों के हमले में घायल नागरिकों को भी सहायता पहुंचाने का काम किया। बंदरों के हमले में घायल हुए 200 लोगों ने 112 को कॉल कर के मदद ली। सियार और लोमड़ी के हमलों में घायल 16 लोगों ने 112 को कॉल किया। कुत्तों के हमले से घायल 870 लोगों ने भी 112 से मदद ली।

> जागरूक नागरिक फोन कर लगातार मदद ले रहे हैं। किसी भी आपात स्थिति में पशुओं की मदद के लिए 112 पर कोई भी कॉल कर सकता है।
>
> **असीम अरुण, एडीजी-112**

रिहायशी इलाकों में जंगली जानवरों के पहुंचने की शिकायतें भी 112 के पास खूब आयीं। जनवरी से नवम्बर के बीच जंगली जानवरों के रिहायशी इलाकों में आने की 6308 शिकायतें पुलिस को मिलीं। ऐसे मामलों में 112 ने वन विभाग और स्थानीय निवासियों की मदद से लोगों को राहत पहुंचाने का काम किया।

## नाबालिग लड़की को भगाने वाले को पांच साल की सजा

**लखनऊ(विसं)।** 16 साल की एक नाबालिग युवती को भगाने के मामले में पॉक्सो की विशेष अदालत ने मुल्जिम मणि शंकर को पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। विशेष जज अरविन्द मिश्र ने इस पर तीन हजार का जुर्माना भी ठोंका है। 31 मार्च 2015 को इस मामले की एफआईआर पीड़िता के पिता ने थाना काकोरी में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील नवीन त्रिपाटी व अभिषेक उपाध्याय के मुताबिक मुल्जिम पर उनकी 16 साल की नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगाने का इल्जाम है।


## सीपेट ने किया फेस शील्ड व सेनेटाइजर का वितरण

**लखनऊ।** इंन्स्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी (आईपीटी) लखनऊ, रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार, अमौसी औद्योगिक क्षेत्र लखनऊ व जरमन डेवलपमेन्ट कार्पोरेशन, नई दिल्ली के सौजन्य से कोविड-19 के स्वास्थ्य योद्धाओं के सुरक्षा हेतु सिपेट संस्थान द्वारा पायलेट प्रोजेक्ट के आधार पर किफायती दर में डिजाइन कर बनाये गये फेस सील्ड एवं सेनेटाइजर का वितरण लखनऊ जिले के चीफ मेडिकल आफिस , केजीएमयू, कमिश्नर ऑफ पुलिस कार्यालय महानगर , सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सरोजनी नगर एवं सरोजनी नगर थाने में जाकर वहा के अधिकारियों व कर्मचारियों को फेस सील्ड एवं सेनेटाइजर का वितरण सिपेट के डा एस एन यादव, प्रधान निदेशक एवं प्रमुख, डा यूपी सिंह, मुख्य प्रबंधक, तकनीकी, डा एस राजकुमार वरिष्ठ तकनीकि अधिकारी एवं नितेश कुमार जैन, प्रशासनिक अधिकारी सिपेट लखनऊ द्वारा किया गया।

## मड़ियांव में बीए के छात्र ने लगाई फांसी

**लखनऊ।** मड़ियांव के केशवनगर में बीए द्वितीय वर्ष के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। इंस्पेक्टर मड़ियांव विपिन कुमार सिंह ने बताया कि लखीमपुर खीरी निवासी शाह आलम 18 वर्ष केशवनगर में किराए के मकान में रहकर बीए द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। भाई अरमान के अनुसार शाह आलम ने बुधवार की शाम करीब चार बजे कमरे में पंखे और चादर के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इंस्पेक्टर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## सीएमएस छात्रा अक्षिता को गोल्ड मेडल



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर (प्रथम कैम्पस) की कक्षा-1 की मेधावी छात्रा अक्षिता पाण्डेय ने नेशनल लेविल इण्टर-स्कूल ऑनलाइन कम्पटीशन 'ब्रेनोब्रेन वन्डरकिड-2020' में गोल्ड मैडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित हुई। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर के 1500 से अधिक विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमें राजेन्द्र नगर (प्रथम कैम्पस) की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने मेन्टल मैथ्स, लॉजिकल एबिलिटी, जनरल नॉलेज एवं स्पीड टाइपिंग में अपनी दक्षता का प्रदर्शन कर गोल्ड मैडल अर्जित किया।

## पति की हत्या के मामले में वांछित पत्नी गिरफ्तार

**सरोजनीनगर।** बंथरा थाना क्षेत्र में दो दिन पहले पति-पत्नी के बीच विवाद के दौरान मजदूर के सिर पर डंडा लगने से उसकी मौत हो गई थी। मृतक के भाई ने उसकी पत्नी पर हत्या किये जाने की तहरीर दी है। मृतक के भाई की तहरीर पर स्थानीय पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बंथरा पुलिस के अनुसार बीते सात दिसंबर को गोकुल पुत्र स्वर्गीय कामता निवासी ग्राम इब्राहिमबाग कैसरगंज थाना कोतवाली उन्नाव द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया था कि मेरा भाई सोनू अपने ससुराल ग्राम पिपहरी मजरा रहीमनगर पडियाना थाना बंथरा में लगभग 10 वर्षो से अपनी पत्नी सुशीला तथा बच्चों के साथ रह रहा था। बीती सात दिसंबर को सोनू और उसकी पत्नी के बीच शराब पीने को लेकर विवाद हो गया मारपीट होने लगी। इस दौरान सुशीला ने अपने बचाव में पीछे से सोनू पर डंडे से हमला कर दिया जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

## ट्रक ने बाइक सवार दम्पति को रौंदा, पत्नी की मौत

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में ट्रक ने बाइक सवार दम्पति को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल पत्नी ने दम तोड़ दिया जबकि पति की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस के मुताबिक हुसैनगंज लाल कुआं का रहने वाला रवि मंगलवार को अपनी पत्नी रंगोली को लेकर ट्रांसपोर्ट नगर मोटर साइकिल से अपने परिचित के यहां किसी काम से गया था। देर घर रात वापस लौटते समय ट्रांसपोर्ट नगर कानपुर रोड पर एक बेकाबू ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में दंपत्ति बुरी तरह घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां पत्नी रंगोली की मौत हो गई जबकि रवि का इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि मृतक के 2 वर्ष का एक बेटा उज्जवल है। वहीं रवि गोमती नगर में जिम ट्रेनर है।

## प्लाईवुड फैक्ट्री में लगी आग, लाखों का नुकसान

**लखनऊ।** बाजारखाला के ऐशबाग इलाके में बुधवार रात प्लाईवुड फैक्ट्री से आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। फैक्ट्री में मौजूद कर्मचारियों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं रहे। आसपास के स्थानीय लोगों का जमावड़ा लगा तो घटना की भनक पुलिस को लगी। मौके पर पहुंची दमकल की दो गाडियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस ने बताया कि चौकी से कुछ दूरी पर अशोक कुमार गुप्ता की प्लाईवुड फैक्ट्री है। रात में फैक्ट्री में काम चल रहा था। तभी जनरेटर रूम में आग लग गयी। आग लगने की वजह शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। पीड़ित ने 5-6 लाख रुपए का सामान जलकर खाक होने की बात कही।

## मोहनलालगंज कोतवाली पहुंचे पुलिस आयुक्त, की समीक्षा

मोहनलालगंज। लखनऊ पुलिस आयुक्त डीके ठाकुर ने बुधवार की रात दस बजे मोहनलालगंज कोतवाली पर सर्किल के थानों के अपराध की समीक्षा की। समीक्षा में पुलिस आयुक्त डीके ठाकुर को सब ठीक मिला। वहीं उन्होंने पेंडिग विवेचनाओं को जल्द से जल्द निपटाने के आदेश दिए। पुलिस आयुक्त बुधवार की रात्रि दस बजे मोहनलालगंज कोतवाली पहुंचे। जहां उन्होंने मोहनलालगंज सर्किल के थाना मोहनलालगंज और नगराम के इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर को भी वही बुलवा लिया। दोनो थाना क्षेत्र में हुए अपराध की समीक्षा की। समीक्षा बैठक के बाद पुलिस आयुक्त ने मोहनलालगंज कोतवाली का निरीक्षण भी किया।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर स्मैक तस्कर

**लखनऊ।** चिनहट पुलिस ने मंगलवार देर रात एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है आरोपी के कब्जे से 135 ग्राम स्मैक बरामद किया गया है। साथ ही पूछताछ के बाद पुलिस ने जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि मंगलवार देर रात चेकिग दौरान स्थानीय थाना इलाके के सूर्या अपार्टमेंट के पास से एक संदिग्ध को रुकने का इशारा किया गया तो भागने की कोशिश करने लगा। इसके बाद घेराबंदी कर आरोपी को कठौता मोड़ के पास पकड़ लिया गया। आरोपी की शिनाख्त स्थानीय थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी गंगा सहाय के रूप में हुई है।


**कार्यालय जिला पंचायत, सोनभद्र।**

**अल्पकालिक ई-निविदा सूचना**

पत्रांक : 1374/जि0पं0/नि0अनु0-ईटेण्डर/2020-21 दिनांक : 08 दिसम्ब, 2020

उ0प्र0 क्षेत्र समिति तथा जिला परिषद निर्माण कार्य (प्रथम संशोधन) नियमावला 2020 के अनुपालन में समस्त जिला पंचायतों में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों के अतिरिक्त राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग/15वें वित्त आयोग योजनान्तर्गत प्राप्त अनुदान के सापेक्ष निर्माण कार्य कराये जाने हेतु जिला पंचायत सोनभद्र द्वारा दिनांक-22.12.2020 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर निविदायें आमंत्रित को जाती हैं। ई-निविदा आनलाइन दिनांक-14.12.2020 के अपरान्ह 04.00 बजे से दिनांक-21.12.2020 के अपरान्ह 05.00 बजे तक ई-टेंडरिंग पोर्टल वेबसाइट etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगी, जो आनलाईन etender.up.nic.in पर ही अपलोड/डाउनलोड/सबमिट किया जा सकेगा। आमंत्रित निविदाओं की तकनीकी बिड दिनाक-22.12.2020. को मध्यान्ह 12.00 बजे निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। वित्तीय बिड की सूचना पृथक से आनलाइन सूचित की जायेगी। प्रत्येक निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोधर धनराशि पृथक-पृथक राष्ट्रीय कृत बैंको का एक बैंको की एफडीआर/डाकघर की एनएससी जो अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सोनभद्र के नाम से बन्धक होगा, तथा निविदा मूल्य का ड्राफ्ट राष्ट्रीय कृत बैंक द्वारा अपर मुख्य अधिकारी के पक्ष में पृथक-पृथक देय होगा, जिसकी स्कैन प्रतियाँ निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना होगा। निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि (EMD) सम्बन्धी डिमाण्ड ड्राफ्टस/पे आर्डर्स की स्कैन प्रति अथवा प्रतिभूति प्रमाण पत्र विभाग के पक्ष में बन्धक कराने पर प्राप्त ट्रांजेक्शन नम्बर को निविदा के समय अपलोड किया जायेगा तथा निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो जाने अर्थात निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड्स खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से जिला पंचायत कार्यालय को प्रस्तुत किये जायेंगे। निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड्स खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख एवं निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि (EMD) सम्बन्धी डिमाण्ड ड्राफ्टस/पे आर्डर्स/प्रतिभूति प्रमाण पत्र मूल रूप में प्रस्तुत नहीं किये जाने पर निविदादाता के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी तथा उसका पंजीयन निरस्त कर काली सूची में डालने की भी कार्यवाही की जायेगी। रू0-100.00 स्टैम्प पेपर पर निर्धारित प्रारूप पर शपथ पत्र आनलाईन स्कैन करते हुए निविदा के साथ संलग्न करना होगा। बिना धरोहर धनराशि व निविदा मूल्य तथा अद्यतन चरित्र एवं हैसियत प्रमाण पत्र के निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। निविदा कार्यो की सूची etender.up.nic.in एवं sonbhadra.nic.in पर अपलोड है, जिसे निविदा डालने हेतु प्राप्त किया जा सकता है। किसी/सभी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा। निविदा से सम्बंधित कोई भी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला पंचायत सोनभद्र से प्राप्त की जा सकती है।

**(एस0पी0 पाण्डेय)** अभियन्ता जिला पंचायत सोनभद्र। **(एस0के0त्रिपाठी)** अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत सोनभद्र। **(अमरेश सिंह पटेल)** अध्यक्ष जिला पंचायत सोनभद्र।


# महापौर ने की अपने घर से होम कम्पोस्टिंग की शुरुआत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**स्वच्छता** सर्वेक्षण 2021 की तैयारियों में जुटी महापौर द्वारा अपने घर से होम कम्पोस्टिंग की शुरुआत की गई। महापौर द्वारा पार्षदों और अधिकारियों को अपने घरों में होम कंपोस्टिंग कर कूड़े से खाद बनाने का निदेश दिए गए हैं। साथ ही जनता से भी खाद बनाने के लिए अपील की है। बुधवार को आलमबाग में होम कम्पोस्टिंग की शुरुआत महापौर संयुक्ता भाटिया ने स्वयं अपने घर से करते हुए उदाहरण प्रस्तुत किया। महापौर ने बताया कि सर्वप्रथम नगर निगम के अधिकारियों एवं समस्त पार्षदों के घरों में होम कम्पोस्टिंग अनिवार्य रूप से की जाएगी, जिससे कूड़े का निस्तारण घर में ही सम्भव हो सकेगा। होम कम्पोस्टिंग कर कूड़े से खाद का निर्माण किया जा सकेगा। महापौर ने सभी लखनऊ वासियो से होम कम्पोस्टिंग करने की अपील करते हुए कहा कि जनता से अपील करती हूँ कि सभी लोग अपने घर पर गीले कचरे से खाद बनाए व लखनऊ नगर निगम को जीरो वेस्ट बनाने में सहयोग प्रदान करें। इसकी शुरुआत मैंने अपने घर से प्रारम्भ कर दी है। इस दौरान उपाध्यक्ष रजनीश गुप्ता, जोनल अधिकारी सुभाष त्रिपाठी, स्वच्छता सर्वेक्षण टीम प्रभारी निशि गोयल के साथ स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम उपस्थित रही।

### होम कम्पोस्टिंग करने का तरीका

घर पर किसी भी पुरानी बाल्टी ढक्कन के साथ लीजिए उस बाल्टी में थोड़ी थोड़ी दूरी पर छेद कर लीजिए। अब उस बाल्टी के तले में मिट्टी बिछाइए, मिट्टी के ऊपर पुराना अखबार बिछा कर उसे कवर करें। अपने किचन से निकला गीला कूड़ा जैसे फल, सब्जी के छिलके, पत्ते, बचा हुआ खाना इत्यादि उसमें डाले। फिर गुड़ एवं दही का घोल बनाकर उसके ऊपर छिड़काव करें। दोबारा पुराना अखबार बिछाइए। मिट्टी डालिए और इसी तरह आपकी एक प्रोसेस पूरी हो जाएगी। फिर अगले दिन कूड़ा डालने के लिए दोबारा इसी विधि को अपनाए। यह खाद 30 दिन में बनकर तैयार हो जाएगी। आप हर 7 दिनों में उसे पलटाएं ताकि प्रक्रिया आगे बढ़ सकें। खाद बनने के बाद आप इसे घर में बने बगीचों आदि में उपयोग कर सकते हैं।

# मंदिर निर्माण के लिए कामदगिरि पर्वत की शिलाएं अयोध्या पहुंचीं

● तपस्या के स्वरूप में गर्भगृह में विराजमान होंगी कामदगिरि पर्वत की शिलाएं

● ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय व सदस्य महंत दिनेद्र दास को महंत मदन गोपाल दास ने सौंपी शिलाएं

संवाददाता। अयोध्या



**भगवान श्री** राम के तपोस्थली चित्रकूट धाम के कामदगिरि मंदिर से कामदगिरि पर्वत की शिला अयोध्या कारसेवक पुरम पहुंची जहां शिला की आरती उतारी गई। अरती पूजन के बाद कामदगिरि शिला को श्री राम जन्मभूमि परिसर में ले जाया गया जहां श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और निर्मोही अखाड़ा के महंत व ट्रस्ट सदस्य महंत दिनेद्र को कामदगिरि मंदिर के महंत मदन गोपाल दास ने शिला को सौंपी और कहा कि हमारे आराध्य प्रभु श्री राम त्रेता युग में 11 वर्षों तक चित्रकूट धाम कामदगिरि पर्वत पर रह कर के तपस्या की थी और अयोध्या भगवान श्रीराम की जन्म स्थली और राजधानी है तो चित्रकूट धाम प्रभु श्री राम की तपस्थली है। 5 अगस्त2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का शिलान्यास किए थे। उसी दिन कामदगिरि पर्वत के शिलाओं का पूजन किया गया था और आज कामदगिरि पर्वत के शिलाओं को लेकर कामदगिरि शिला यात्रा चित्रकूट धाम से चलकर बांदा फतेहपुर लखनऊ होते हुए अयोध्या पहुंची और यहां ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय व ट्रस्ट के सदस्य मंहत दिनेद्र दास को शिलोओं को सौंपा गया है जो भगवान श्री राम के गर्भ गृह तपस्या के स्वरूप में लगाई जाएंगी और हमारे रामलला उसी पर विराजमान होंगे। श्री कामदगिरि शिला यात्रा चित्रकूट धाम से 8 दिसंबर को विधिवत पूजन अर्चन के साथ बांदा फतेहपुर लखनऊ होते हुए अयोध्या लाई गई है और इस यात्रा में सैकड़ों राम भक्त सम्मिलित हुए अयोध्या पहुंचकर गाजे बाजे के साथ रामलला के दरबार में शीला को स्थापित किया गया। उसके उपरांत कामदगिरि शिला यात्रा में अयोध्या पहुंचे राम भक्तों ने रामलला का दर्शन पूजन किया और अयोध्या के राजा हनुमानजी के दरबार में हाजिरी लगाकर चित्रकूट के लिए रवाना हुए। कामदगिरि शिला यात्रा में धाम से नरसिंह दास सीताराम शरण लक्ष्मीकांत पुजारी सहित सैकड़ों लोग सम्मिलित हुए। अयोध्या में संकट मोचन हनुमान किला के श्री महंत परशुराम दास महाराज और रामकथा के मर्मज्ञ चंद्रांशु जी महाराज ने अयोध्या पहुंचने पर स्वागत किया।

## कोरोना पर विजय के लिए त्रैलोक्य विजयश्री महायज्ञ हुआ शुभारंभ

**अयोध्या।** कोरोना काल में सेवा और साधना में एक के बाद एक धार्मिक महानुष्ठान के क्रम को आगे बढ़ाते हुए सनातन धर्म के पवित्र चार वेद ॠग्वेद, यजुर्वेद, अथर्ववेद, सामवेद की प्राण प्रतिष्ठित पूजा अर्चना के साथ ही सोशल डिस्टेन्श की प्रथमिकता के साथ विश्व भूमण्डल मे रह रहे सनातन समाज के हितार्थ रामादल मुख्यालय पर 51दिवसीय 'त्रैलोक्य विजयश्री महायज्ञ' का श्रीगणेश किया गया 51दिवसीय महायज्ञ में कई सिद्ध पीठों पर पहुँचकर भी यज्ञ अनुष्ठान के आयोजन की योजना है। कोरोना संक्रमण से विश्व कल्याण के निमित्त निरन्तर आध्यात्मिक अनुसंधान के सुपरिणाम का समय है। जिस प्रकार देशवासियों ने प्रधानमन्त्रीजी के आवाहन पर अपने अदम्य साहस और एकजुटता का प्रदर्शन किया है उससे पूरा विश्व भारत के आगे नतमस्तक है पहली बार पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है।कोरोना के लिए भारतीय वैक्सीन ही विश्व पटल पर विश्वसनीय सफल और सार्थक होगी।

## डीएम ने नलकूप आपरेटरों को बांटा नियुक्ति पत्र



संवाददाता। अम्बेडकरनगर

● जिले में 77 नलकूप आपरेटरों की हुई है नियुक्ति

**किसानों** के हितों के दृष्टिगत प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में कुल 3209 नलकूप आपरेटर का चयन प्रक्रिया पूर्ण कर मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण किया गया।

इसी क्रम में जनपद में जिला अधिकारी राकेश कुमार मिश्र द्वारा नलकूप खंड के चयनित 77 नलकूप ऑपरेटर को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। जिलाधिकारी ने नियुक्ति पत्र वितरण के दौरान अपने संबोधन में कहा कि किसानों के हितों के दृष्टिगत प्रदेश सरकार नलकूप ऑपरेटरों का सुचिता पूर्ण /पारदर्शिता पूर्ण चयन प्रक्रिया पूर्ण कर लोगों को रोजगार से जोड़ने का निरंतर प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय को 2022 तक दो गुना करने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए सरकार किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने हेतु कुशल नलकूप आपरेटरों का चयन किया है ताकि अन्नदाता अधिक से अधिक फसल उगा कर अपनी आय दो गुना कर सकें। उन्होंने चयनित नलकूप ऑपरेटर को निर्देश देते हुए कहा कि पूरी ऊर्जा और लगन के साथ अन्नदाता को जल आपूर्ति करने में अपनी भूमिका का निर्वहन ईमानदारी से करते हुए कार्य को संपादित करना सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान मौके पर मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा ,अधिशासी अभियंता नलकूप खंड कन्हैया प्रसाद, सहायक अभियंता सुप्रिया गुप्ता व अजय कुमार एवं नलकूप खंड अंबेडकरनगर में चयनित नलकूप आपरेटर मौके पर उपस्थित रहे ।

## क्विक न्यूज

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**अम्बेडकरनगर।** 21वर्षीय युवक को अज्ञात वाहन टक्कर मार कर फरार हो गया जिसे इलाज हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया । मामला मालीपुर थाना क्षेत्र के बेलऊवा पावर हाउस का है। बुधवार सुबह जैतपुर थाना क्षेत्र के शिवपाल गांव निवासी सुनील यादव पुत्र शिवपूजन 21 वर्ष अपनी बाइक से किसी रिश्तेदारी में वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। मालीपुर अकबरपुर रोड स्थित बेलऊवा पावर हाउस के सामने अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया जिसके कारण युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े और सूचना पर पहुंची एंबुलेंस घायल को लेकर जिला चिकित्सालय गयी जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया । उपनिरीक्षक जंगेश हुसैन ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### पिछड़ी जाति के छात्रों की छात्रवृत्ति की संशोधित समय सारिणी निर्गत

**अम्बेडकरनगर।** जनपद के समस्त शिक्षण संस्थाओं विद्यालय /विश्वविद्यालय के प्रधानाचार्यों/प्रबन्धकों एवं समस्त अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए पिछड़ी जाति पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति (कक्षा 11-12 एवं दशमोत्तर कक्षाओं) योजनान्तर्गत संशोधित समय सारिणी निर्गत की गयी है, जिसमें पूर्वदशम कक्षाओं के छात्रवृत्ति हेतु छात्रों द्वारा आनलाइन आवेदन को संस्था में सबमिट करने की अन्तिम तिथि 14 दिसम्बर 2020 निर्धारित की गयी है। दशमोत्तर कक्षाओं की छात्रवृत्ति हेतु छात्रों द्वारा आनलाइन भरने की अन्तिम तिथि 15 दिसम्बर 2020 तथा छात्रों द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र को सबमिट करने की अंतिम तिथि 22 दिसम्बर 2020 एवं संस्था द्वारा छात्रों से प्राप्त आनलाइन आवेदन पत्रों को अग्रसारित करने की अन्तिम तिथि 29 दिसम्बर 2020 निर्धारित है। दशमोत्तर कक्षाओं के नवीन/नवीनीकरण को जिन छात्र -छात्राओं द्वारा अपने आधार कार्ड में नाम संशोधन किया जाना है उन छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति वेबसाइट पर अपने नवीनीकृत आवेदन में नाम संशोधन आधार की प्रविष्टि के उपरान्त गत वर्ष की आवेदन पत्र की प्रति, हाईस्कूल प्रमाण पत्र, संशोधित आधार कार्ड की छाया प्रति विद्यालय/संस्था द्वारा प्रमाणित कराकर आवेदन सहित 15 दिसम्बर तक प्रत्येक दशा में कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि कार्यालय स्तर से आनलाइन आवेदन वेरीफाई होने के बाद छात्र-छात्राओं को पोर्टल पर आवेदन भरने की सुविधा उपलब्ध हो सके।

### अज्ञात मोटरसाइकिल की टक्कर से घायल व्यक्ति की मौत

**अम्बेडकरनगर।** अज्ञात मोटरसाइकिल की टक्कर से घायल व्यक्ति की ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई है। मामले में मृतक के भतीजे के प्रार्थना पत्र पर अज्ञात मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने तथा गैर इरादतन हत्या के आरोप में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। घटना 2 दिन पूर्व बीते सोमवार शाम बसखारी थाना क्षेत्र के जमाऊपुर के निकट की बताई जा रही है। जब हंसवर थाना क्षेत्र के जल्लापुर निवासी जयराम साइकिल से जमऊपुर जा रहे थे। बसखारी जहांगीरगंज मार्ग पर पटना मुबारकपुर के पास विपरीत दिशा से आ रहे मोटरसाइकिल ने जयराम के साइकिल में टक्कर मारकर फरार हो गया। टक्कर लगने से जयराम गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही बेहोश हो गए थे। मौके पर मौजूद लोगों ने परिजनों को सूचना देते हुए घायल को सीएचसी बसखारी पहुंचाया। जहां से जिला अस्पताल तथा वहां से ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया था। ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान बुधवार को जयराम की मौत हो गयी। मृतक के भतीजे समर बहादुर ने बसखारी थाने पर अज्ञात मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष श्रीनिवास पांडेय ने बताया कि मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत चालक व वाहन की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

## गांवों के विकास से ही समृद्धिशाली बन सकता है भारत: विजय बहादुर

● ग्रामीणों की ही समृद्धि की योजना पर काम कर रही भाजपा सरकार

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



**गावों** में ही भारत बसता है। गांवों के विकास से ही भारत समृद्धि शाली बन सकता है।भाजपा सरकार ने गाँव के विकास को प्राथमिकता देते हुए गांव में निवास करने वाले सभी लोगों के समृद्धि की योजना पर काम कर रही है। उपरोक्त विचार भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और पंचायत चुनाव के प्रदेश प्रभारी विजय बहादुर पाठक ने भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में व्यक्त किया।

श्री पाठक ने कहा कि पंचायत चुनाव में भाजपा कार्यकर्ता पूरी दमदारी के साथ चुनाव में उतर कर गावों के विकास के लिए कार्य करेंगे।बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भाजपा सरकार के कार्यों और नीतियों को लेकर पंचायत चुनाव में पार्टी का जनाधार बढ़ाते हुए अधिक से अधिक भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को जीत दिलाने का कार्य करेंगे।उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता संगठन के निर्देशों के अनुसार योजना रचना बनाकर कार्य कर रहे हैं।बैठक में प्रमुख रूप से पंचायत चुनाव के जिला संयोजक भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिव नायक वर्मा,भाजपा जिला महामंत्री सह संयोजक सुरेश कन्नौजिया,विकास खण्ड संयोजक गण पूर्व विधायक जय राम विमल,संजय सिंह,गया प्रसाद वर्मा,अशोक उपाध्याय, मतदाता पुनरीक्षण अभियान के जिला सह संयोजक कमलेश मौर्य,जिला मीडिया सह प्रभारी बजरंगी पाठक उपस्थित रहे।

## किसान यात्रा निकालने का प्रयास कर रहे सपाई गिरफ्तार



संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आहवान पर सपा नेताओं का अभियान दूसरे दिन भी जारी रहा। समाजवादी किसान यात्रा के नाम से आयोजित यह कार्यक्रम किसानों की मांगो के समर्थन में आयोजित किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत पूर्व मंत्री राममूर्ति वर्मा के नेतृत्व में अन्नावां बाजार से किसान यात्रा निकाला जाना था लेकिन कार्यक्रम स्थल पर पंहुची अहिरौली पुलिस ने सभी को हिरासत में ले लिया तथा उन्हें लाकर अहिरौली थाने में बैठा दिया गया। इस दौरान समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ0 संदीप सिंह सनी, आनन्द वर्मा, उत्तम चौधरी आदि प्रमुख नेता मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष राम शकल यादव ने बताया कि समाजवादी पार्टी द्वारा अब विधानसभावार समाजवादी किसान यात्रा का आयोजन किया जायेगा।

## राज्यसभा सांसद वीएल वर्मा व प्रदेश मंत्री त्रयम्बक तिवारी का भाजपाइयों ने किया स्वागत



**अयोध्या।** भाजपा राज्यसभा सांसद वीएल वर्मा व प्रदेश मंत्री त्रयम्बक तिवारी का पदभार ग्रहण के करने के उपरान्त प्रथम बार अयोध्या आगमन पर महापौर ॠषिकेश उपाध्याय की अगुवाई में नयाघाट पर भाजपा के द्वारा स्वागत किया गया। महापौर ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया इसके बाद रामलला व हनुमानगढ़ी का दर्शन कराया। राज्यसभा सांसद वीएल वर्मा ने कहा कि गरीबों के चेहरे पर खुशी का भाव लाना हमारी प्राथमिकता है। केन्द्र व प्रदेश सरकार लगातार गरीबों के हितों के लिए काम कर रही है। प्रदेश मंत्री त्रयम्बक तिवारी ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अनुशासित व राष्ट्र के प्रति समर्पित रहता है। सम्पर्क, संवाद व प्रवास के माध्यम से भाजपा लगातार समाज के आम लोगो से जुड़ी रहती है। महापौर ॠषिकेश उपाध्याय ने कहा कि अयोध्या को पयर्टन नगरी के रुप विकसित करने के लिए यहां केन्द्र व प्रदेश सरकार ने योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की है। विश्व की सुन्दर शहरों में अयोध्या को एक बनाने के प्रति हम संकल्पित है। अयोध्या का उसकी गरिमा व महिमा के अनुरुप विकास किया जा रहा है। इस अवसर पर क्षेत्रीय मंत्री कमलेश श्रीवास्तव, महामंत्री शैलेन्दर कोरी सहित अयोध्या के दर्जनों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जलालपुर में 24 को बहेगी काव्य धारा

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**आगामी 24** दिसंबर को जलालपुर कस्बे का रामलीला मैदान देश के जाने माने कवियों की काव्य धारा से गुंजायमान होगा। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित होने जा रहे इस विराट कवि सम्मेलन में देश के जाने माने कवि प्रतिभाग कर रहे हैं। जनपद के जानेमाने कवि अभय निर्भीक की देखरेख में होने वाले इस कवि सम्मेलन का आयोजन भाजपा युवा नेता डॉ. रजनीश सिंह कर रहे हैं। डॉ. रजनीश ने बताया कि अटल काव्यांजलि के नाम से आयोजित होने वाले अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में कवि डॉ. कलीम कैसर, डॉ. सर्वेश अस्थाना, डॉ. सुरेश अवस्थी, डॉ. सरिता शर्मा, डॉ. अनिल चौबे, शशिकान्त यादव, गजेन्द्र प्रियांशु व अमन अक्षर भाग ले रहे हैं। 24 दिसम्बर को शाम चार बजे से आयोजित होने वाला यह कवि सम्मेलन पूरी तरह से कोरोना प्रोटोकाल के तहत सम्पन्न होगा।

## आज कम्हरिया घाट पुल का निरीक्षण करेंगे सीएम योगी



कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों का जायजा लेते पुलिस अधीक्षक

**अम्बेडकरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ गुरूवार को जिले की पूर्वी सीमा पर स्थित घाघरा नदी में बन रहे कम्हरिया घाट पुल का निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री इस निर्माणाधीन पुल के निर्माण की प्रगति का जायजा लेंगे। यह पुल मुख्यमंत्री की सबसे अहम परियोजना गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर स्थित है।

मुख्यमंत्री गुरूवार को अपरान्ह सवा एक बजे कम्हरिया घाट पंहुचेंगे। जहां वह 15 मिनट तक निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री के इस संक्षिप्त कार्यक्रम को देखते हुए जिले का प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया है। निरीक्षण के लिए हेलीकाप्टर से पंहुच रहे मुख्यमंत्री के उड़न खटोले को उतरने के लिए हेलीपैड का निर्माण कराया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने बुधवार को कार्यक्रम स्थल पर पंहुच कर सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया।

## प्रदेश उपाध्यक्ष का बसखारी बाजार में हुआ जोरदार स्वागत

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



**भारतीय जनता** पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष व पंचायत चुनाव प्रदेश प्रभारी विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक जनपद आगमन पर बसखारी कस्बा पश्चिमी चौराहे पर जिला महामंत्री डा. मिथिलेश त्रिपाठी व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास मोदनवाल के साथ कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर जोरदार स्वागत अभिनंदन किया ।वही जिला अध्यक्ष विकास मोदनवाल ने आवास पर प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक को स्मृति चिन्ह भेंट किया। विजय बहादुर पाठक ने कार्यकर्ताओं से भेंट किया। आगामी पंचायत चुनाव में दमखम के साथ लगकर और सरकार की योजनाओं के बारे में जन जन पहुंचाने का आह्वान किया । उत्तर प्रदेश के सभी सीटों पर पंचायत चुनाव मजबूती के साथ पार्टी चुनाव लड़ेगी । इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री सुरेश कनौजिया, पूर्व जिलामहामंत्री

● जिला महामंत्री व युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष भी रहे मौजूद

अमरनाथ सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र निषाद, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष चन्द्रेश निषाद, सभासद महेंद्र जायसवाल, आकाश वर्मा, पंकज वर्मा, विष्णु दयाल सैनी, बालगोविन्द मौर्य, रजनीश, धीरज, ओम प्रकाश यादव, महेन्द्र वमा, प्रवीण दूबे, रमेश रावत, मनोज, मंटू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## जनपद स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न

**अयोध्या।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वावधान में जनपद स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन का0सु0 साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय अयोध्या के राजा जगदम्बिका प्रताप नरायण सिंह सभागार में किया गया। जिसके मुख्य अतिथि प्रशान्त नागर ज्वाइन मजिस्ट्रेट एवं प्रधानाचार्य डा0 नर्वदेश्वर पाण्डेय के द्वारा माँ सरस्वती का दीप जलाकर माल्यापर्ण कर शुभारम्भ किया गया। प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी राजितराम द्वारा मुख्य अतिथि का बैच लगाकर एवं माल्यापर्ण किया गया तथा बुके भेट कर सम्मनित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सरस्वती वन्दना के उपरान्त लोकगीत में मयंका रोहिणी तथा खुशबू अपनी-अपनी टीमें के साथ प्रस्तुति की गयी। जिसमें निर्णायक मण्डल द्वारा खुशबू की टीमे को प्रथम, रोहिणी की टीम को द्वितीय तथा मयंका की टीम को तृतीय स्थान तथा लोकनृत्य में रोहितांश की टीम प्रथम अभिनव की टीम द्वितीय तथा मुकेश की टीम तृतीय, पखावज वादन में कौशिक झा, शास्त्रीय गायन में अनन्या पाण्डेय प्रथम, वन्दना पाण्डेय द्वितीय, जया पाण्डेय गुप्ता तृतीय स्थान पर रहे। उपस्थिति श्रोता समूह में सभी विद्याओं के प्रतिभागियों की सराहना करते हुए आयोजनकर्ता विभाग की भूल-भूल प्रशंसा करते हुए अपने उद्गार व्यक्त करते हुए ग्रामीण प्रवेश में विविध सांस्कृतिक कला प्रति भावों को एक मंच पर लाने का काम अति ही प्रंशसनीय माना सांस्कृतिक कार्यक्रम के निर्णाय मण्डल में अरूण कुमार मिश्र, राजकुमार आनन्द शीतल प्रसाद वर्मा, अनूप श्रीवास्तव, सृष्टि लता, प्रिया श्रीवास्तव एसवं मिथिलेश यादव रहे इस अवसर पर विशेष अतिथियों में डा0 परेश कुमार पाण्डेय, डा0 सुचिता पाण्डेय, डा0 ऋचा पाठक, डा0 अंजू, डा0 अखिलेश कुमार, कैलाश तिवारी, कौशल किशोर वर्मा, युवा कल्याण विभाग से पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद एवं महेन्द्र प्रताप, अमरेन्द्र कुमार, श्याम सुन्दर, हरिहर मौर्या, भानू प्रताप, भरतलाल, अमित कनौजिया, बद्री प्रसाद आदि सहयोगार्थ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अपने सिद्वी बाजी से राजकुमार आनन्द ने प्रस्तुत करते हुए सुसगठित उत्तम प्रस्तुत किये। अन्त में मुख्य अतिथि की अध्यक्षता में सभी विद्याओ का परिणाम घोषित किया गया।

## 11 को केबीसी के विशेष एपिसोड में हाट सीट पर होंगी अरूणिमा

● कर्मवीर नाम के इस कार्यक्रम में सदी के महानायक से होगा आमना-सामना

संवाददाता। अम्बेडकरनगर




शुक्रवार को प्रसारित होने वाले विशेष शो का प्रोमो

**विश्व की** आधा दर्जन से अधिक दुर्गम पर्वत चोटियों पर तिरंगा फहरा कर पूरे विश्व में जिले का नाम रोशन करने वाली डॉ0 अरूणिमा सिन्हा 11 दिसम्बर को सोनी टीवी के सबसे चर्चित शो कौन बनेगा करोड़पति की हाट सीट पर होंगी। अरूणिमा सिन्हा ने पहली दिव्यांग महिला के रूप में माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा लहराकर विश्व रिकार्ड अपने नाम कर लिया था। इस उपलब्धि के बाद अरूणिमा ने कभी भी पीछे मुड़कर नही देखा तथा वह विश्व की दुर्गम पर्वत चोटियों को फतह करने के अपने अभियान में लग गयीं। आत्मबल से सराबोर अरूणिमा ने सभी दुर्गम चोटियों पर तिरंगा फहरा कर पूरे विश्व में जहां देश का नाम रोशन कर दिया वहीं अम्बेडकरनगर जिले का नाम भी सुर्खियों में पंहुचा दिया। जिला मुख्यालय के जुड़वा कस्बे शहजादपुर के पण्डा टोला मोहल्ले में रहने वाली अरूणिमा के जीवन में घटी एक घटना ने यू -टर्न ला दिया। सोनी टीबी पर 11 दिसम्बर को रात नौ बजे प्रसारित होने वाले केबीसी के कर्मवीर एपिसोड में अरूणिमा सिन्हा सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के सामने हाट सीट पर होंगी। एक सवाल के जवाब में डॉ0 अरूणिमा ने बताया कि इस शो में जीती गई धनराशि को वह दिव्यांगो के लिए विभिन्न उपकरणों की खरीद में व्यय करेंगी। वह दिव्यांगो की पीड़ा व उनकी आवश्यकता को भली भांति समझती हैं। जनपदवासी अरूणिमा के इस शो के प्रसारण की बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहे हैं।

# किसान आंदोलन

## अमित शाह का हस्तक्षेप

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने नए कृषि सुधार कानूनों के खिलाफ चल रहे किसानों के आंदोलन का समाधान निकालने के लिए हस्तक्षेप किया है। इससे स्पष्ट है कि सरकार इसके राष्ट्रव्यापी प्रभावों के प्रति संवेदनशील है। नागरिकता कानून के खिलाफ होने वाले प्रदर्शनों या छात्र विरोध प्रदर्शनों की तरह इसकी जिम्मेदारी उदारवादियों या वैचारिक टकराव या विपक्ष के षडयंत्र तक सीमित नहीं की जा सकती है। यह विरोध 'धरती पुत्रों' की ओर से है जिसमें वे राजनेताओं, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं या सेलेब्रिटीज़ की सहायता नहीं ले रहे हैं। उन्होंने नई व्यवस्था में अपने लिए समानता की मांग किसी वोटबैंक की तरह नहीं, बल्कि सचेत नागरिकों के रूप में की है। किसानों ने दिखा दिया है कि विरोध का अर्थ हमेशा केवल संख्या नहीं होती है क्योंकि वे अब ऐसा स्वर बन गए हैं जिसे किसी के द्वारा पुष्टि की आवश्यकता नहीं है। इसके उलट राजनेता, खिलाड़ी, सिविल सोसाइटी, सेलेब्रिटीज़ स्वयं उनसे जुड़ने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, कृषि कानूनों ने कृषि बाजार के ढांचा उदार बनाने का प्रयास किया है, पर उन्होंने किसानों के कल्याण तथा उनकी बेहतरी की अनदेखी की है। सरकार किसानों को मुख्यत: पंजाब का बता कर इसे राज्य की समस्या की तरह देख रही है। लेकिन दूसरे क्षेत्रों के किसान भी उनके साथ जुड़ रहे हैं और यह केवल सिख किसानों का आंदोलन नहीं रह गया है। एजेंडे के इसी विस्तार के चलते कुछ किसान यूनियनें अन्य मुद्दों की ओर भी ध्यान आकर्षित कर रही हैं जिनमें छात्रों, एक्टिविस्टों व शिक्षकों के मुद्दे शामिल हैं। किसान आंदोलन एक के बाद दूसरे राज्य में फैल रहा है तथा



एनआरआई दबाव समूहों के चलते अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा के विधि-निर्माता भी किसानों के समर्थन में आ रहे हैं।


किसानों की एकजुटता व प्रतिबद्धता ने अन्य ट्रेड यूनियनों का भी ध्यान इस तरफ आकर्षित किया है जिनमें ट्रांसपोर्टर, व्यापारी, टैक्सी, बैंक, रेलवे व वकीलों की यूनियनें शामिल हैं। इसके राजनीतिक असर को किसी भी प्रकार अनदेखा नहीं किया जा सकता है। इससे विपक्ष की सभी पार्टियों को किसानों के साथ आने पर मजबूर किया है। वास्तव में पंजाब विधानसभा चुनाव 2022 में होने हैं और इसी कारण शिरोमणि अकाली दल-शिअद अपनी किसान-विरोधी छवि नहीं चाहता था। उसने भाजपा के साथ संबंध तोड़े तथा खाद्य प्रसंस्करण मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने इस्तीफा दिया। पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने एक कदम आगे बढ़ कर केन्द्रीय कानून में संशोधन कर उसे विधानसभा में नए कानून की तरह पास कराया जिसमें किसान अधिकारों की गारंटी दी गई है। हालांकि, कांग्रेस कृषि क्षेत्र में सुधारों के पक्ष में थी, पर उसने अब यूटर्न ले लिया है। उसने 2019 के घोषणापत्र में एपीएमसी कानूनों को समाप्त करने की पैरवी की थी। राज्यों में किसानों की कर्ज माफी का वादा करने के बावजूद वह उनको बहुत मामूली राहत ही दे सकी थी। आम आदमी पार्टी पहले किसान आंदोलन से दूरी बना रही थी, पर अब पंजाब में अपनी पहुंच बढ़ाने के दृष्टिकोण से वह इसका समर्थन कर रही है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी कुछ महीने होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए किसान यूनियनों का समर्थन किया है। किसान आंदोलन का मुद्दा नागरिकता कानून या छात्रों के मुद्दों की तुलना में अधिक व्यापक है और विपक्षी पार्टियां इस मामले में सक्रियता दिखा रही हैं। लेकिन किसानों के मुद्दे पर एकजुटता के बावजूद वे अध्यादेश को रोकने या अपने संख्याबल के बावजूद राज्यसभा में इन पर बहस व चर्चा के लिए संसदीय समिति में भेजने में विफल रही थीं। हालांकि, सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी की गारंटी की है, पर एक तो इसमें खेती की सारी लागत शामिल न होने के कारण यह लाभकारी नहीं रह गया है वहीं किसान खुले बाजार के कारण इसके प्रभावित होने से आशंकित हैं। बाजार अर्थव्यवस्था को देखते हुए किसानों के तर्कों पर गंभीरता से विचार कर सरकार को जल्दबाजी से बचना चाहिए।

# स्वास्थ्यरक्षा में मोबाइल का योगदान

ग्रामीण व दुर्गम क्षेत्रों में मोबाइल फोनों व इंटरनेट की विशिष्टता स्पष्ट है। स्वास्थ्यरक्षा सेवा प्रदान करने में मोबाइल फोन का महत्वपूर्ण योगदान है।



मीनल शर्मा जगताप
(लेखिका नीति आयोग से संबद्ध हैं)




मजबूत प्राथमिक स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था जनता तक स्वास्थ्य सुविधायें पहुंचाने में समता तथा प्रभावशीलता की गारंटी करती है। नागरिकों व स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था के बीच स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र-पीएचएस पहले बिंदु के रूप में सामने आते हैं। भारत ने 1983 में पहली राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति-एनएचपी शुरू की थी जो विश्व स्वास्थ्य संगठन-डब्लूएचओ की 1978 अल्माअता घोषणा के आधार पर थी। इस घोषणा के अनुसार पीएचएस का लक्ष्य 'रोग चिकित्सा, रोग निरोधक, स्वास्थ्य संवर्धक व क्षमता बहाली' वाली स्वास्थ्यसेवा प्रदान करना है। दशकों से लगातार प्रयास करने के बावजूद एनएचपी के लक्ष्य नहीं प्राप्त हो रहे थे तथा वह देश के दुर्गम इलाकों में जनता तक नहीं पहुंच रही थी। ग्रामीण भारत में समुदाय से प्रथम संपर्क बिंदु ग्राम पंचायत स्तर पर स्थापित सबसेंटर हैं जो पांच या छह गांवों की देखभाल करते हैं।

सबसेंटरों पर मूलभूत स्वास्थ्य सुविधायें आशा व एएनएम प्रदान करती हैं। इसके अगले स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र-पीएचसी 50-60 गांवों की जनसंख्या का ध्यान रखते हैं। यह 6 सबसेंटरों का रेफरल केन्द्र होता है जहां एक चिकित्साधिकारी तथा लगभग 14 पैरामेडिकल्स होते हैं। इसके बाद 100 गांवों या एक लाख जनसंख्या का ध्यान रखने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-सीएचसी आते हैं। इसमें विशेषज्ञ सेवाओं के साथ 30 बिस्तरों की व्यवस्था होती है। सीएचसी को प्रथम रेफरल इकाई मान कर यहां चौबीसों घंटे प्रसूति देखभाल व ब्लड बैंक सुविधा प्रदान की जाती है। इसी प्रकार 50,000-60,000 जनसंख्या पर एक शहरी पीएचसी-यूपीएचसी तथा हर पांच या छह यूपीएचसी पर एक शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र या यूसीएचसी होता है। इसमें उच्च स्तर के द्वितीयक, तृतीयक व निजी स्वास्थ्यरक्षा प्रदाता शामिल होते हैं। भारत में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन-एनएचएम के एक अंग के रूप में मई, 2013 में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन-एनयूएचएम शुरू किया गया। भारत जैसे देश में मजबूत पीएचएस का बहुत महत्व है। 1.36 बिलियन से अधिक जनसंख्या तथा आवश्यकताओं की विविधता के साथ सामाजिक-सांस्कृतिक मानकों की विविधता भी भारत में है। प्राथमिक स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था में स्वास्थ्य समस्याओं से बचने, इनके तरीकों व नियंत्रण के बारे में समुदाय को शिक्षित करना भी शामिल है।

पीएचसी स्तर पर आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के नेटवर्क ने लाभार्थियों तक सरकारी योजनायें व टीकाकरण पहुंचा कर बाल मृत्यु दर-सीएमआर में तेज गिरावट सुनिश्चित की है। अब आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हेल्थ एंड वेलनेस केन्द्रों को स्थापित किया जा रहा है ताकि एनआरएचएम को मजबूती मिल सके। ग्रामीण भारत में सबसेंटरों, पीएचसी व सीएचसी की संख्या काफी बढ़ी है, लेकिन जनसंख्या को देखते हुए वे अब भी कम हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 2005-2015 के बीच सबसेंटरों की संख्या 5.2 प्रतिशत, पीएचसी में 8.9 प्रतिशत तथा सीएचसी की संख्या में 61.3 प्रतिशत वृद्धि हुई थी। भारत में स्वास्थ्य राज्यों का विषय है। विभिन्न राज्यों में इस मामले में भारी विविधता है। राजस्थान व मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में 41,000 की जनसंख्या पर एक पीएचसी है, जबकि इसे प्रति 20,000 जनसंख्या पर होना चाहिए। देश के अनेक अन्य राज्यों की भी यही स्थिति है जिसका अर्थ है कि स्वास्थ्यरक्षा सेवाओं की पहली पंक्ति बहुत कमजोर है।

तकनीक व खासकर मोबाइल तकनीक के प्रयोग से इस समस्या से निपटा जा सकता है। एमहेल्थ में निवेश बढ़ाने की आवश्यकता है। इसका अर्थ स्वास्थ्यरक्षा सेवायें बेहतर बनाने में मोबाइल संचार उपकरणों का प्रयोग करना है। मोबाइल फोनों की सभी जगह उपलब्ध तथा भारत के सुदूर क्षेत्रों तक इंटरनेट के विस्तार ने अनेक प्रकार से स्वास्थ्यरक्षा प्रदान करने में इनकी भूमिका सुनिश्चित की है। फोनों पर एमहेल्थ का प्रयोग प्रसव पूर्व या प्रसव पश्चात जांच के लिए एसएमएस भेजने में हो रहा है। इनसे एएनएम गर्भवती महिलाओं तथा शिशुओं का मेडिकल रिकार्ड रखती हैं तथा अंतत: मातृ एवं शिशु मृत्यु दर घटाने में सहायक होती हैं। भारत में ऐसे प्रयोगों को प्रभावशाली बनाने के अनेक प्रयास हो रहे हैं।

मोबाइल फोन व इंटरनेट से सुदूर व दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले रोगियों को मीलों दूर बैठे योग्य चिकित्सकों के माध्यम से प्राथमिक निदान सेवाओं से जोड़ा जा सकता है। बिजनेस अवसरों को देखते हुए स्वास्थ्यरक्षा क्षेत्र में मोबाइल एप विकसित करने के मामले में अनेक स्टार्टअप सक्रिय हैं। हिंदी व अंग्रेजी में बना एप 'आयु' प्रयोग में बहुत सरल है। इसमें ई-कंसल्ट का बटन दबाने के बाद रोगी अपनी श्रेणी का चयन कर अपनी बीमारी के बारे में बता सकते हैं। इन श्रेणियों में एसिडिटी, सांस लेने में कठिनाई, जुकाम, कान में तकलीफ, बुखार, सिरदर्द, कीड़े के काटने, जोड़ों में दर्द, दस्त व त्वचा रोग, आदि शामिल हैं। रोगियों को समस्या समझाने के लिए कुछ सवालों के जवाब देने होते हैं। इसके बाद विशेषज्ञ डाक्टर निदान कर दवाओं की सलाह तथा आवश्यकता होने पर वीडियो काल के माध्यम से संवाद स्थापित कर सकते हैं। ऐसे मोबाइल एपों से योग्य डाक्टरों तक पहुंच की समस्या से मुक्ति मिल सकती है। इससे रोगियों का डिजिटल रिकार्ड बना कर भविष्य के लिए रखा जा सकता है।

न केवल विकासशील देशों, बल्कि सारी दुनिया में स्वास्थ्यरक्षा सेवाओं तक पहुंच बनाने के लिए मोबाइल स्वास्थ्यरक्षा बाजार का विस्तार हो रहा है। तेज इंटरनेट कनेक्टिविटी बढ़ने, कीमत घटने तथा अस्पतालों में स्थान के संकट को देखते हुए यह व्यवस्था मजबूत हो रही है। इससे योग्य डाक्टरों की कम संख्या, जीवनशैली बीमारियों की बढ़ती समस्या तथा उपभोक्ताओं की बढ़ती संख्या से भी निपटा जा सकता है जो कहीं भी और किसी भी समय स्वास्थ्यरक्षा की मांग कर सकते हैं। दुनिया भर के बाजार में उपलब्ध एमहेल्थ एपों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। दुनिया में आज 3,18,000 स्वास्थ्यरक्षा एप उपलब्ध हैं और यह संख्या 2015 में उपलब्ध एपों की तुलना में दूनी है। इस प्रकार रोज 200 से अधिक एप सामने आ रहे हैं।

मोबाइल हेल्थ एप मार्केट शीर्षक वाली एक रिपोर्ट के अनुसार 2018 में वैश्विक एमहेल्थ एप बाजार 28.320 बिलियन डालर था जिसके 2023 तक बढ़ कर 102.35 बिलियन डालर होने की उम्मीद है। एमहेल्थ एप बाजार में इतने निवेश से उम्मीद है कि इससे गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में बहुत सहायता मिलेगी। खासकर विकासशील व विकसित देशों में प्राथमिक स्वास्थ्यरक्षा के स्तर पर इस सेवा का उल्लेखनीय विस्तार होगा। हालिया कोविड-19 संकट ने सारी दुनिया को झकझोर दिया है। इससे स्वास्थ्यरक्षा ढांचा मजबूत करने की आवश्यकता सामने आई है ताकि किसी भावी महामारी से निपटा जा सके। माइक्रोबियल बीमारियों में शोध तेज होने के साथ इन बीमारियों के बारे में जन-जागरूकता भी बढ़ रही है। ऐसे में सक्रिय कदम उठाते हुए विकासशील देशों की सरकारों को एमहेल्थ के क्षेत्र में शोध को बढ़ावा देना चाहिए। जनता तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्यसेवा पहुंचाने में एमहेल्थ एप महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

# संकट काल में सही मार्ग पर रेलवे

> परिचालनों में आई शांति का लाभ उठाकर पूर्व मध्य रेलवे ने उन परियोजनाओं को तीव्र गति दी है जहां लंबे समय से यातायात स्थगन की आवश्यकता थी।

राम सी आचार्य
(लेखक रेलवे बोर्ड के पूर्व सदस्य हैं)



देश में विद्यमान रेलवे के ढांचे में तात्कालिक कार्यों, मरम्मत तथा नवीन संशोधनों को अंजाम देने के लिए किसी दिए गए खंड में ट्रेनों की आवाजाही को रोकना अनिवार्य हो जाता है। सभी गतिविधियों के इस तरह रोक दिए जाने को यातायात अवरोध कहा जाता है। बीते वर्षों में भारतीय रेलवे के क्षेत्र निरंतर वृद्धि के कारण यातायात अवरुद्ध करने का यह काम यदि असंभव नहीं तो कठिन अवश्य हो गया था, जहां 1600 से अधिक रेलगाड़ियां 67,000 किलोमीटर के वृहद् संजाल में प्रतिदिन यात्रा आरम्भ करती हैं।

हालांकि, कोविड-19 महामारी, जिसने पिछले नौ महीनों के दौरान देश की अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित किया है उसके परिणामस्वरूप दैनिक रूप से देशभर में चलने वाली रेलगाड़ियों की संख्या घटकर आधी रह गई है। इसके कारण, अब यातायात अवरोध का आदेश दिया जाना आसान हो गया है। परिचालनों में आई शांति का लाभ उठाकर पूर्व मध्य रेलवे ने उन परियोजनाओं को तीव्र गति दी है जहां लंबे समय तक यातायात स्थगित करने की आवश्यकता थी। ये परियोजनाएं कई वर्षों से घिसटकर चल रही थीं क्योंकि ट्रेनों के संचालन को नियमित रूप से शीर्ष प्राथमिकता दी जाती है और सभी ट्रेनों की आवाजाही को रोकने का सवाल ही नहीं पैदा होता है, जब तक सुरक्षा से जुड़ा मामला न हो।

हालांकि, कोरोना महामारी के कारण, पूर्ववर्ती मुगलसराय स्टेशन मार्ग, झाझा से दीन दयाल उपाध्याय तक 390 किलोमीटर लंबे मार्ग का उच्चीकरण पूर्व में 110 किमी प्रति घंटा के बजाए 130 किमी प्रति घंटा की गति से ट्रेनें चलाने के लिए, संभव हो पाया है चूंकि छह घंटे की अवधि तक के लंबे यातायात अवरोध हेतु आदेश देना संभव हो सका है। इसमें अस्तित्वमान रेलों को उस उच्चतर अति दूरी की तनन सामर्थ्य के साथ स्थानापन्न करना शामिल है। इसलिए प्लेसर क्विक रिलेइंग प्रणाली मशीनें जो एक बार में 230 मीटर तक लंबे वेल्डेड पैनल बिछा सकती हैं, उन्हें कार्य पूरा करने के लिए तैनात किया गया था।

झाझा-डीडीयू खंड, जो यद्यपि असनसोल-गया- डीडीयू मार्ग का एक विकल्प है, कई दशकों से उपेक्षित अवस्था में था। लेकिन पिछले दशक के दौरान पर्याप्त यातायात हासिल करके, अब यह उच्चीकरण के लिए तैयार है। उन स्टेशनों की संख्या छह से कम नहीं है जहां सीमफोर सिगनलों के साथ हैडलीवर केबिनों वाली पुरानी व्यवस्था जारी थी जिसके स्थान पर इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग एवं रंगीन प्रकाश वाले सिगनल लगाए गए हैं। समान रूप से, कियूल-लखीसराय खंड पर इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग लगाने की मंजूरी दी गई है एवं सचिवालय हाल्ट, ब्लाक हट सी, हदिया को इंटरमीडिएट ब्लाक हट मुहैया कराई गई है। इस उच्चीकरण का ट्रेनों की गति पर जबर्दस्त प्रभाव पड़ेगा, तथा झाझा-डीडीयू मार्ग के बीच की दूरी मात्र आधा घंटे में तय की जा सकेगी।

ट्रेनों के संचालन के लिए रूट रिले इंटरलाकिंग एक स्वर्ण मानक है, जहां सैकड़ों की संख्या में रेल-मार्ग बिंदु एवं सिगनल बड़े यार्डों में एक केंद्रीय केबिन से संचालित किए जा सकते हैं। पटना के लिए लंबे समय से लंबित 30 करोड़, दानापुर के लिए 52 करोड़ और कियूल-लखीसराय के लिए 21 करोड़ की परियोजनाएं प्रारम्भ की गईं थी और पूर्ण हो गईं। यह काम कोरोना संक्रमण के दौर से पहले व्यस्त रेल यातायात के दौर में यदि असंभव नहीं तो, बहुत कठिन अवश्य था।

पूर्व मध्य रेलवे की परियोजनाओं की बड़ी टोकरी से एक बड़ा काम जो कि कई वर्षों से लंबित अवस्था में था, अब गति पकड़ चुका है। यह था कोसी नदी पर सेतु निर्माण का कार्य, जिससे उत्तरी बिहार के दुर्गम क्षेत्र में समृद्धि आएगी। उत्तरी बिहार में नेपाल सीमा से लगे हुए जिला सुपौल में निर्मली और सरायगढ़ के बीच पुराना सेतु, जो 1887 में बना था, वह 1934 में आए एक भूकंप के चलते ध्वस्त हो गया था, जिससे इस क्षेत्र से रेल संपर्क टूट गया। एक नए सेतु निर्माण की आधारशिला 2002 में दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा रखी गई थी और यह परियोजना पूर्ण होने के अंतिम चरण में है, जिसके बनने पर निर्मली और सरायगढ़ के बीच आवागमन सुगम हो जाएगा। 323 करोड़ लागत वाली इस परियोजना ने अब संसाधनों की उपलब्धता के चलते गति पकड़ी है, साथ में कोसी नदी पर बड़ा सेतु 420 करोड़ की अंतिम लागत से तैयार हुआ था। इसे सितम्बर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को समर्पित किया था।

दक्षिण तथा, यदि ज्यादा नहीं तो समान रूप से समृद्ध, उत्तरी बिहार के बीच हमेशा से एक मुद्दा रही है। चार वर्ष पूर्व 2,800 करोड़ रुपए की लागत सक निर्मित, गंगा नदी पर एक रेल व सड़क मार्ग के लिए मिश्रित रूप से बना सेतु मुंगेर व कटिहार के बीच संपर्क जोड़ता है, जिससे अब दक्षिण से उत्तरी बिहार व उसके परे बंगाल व असम जाने के लिए भीड़ग्रस्त बरौनी जंक्शन मार्ग से गुजरना नहीं पड़ता है।

वह निश्चित रूप से भारतीय रेलवे के लिए रेड लेटर दिवस था जब सोन नदी पर बना तीन किलोमीटर से अधिक लंबा सेतु दोहरे से तिहरे ट्रैक में रूपांतरित किया गया था, जिसमें उन्नत सिगनल लगाए गए हैं, जो महामारी के चलते रेल यातायात पहले से आधे स्तर पर पहुंच जाने के कारण संभव हो पाया। धनबाद-डीडीयू संभाग के लिए ग्रैंड कोर्ड मार्ग का बड़ा उच्चीकरण, जिसमें डीडीयू संभाग के सोन नदी पर देहरी एवं सोनागार स्टेशन भी शामिल हैं। इसके चलते कोयला ले जाने वाली ट्रेनों की अंतरवाही प्रक्रिया पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की उम्मीद है, और इसके कारण बिजली संयंत्रों को कोयले की आपूर्ति क्षमता 20-25 प्रतिशत बढ़ जाएगी, और भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बिजली की तेजी से बढ़ती मांग पूरी करने में मदद मिलेगी।

## आप की बात

### भारत के बेमिसाल सैनिक

**भारत** देश के सैनिक अपनी बहादुरी ,सेवाभावना और परोपकार से सारी दुनियां में प्रशंसा पाते है।उनपर पत्थरो से हमला करने वालो को भी उन्होंने आपत्ति के समय पीठ पर बिठाया। जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर तैनात सैनिकों ने गलती से भारतीय सीमा में आने वाली दो नाबालिग लड़कियो को सोमवार को चक्का दा बाग के रास्ते पीओके प्रशासन को सौंप दिया। इन लड़कियों को सेना ने केवल खाना ही नहीं खिलाया बल्कि जाते समय उपहार भी दिए। अपने व्यवहार से उन लड़कियों को प्रभवित किया। जाते समय उन लड़कियों ने भारतीय सैनिकों की तारीफ करते हुए धन्यवाद दिया। वहीं दूसरी ओर भूल से सीमा पार गये सैनिकों और लोगों से पाकिस्तान बर्बर बर्ताव हत्याएं और जेल में पहुचे हर भारतीय के साथ अमानवीय कृत्य जेल में किये गए। पाकिस्तान अपने नापाक कृत्यों से सारी दुनिया में गिर चुका है। लेकिन अब भी बाज नहीं आ रहा है। एलओसी और आई बी पर लगातार गोलीबारी कर संघर्ष विराम का उलंघन कर रहा है।देश मे अव्यवस्था फैलाने के लिये मादक पदार्थो और आतंकियों को भेजने की कोशिश कर रहा है। भारतीय सैनिकों द्वारा किये गए प्रेरक कार्यो से पाकिस्तान पर इसका कोई असर नही पड़ेगा।

– **कुलदीप मोहन**, जरगांव, उन्नाव

### जल संकट से छुटकारा

**पूरे** विश्व को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पाता है। भारत में वैश्विक ताजे जल स्रोत का मात्र 4 प्रतिशत पाया जाता है। इसका कारक स्थलाकृति में विविधता, जल का विविधतापूर्ण वितरण, मौसम प्रणालियां, भौतिक स्वरूप में भिन्नता, जलवायु, जल का दुरुपयोग, शहरीकरण, उद्योग, कारखाने और वायुमंडलीय दशा के कारण सभी जगह जल की उपलब्धता नहीं होती है। अगर भारत की झलकियां देखे तो हमारा भारत देश बहुआयामी है । सबसे ज्यादा नमी वाले क्षेत्र भारत के मेघालय में स्थित मासिनराम जहां पर औसतन वर्षा 11,871 मिली मीटर होती है, जो दुनिया का सबसे ज्यादा वर्षा वाला क्षेत्र है। वहीं दूसरी ओर उत्तर-पश्चिम क्षेत्र भू जल संकट के कगार पर है, आबादी बढ़ना, स्थलाकृति का असमान वितरण, जल प्रदूषण, वर्षा के पानी का उपयोग कम होना, बांध एवं एनीकट, जल का दुरुपयोग आदि जल की कमी के कारण हैं। भारत के दक्षिणी क्षेत्र हमेशा बाढ़ के चपेट में रहते हैं। सिंचाई हेतु नवीन पद्धति को अपनाकर, भूमिगत जल का विवेकपूर्ण उपयोग, वनस्पति विनाश पर नियंत्रण, वर्षा जल का संचयन, खाई बना कर जानकारी रिचार्जिंग करना, कुआं में पानी उतारना, टैंक में पानी जमा करना आदि से जल को संरक्षण कर सकते हैं।

– **वरुण कुमार**, रतनपुर, बिहार

### इंडिया मोबाइल कांग्रेस-2020

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2020 का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। उन्होंने पिछले पांच वर्षो में तकनीक और मोबाइल के क्षेत्र में हुए बड़े बदलाव को बताया, साथ ही आगामी तीन वर्षों में पूरे देश को हाई स्पीड फाइबर कनेक्टिविटी से जोड़ने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि देश में 750 मिलियन इंटरनेट यूजर है, जिनमें से आधे से ज्यादा लोग पिछले चार साल में जुड़े हैं। उन्होंने ये भी बताया कि मोबाइल और सूचना के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिली है, जिन चीजों को हम 10 साल पहले सोच नहीं सकते थे।आज, उसका हर व्यक्ति इस्तेमाल कर रहा है।महामारी के कारण हुए लॉक डाउन के दौरान इसने अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, मरीज को डॉक्टर से, व्यापारी को ग्राहक से, और परिवार को विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में होने के बावजूद एकजुटता के बंधन को बनाए रखा। आश्चर्य की बात ये है कि इंटरनेट के अधिकतर ग्राहक शहरों के बजाय गांवों से है।अब हर घर मोबाइल और इंटरनेट की सुविधा ने समस्त दुनिया को मुट्ठी में कर दिया है।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**मुझे** पुन: हिरासत में लिया गया है क्योंकि मैं बड़गाम जाना चाहती थी जहां सैकड़ों परिवार अपने घरों से बेघर हो गए थे।

– **महबूबा मुफ्ती**
पीडीपी प्रमुख



**आम** आदमी पार्टी देशव्यापी विरोध में शामिल होगी। उम्मीद है कि संपूर्ण देश इसमें शांतिपूर्ण रूप से शामिल होकर किसानों का समर्थन करेगा।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**आम** आदमी पार्टी और केजरीवाल के लिए किसान पंजाब की सत्ता में आने के लिए एक बहाना मात्र हैं।

– **गौतम गंभीर**
भाजपा नेता

## क्विक न्यूज

### केन्द्रीय राज्यमंत्री शिक्षा संचार संजय धोत्रे का आगमन आज

**प्रयागराज।** केन्द्रीय राज्य मंत्री शिक्षा संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार संजय धोत्रे 10 दिसम्बर को भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान प्रयागराज आएंगे। वह वाराणसी से कार द्वारा रात्रि में प्रयागराज पहुंचेंगे। संस्थान के गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम करने के बाद 11 दिसम्बर को संस्थान के प्रशासनिक भवन में अध्यापकों एवं अधिकारियों से संस्थान की गतिविधियों से अवगत होंगे। कुलसचिव डा विजयश्री तिवारी ने बताया की श्री धोत्रे संस्थान के कार्यक्रम में भाग लेने के पश्चात शहर स्थित अन्य केन्द्रीय संस्थानों में भी जाएंगे।

### कोरोना महामारी में उपभोक्ता का विशेष महत्व

**वाराणसी।** वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए कोरोना में लोगों के बढ़ती परेशानी को ध्यान में रखते हुए कम्पनी तमाम उपभोक्ता को उनकी बचत तथा विकट परिस्थिति में पड़ने वाले भार को कम करने का प्रयत्न कर रही ऐसे में मोटोरोला जी.9 ने ग्राहकों के लिए कम बचत वाला स्मार्टफोन लाने के अपने पुराने वादे को पूरा कर रही है अपनी विरासत को आगे बढ़ाते हुए मोटोरोला ने आज किफायती सेगमेंट में मोटो पावर के लॉन्च की घोषणा जाने के बाद 60 घंटे का बैकअप प्रदान करती है।यह स्मार्टफोन मोटोरोला की जी सीरीज आपको कम दाम में अधिक मूल्य प्रदान करते हुए दुनिया भर में इस सेगमेंट में मौजूद स्मार्टफोन्स को असाधारण मूल्य प्रदान करने के लिए मशहूर है। नई मोटो जी.9 सीरीज भविष्य के लिए तैयार तकनीक को सभी के लिए उपलब्ध करवाने की ब्रांड की प्रतिबद्धता का एक और शक्तिशाली प्रमाण है।

### शादी की रस्मों में राजस्थानी संस्कृति की झलक

**वाराणसी।** शादियों की इस सीजन में लोग तरह तरह के विकल्प आजमा रहे है पिछले हफ्ते हमने देखा कि वीर और रानी हड़बड़ी में एक मंदिर में शादी कर लेते हैं। अब इस हफ्ते अपना टाइम भी आएगा शो में वीर और रानी की राजस्थानी तौर.तरीकों से शादी होने जा रही है। जहां शादी की सभी रस्मों में राजस्थानी संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। वहीं रानी इसमें एक खूबसूरत राजस्थानी वेडिंग परिधान पहनी नजर आएंगीए जिसकी प्रेरणा 'जोधा अकबर' में ऐश्वर्या राय के लुक से ली गई है। रंग.बिरंगी घाघरा.चोली से लेकर राजस्थानी ज्वेलरी तकए रानी ने अपने लुक से सेट पर सभी को मोहित कर लिया।

### कोविड 19 में सोशल डिस्टेंसिंग का कड़ाई से हो पालन

**प्रयागराज।** कोविड जैसी महामारी के समय में भी लोगों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने वाले वीवो ने देश में पांच सौवां एक्सक्लूसिव स्टोर बुधवार को खोलने की घोषणा की। इसके साथ नेटवर्क की पहुंच भारत के दो सौ अस्सी से अधिक शहरों तक हो गई है। देश में रिटेल के विस्तार की योजना पर काम जारी है। जिसके तहत अगले वर्ष में एक्सक्लूसिव स्टोर के नेटवर्क को छह सौ पचास से पार पहुंचाने का लक्ष्य है। निदेशक निपुण मार्या ने कहा कि इस मंजिल को हासिल करने पर बेहद खुश हैं। ऑफलाइन नेटवर्क बहुत बड़ा है। आकर्षक माहौल में अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी का अनुभव कर सकते हैं। कोविड 19 की वजह से सभी इसमें हाइजीन एवं सोशल डिस्टेंसिंग का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। ताकि लोगों को तनाव मुक्त परिवेश मुहैया कराया जा सके।

# मृत युवक निकला जिन्दा, पहुंचा घर

संवाददाता। बांगरमऊ उन्नाव

- आगरा एक्सप्रेस वे पर अज्ञात युवक की दुर्घटना में हुई मौत
- शिनाख्त हुई रईस पुत्र अली शेर के रूप में लेकिन निकला जिन्दा

**मृत युवक** के परिजन जिला अस्पताल के निकट स्थित पोस्टमार्टम हाउस में सुबह होने का इंतजार कर रहे थे। लेकिन सुबह होने से पहले ही मृत घोषित युवक अपने घर पहुंच गया। युवक के घर पहुंचने की खबर पर पहले तो परिजनों को विश्वास ही नही हुआ। किन्तु खबर की पुष्टि होने पर परिजनों की खुशी का ठिकाना न रहा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नासिरापुर के निकट लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर मंगलवार को देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई थी। इसी बीच क्षेत्र के ग्राम शीतल गंज निवासी एक चिकित्सक आगरा एक्सप्रेस वे से लखनऊ जाने के लिए रवाना हुआ था।

एक्सप्रेस वे पर पुलिस और दुर्घटना में मृत युवक का शव देखकर चिकित्सक रुक गया। चिकित्सक ने मृतक की शिनाख्त ग्राम शीतल गंज निवासी रईस पुत्र अली शेर के रूप में की। साथ ही चिकित्सक ने घटना की सूचना रईस के परिजनों को दे दी। इधर पुलिस ने शव लाकर यहाँ की सीएचसी में रखवा दिया। खास बात तो यह है कि भाई नन्हे ने भी सीएचसी आकर शव की शिनाख्त रईस के रूप में की। शिनाख्त के बाद पुलिस ने पंचनामा भरा और गवाह के रूप में गाँव के पाँच लोगो के हस्ताक्षर भी करवाये। समस्त औपचारिकताए पूर्ण करने के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए उन्नाव भेज दिया। रईस की मौत की खबर पाकर पत्नी आबिदा, मां जैतुन, भाई नन्हे, कमालुद्दीन, खलील व जमील तथा पुत्री आफरीन, शहरीन, पुत्र मोहसिन व आमिर समेत सैकड़ो लोग सीएचसी पहुँचे। पोस्टमार्टम हाउस जाने के लिए आनन- फानन कई चौपहिया वाहनों की व्यवस्था की गई। रईस के भाई पत्नी और बच्चे रात में ही पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गये। परिजन सारी रात सुबह होने का इंतजार करते रहे। ताकि मृत रईस के शव का जल्द पोस्टमार्टम कराया जा सके। लेकिन सुबह होने से पहले शीतल गंज से एक ऐसा फोन आया, जिसे सुनकर परिजनों को पहले तो यकीन नहीं हुआ। लेकिन खबर की पुष्टि होने के बाद परिजनो में खुशी का ठिकाना न रहा। फोन करने वाले ने बताया कि रईस तो तड़के घर वापस आ गया है। इधर गांव में कब्रिस्तान में जगह चिन्हित कर कब्र खोदने और कफन - दफन की व्यवस्था में लगे लोग भी खुशी से झूम उठे।

### मृत घोषित युवक शराब नशे में दुकान के बाहर सो गया था, सुबह होते ही पहुंचा घर

मृत घोषित शीतल गंज निवासी रईस 45 वर्ष पुत्र अली शेर ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम नसिरापुर के पास लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे के अंडर पास के निकट वह गुमटी में मुर्गे का मीट बेचता हैं। रईस ने बताया कि वह शाम 5 बजे से लेकर रात 7 से 8 बजे तक दुकान खोलता है। बीते मंगलवार को दुकान बंद करने के बाद उसने शराब पी ली। शुरुर चढ़ने के बाद वह दुकान के निकट ही पड़े तखत पर सो गया। सुबह तड़के नींद खुलने पर वह अपने घर पहुंचा। तब उसे इतनी बड़ी घटना की जानकारी हुई। रईस ने बताया कि उसकी मौत की खबर से दूरदराज के रिश्तेदार भी घर आ पहुंचे थे।

### हुई थी गलत शिनाख्त

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नसिरापुर के निकट लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर बीते मंगलवार को देर रात तेज रफ्तार वाहन ने अज्ञात युवक को टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पहले तो युवक की शिनाख्त शीतल गंज निवासी रईस पुत्र अलीशेर के रूप में हुई। लेकिन रईस के प्रकट होने के बाद अभी तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। मृतक के शरीर पर नीले रंग की स्वेटर तथा काले रंग की पैंट है और पैरों में प्लास्टिक की चप्पलें हैं। मृतक का रंग गोरा है और उम्र लगभग 45 वर्ष है। फिलहाल पुलिस मृतक की शिनाख्त करवाने का प्रयास कर रही है।

# स्कीम लांच 'भरो तेल जीतो कार'

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

- इंडेन के व्यावसायिक सिलेंडरों का बढ़ा आकार, बढ़ी तीव्रता

**डॉ. उत्तीय** भट्टाचार्य ने मीरापुर बसहीं स्थित कुमार फिलिंग स्टेशन पर 31 दिसम्बर तक प्रभावी 'भरो तेल जीतो' कार अभियान भी लांच किया। इसमें ग्राहकों को इंडियन आयल के रिटेल आउटलेट से एक बिल पर 400 यर इससे अधिक रूपये तेल खरीद पर लकी ड्रा में एसयूवी कार जीतने का मौका मिलेगा। सौ दैनिक विजेताओं को सौ रूपये प्रत्येक एक्स्ट्रा रिवार्डस प्वांइट्स के रूप में तथा 25 साप्ताहिक विजेताओं को पांच हजार रूपये प्रत्येक एक्स्ट्रा प्वाइंट्स के रूप में जितने का मौका मिलेगा। अंतिम ड्रा में 16 विजेताओं को कार जीतने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम में समरेश कुमार, दीपक सिन्हा आदि मौजूद रहे।

औद्योगिक इकाईयों के साथ ही होटल व कैटरिंग के व्यापार से जुड़े कारोबारियों के लिए अच्छी खबर है। अब उन्हें ईंधन के रूप में ज्यादा पैसा खर्च करने और एक से अधिक सिलिंडर जुटाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। एक बार में ही 425 किग्रा का जंबो सिलिंडर ले सकते है। इसमें एक्स्ट्रा तेज फ्यूल डाला गया है। इससे गैस की खपत 5 से 7 प्रतिशत तक कम होती है। इंडेन के कार्यकारी निदेशक व राज्य प्रमुख डॉ0 उत्तीय भट्टाचार्या ने मंगलवार को एक्स्ट्रा तेज जंबो सिलिंडर को लांच किया। सामने घाट स्थित मुकुंद गैस एजेन्सी पर आयोजित कार्यक्रम में ईडी डॉ0 उत्तीय भट्टाचार्या ने कहा कि लखनऊ के बाद वाराणसी में यह पहली सौगात दी जा रही है। फिलहाल यह सिर्फ कामर्शियल उपयोग में लिया जा सकता है।

# डॉ. शिप्राधर का किया गया सम्मान

**वाराणसी।** काशी की वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शिप्राधर द्वारा बेटियों के जन्म पर कोई शुल्क न लेने तथा 'बेटी नहीं है बोझ आओ बदलें सोच' अभियान के लिए गुजरात सरकार व एआइडब्ल्यूसी की ओर से सम्मानित किया गया। डा. शिप्रा को उक्त सम्मान महिला सशक्तिकरण के लिए वर्चुअल माध्यम से प्रदान किया गया है। विदित हो कि काशी मेडिकेयर की निदेशिका डाण् शिप्रा धर बेटियों के जन्म पर कोई शुल्क नहीं लेती हैं। डा. शिप्रा द्वारा यह मुहिम विगत छह वर्षों से चलाई जा रही है। भारत सरकार की मुहिम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान से भी शिप्रा धर जुड़ी हुई हैं। वे तकरीबन 50 जरूरतमंद बच्चियों को नि:शुल्क शिक्षा भी प्रदान करती हैं और इसके लिए उन्होंने कोशिका नामक एक स्कूल भी खोला है।

# एनसीआर पर खाद्यान्न उर्वरक और कृषि से जुड़ी वस्तुओं की लोडिंग में सुधार

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**चालू वित्त** वर्ष में उत्तर मध्य रेलवे ने 10.54 मिलियन टन माल ढुलाई की है। जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में लोड किए गए माल की तुलना में 1.9 लाख टन अधिक है। कोविड 19 स्थिति के बावजूद यह उपलब्धि खाद्यान्न लोडिंग में 40 प्रतिशत की पर्याप्त वृद्धि और पिछले वर्ष की तुलना में उर्वरक लोडिंग में 5 फीसद सुधार के मदद से ही प्राप्त की जा सकी है। रेलवे के माध्यम से माल का परिवहन सुरक्षित तेज पर्यावरण के अनुकूल और परिवहन के अन्य साधनों से अधिक लागत प्रभावी है। रेलवे के माध्यम से खाद्यान्न और अन्य कृषि से संबंधित वस्तुओं के परिवहन में वृद्धि कृषि और संबंधित क्षेत्रों में विकास का एक महत्वपूर्ण संकेतक है। किसानों को नए और उभरते बाजार से जोड़ता है। उत्तर मध्य रेलवे ने खाद्यान्न और अन्य वस्तुओं के लदान में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं। जिसमें तीनों डिवीजनों में 17 गुड्स शेड में सुधार एटा खेराली दतिया डबरा राया ललितपुर मथुरा आदि से खाद्यान्नों की अतिरिक्त और नई यातायात धारा के लिए 30 फीसद तक छूट के प्रावधान वाली स्टेशन से स्टेशन प्रस्तावों को अंतिम रूप देना और दादरी में ट्रैक्टर लोडिंग का नया यातायात मिनी और आधे रेक में खाद्य अनाज आदि के लोडिंग के माध्यम से नए यातायात प्राप्त करना बांग्लादेश को खाद्य अनाज निर्यात यातायात प्राप्त करना आदि शामिल हैं। प्रयागराज डिवीजन पर खाद्यान्न और अन्य कृषि से संबंधित सामानों को लोड करने की हालिया उपलब्धि में लगभग 06 वर्षों के अंतराल के बाद इरादतगंज से खाद्यान्न लोडिंग नैनी से पिछले 1०5 महीनों में 20 खाद्यान्न रेक लोड करना आईसीडी दादरी से 100 एनएमजी वैगनों में ट्रैक्टरों का लदान पनकीधाम से 121 वैगनों में नए ट्रैफिक के तहत खाद्यान्न की लोडिंग इत्यादि सम्मिलित हैं। आगरा डिवीजन के व्यापार विकास इकाई के मार्केटिंग प्रयासों के तहत मथुरा से पहली बार दो मिनी रेक में खाद्यान्न लोडिंग हुई। पीआरओ ने बताया कि इसी तरह झाँसी डिवीज़न ने नवंबर 2020 में 1.5 लाख टन टन अनाज लोड किया है। जो अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन है।

# बनारस में 34 नवनियुक्त आपरेटरों को नियुक्ति पत्र मिला

- नियुक्ति पत्र मिलते ही आपरेटरों के चेहरे खिल उठे

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**उत्तर प्रदेश** सरकार ने महिला सशक्तिकरण की मिसाल पेश करते हुए प्रदेश में पहली बार नलकूप ऑपरेटर के पद पर महिलाओं की नियुक्ति की है। जो प्रदेश में एक नई कार्य संस्कृति की शुरुआत मानी जा रही है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को मिशन रोजगार के तहत उत्तर प्रदेश के 3209 चयनित एवं प्रशिक्षण प्राप्त नवनियुक्त नलकूप ऑपरेटरों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नियुक्ति पत्र देते हुए उन्हें उनके प्रतिभा के लिये एवं उनके अभिभावकों को बधाई दी। अब सरकारी नियुक्तियों में भेदभाव किसी के साथ नहीं हो रहा हैए अन्याय और शोषण भी नहीं होने दिया जा रहा है। 137000 पदों पर नियुक्तियां हो गई है। एक लाख से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति हुईए जिससे शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ी हैं। 4 लाख सरकारी नौकरी देने की प्रक्रिया 3०5 वर्ष में शीघ्र ही पूरा हो जाएगा। 15 लाख लोगों को प्राइवेट सेक्टर से जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराया गया। डेड़ करोड़ लोगों को स्वत: रोजगार से जोड़ा गया। कमिश्नरी सभागार में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा मुख्यमंत्री ने वाराणसी में नलकूप ऑपरेटर पद पर नवनियुक्त राहुल पाल से वार्ता करते हुए पूरी ईमानदारी एवं मेहनत के साथ अपने पद के दायित्व का निर्वहन करने को कहा। उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए नवनियुक्त नलकूप ऑपरेटरों से कहा कि किसानों को शिकायत का अवसर न मिलने पाए। किसानों की आवश्यकता के अनुसार नलकूपों का संचालन होए ताकि उनकी खेतों तक पानी पहुंच सके। उन्होंने नवनियुक्त ऑपरेटरों से कहां की यह अद्भुत क्षण है कि अपने ही जिला में सरकारी नौकरी करने तथा किसानों की सेवा का अवसर मिल रहा हैए साथ ही जमीन से जुड़ने का भी अवसर मिल रहा है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, विधायक डॉ. अवधेश सिंह वाराणसी जनपद के नवनियुक्त 34 नलकूप ऑपरेटरों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# सपा ने किसान बिल के विरोध में किया प्रदर्शन



**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** सपा विधानसभा अध्यक्ष रमेश रावत के नेतृत्व में बुधवार को किसान बिल के विरोध में कालीमिट्टी दबौली मार्ग पर मां जानकी मोटर्स के पास स्थित सपा कार्यालय पर सपाइयों नें धरना प्रदर्शन कर किसान बिल का विरोध किया। प्रदर्शन में लगभग आधा सैकड़ा से ऊपर समाजवादी कार्यकर्ताओं ने कार्यालय पर प्रदर्शन करनें के उपरान्त कार्यालय से बाईक रैली निकाल कर प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस नें समाजवादियों को उनके कार्यालय से थोड़ा आगे चलते ही रोक लिया। सपाईयों की मानें तो पुलिस नें डरानें धमकाने की कोशिश की। लेकिन सपाईयों के हौसले बुलंद रहे। वहीं सपा नेता प्रिंस यादव नें इस बिल को एक अलोकतांत्रिक तरीके से पारित किया गया बिल बताया। सपा ब्लाक अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद सरकारी कर्मचारियों, युवाओं के बाद अब किसानों को टारगेट किया जा रहा है और उनके खिलाफ कठोर कानून पारित किया गया है।

# धान खरीद को लेकर जिलाधकारी ने ली बैठक

**उन्नाव।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में जनपद में हो रही धान खरीद की समीक्षा बैठक की आयोजित हुयी। समीक्षोपरान्त पाया गया कि जनपद में धान क्रय लक्ष्य 20,000.00 मी0टन के सापेक्ष 08 दिसम्बर तक 10452.84 मी0टन की खरीद 2447 कृषकों से की गयी है। साथ ही धान खरीद के सापेक्ष सम्बन्धित मिलों को 6866.93 मी0टन धान का सम्प्रदान सम्बन्धित मिलों को किया गया है। अब तक कुल 203.00 मी0टन सी0एम0आर0 का सम्प्रदान भारतीय खाद्य निगम डिपो उन्नाव में किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा जिला खाद्य विपणन अधिकारी एवं समस्त जिला प्रबन्धक, क्रय एजेन्सी जनपद उन्नाव को निर्देश दिये गये हैं कि समस्त क्रय केन्द्रों पर बोरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए क्रय किये जा रहे धान को क्रय केन्द्रों पर भण्डारित करने के बजाय तत्काल सम्बद्ध चावल मिलों में शत् प्रतिशत सम्प्रदान कराकर, मिलों से प्राप्त सी0एम0आर0 का शीघ्रता से उतार भारतीय खाद्य निगम डिपो में कराना सुनिश्चित करें। ताकि क्रय केन्द्रों पर स्थान के अभाव में जनपद की धान खरीद प्रभावित न हो एवं शीघ्रातिशीघ्र क्रय लक्ष्य की पूर्ति की जा सके। ---

# काली सूची में डालना एवं एफआईआर दर्ज कराना गलत: हिमांशु

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**संगम की** रेती पर अब तक चाहे कुंभ मेला रहा हो या फिर माघमेला वहां पर मेला बसाने का ठेका लल्लू जी एंड संस को दिया जाता था। लेकिन हाल में ही कुम्भ मेला में हुए करोड़ों के घोटाले को लेकर लल्लूजी एंड संस को काली सूची में डालते हुए प्रशासन की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया है। काली सूची में जाने और मुकदमा दर्ज होने पर लल्लूजी एंड संस इन दिनों मीडिया की सुर्खियों में है। हालांकि इस बार 2021 में लगने वाले माघमेला को बसाने का ठेका पटना की कंपनी पिरामिड एंड संस को दे दिया गया है। तम्बू आपूर्तिकर्ता लल्लूजी एंड संस पर यूपी सरकार के साथ 109.85 करोड़ की ठगी का आरोप है। इसकी खबरें अखबारों में प्रकाशित भी हो चुकी हैं। इस संबंध में लल्लूजी एंड संस के हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि पिछले साल लंबित बिलों को लेकर कुंभ मेला प्रशासन के खिलाफमुकदमा दायर किया था। मध्यस्थता प्रक्रिया शुरू की गई थी और मामले को सुलझाने के लिए मध्यस्थ भी नियुक्त किया गया है। जब कानूनी कार्यवाही पहले से ही चल रही है तो ऐसे में ब्लैक लिस्ट करने और एफआईआर दर्ज करने जैसी कार्यवाही पूरी तरह अनुचित है। आरोप है कि मेला प्रशासन का इरादा मध्यस्थता की प्रक्रिया को रोकना एवं बाधित करना तथा न्यायिक प्रक्रिया को टालना है। केवल परेशान करने के लिए अनाधिकृत तरीके से उनके खिलाफ नागरिक और आपराधिक कार्रवाई का सहारा लिया गया है। मेला प्रशासन द्वारा हमारे खिलाफ शुरू की गई कार्यवाही के सामने कानूनी तरीके से लड़ रहे है। यह भी दोहराना चाहेंगे कि हमारी सौ साल पुरानी संस है। कई राज्य सरकारों के साथ बड़े पैमाने पर और महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया है।

# किसान आंदोलन के समर्थन में सपा के वर्करों ने दूसरे दिन दी गिरफ्तारी



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**किसान** आंदोलन के समर्थन में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को पुलिस से नोंक-झोंक के दौरान गिरफ्तारी दी। भारत बंद के दूसरे दिन सपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मच्छोदरी तिराहे पर नगर मजिस्ट्रेट एवं सीओ कोतवाली के निर्देश पर गिरफ्तारी दी।

गिरफ्तारी देने वालों में कामेश्वर उर्फ किशन दीक्षित, महिला महानगर पूजा यादव, पूर्व पार्षद रवि विश्वकर्मा, आयुष्मान चन्द्रवंशी, संदीप पटेल, पूर्व पार्षद शमीम अंसारी, महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा, संदीप मिश्रा, मुकेश भगवानदास, गोपाल यादव, रवि यादव, कमलेश यादव, राहुल दास अनिरूद्ध यादव, कल्लु यादव, राजेश यादव, बबलू मौर्य, वरूण सिंह आदि सैकड़ों रहे।

### सुरक्षा को प्राथमिकता के लिए हो मापनीय टेक्नोलॉजी: पांडेय

**प्रयागराज।** वैश्विक महामारी के बीच एक निवारक सुरक्षा उपाय होने के साथ सोशल डिस्टैंसिंग जारी रखते हुए स्मार्ट सॉल्यूशन सभी इमारतों में मौजूद अमेज़न इंडिया के हजारों एसोसिएट्स की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाला अगला कदम है। स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्धता को जाहिर करते हुए अपने लोगों के लिए अपनी स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रक्रियाओं का लगातार विस्तार करेंगे। डिस्टेंस असिस्टेंट टेक्नोलॉजी की सफल तैनाती के बाद अमेरिका और कुछ अन्य देशों में अमेजन ने देश में अपने परिचालन स्थलों पर डिस्टेंस असिस्टेंट लगाने की घोषणा की है। व्यक्तिगत आवाजाही को ट्रैक करने और अन्य लोगों से उनकी भौतिक दूरी का पता लगाने के लिए डिस्टेंस असिस्टेंट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऑगमेंटेड रियलिटी और मशीन लर्निंग को उपलब्ध करा कर फायदा पहुंचाता है। निदेशक डा करुणा शंकर पांडेय ने कहा कि अपनी सभी टीम की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए मापनीय टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस में निवेश कर रहे हैं।

# कार्यशाला में जैव सूचना विज्ञान के मूल तत्वों पर डाला प्रकाश

**प्रयागराज।** सीएमपी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान रसायन विज्ञान एवं प्राणी विज्ञान के संयुक्त तत्वावधान में जैव सूचना विज्ञान और कंप्यूटेशनल जीव विज्ञान परिचय और दृष्टिकोण विषय पर सात दिवसीय अन्तर्विषयक संकाय विकास कार्यक्रम ई कार्यशाला का शुभारंभ डीबीटी स्टार कॉलेज परियोजना के तहत हुआ। अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत सीएमपी पीजी कॉलेज के प्राचार्य डा बृजेश कुमार ने किया। डीबीटी स्टार कॉलेज परियोजना की समन्वयक डा सरिता श्रीवास्तव ने अध्यक्ष तथा की नोट स्पीकर का परिचय कराया। शुभारंभ सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर यू सी लवानिया वनस्पति विज्ञान विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय ने किया। कार्यशाला की की नोट स्पीकर डा मेहर हसन आसिफ प्रिंसिपल साइंटिस्ट राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान लखनऊ ने अपना व्याख्यान डिफेरिंग द प्लांट जीनोम यूजिंग कंप्यूटेशनल बायोलॉजी एप्रोचेस पर देते हुए जैव सूचना विज्ञान के मूल तत्वों पर प्रकाश डाला। बताया कि किस प्रकार से राडाटा और सॉफ्टवेयर का प्रयोग कर ड्राई लैब से आंकड़ों का निर्माण आंकड़ों का विश्लेषण तथा आंकड़ों का संग्रह किया जा सकता है। इसके साथ साथ उन्होंने केला पकने में शामिल नियामक तंत्र को विस्तार से बताया। कार्यक्रम की प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डा मधुलिका साइटोसिन शोध एवं विकास केंद्र लखनऊ ने किया। कार्यशाला का संचालन डा प्रतीक श्रीवास्तव एवं धन्यवाद ज्ञापन डा अमिता पांडेय ने किया। कार्यशाला में वनस्पति विज्ञान रसायन विज्ञान एवं प्राणी विज्ञान के सभी प्राध्यापक साथ साथ दो सौ छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया।

# महिला हस्तशिल्पियों को टूल किट देकर किया गया प्रोत्साहित

संवाददाता। उन्नाव



**उपायुक्त** उद्योग सविता रंजन भारतीय ने बताया विधायक सफीपुर बम्बालाल दिवाकर के मुख्य अतिथित्व में विकास खण्ड मियागंज में मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र ने महिला हस्तशिल्पियों को प्रेरित करने हेतु विशिष्ट समारोह का आयोजन किया। समारोह में एक जनपद एक उत्पाद टूलकिट योजनान्तर्गत 10 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी जरी जरदोजी महिला हस्तशिल्पियों को प्रमाण पत्र व टूल किट देकर मुख्य अतिथि विधायक बम्बालाल दिवाकर द्वारा प्रेरित किया गया।

उन्होंने बताया कि टूलकिट प्राप्त करने वाली महिलाओं में शलोनी, प्रीती, बिटोला, मूला, लक्ष्मी देवी, कामना, सविता, सुमन, संगीता निधि पाण्डे, रिंकी देवी, लक्ष्मी, सरला, शिवानी यादव, अर्चना, रेनी, वन्दना, मैना, विभा, शिवदेवी प्रमुख रहीं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रद्वा पूनिया उपस्थित रहीं। श्रीमती श्रद्वा पूनिया मियांगज में प्रस्तावित रू0 315.00 लाख की लागत से बनने वाले सामान्य सुविधा केन्द्र की अध्यक्ष मनोनीत की गयी है। वहीं पर श्रद्वा पूनिया, रंजना, सरोजनी, शबनम शाहीन, रजिया को विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक बंबा लाल ने उपस्थित हस्तशिल्पियों को सम्बोधित करते हुए मिशन शक्ति कार्यक्रम महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान को सुनिश्चित करने तथा एवं स्वावलम्बी बनाने की अनूठी पहल के रूप में आरम्भ किया गया है तथा उन्होंने कहा कि पुरूषों की अपेक्षा महिलाओं का योगदान समाज के निर्माण व विकास में अपेक्षाकृत अधिक होता है। उन्होंने कहा महिलाएं ही हैं जो एक साथ दो परिवारों को संभालने की जिम्मेदारी उठाती है। उन्होने कहा कि महिलाओं के स्वावलम्बन हेतु एक जनपद एक उत्पाद टूल किट योजना अत्यंत महत्वपूर्ण है इससे जुडकर मियागंज क्षेत्र के लगभग सभी बहनों को घर बैठे ही रोजगार का अवसर प्राप्त होगा।

इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग सविता रंजन भारती ने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खुद को बेहतर समझने व बेहतर बनाने की अपील की उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास के सहारे बड़ी-बड़ी समस्याओं का चुटकियों में समाधान हो जाता है। उन्होंने कहा कि टूल किट योजना, वित्त पोषण योजना हेतु उद्यमी किसी भी समय कार्यालय में आकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, सविता रंजन भारती, उद्यमिता विकास संस्थान से वीना गहरवार, सहायक आयुक्त रोचना श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र, विद्यासागर, शबनम, आमिर, रिजवान व भारी संख्या में हस्तशिल्पी उपस्थित रहे।

# ममता बनर्जी असहिष्णुता का पर्याय हैं: जेपी नड्डा

**भाषा।** कोलकाता

**भाजपा अध्यक्ष** जे पी नड्डा ने बुधवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर असहिष्णुता का पर्याय होने का आरोप लगाया और राज्य में 200 से ज्यादा सीटों के साथ अगली सरकार बनाने का भरोसा जताया। पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर यहां आए नड्डा ने प्रदेश में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और देश में अन्य दलों की वंशवाद की राजनीति की निंदा करते हुए कहा कि भाजपा के लिए पार्टी ही परिवार है।

राज्य के विभिन्न जिलों में पार्टी के नौ कार्यालयों का उद्घाटन करने के बाद उन्होंने कहा, श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अनुशासन और सहिष्णुता के बारे में जो कहा था मैं आज उसे याद करना चाहूंगा[8230]वह बंगाल में मौजूदा स्थिति में बेहद प्रासंगिक है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के ] आपका नाम असहिष्णुता है। नड्डा ने टीएमसी सरकार पर अल्पसंख्यक तुष्टिकरण का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भगवा दल 2021 के चुनावों में 200 से ज्यादा सीटों के साथ सत्ता में आएगा और टीएमसी का सफाया हो जाएगा।

उन्होंने कहा, जब पूरा देश भूमि पूजन (अयोध्या में राम मंदिर का) देख रहा था तब ममता बनर्जी ने पांच अगस्त को पश्चिम बंगाल में लॉकडाउन लगा दिया जिससे स्थानीय स्तर पर लोगों को इस मौके पर शिरकत से रोका जा सके। उन्होंने कहा, इसके बिल्कुल विपरीत, 31 जुलाई को बकरीद के मौके पर लॉकडाउन हटा लिया गया था। यह दिखाता है कि प्रदेश सरकार की नीतिया तीष्टिकरण की राजनीति से प्रेरित हैं।

राज्य के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर पार्टी के व्यापक जन संपर्क अभियान के तहत नड्डा आज यहां बनर्जी के घर के नजदीक कालीघाट इलाके में भाजपा के घर-घर संपर्क अभियान की शुरुआत करेंगे। भाजपा के आर नोई अन्याय (और अन्याय नहीं) अभियान के तहत गृह संपर्क अभियान के दौरान नड्डा गिरीश मुखर्जी रोड पर स्थित घरों में जाएंगे। नड्डा बाद में प्रदेश भाजपा नेताओं के साथ एक बैठक करेंगे जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय और उपाध्यक्ष मुकुल रॉय भी शामिल होंगे।



कोलकाता में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर आयोजित रैली में भाग लेते भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा

## पत्रकार से गाली-गलौच करने धमकी देने के आरोप में टीआरएस विधायक पर मामला दर्ज

**हैदराबाद।** सत्तारूढ़ टीआरएस के एक विधायक के खिलाफ सांगारेड्डी जिले में एक पत्रकार को कथित तौर पर धमकी देने और उससे गाली-गलौच करने के लिए मामला दर्ज किया गया है। यह जानकारी बुधवार को पुलिस ने दी। पटनचेरू के विधायक जी. महिपाल रेड्डी पर भादंसं की धारा 504 (जानबूझकर अपमान करना जिसकी मंशा शांति भंग करने के लिए उकसाना है) और 506 (आपराधिक धमकी) सहित भादंसं की विभिन्न धाराओं और एससी, एसटी (अत्याचार निवारण) कानून के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। एक स्थानीय अखबार के पत्रकार ने शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि विधायक ने एक खबर को लेकर मंगलवार को फोन पर उससे गाली-गलौच की और धमकी दी। खबर में आरोप लगाया गया था कि विधायक के समर्थक अमीनपुर इलाके में जमीन हड़पने में संलिप्त थे।

## पश्चिम बंगाल: भाजपाा कार्यकर्ता का शव स्कूल भवन में फंदे से लटका मिला

**कूचबिहार।** पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले में बुधवार को एक स्कूल भवन में फंदे पर भाजपा कार्यकर्ता का शव लटका मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। भाजपा ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया, हालांकि टीएमसी ने आरोप को नकार दिया। पुलिस ने कहा कि स्वपन दास(30) का शव तूफानगंज में स्कूल भवन के अंदर लटका हुआ मिला। पुलिस ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। भाजपा ने आरोप लगाया कि दास की हत्या मंगलवार की रात तृणमूल कांग्रेस से जुड़े बदमाशों ने की और उनके शव को फंदे पर लटका दिया गया। भाजपा के एक स्थानीय नेता ने कहा, फर्श पर खून के धब्बे थे और उसके (दास के) पैर जमीन को छू रहे थे। टीएमसी ने उसकी निर्मम हत्या की है। टीएमसी ने इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि भाजपा घटिया राजनीति के लिए हर अप्राकृतिक मौत को सत्तारूढ़ दल से जोड़ने की कोशिश कर रही है। उत्तर बंगाल विकास मंत्री रवींद्रनाथ घोष ने कहा कि किसी की भी मौत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है और तृणमूल कांग्रेस किसी भी तरह से दास की मौत में शामिल नहीं है। उन्होंने कहा, भाजपा राज्य में हर एक अप्राकृतिक मौत के साथ घटिया राजनीति करके लोगों को भड़का रही है।

## पश्चिम बंगाल पुलिस भाजपा कार्यकर्ता की हत्या के बारे में सफेद झूठ बोल रही : विजयवर्गीय

**भाषा।** कोलकाता

**भाजपा** के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने बुधवार को पश्चिम बंगाल पुलिस के इस दावे को गलत बताया कि वह पैलेट गन का इस्तेमाल नहीं करती। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस हाल की एक रैली के दौरान भगवा दल के एक कार्यकर्ता की हत्या के बारे में सफेद झूठ बोल रही है। विजयवर्गीय ने एक छोटा वीडिया साझा किया जिसमें एक पुलिसकर्मी एक शॉटगन में कथित तौर पर गोलियां भर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में पुलिस जो कहती है और जो करती है उसमें भारी अंतर है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, यह साधारण फुटेज है, मेरे पास ऐसे दस वीडियो हैं जिससे साबित कर सकता हूं कि पश्चिम बंगाल पुलिस सफेद झूठ बोल रही है। भाजपा कार्यकर्ता उलेन राय की सोमवार को सिलीगुड़ी में एक विरोध मार्च के दौरान गोली लगने से घायल होने के बाद मौत हो गई थी। इसके बाद पार्टी ने मंगलवार को अपनी रैलियों के दौरान पुलिस बर्बरता के विरोध में 12 घंटे के बंद का आह्वान किया था। पश्चिम बंगाल पुलिस ने पहले एक ट्वीट में कहा कि राय की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चलता है कि शॉटगन से चली गोली के जख्मों से उसकी मौत हुई है और पुलिस ऐसे हथियार का इस्तेमाल नहीं करती है। पुलिस ने कहा था, यह स्पष्ट है कि सिलीगुड़ी में सोमवार के प्रदर्शन के दौरान सशस्त्र लोगों को लाया गया और उन्होंने आग्नेयास्त्रों से गोलियां चलाईं।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी भगवा दल पर अपनी रैलियों में लोगों की हत्या करने के आरोप लगाए और जानना चाहा कि क्या ऐसा दुष्प्रचार के लिए किया जा रहा है। बनर्जी ने रानीगंज में एक सार्वजनिक रैली में कहा, भाजपा झूठ बोलती है, लोगों की हत्या करती है, यह रैलियां करती है और लोगों की हत्या करती है। क्या आप यह सब प्रचार के लिए करते हैं क्योंकि रैली में ज्यादा लोग नहीं थे ? पुलिस इनका इस्तेमाल नहीं करती है... क्या आपने एक व्यक्ति को पैलेट से मार दिया ताकि प्रचार मिल सके, दुष्प्रचार किया जा सके? विजयवर्गीय वीडियो में करीब 40 सेकेंड तक दिखे और कहा कि अगर राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस उनके कार्यकर्ताओं को गलत तरीके से फंसाती है तो उनकी पार्टी उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी। उन्होंने कहा, यह वीडियो इस बात का सबूत है कि पश्चिम बंगाल पुलिस क्या ट्वीट करती है और वास्तव में किस तरह से काम करती है।

## शिवसेना विधायक से जुड़े धनशोधन के मामले में एक और व्यक्ति गिरफ्तार

**मुम्बई।** शिवसेना विधायक प्रताप सरनाईक और अन्य से जुड़े एक धनशोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि टॉप्स ग्रुप के प्रबंध निदेशक एम. शशिधरन को धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत सोमवार को गिरफ्तार किया गया। प्रवर्तन निदेशालय, सुरक्षा सेवा देने वाली एक निजी कंपनी और सरनाईक के बीच कथित लेन-देन में शशिधरन की भूमिका की जांच कर रही है। शशिधरन ने हाल ही में मुम्बई पुलिस के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी और टॉप्स सिक्योरिटी ग्रुप के पूर्व निदेशक रमेश अय्यर पर कम्पनी और उसके लेनदेन में वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया था। इससे पहले अय्यर ने सिक्योरिटी ग्रुप और उसके प्रमोटर राहुल नंदा के खिलाफ कम्पनी और उसके लेनदेन में वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया था। इस मामले में ईडी ने सरनाईक के सहयोगी अमित चंदोले को गिरफ्तार किया है। सूत्र ने बताया कि केन्द्रीय जांच एजेंसी मामले में अमित चंदोले की भूमिका और सरनाईक, टॉप्स सिक्योरिटी ग्रुप और नंदा के साथ कथित समझौते की जांच कर रही है। मीडिया की खबरों के अनुसार नंदा ने सभी आरोपों को खारिज किया है। अय्यर का आरोप लगाया था कि 2014 में मुम्बई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमएमआरडीए) का कम्पनी से 350 से 500 गार्ड लेने का करार था और सुरक्षा कम्पनी ने सिर्फ 70 फीसदी ही गार्ड दिए और एमआरडीए द्वारा इस संबंध में भुगतान की गई राशि का कुछ हिस्सा आरोपी के निजी खातों में गया।

## क्विक न्यूज

### किसानों के हक में सही फैसले करते मोदी तो यह नौबत नहीं आती : अशोक गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को कहा कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों के हक में सही फैसला करते तो किसानों को आंदोलन नही करना पड़ता। उन्होंने किसान आंदोलन को लेकर प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी पर भी सवाल उठाया और कहा कि उन्हें किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं का हल निकालना चाहिए। गहलोत ने यहां एक बयान में कहा, किसानों के मुद्दे पर मोदी जी ने चुप्पी साध ली है, अगर वह किसानों के हक में सही निर्णय लेते तो उन्हें आंदोलन नही करना पड़ता। मुख्यमंत्री के अनुसार, ऐसी क्या जरूरत पड़ी कि 10 केंद्रीय मंत्रियों व भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को किसान आंदोलन के खिलाफ उतरना पड़ा। मोदी सरकार ने किसानों और विपक्ष समेत किसी भागीदार से संवाद नही किया। अगर संवाद किया होता तो ऐसी जरूरत नही पड़ती क्योंकि पहले भी देश की जनता ने अपने प्रधानमंत्रियों पर यकीन किया है और उनके बनाए हुए कानूनों का स्वागत किया है। गहलोत ने कहा, कोरोना काल में लोगों ने उनके (मोदी) कहने पर ताली, थाली और घंटी बजाई, मोमबत्ती जलाई लेकिन किसानों के मुद्दे पर चुप्पी साध ली। अगर वह किसानों के हक में सही निर्णय लेते तो उन्हें आंदोलन नही करना पड़ता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को सभी से संवाद स्थापित कर उनकी बात सुननी चाहिए और उनकी समस्याओं का हल निकालना चाहिए।

### उत्तराखंड : भाजपा ने कांग्रेस से माफी मांगने को कहा

**देहरादून।** भाजपा ने राज्य में 2017 विधानसभा चुनावों में ईवीएम से छेड़छाड़ का आरोप लगाने वाली पराजित कांग्रेस उम्मीदवारों द्वारा दायर पांच याचिकाओं को खारिज करने के उत्तराखंड उच्च न्यायालय के आदेश का स्वागत किया है। भाजपा ने अदालत का समय बर्बाद करने और लोगों को गुमराह करने के लिए कांग्रेस से माफी मांगने को भी कहा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बंशीधर भगत ने कहा, अदालत ने दूध का दूध और पानी का पानी कर कांग्रेस के मुंह पर करारा जोरदार मारा है। कांग्रेस की हमेशा भ्रामक तथ्यों के जरिए अदालत और जनता का समय खराब करने की फितरत रही है। उन्होंने कहा कि देश भर में चुनाव हारने के बाद ईवीएम पर संदेह कर शोर मचाने वाली वाली कांग्रेस को जनता को गुमराह करने और बेवजह अदालत का समय खराब करने के लिए माफी मांगनी चाहिए। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कांग्रेस नेताओं द्वारा दायर उन पांचो याचिकाओं को खारिज कर दिया था जिनमें 2017 के राज्य विधानसभा चुनावों में ईवीएम में हेराफेरी का आरोप लगाया गया था। पिछले विधानसभा चुनावों में पराजित कांग्रेस उम्मीदवारों नवप्रभात, विक्रम सिंह नेगी, राजकुमार, अंबरीश कुमार और गोदावरी थापली ने ईवीएम में हेराफेरी का आरोप लगाते हुए चुनाव परिणामों को चुनौती दी थी।

### खाना छूने पर मप्र में दलित की पिटाई, मौत

**छतरपुर (मप्र)।** मध्यप्रदेश के छतरपुर जिला मुख्यालय से लगभग 100 किलोमीटर दूर गौरीहार थाना क्षेत्र के एक गांव मे दो लोगो ने कथित तौर पर खाना छूने पर 25 वर्षीय दलित युवक की कथित रूप से पिटाई की गई, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक (एसपी) सचिन शर्मा ने बुधवार को बताया कि घटना गौरीहार थाना क्षेत्र के किशनपुर गांव में सोमवार रात को हुई। उन्होंने मृतक देवराज अनुरागी (25) के परिवार के सदस्यों के हवाले से बताया कि गांव के ही आरोपी भूरा सोनी और संतोष पाल ने देवराज को पास के एक खेत में पार्टी के लिए आमंत्रित किया था। उन्होंने बताया कि देवराज जब दो घंटे बाद घर लौटा तो उसने परिवार को अपनी आपबीती में बताया कि उसके द्वारा भोजन छूने पर आरोपियों ने उसकी जमकर पिटाई की गई। उन्होंने बताया कि देवराज की पीठ पर चोट के निशान थे। घर पहुंचने के कुछ देर बाद उसने सीने में दर्द की शिकायत की और घर पर ही दम तोड़ दिया। एसपी ने बताया कि दोनो आरोपी फरार है। पुलिस ने उन्हें पकड़ने के लिए दल बनाए है और उनकी तलाश की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ हत्या के लिए भादवि की धारा तथा एसटीएससी अधिनियम की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

### बारामूला में आतंकवादियों के एक ग्रेनेड हमले में चार घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में बुधवार को आतंकवादियों के सुरक्षा कर्मियों के एक वाहन पर ग्रेनेड फेंकने की घटना मे चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि हमला जिले के पट्टन इलाके के सिंहपोरा में हुआ। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों ने ग्रेनेड आज सुबह सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के वाहन की ओर फेंका था, लेकिन उनका निशाना चूक गया और ग्रेनेड सड़क किनारे फट गया, जिससे चार लोग घायल हो गए।



पटना में राज्य सरकार के खिलाफ लंबित लाभ प्रदान नही करने के विरोध में अपने सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्कीम कार्ड के साथ प्रदर्शन करती हुईं महिलाएं

## जिला परिषद, पंचायत समिति चुनाव के नतीजे कृषि कानूनों पर किसानों की मुहर: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने बुधवार को राजस्थान में जिला परिषद और पंचायत समिति के चुनावों में पार्टी को मिली सफलता को केंद्र सरकार के कृषि सुधार कानूनों पर किसानों की मुहर बताया और कहा कि हाल के दिनों में हुए विभिन्न चुनावों के नतीजे दर्शाते हैं कि मतदाता सभी जगह भाजपा के पक्ष में है चाहे वह दक्षिण हो या पूर्वोत्तर हो। राजधानी स्थित पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित कर रहे केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि कोरोना महामारी, वैश्विक आर्थिक संकट और कृषि सुधारों पर विपक्ष के दुष्प्रचार के बाद भी मतदाता सभी जगह भाजपा को पसंद कर रहे हैं।

राजस्थान में जिला परिषद और पंचायत समिति के चुनाव में भाजपा को जीत मिली है। जिला परिषद के इन चुनावों में 2.5 करोड़ मतदाताओं में से अधिकतर किसान हैं। इसका मतलब है कि किसान राजस्थान में कृषि सुधारों के पक्ष में हैं। जावड़ेकर ने कहा कि राजस्थान के चुनाव में इस बार हार जीत का अंतर बहुत ज्यादा रहा और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अपने गृह क्षेत्र की दो पंचायत समिति हार गए। कांग्रेस नेता सचिन पायलट के गृह जिले टोंक में जिला परिषद भाजपा ने जीती है।

बिहार विधानसभा चुनाव, विभिन्न राज्यों में हुए उपचुनावों, हैदराबाद नगर निगम चुनावों और अरुणाचल प्रदेश में जिला पंचायतों और ग्राम पंचायतों के चुनावों में भाजपा की जीत का जिक्र करते हुए जावड़ेकर ने कहा कि आने वाले समय के लिए यह शुभ संकेत है कि मतदाता सभी जगह भाजपा के पक्ष में है चाहे वह दक्षिण हो या पूर्वोत्तर हो। जिस दिशा में आप जाएंगे, भाजपा ही भाजपा है। कोरोना महामारी, वैश्विक आर्थिक संकट और कृषि सुधारों पर विपक्ष के दुष्प्रचार के बाद भी मतदाता सभी जगह भाजपा को पसंद कर रहे हैं क्योंकि उन्हें विपक्षियों की नकारात्मक राजनीति पसंद नहीं है।

## एनसीबी की जांच : आरोपी गिरफ्तार 2.5 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त

**मुंबई।** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने सुशांत सिंह राजपूत की मौत से जुड़े मादक पदार्थ के मामले में एक फरार आरोपी को गिरफ्तार किया और मुंबई में छापे के दौरान 2.5 करोड़ रुपए मूल्य का मादक पदार्थ जब्त कर लिया। एनसीबी के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि राजपूत की मौत से जुड़े मामले में मादक पदार्थ की यह सबसे बड़ी बरामदगी है। अधिकारी ने बताया कि मुंबई के लोखंडवाला समेत कुछ इलाकों में छापेमारी के बाद आरोपी रीगल महाकाल को मंगलवार देर रात गिरफ्तार किया गया। एनसीबी के क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े के नेतृत्व में जांच एजेंसी की टीम ने यह अभियान चलाया। अधिकारी ने बताया कि छापेमारी के दौरान 2.5 करोड़ रुपए मूल्य की मलाना क्रीम जब्त की गई।

छापे के दौरान एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया लेकिन उसके बारे में ज्यादा विवरण उपलब्ध नहीं है। मामले में मादक पदार्थ के कुछ तस्करों से पूछताछ के दौरान महाकाल का नाम सामने आया था। महाकाल को बुधवार को मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उसे 11 दिसंबर तक एनसीबी की हिरासत में भेज दिया।

विशेष लोक अभियोजक अतुल सरपांडे ने कहा कि एनसीबी ने अदालत को बताया कि मामले में जांच जारी है और गिरफ्तार किए गए अन्य आरोपियों से आमना-सामना कराने के लिए महाकाल को हिरासत में लेना जरूरी है। महाकाल मामले में एक आरोपी अनुज केशवानी को मादक पदार्थ की आपूर्ति करता था। केशवानी को भी नशीले पदार्थों की तस्करी के आरोप में सितंबर में गिरफ्तार किया गया था। राजपूत इस साल जून में बांद्रा में अपने फ्लैट में मृत मिले थे।

## भूमि विधेयक को पारित कराने के लिए जद (एस) ने सरकार का समर्थन किया था : कुमारस्वामी

**भाषा।** बेंगलुरु

**विवादित** कर्नाटक भूमि सुधार (संशोधन) अधिनियम 2020 के पारित होने को लेकर भाजपा के साथ गुपचुप सौदेबाजी के आरोपों का सामना कर रही जद (एस) के नेता तथा राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी ने कहा कि उनकी पार्टी ने इस कानून के कुछ खतरनाक प्रावधानों को वापस लेने पर सहमति बनने के बाद सरकार का समर्थन किया था। कांग्रेस तथा कर्नाटक राज्य रैयत संघ ने कुमारस्वामी पर भाजपा के साथ सौदा करने का आरोप लगाया है। जद(एस) ने कर्नाटक विधान परिषद में मॉनसून सत्र में संशोधन का विरोध किया था जबकि शीतकालीन सत्र में इसका समर्थन किया। इस विधेयक को विधानसभा से मंजूरी मिलने के बाद विधान परिषद में पेश किया गया था। कुमारस्वामी ने कोलार में पत्रकारों से कहा, हमें जिन प्रावधानों पर आपत्ति थी, उनमें से कुछ को वापस लिए जाने के बाद जद (एस) ने सरकार का समर्थन किया था।

पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी ने कहा कि प्रारंभ में उन्होंने और उनके पिता एच डी देवेगौड़ा ने विधेयक का विरोध किया था, लेकिन कुछ प्रावधानों में बदलाव के बाद पार्टी ने इसका समर्थन किया। कुमारस्वामी ने कहा, कानून में बदलाव का श्रेय हमें मिलना चाहिए। पिछले विधानसभा सत्र के दौरान सरकार ने हमारे ध्यान दिलाने पर प्रस्तावित विधेयक के कुछ खतरनाक प्रावधान हटाने का फैसला लिया।

जद (एस) नेता ने कहा कि हमारी मुख्य आपत्ति इस बात को लेकर थी कि पहले सरकार इकाई के तौर पर जमीन की खरीद की सीमा बढ़ाना चाहती थी, जिसके तहत एक परिवार को 248 एकड़ तक जमीन खरीदने की अनुमति थी। कुमारस्वामी ने कहा कि उनके सुझाव पर सरकार ने पिछले सत्र में पुराने प्रावधानों को जारी रखने पर सहमति जताते हुए एक परिवार को 10 इकाई भूमि रखने अनुमति दी।


कांग्रेस प्रवक्ता वी एस उगरप्पा ने कहा कि कुमारस्वामी ने दोहरा मापदंड अपनाया है। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, एक ओर कुमारस्वामी कहते हैं कि उनकी पार्टी किसानों के साथ है जबकि दूसरी ओर जद (एस) ने कर्नाटक भूमि सुधार (संशोधन) अधिनियम पर भाजपा का साथ दिया। इससे साफ पता चलता है कि कुमारस्वामी और भाजपा के बीच सौदेबाजी हो चुकी है। कर्नाटक राज्य रैयत संघ के अध्यक्ष के चंद्रशेखर ने पूछा कि दोनों पार्टियां साथ कैसे आईं। कर्नाटक विधानसभा द्वारा पारित दो विवादित कृषि कानूनों के खिलाफ विधान सौध के घेराव करने के लिए आयोजित मार्च के दौरान चंद्रशेखर ने बुधवार यह सवाल किया।



श्रीनगर में आतंकियों के हमले में चार नागरिकों के घायल होने के बाद बारामूला में चेकिंग करते हुए पुलिसकर्मी।

# संयुक्त विधाई समिति जल इकाइयों में घोटाले की जांच करेगी: एदियुरप्पा

भाषा। बेंगलुरु



**कर्नाटक के** मुख्यमंत्री बीएस एदियुरप्पा ने राज्य में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था में अनियमितता होने की बात स्वीकार करते हुए बुधवार को कहा कि इस विषय की एक संयुक्त विधाई समिति जांच कर रिपोर्ट सौंपेगी। सत्तारूढ़ भाजपा के विधायकों सहित कई विधायकों की मांग के बाद मुख्यमंत्री ने विधानसभा में यह घोषणा की। विधायकों ने पेयजल इकाइयां लगाने में घोटाला होने का आरोप लगाया है। इन पेयजल इकाइयों को लगाने की पहल सिद्धरमैया नीत पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने की थी।

एदियुरप्पा ने कहा , कई विधायकों ने कहा है कि इस कार्य में भ्रष्टाचार हुआ है। मैंने व्यक्तिगत रूप से कई स्थानों का दौरा किया और पाया कि उपकरण काम नहीं कर रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि उन पर चार गुना अधिक रकम खर्च की गई। एक बड़ा घोटाला प्रतीत हो रहा है। हम जांच कराएंगे और दोषियों को सजा दिलाएंगे। उन्होंने विधानसभा में कहा कि दो महीने में जांच की जाएगी और रिपोर्ट विधानसभा के समक्ष रखी जाएगी। उन्होंने कहा, चाहे वह किसी भी सरकार के हों, लूट-खसोट में जिनका भी हाथ होगा उन्हें सजा दिलाई जाएगी। एक संयुक्त विधाई समिति को जांच कर रिपोर्ट सौंपने दीजिए। राज्य विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान यादगीर विधायक वी. मुदनाल द्वारा एक प्रश्न पूछे जाने के बाद एदियुरप्पा ने शुद्ध पेयजल से जुड़े मुद्दे पर चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए यह कहा। ग्रामीण विकास मंत्री के एस ईश्वरप्पा ने जांच के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि उन्होंने उस वक्त जांच की मांग की थी जब वह पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान विधानपरिषद में विपक्ष के नेता थे। लेकिन जांच का आदेश नहीं दिया गया था। उन्होंने कहा, हमारी सरकार के सत्ता में आने के बाद एक सर्वेक्षण कराया गया, जिसकी रिपोर्ट के मुताबिक 70 प्रतिशत इकाइयां काम कर रही हैं, चार प्रतिशत बंद हैं और 26 प्रतिशत अस्थाई रूप से काम नहीं कर रही हैं। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट के मुताबिक 18,500 इकाइयों में 1,629 इकाइयां अस्थाई रूप से काम नहीं कर रही हैं। जनता दल (सेक्युलर) विधायक वेंकट राव नाडगौडा ने भी कहा कि ज्यादातर स्थानों पर इन इकाइयों की हालत खस्ताहाल है। हालांकि, कांग्रेस विधायक यू टी खादर ने कहा कि इकाइयों में खामियां नहीं हैं योजना के क्रियान्वयन में खामी है।

## आईआईटी खड़गपुर के छात्रों को मिले नौकरी के एक हजार से अधिक अवसर

**कोलकाता।** महामारी की स्थिति के बावजूद, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर के छात्रों को 2020-21 के अकादमिक सत्र में पहले चरण के प्लेसमेंट के आठवें दिन तक नौकरी के एक हजार से अधिक अवसर प्राप्त हुए। संस्थान की ओर से जारी एक वक्तव्य में यह जानकारी दी गई। कोविड-19 के मद्देनजर, पहली बार डिजिटल माध्यम से प्लेसमेंट की प्रक्रिया अपनाई गई। वक्तव्य में कहा गया कि गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, एप्पल, क्वालकॉम, गोल्डमैन साक्स, जे पी मोर्गन, अमेरिकन एक्सप्रेस, सोनी जापान, ईएक्सएल सर्विस, ओरेकल, हनीवेल, टीएसएमसी, अमेजन, एयरबस, टाटा स्टील और अन्य कंपनियों ने छात्रों को नौकरी का ऑफर दिया। पहले चरण में दो सौ से अधिक कंपनियों ने हिस्सा लिया। संस्थान के प्रवक्ता ने कहा कि छात्रों को जापान और ताइवान जैसे देशों से नौकरी के करीब 30 अंतरराष्ट्रीय प्रस्ताव भी मिले।



**केरल के स्थानीय निकाय चुनाव के दूसरे चरण को सम्पन्न कराने के लिए कोच्चि में मतदान सामग्री लेकर निकले चुनाव अधिकारी व पुलिसकर्मी**

## बुद्धदेव भट्टाचार्य सांस लेने में तकलीफ के बाद अस्पताल में भर्ती, हालत गंभीर

भाषा। कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य को सांस लेने में तकलीफ बढ़ने के बाद बुधवार को दोपहर में दक्षिण कोलकाता में एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी तबीयत नाजुक बताई गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भट्टाचार्य (76) की कोविड-19 जांच गई, जिसमें वह संक्रमित नहीं पाए गए। सूत्रों ने कहा कि भट्टाचार्य को निजी अस्पताल में गंभीर चिकित्सा कक्ष में वेंटिलेटर पर रखा गया है। अस्पताल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, भट्टाचार्य की आरटी-पीसीआर जांच में पता चला है कि वह कोरोना वायरस से संक्रमित नहीं हैं। यह अच्छी खबर है। उनके मस्तिष्क के सीटी स्कैन में पुराने जख्मों के बारे में पता चला है। गंभीर चिकित्सा कक्ष (सीसीयू) में उनका इलाज चल रहा है।

उन्होंने कहा, फिलहाल उन्हें नॉन-इनवेसिव वेंटिलेशन पर रखा गया है। उनके ऑक्सीजन लेने की सीमा को 95 प्रतिशत पर रखा गया है। उनकी तबीयत नाजुक है, लेकिन मौजूदा इलाज का अच्छा असर हो रहा है। माकपा के वरिष्ठ नेता भट्टाचार्य के स्वास्थ्य पर नजर रखने के लिए वरिष्ठ डॉक्टरों की दो सदस्ईय टीम का गठन किया गया है। साल 2000 से 2011 तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहे भट्टाचार्य कुछ समय से श्वांस संबंधी दिक्कतों तथा आयु संबंधी अन्य बीमारियों से जूझ रहे हैं। उन्होंने 2018 में माकपा की केन्द्रीय समिति पोलित-ब्यूरो के साथ-साथ राज्य सचिवालय से भी इस्तीफा दे दिया था। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, राज्यपाल जगदीप धनखड़ तथा माकपा की राज्य इकाई के सचिव सूर्य कांत मिश्रा ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

# कोविड-19 के 32,080 नए मामले, 402 की मौत

भाषा। नई दिल्ली

**भारत में** कोविड-19 के मामले बुधवार को 97.35 लाख के पार चले गए, जिनमें से 92 लाख से अधिक लोगों के ठीक होने के साथ ही देश में मरीजों के ठीक होने की दर बढ़कर 94.66 प्रतिशत हो गई। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार कोविड-19 के 32,080 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 97,35,850 हो गए। वहीं 402 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 1,41,360 हो गई। आंकड़ों के अनुसार देश में कुल 92,15,581 लोगों के ठीक होने के साथ ही मरीजों के ठीक होने की दर 94.66 प्रतिशत हो गई है। वहीं कोविड-19 से मृत्यु दर 1.45 प्रतिशत है। देश में लगातार तीन दिनों से उपचाराधीन लोगों की संख्या चार लाख से कम है। देश में अभी 3,78,909 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 3.89 प्रतिशत है। भारत में सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को 40 लाख के पार चली गई थी।

वहीं, कुल मामले 16 सितम्बर को 50 लाख, 28 सितम्बर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवम्बर को 90 लाख के पार चले गए थे। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार आठ दिसम्बर तक 14,98,36,767 नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई, जिनमें से 10,22,712 नमूनों का परीक्षण मंगलवार को किया गया। आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में जिन 402 लोगों की मौत हुई, उनमें से दिल्ली के 57, महाराष्ट्र के 53, पश्चिम बंगाल के 49, केरल के 31, पंजाब के 30, उत्तर प्रदेश के 23 और राजस्थान के 20 लोग थे।

## कोविड-19 का एक भी मामला नहीं लक्षद्वीप में सामान्य है जनजीवन

भाषा। कोच्चि

● एसओपी का सख्ती से किया जा रहा पालन

**कोविड-19** महामारी से दुनिया भले जूझ रही हो लेकिन केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप में जनजीवन बिलकुल सामान्य नजर आता है जहां अब तक कोरोना वायरस संक्रमण का एक भी मामला सामने नहीं आया है। न मास्क, न सेनेटाइजर और कोविड-19 की कई अन्य पाबंदियों का भी यहां कोई चक्कर नहीं दिखता। शादी-ब्याह से लेकर लोगों का मिलना-जुलना समेत सभी गतिविधियां बदस्तूर जारी हैं। यह सबकुछ आसानी से हो रहा है क्योंकि अरब सागर में स्थित इस द्वीप पर लोगों के आसानी से प्रवेश को रोकने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का बेहद सख्ती से पालन किया जाता है। लोकसभा में लक्षद्वीप का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसद पीपी मोहम्मद फैजल के मुताबिक, इस साल के शुरू में ही लक्षद्वीप ने कोविड-19 महामारी को रोक दिया था और आठ दिसंबर तक यहां एक भी मामला सामने नहीं आया था। फैजल ने पीटीआई-भाषा को बताया, हमारे द्वारा उठाए गए अनुकरणीय ऐहतियाती उपायों की वजह से अब तक लक्षद्वीप से कोरोना वायरस संक्रमण का एक भी मामला सामने नहीं आया है। कड़े उपायों के साथ ही 36 वर्ग किलोमीटर के इस द्वीप पर प्रवेश मिल सकता है। वह चाहे आम आदमी हो, अधिकारी या जनप्रतिनिधि- उन्हें कोच्चि में सात दिन के पृथकवास समेत अनिवार्य ऐहतियाती उपायों को अपनाना ही होगा।

## कोविड-19 के खिलाफ जंग में बढ़ा इंदौर का जोर

भाषा। इंदौर

● रक्त के 29 फीसद नमूनों में मिली एंटीबॉडी

**मध्यप्रदेश में** कोविड-19 से सबसे ज्यादा प्रभावित इंदौर शहर में पिछले तीन महीनों में इस महामारी के खिलाफ आम लोगों की प्रतिरोधक क्षमता में सिलसिलेवार उछाल दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि इस बात की तसदीक शासकीय महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय (एमवायएच) के ब्लड बैंक के एक अध्ययन से होती है। एमवायएच के ब्लड बैंक के प्रमुख डॉ. अशोक यादव ने इस अध्ययन के हवाले से बताया, हमने ब्लड बैंक में सितंबर, अक्टूबर और नवंबर में जमा नए रक्त के क्रमशः 1,323, 1,128 और 1,590 नमूनों की एंटीबॉडी जांच की। इनमें से क्रमशः 197, 367 और 615 में कोविड-19 के खिलाफ आईजीजी एंटीबॉडी मिली है। इन आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि एमवायएच के ब्लड बैंक में पिछले तीन महीनों के दौरान जमा नए रक्त के कुल 4,041 नमूनों में से 1,179 नमूनों यानी औसतन 29 प्रतिशत में कोविड-19 के खिलाफ आईजीजी एंटीबॉडी मिली। यादव ने बताया कि रक्त के इन नमूनों की एंटीबॉडी जांच के लिए भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की स्वीकृत एलाइजा पद्धति की किट का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने बताया कि एंटीबॉडी जांच के लिए 18 से 60 वर्ष की उम्र वाले लोगों के रक्त के नमूनों का चुनाव आकस्मिक तौर पर किया गया था।



**उत्तर 24 परगना जिले के बोंगन में बुधवार को एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करतीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी**

## वायुसेना ने अदालत में कहा: प्रधानमंत्री की उड़ानों का विवरण नहीं दे सकते

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय वायुसेना** ने दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका दाखिल कर केंद्रीय सूचना अयोग (सीआईसी) के उस निर्देश को चुनौती दी है जिसमें स्पेशल फ्लाइट रिटर्न्स (एसआरएफ)-द्वितीय से संबंधित जानकारियों की मांग की गई थी। वायुसेना ने बुधवार को याचिका में कहा कि यह विवरण प्रधानमंत्री के सुरक्षा तंत्र से संबंधित है इसलिए इसे उपलब्ध नहीं कराया जा सकता है। वायुसेना ने याचिका में दावा किया है कि मांगी गई जानकारी पूरे सुरक्षा घेरे से संबंधित है। इसमें विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) कर्मियों के नाम भी पूछे गए हैं जो भारत के प्रधानमंत्री के विदेश दौरों पर उनकी निजी सुरक्षा के लिए उनके साथ जाते हैं। यदि इस विवरण का खुलासा किया जाता है तो इससे भारत की संप्रभुता एवं अखंडता प्रभावित हो सकती है तथा सुरक्षा, रणनीति, वैज्ञानिक एवं आर्थिक हितों को खतरा पहुंच सकता है। सीआईसी ने आठ जुलाई को निर्देश जारी किया था जिसमें वायुसेना से कहा गया था कि वह आरटीआई आवेदक कोमोडोर (सेवानिवृत्त) लोकेश के. बत्रा को स्पेशल फ्लाइट रिटर्न्स-द्वितीय की उपलब्ध एवं प्रासंगिक प्रतियां मुहैया करवाएं। इसके खिलाफ वायुसेना ने याचिका दाखिल की। बत्रा ने प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अप्रैल 2013 के बाद के सभी विदेश दौरों से संबंधित एसआरएफ-प्रथम और एसआरएफ-द्वितीय प्रमाणित प्रतियों की मांग की है। इस मामले पर शुक्रवार को सुनवाई हो सकती है।

## स्नातक के छात्र ने अभिनेता इमरान हाशमी, सनी लियोनी को बताया माता-पिता

**मुजफ्फरपुर (बिहार)।** बिहार के मुजफ्फरपुर शहर में स्थित बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के स्नातक के एक छात्र ने फॉर्म में अपने मातापिता के तौर पर फिल्म अभिनेता इमरान हाशमी और अभिनेत्री सनी लियोनी का नाम भरा है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले मीनापुर स्थित धनराज महतो कॉलेज के छात्र कुंदन कुमार ने अपने फॉर्म में मां का सनी लियोनी, पिता का नाम इमरान हाशमी और पता मुजफ्फरपुर शहर स्थित चतुर्भुज स्थान का भरा है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए उक्त फार्म के बारे में विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार राम कृष्ण ठाकुर का कहना है कि उन्हें मामले की जानकारी मिली है और यह छात्र की शरारत मालूम होती है। उन्होंने कहा कि संबंधित कॉलेज से इस बारे में पता कराया जा रहा है और इसकी जांच कराई जा रही है।

## भाजपा नेतृत्व ने त्रिपुरा के सीएम को 13 दिसंबर की जनसभा रद्द करने को कहा

भाषा। नई दिल्ली

**भाजपा के** केंद्रीय नेतृत्व ने त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बिप्लब देव से आगामी 13 दिसंबर को उनकी प्रस्तावित जनसभा रद्द करने को कहा है। पार्टी के विधायकों का एक खेमा मुख्यमंत्री के खिलाफ मोर्चा खोले हुए है। इसके मद्देनजर देव की ओर से जनसभा करने की घोषणा को उनके शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव और त्रिपुरा के प्रभारी विनोद सोनकर ने बताया कि देव को सूचित कर दिया गया है कि उन्हें ऐसा कोई कार्यक्रम करने की आवश्यकता नहीं है।

उन्होंने कहा, त्रिपुरा की जनता ने भाजपा को अपना आशीर्वाद दिया है और मुख्यमंत्री को उनकी सेवा करते रहना चाहिए। पार्टी संगठन में यदि कोई मुद्दा है तो उसका समाधान निकाल लिया जाएगा। मुख्यमंत्री देव ने मंगलवार को कहा था कि वह राजधानी अगरतला के स्वामी विवेकानंद मैदान में 13 दिसंबर को एक जनसभा करेंगे और जनता से पूछेंगे कि उन्हें मुख्यमंत्री बने रहना चाहिए या नहीं। उनके इस बयान के बाद सोनकर ने भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा से बात की थी। नड्डा ने फिर देव से बात की और उन्हें ऐसा कोई भी कार्यक्रम करने से मना किया। मालूम हो कि सोनकर ने पिछले दिनों त्रिपुरा का दौरा किया था। इसी दौरान देव के खिलाफ नारेबाजी हुई थी और उन्हें पद से हटाने की मांग उठी थी। कुछ महीने पहले भाजपा विधायकों के एक गुट ने देव को हटाने की मुहिम चलाते हुए राजधानी दिल्ली में डेरा डाला था। इन नेताओं ने नड्डा से मुलाकात भी की थी। पार्टी के एक नेता ने देव की प्रतिक्रिया को उनकी भावुकता करार दिया और कहा कि उन्हें ऐसे किसी कार्यक्रम की घोषणा नहीं करनी चाहिए थी।

## पेज 1 का शेष...

### कानून को रद्द ...

बाहर व्यापार करने वाले निजी व्यापारियों के रजिस्ट्रेशन करने का प्रस्ताव दिया। एपीएमसी मंडियों और निजी मार्केटों को समान कर दायरे में लाने की भी बात की गई जिससे कि व्यापार के लिए बराबरी का अवसर रहे। इसके अलावा अनुबंध फार्मिंग विवादों के मामले में उच्च अदालतों में अपील करने की अनुमति भी शामिल है। मसौदा प्रस्ताव में सरकार ने यह भी कहा कि वह मौजूदा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) जारी रखने बारे में लिखित आश्वासन देने के लिए तैयार है।

कृषि मंत्रालय के संयुक्त सचिव विवेक अग्रवाल द्वारा 13 किसान संगठनों को भेजे गए प्रस्ताव में सरकार ने कहा कि नए कृषि कानूनों को लेकर किसानों के ऐतराज पर वह खुले मन से विचार करने के लिए तैयार है।

किसानों को सिविल अदालत में अपील न करने के अधिकार के बारे में सरकार ने कहा कि वह इसमें संशोधन के लिए तैयार है जिससे कि वे विवादों के निपटारे के लिए सिविल अदालतों में अपील कर सकें। वर्तमान में विवादों का निपटारा एसडीएम स्तर पर होता है। इस आशंका पर कि बड़े कारपोरेटों का खेतों पर कब्जा हो जाएगा सरकार ने कहा कि उसने कानूनों में पहले ही यह साफ कर दिया है कि लेकिन स्पष्ट करने के लिए यह लिखा जा सकता है कि कोई खरीदार खेतों पर कर्ज नहीं ले सकता है न ही ऐसी स्थिति किसानों के लिए बनाई जा सकती है।

अनुबंधित खेती के तहत खेत को संबद्ध करने पर सरकार ने कहा कि मौजूदा प्रावधान स्पष्ट है लेकिन यदि जरूरत पड़ी तो इसे आगे और स्पष्ट किया जा सकता है। एमएसपी व्यवस्था को खत्म करने की आशंका पर सरकार ने कहा कि वह मौजूदा एमएसपी लागू करने का लिखित भरोसा दे सकती है। प्रस्तावित बिजली संशोधन बिल 2020 को खत्म करने की मांग पर सरकार ने कहा कि किसानों द्वारा वर्तमान बिजली बिल भुगतान प्रणाली में कोई बदलाव नहीं होगा।

### जावड़ेकर को ...

सीमाओं पर नये कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग को लेकर हजारों किसान विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इन सबके बीच सरकार ने बुधवार को उन्हें ''लिखित आश्वासन'' देने का प्रस्ताव दिया कि खरीद के लिए वर्तमान में जारी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की व्यवस्था जारी रहेगी। सरकार ने कम से कम सात मुद्दों पर आवश्यक संशोधन का प्रस्ताव भी दिया है, जिसमें से एक मंडी व्यवस्था को कमजोर बनाने की आशंकाओं को दूर करने के बारे में है। तेरह आंदोलनकारी किसान संगठनों को भेजे गए मसौदा प्रस्ताव में सरकार ने यह भी कहा कि सितंबर में लागू किए गए नये कृषि कानूनों के बारे में उनकी चिंताओं पर वह सभी आवश्यक स्पष्टीकरण देने के लिए तैयार है, लेकिन उसने कानूनों को वापस लेने की आंदोलनकारी किसानों की मुख्य मांग के बारे में कोई जिक्र नहीं किया है।

### दलालों को रास ...

विकास के साथ हैं। योगी ने कहा, उत्तर प्रदेश में दो करोड़ 20 लाख किसानों को किसान सम्मान योजना के तहत कुल 4,445 करोड़ रुपए की किस्त दी जा रही है। इतनी भारी रकम कभी भी किसानों के खाते में नहीं गई। कुछ लोग कहते थे कि यह चुनावी शिगूफा है... एक बार देंगे आगे नहीं देंगे... क्या यह समाजवादी पार्टी का लैपटॉप है कि एक बार देंगे और बाद में वापस मंगा लेंगे। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, पिछली सरकारों ने एक साजिश के तहत प्रदेश की 21 चीनी मिलों को बेचा। हम लोगों ने उस वक्त आंदोलन भी किया था, लेकिन पिछले 21 वर्षों तक किसी सरकार ने इस बात को नहीं सुना। जब प्रदेश में भाजपा की सरकार आई तो पिपराइच और मुंडेरवा में फिर से नई चीनी मिलों की स्थापना हुई। महामारी के दौरान भी हमने प्रदेश की 119 चीनी मिलें संचालित कीं। इसके साथ ही हमने अब तक उत्तर प्रदेश में रिकॉर्ड 1,12,000 करोड़ रुपए के गन्ना मूल्य का भी भुगतान किया गया है। यह पैसा इतना है, जितना बहुत सारे राज्यों का वार्षिक बजट भी नहीं होता। उन्होंने कहा कि मुंडेरवा और पिपराइच चीनी मिल के सल्फरलेस प्लांट में रिफाइंड चीनी बनेगी और दुनिया के बड़े-बड़े होटलों, चिकित्सालयों, दवा कंपनियों और अन्य संस्थानों में जाएगी। पिपराइच चीनी मिल 1932 में बनी निजी क्षेत्र की चीनी मिल थी। वर्ष 1974 में इस चीनी मिल का अधिग्रहण कर लिया गया लेकिन 1999 में चीनी मिल को बंद कर दिया गया। ऐसे ही मुंडेरवा की चीनी मिल भी 1932 में ही लगी थी, वर्ष 1984 में इसका अधिग्रहण किया गया और 1999 में इसे भी बंद कर दिया गया। भाजपा सरकार ने इन्हें फिर से बनाया है।

### बुलेट ट्रेन जोड़ेगी...

मुताबिक 800 किमी का कॉरिडोर इटावा, लखनऊ, रायबरेली और भदोही को भी जोड़ेगा। सूत्रों के अनुसार यह आबादी वाले शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों, राजमार्गों, सड़कों, घाटों, नदियों, हरे.भरे क्षेत्रों सहित मिश्रित इलाकों को कवर करेगा, जो इस गतिविधि को और अधिक चुनौतीपूर्ण बनाता है। एनएचएसआरसीएल अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन परियोजना को लागू कर रहा है। अधिकारियों के अनुसार डीपीआर तैयार करने के लिए ग्राउंड सर्वेक्षण होगा। इसके लिए एक हेलीकॉप्टर में उपकरणों के जरिए लेजर सक्षम उपकरणों का उपयोग करके लाइट डिटेक्शन ऐंड रेंजिंग सर्वे तकनीक का प्रयोग किया जाएगा। अब तक, अलाइंमेंट को अंतिम रूप देने और जमीन पर सटीक विवरण प्राप्त करने के लिए राजमार्ग क्षेत्रों में तकनीक का उपयोग किया गया है, ताकि यह संभव हो सके। अलाइंमेंट या जमीनी सर्वेक्षण किसी भी रैखिक अवसंरचना परियोजना के लिए एक महत्वपूर्ण गतिविधि है क्योंकि सर्वेक्षण संरेखण के आसपास के क्षेत्रों का सटीक विवरण प्रदान करता है। यह तकनीक सटीक सर्वेक्षण डेटा देने के लिए लेजर डेटा, जीपीएस डेटा, उड़ान मापदंडों और वास्तविक तस्वीरों के संयोजन का उपयोग करती है। इस तकनीक ने राजमार्ग परियोजनाओं के लिए बेहतर डीपीआर तैयार करने में मदद की है और निर्माण उद्देश्यों के लिए सटीक भूमि के अधिग्रहण पर शून्य डाउन की मदद की है। मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के लिए मुख्य रूप से इसकी उच्च सटीकता की वजह से अपनाया गया था। इस गलियारे के लिए हवाई सर्वे का उपयोग करके जमीनी सर्वेक्षण केवल 12 हफ्तों में पूरा कर लिया गया था। इस सर्वेक्षण को अगर किसी और माध्यम से किया जाता तो इसमें करीब 10.12 महीनों का समय लगना था। जेवर एयरपोर्ट के मास्टर प्लान के तहत टर्मिनल बिल्डिंग में कमर्शियल स्पेश चिन्हित कर लिया गया है। टर्मिनल बिल्डिंग में दिल्ली-वाराणसी हाईस्पीड रेल का स्टेशन बनाया जाएगा। जिससे यात्री आसानी से रेल और हवाई जहाज के बीच आवाजाही कर सकें।

### दोषसिद्धि पर रोक...

जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 8(3) के प्रावधान से स्पष्ट है कि सजा के अमल पर रोक लगाना अयोग्यता के दायरे से बाहर निकलने के लिए पर्याप्त नहीं है। न्यायालय ने कहा कि सजा के अमल का निलंबन दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 389 के संदर्भ में पढ़ना होगा। इस प्रावधान के अंतर्गत सजा नहीं बल्कि सजा पर अमल निलंबित किया गया है। शीर्ष अदालत ने नायर का नामांकन निरस्त करने के निर्वाचन अधिकारी के निर्णय को सही ठहराते हुए कहा कि जब तक दोषसिद्धि पर रोक नहीं होगी, धारा 8 (3) के अंतर्गत अयोग्यता प्रभावी रहेगी।

### कोरोना संक्रमित ...

सुनवाई करते हुए कहा था कि कोविड-19 मरीजों के मकान के बाहर एक बार पोस्टर लग जाने पर उनके साथ अछूतों जैसा व्यवहार होता है और यह जमीनी स्तर पर एक अलग हकीकत बयान करता है।

### भारत के प्रधान ...

लिए नियुक्त किया गया था। उन्होंने कहा कि घोष पिछले दस साल से संपत्ति का प्रबंधन संभाल रहा था और वित्तीय लेनदेन देख रहा था। उन्होंने कहा कि मुक्ता बोबडे की उम्र और गिरते स्वास्थ्य का फायदा उठाकर घोष ने कथित तौर पर लॉन की फर्जी रसीदें बनाईं और ढाई करोड़ रुपए का घपला किया। अधिकारी ने कहा कि घपले की राशि इससे अधिक भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि घोष और उसकी पत्नी ने लॉन के किराए से प्राप्त पूरा धन जमा नहीं कराया। फर्जीवाड़े के सामने आने के बाद पुलिस ने एक एसआईटी का गठन किया, जिसमें आर्थिक अपराध शाखा के अधिकारी भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मंगलवार की रात सीताबुलडी पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई और घोष से पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# पार्थिव ने क्रिकेट को कहा अलविदा

**17 वर्ष की उम्र में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले पार्थिव ने 65 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले, जिनमें 25 टेस्ट, 38 वनडे और दो टी-20 मैच शामिल है**



भाषा। नई दिल्ली

**भारत** के लिए 17 वर्ष की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले पार्थिव पटेल ने बुधवार को खेल के तमाम प्रारूपों को अलविदा कह दिया। तीन महीने बाद अपना 36वां जन्मदिन मनाने जा रहे पार्थिव ने ट्विटर और इंस्टाग्राम पर लिखा कि मैं आज क्रिकेट के सभी प्रारूपों से विदा ले रहा हूं। भारी मन से अपने 18 साल के क्रिकेट के सफर का समापन कर रहा हूं। सौरव गांगुली की कप्तानी में 17 वर्ष 153 दिन की उम्र में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले पार्थिव ने 65 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जिनमें 25 टेस्ट, 38 वनडे और दो टी-20 मैच शामिल है। उन्होंने 1696 रन बनाए जिसमें टेस्ट क्रिकेट में 934 रन शामिल हैं। वनडे क्रिकेट में उन्होंने चार अर्धशतक समेत 736 रन बनाए। इसके अलावा बतौर विकेटकीपर टेस्ट में 62 कैच लपके और 10 स्टम्प आउट किए। उन्होंने 2002 में इंग्लैंड दौरे पर भेजा गया जब उन्होंने रणजी ट्रॉफी क्रिकेट में भी पदार्पण नहीं किया था। पार्थिव ने कहा कि बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने काफी भरोसा जताया कि 17 साल का एक लड़का भारत के लिए खेल सकता है। अपने कैरियर के शुरूआती वर्षों में मेरी इस तरह हौसलाअफजाई करने के लिए मैं बोर्ड का शुक्रगुजार हूं। उन्होंने 2004 में भारतीय टीम से बाहर किए जाने के बाद पहला रणजी मैच खेला। पार्थिव ने दादा यानी बीसीसीआई अध्यक्ष गांगुली समेत सारे कप्तानों को धन्यवाद दिया। महेंद्र सिंह धोनी के आने के बाद पार्थिव विकेटकीपर के तौर पर दूसरी पसंद हो गए और यदा कदा बतौर बल्लेबाज ही खेले। बाद में सीमित ओवरों में सलामी बल्लेबाज के रूप में कुछ मैच खेले।

पार्थिव ने लेकिन हमेशा स्वीकार किया कि वह धोनी को दोष नहीं दे सकते क्योंकि उन्हें और दिनेश कार्तिक को धोनी से पहले टीम में अपनी जगह पक्की करने के मौके मिले थे। वह घरेलू क्रिकेट में काफी कामयाब रहे और 194 प्रथम श्रेणी मैचों में 27 शतक समेत 11240 रन बनाए। उन्होंने आईपीएल में मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिए खेला। इस बार आरसीबी के लिए वह एक भी मैच नहीं खेल सके। उन्होंने कहा कि मैं आईपीएल टीमों और उनके मालिकों को भी धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मुझे टीम में शामिल किया और मेरा ध्यान रखा। पार्थिव की कप्तानी में गुजरात ने 2016-17 में रणजी खिताब जीता। वह भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के पहले कप्तान रहे, जिनके साथ 2013 में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी खेला। पार्थिव ने कहा कि मुझे सुकून है कि मैंने गरिमा, खेल भावना और आपसी सामंजस्य के साथ खेला। मैंने जितने सपने देखे थे, उससे ज्यादा पूरे हुए। मुझे उम्मीद है कि मुझे याद रखा जाएगा। बीसीसीआई की विज्ञप्ति में गांगुली ने कहा कि पार्थिव भारतीय क्रिकेट के शानदार दूत थे। वह टीम मैन रहे और 17 साल की उम्र में उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण पर उनका कप्तान होना खुशी की बात थी।

उन्होंने कहा कि अपनी कड़ी मेहनत से उन्होंने अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट में विशिष्ट छाप छोड़ी। मैं उन्हें शानदार करियर के लिए बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

## इयान चैपल ने रहाणे की आक्रामक शैली की कप्तानी की प्रशंसा की

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल को अजिंक्य रहाणे शानदार कप्तान लगते हैं और उन्हें उम्मीद है कि उनकी आक्रामक शैली भारतीय टीम को रास आएगी। भारतीय कप्तान विराट कोहली एडीलेड में 17 दिसंबर से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच के बाद पितृत्व अवकाश पर स्वदेश लौट जाएंगे और इसके बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाकी बचे तीन मैचों में रहाणे टीम की अगुवाई करेंगे। चैपल ने वर्चुअल बातचीत के दौरान कहा कि मैंने उन्हें आस्ट्रेलिया के खिलाफ एक टेस्ट (मार्च 2017 में धर्मशाला) में कप्तानी करते हुए देखा था और मुझे उनकी कप्तानी शानदार लगी थी। वह वास्तव में आक्रामक कप्तान हैं। चैपल ने इसके बाद आस्ट्रेलिया के खिलाफ उस टेस्ट मैच के दौरान रहाणे की कप्तानी के उन पहलुओं का जिक्र किया जिन्होंने उनका ध्यान खींचा। उन्होंने कहा कि मुझे उनकी कप्तानी की कुछ बातें याद हैं। आस्ट्रेलिया की पहली पारी में डेविड वार्नर हावी होकर खेल रहा था। वह कुलदीप यादव को लेकर आए और उसने वार्नर को आउट कर दिया।

# भारत के खिलाफ पहले टेस्ट से चोटिल डेविड वॉर्नर बाहर



भाषा। सिडनी

**आस्ट्रेलिया** के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ग्रोइन की चोट के कारण भारत के खिलाफ एडीलेड में 17 दिसंबर से शुरू हो रहे पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं। वॉर्नर ने कहा कि वह टेस्ट क्रिकेट में सौ फीसदी फिट होकर ही उतरना चाहते हैं और उनका लक्ष्य मेलबर्न में 26 दिसंबर से शुरू हो रहा बॉक्सिंग डे टेस्ट है।

उन्होंने कहा कि अब चोट पहले से बेहतर है लेकिन मैं अपनी तसल्ली के लिए सौ प्रतिशत फिट होकर ही उतरना चाहता हूं ताकि विकेटों के बीच दौड़ और क्षेत्ररक्षण अपेक्षा के अनुरूप रहे। उन्होंने कहा कि अभी मैं उस स्तर पर नहीं हूं। अगले 10 दिन में काफी फर्क आ जाएगा। वॉर्नर को दूसरे वनडे के दौरान चोट लगी थी और वह कैनबरा में तीसरा वनडे तथा तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला नहीं खेल सके थे। आस्ट्रेलियाई कोच जस्टिन लैंगर ने कहा कि उम्मीद है कि वह मेलबर्न टेस्ट से पहले फिट हो जाएगा। मुझे उस पर पूरा भरोसा है। वॉर्नर के नहीं खेलने से पारी की शुरूआत को लेकर चयनकर्ताओं का सिरदर्द बढ़ जाएगा। विल पुकोवस्की को भारत ए के खिलाफ अभ्यास मैच में सिर में चोट लगी है। दूसरे सलामी बल्लेबाज जो बर्न्स खराब फार्म में हैं।

## शान मार्श कर सकते हैं ओपनिंग: बॉर्डर

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एलन बॉर्डर ने कहा कि भारत के खिलाफ शुरूआती टेस्ट से पहले खिलाड़ियों के चोटिल होने से परेशानी का सामना कर रही उनकी टीम के लिए अनुभवी शॉन मार्श सलामी बल्लेबाज के विकल्प हो सकते है। दोनों देशों के बीच चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला का पहला मुकाबला 17 दिसंबर से दिन-रात्रि प्रारूप में एडीलेड में खेला जाएगा। अनुभवी डेविड वार्नर चोट के कारण पहले टेस्ट में चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे जबकि युवा पुकोवस्की भी भारत के खिलाफ अभ्यास मैच में कनकशन का शिकार हो गए थे। हेलमेट से गेंद टकराने के बाद शुरूआती मैच में उनका खेलना संदिग्ध है जो बर्न्स के लय में नहीं होने से ऑस्ट्रेलियाई टीम की परेशानी बढ़ गई है। बार्डर ने कहा कि मार्नुस लाबुशेन और मार्कस हैरिस इस भूमिका को निभा सकते है लेकिन शानदार लय में चल रहे 37 साल के शॉन मार्श भी बेहतर विकल्प है। बॉर्डर ने कहा कि आप शीर्ष क्रम पर मार्नुस लाबुशेन को आजमा सकते है।

## दक्षिण अफ्रीका दौरा रद्द करने पर विचार कर रहा है श्रीलंका

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका में जैव सुरक्षित व्यवस्थाओं से चिंतित श्रीलंका इस देश के अपने आगामी दौरे को रद्द करने पर विचार कर रहा है। श्रीलंका को इस महीने के आखिर में दक्षिण अफ्रीका में दो टेस्ट मैच खेलने थे लेकिन कोविड-19 मामलों के पाए जाने के कारण इंग्लैंड की एकदिवसीय श्रृंखला रद्द होने के बाद वह इस पर पुनर्विचार कर रहा है। श्रीलंका क्रिकेट दौरा रद्द करने या फिर दक्षिण अफ्रीका जाने के बजाय उसकी मेजबानी करने की पेशकश करने पर विचार कर रहा है। इसमें कहा गया है, इंग्लैंड का दक्षिण अफ्रीका दौरा बीच में ही छोड़ने के कारण श्रीलंका क्रिकेट सुरक्षा को लेकर चिंतित है। श्रीलंका को दक्षिण अफ्रीका से लौटने के बाद 10 दिन के अंदर इंग्लैंड की दो टेस्ट मैचों के लिए मेजबानी करनी है और वे अपनी घरेलू श्रृंखला को खतरे में नहीं डालना चाहते हैं।

### द. अफ्रीका 14 वर्षों बाद करेगा पाक दौरा

**कराची।** दक्षिण अफ्रीका जनवरी में दो टेस्ट और तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला खेलने के लिए पिछले 14 वर्षों में पहली बार पाकिस्तान का दौरा करेगा। टेस्ट मैच कराची और रावलपिंडी में जबकि तीनों टी-20 मैच लाहौर में खेले जाएंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बयान में कहा, दक्षिण अफ्रीका की टीम 16 जनवरी को कराची पहुंचेगी और नेशनल स्टेडियम कराची में 26 से 30 जनवरी के बीच पहला टेस्ट मैच खेलेगी। इसमें कहा गया है, इसके बाद वह रावलपिंडी का दौरा करेगी जहां चार से आठ फरवरी के बीच दूसरा टेस्ट मैच खेला जाना है। गद्दाफी स्टेडियम लाहौर में 11, 13 और 14 फरवरी को तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे। दक्षिण अफ्रीका ने आखिरी बार 2007 में पाकिस्तान का दौरा किया था। तब उसने कराची टेस्ट 160 रन से जीतकर श्रृंखला 1-0 से अपने नाम की थी। इसके बाद 2010 और 2013 की श्रृंखलाएं संयुक्त अरब अमीरात में खेली गई थी।

### नस्लवाद पर खिलाड़ियों ने मैदान छोड़ा

**पेरिस।** पेरिस सेंट जर्मेन और बासाकसेहिर के बीच चैम्पियंस लीग फुटबॉल का मैच स्थगित करना पड़ा जब मैच के चौथे अधिकारी रोमानिया के सेबेस्टियन कोल्टेस्कू ने एक सहायक कोच की पहचान के लिए नस्लवादी टिप्पणी की जिसके विरोध में खिलाड़ियों ने मैदान छोड़ दिया। तुर्की के खिलाड़ी काफी नाराज थे जब सहायक कोच पियरे वेबो को रैफरी ओविडियू हेटगन ने लाल कार्ड दिखाया। खिलाड़ियों ने कहा कि कोल्टेस्कू ने कैमरून के वेबो के लिए नस्लवादी शब्द का इस्तेमाल किया है। बासाकसेहिर के स्ट्राइकर डेम्बा बा ने इस पर स्पष्टीकरण मांगा। पीएसजी के नेमार और काइलान एमबाप्पे ने भी सफाई मांगी है। यह घटना उस समय की है जब 15 मिनट के खेल के बाद स्कोर गोलरहित बराबरी पर था। युएफा ने कहा कि मैच नए अधिकारियों के साथ बुधवार को खेला जाएगा। टीवी फुटेज में चौथे अधिकारी और रैफरी के बीच बातचीत कैद हो गई, जिसमें कोल्टेस्कू ने हेटगन से कहा कि वेबो को उनके रवैए के लिए दंडित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उस काले को लाल कार्ड दिखाओ। यह अस्वीकार्य है। जाकर उसे पहचानो। वहां जो काला खड़ा है। वेबो ने इस पर नाराजगी जताते हुए छह बार कहा कि तुमने नीग्रो क्यों कहा।

### लियोनल मेसी पर भारी पड़े रोनाल्डो

**बार्सीलोना।** इस दौर में फुटबॉल के दो सबसे बड़े सितारों क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेसी के मुकाबले में रोनाल्डो का पलड़ा भारी रहा और उनके दो गोल की मदद से युवेंटस ने चैम्पियंस लीग में बार्सीलोना को 3-0 से हरा दिया। पिछले सात साल में घरेलू मैदान पर बार्सीलोना की यह पहली हार है। रोनाल्डो ने दोनों गोल पेनल्टी कार्नर पर किए, जबकि तीसरा गोल वेस्टन मैकेनी ने दागा। मेसी और रोनाल्डो ने एक हाथ से एक दूसरे को गले लगाया और मैच शुरू होने से पहले कुछ देर आपस में बात की। कोरोना महामारी के कारण मैच दर्शकों के बिना खेला गया। रोनाल्डो और मेसी का आखिरी बार सामना 2018 में हुआ था जब रोनाल्डो रीयल मैड्रिड के लिए खेलते थे। दोनों टीमें नॉकआउट में पहले ही पहुंच चुकी है। दोनों के 15 अंक हैं लेकिन बेहतर गोल औसत के आधार पर युवेंटस ग्रुप जी में शीर्ष पर है।

### इंग्लैंड की टीम श्रीलंका का दौरा करेगी

**लंदन।** कोरोना वायरस महामारी के कारण 10 महीने पहले श्रीलंका का दौरा बीच छोड़ने वाली इंग्लैंड की टीम दो टेस्ट मैचों के लिए जनवरी की शुरुआत में वहां जाएगी। इंग्लैंड के खिलाड़ी दो जनवरी को श्रीलंका पहुंचने के बाद हंबनटोटा में तीन दिनों तक पृथकवास पर रहेंगे। दौरे पर श्रृंखला का पहला टेस्ट गॉल में 14 जनवरी से शुरू होगा, जबकि दूसरा टेस्ट 22 जनवरी से खेला जाएगा। दौरे पर जाने वाले दल के सदस्यों का हर दो दिनों के बाद कोरोना वायरस के लिए जांच होगी। दक्षिण अफ्रीका में बायो-बबल (जैव-सुरक्षित) में हुई चूक के बाद इस दौरे से पहले खिलाड़ियों को मानसिक स्वास्थ्य जांच की पेशकश की जाएगी। इंग्लैंड पुरुष क्रिकेट के प्रबंध निदेशक एशले जाइल्स ने कहा, ए खिलाड़ी काफी समय से बायो-बबल में रह रहे हैं। उनका मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण हमारे लिए शीर्ष प्राथमिकता है।

### अर्जेंटीना के मैनेजर रहे साबेला का निधन

**ब्यूनस आयर्स।** विश्व कप 2014 में अर्जेंटीना फुटबॉल टीम के कोच रहे अलेजांद्रो साबेला का मंगलवार को दिल की बीमारी से निधन हो गया। वह 66 वर्ष के थे। उन्होंने ब्यूनस आयर्स के एक अस्पताल में दम तोड़ा। उन्हें 25 नवंबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिस दिन अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर डिएगो माराडोना का निधन हुआ था।

# हार के बाद वापसी आसान नहीं थी: केएल राहुल

**टेस्ट सीरीज में भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे**

भाषा। सिडनी



**सीमित** ओवरों के उपकप्तान केएल राहुल ने भारत की शानदार वापसी का राज खोलते हुए कहा कि पहले दो वनडे हारने के बाद उन्होंने बाकी मैच नई श्रृंखला की तरह लिए। भारत ने आस्ट्रेलिया दौरे की निराशाजनक शुरूआत करते हुए पहले दो वनडे और श्रृंखला गंवा दी थी। इसके बाद तीसरा वनडे और शुरूआती दो टी-20 मैच जीतकर टी-20 श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। राहुल ने कहा कि आस्ट्रेलिया आकर दो मैच हारने के बाद वापसी करना आसान नहीं होता। पहले दो वनडे के बाद हमने यही बात की कि बाकी चार मैचों को नई श्रृंखला की तरह लेकर सभी जीतने की कोशिश करेंगे। उन्होंने इस श्रृंखला को चुनौतीपूर्ण बताते हुए कहा कि आस्ट्रेलिया ने खेल के हर विभाग में भारत की परीक्षा ली। राहुल ने कहा कि वनडे और टी-20 श्रृंखला हमारे लिए सबक की तरह रही। हमें खेल के हर विभाग में चुनौती मिली लेकिन एक एक ईकाई की तरह एकजुट रहे और एक दूसरे पर भरोसा रखा। उन्होंने बीसीसीआई के ट्विटर हैंडिल पर डाले वीडियो में कहा कि उम्मीद है कि आगे भी हम बेहतर प्रदर्शन बरकरार रखेंगे। टी-20 में प्लेयर आफ द सीरिज रहे हार्दिक पंड्या ने कहा कि मैं यह पुरस्कार अपने बेटे और अपने परिवार के नाम करना चाहूंगा जो हमेशा मेरा संबल बने रहे। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि हम श्रृंखला जीत सके जिसमें जीत व्यक्तिगत प्रदर्शन से नहीं टीम प्रयासों से मिली। हार्दिक ने वनडे में 210 और टी-20 में 78 रन बनाए।

उन्होंने तीसरे वनडे से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले टी नटराजन की तारीफ करते हुए कहा कि नटराजन का खास तौर पर जिक्र करूंगा। इतनी मेहनत के बाद यहां तक पहुंचा है और उसका सफर शानदार रहा है। लोग उससे प्रेरणा ले सकते हैं। उसकी कामयाबी बताती है कि खुद पर भरोसा रखने से कुछ भी हासिल किया जा सकता है।

## पुकोवस्की पहले टेस्ट तक फिट हो जाएंगे: कमिंस

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलियाई उपकप्तान पैट कमिंस को उम्मीद है कि युवा सलामी बल्लेबाज विल पुकोवस्की भारत के खिलाफ 17 दिसंबर से शुरू हो रहे पहले टेस्ट से पूर्व समय पर ठीक हो जाएंगे। पुकोवस्की को भारत ए के खिलाफ अभ्यास मैच में सिर पर चोट लगी थी। वह दूसरे अभ्यास मैच में नहीं खेल सकेंगे। वह अपने कैरियर में नौवीं बार कनकशन चोट का शिकार हुए हैं। कमिंस ने कहा कि क्रिकेट में पिछले कुछ साल से यह काफी देखने को मिला है। अच्छी बात यह है कि उसे इसका अनुभव है और पता है कि कैसे वापसी करनी है।उसके पास विशेषज्ञों की सेवाएं हैं जो इसमें उसकी मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं उसके जल्दी स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उम्मीद है कि वह जल्दी ठीक होगा। पुकोवस्की ने शेफील्ड शील्ड टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया और पाकिस्तान के खिलाफ पिछले सत्र में उनका खेलना तय था, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियों के कारण उन्होंने नाम वापिस ले लिया था।

## टी-20 रैंकिंग: राहुल शीर्ष तीन में, कोहली आठवें स्थान पर

**आस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन का मिला ईनाम**

भाषा। दुबई

**आस्ट्रेलिया** के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन से भारतीय कप्तान विराट कोहली आईसीसी टी-20 रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में एक पायदान ऊपर आठवें जबकि केएल राहुल शीर्ष तीन में पहुंच गए हैं। आस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला मंगलवार को समाप्त हुई जिसे भारत ने 2-1 से जीता। राहुल 816 रेटिंग अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वह दूसरे स्थान पर काबिज बाबर आजम से 55 अंक पीछे हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाज डेविड मलान (915 अंक) ने अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है जबकि आस्ट्रेलिया की सीमित ओवरों की टीम के कप्तान आरोन फिंच चौथे स्थान पर खिसक गए हैं। राहुल ने कैनबरा में पहले टी-20 अंतराष्ट्रीय में 51 रन जबकि सिडनी में दूसरे मैच में उन्होंने 30 रन बनाए जिससे वह फिंच को पीछे छोड़कर आगे बढ़ने में सफल रहे। कोहली ने तीसरे और अंतिम टी-20 में 85 रन की बेहतरीन पारी खेली जिससे वह एक पायदान ऊपर आठवें स्थान पर पहुंच गए। गेंदबाजों में आस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर एडम जंपा दो पायदान आगे पांचवें नंबर पर पहुंच गए।

इंग्लैंड के क्रिस जोर्डन भी शीर्ष 10 में पहुंचने में सफल रहे जबकि अफगानिस्तान के दोनों स्पिनर राशिद खान और मुजीब उर रहमान पहले दो स्थान पर बने हुए हैं। इंग्लैंड के लेग स्पिनर आदिल राशिद तीसरे नंबर पर हैं। आलराउंडरों की सूची में अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी 294 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। उनके बाद बांग्लादेश के शाकिब अल हसन और आस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल का नंबर आता है।

## पूनिया व वलारिवन सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार

भाषा। नई दिल्ली

**टोक्यो** ओलंपिक का कोटा हासिल कर चुके पहलवान बजरंग पूनिया और युवा निशानेबाज एलावेनिल वलारिवन को भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) इंडिया स्पोर्ट्स अवार्ड 2020 में इस साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी जबकि मोना पार्थसारथी को साल का सर्वश्रेष्ठ खेल पत्रकार चुना गया। इस पुरस्कार समारोह का आयोजन 10वें वैश्विक खेल शिखर सम्मेलन (फिक्की टीयूआरएफ 2020) के मौके पर ऑनलाइन किया गया था। विजेताओं का चयन पिछले एक साल (2019-20) के प्रदर्शन और योगदान को ध्यान में रखकर किया गया। पिछले लगभग दो दशक से खेल पत्रकारिता से जुड़ी मोना पार्थसारथी को उनके सकारात्मक लेखन के लिए ज्यूरी ने वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खेल पत्रकार के प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना। खिलाड़ियों के खेल से जुड़ी रिपोर्ट और साक्षात्कार के अलावा उनके मानवीय पहलुओं को सामने लाने के कारण उन्होंने खेल पत्रकारिता में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। इस बीच टोक्यो ओलंपिक के लिए अमेरिका में अभ्यास कर रहे एशियाई खेलों (2018) के स्वर्ण पदक विजेता बजरंग ने पुरस्कार हासिल करने पर खुशी जताते हुए कहा, मुझे यह मान्यता देने के लिए मैं ज्यूरी और फिक्की का आभार व्यक्त करना चाहूंगा। भविष्य में मेरा उद्देश्य फिर से अपना सर्वश्रेष्ठ देना और देश के लिए बहुत सारे पदक जीतना होगा। ऐसे पुरस्कार मुझे अच्छा करने के लिए प्रेरित करते हैं। इससे मुझे बहुत खुशी मिलती है। वलारिवन ने इस मौके पर आपने मेंटोर गगन नारंग और कोच नेहा चौहान का शुक्रिया अदा किया।

# भारतीय गेंदबाजों को खेलना कठिन था: ग्रीन

**गुलाबी गेंद से मिलने वाली चुनौती का इंतजार है: कैमरन**

भाषा। सिडनी



**आस्ट्रेलियाई** हरफनमौला कैमरन ग्रीन ने कहा कि पहले अभ्यास मैच में भारतीय गेंदबाजों को खेलना चुनौतीपूर्ण था और दूसरे अभ्यास मैच में गुलाबी गेंद से भारत की पूरी मजबूत टीम से मिलने वाली कठिन चुनौती का उन्हें इंतजार है। ग्रीन ने भारत ए के खिलाफ अभ्यास मैच में नाबाद 125 रन बनाए। उन्हें 11 दिसंबर से शुरू हो रहे दूसरे अभ्यास मैच में भी आस्ट्रेलिया ए टीम में रखा गया है। उन्होंने कहा कि आप शील्ड क्रिकेट खेलते हैं तो गेंदबाजी का अनुमान हो जाता है। आस्ट्रेलियाई घरेलू क्रिकेट आपको बेहतर तैयार कर देता है। यह कठिन प्रतिस्पर्धा है जिसमें विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं लेकिन भारत के खिलाफ मैच उससे भी चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने कहा कि यह अधिक चुनौतीपूर्ण था क्योंकि मैंने इन गेंदबाजों को पहले गेंदबाजी करते नहीं देखा। मुझे क्रीज पर जमने में समय लगा। ग्रीन ने कहा कि भारतीय तेज गेंदबाज उमेश यादव को खेलना सबसे कठिन था। उन्होंने कहा कि वह विश्व स्तरीय गेंदबाज है। विकेट से उन्हें मदद नहीं मिल रही थी लेकिन उसने तीन विकेट चटकाए। यह काफी कठिन था। ग्रीन ने कहा कि मेरे साथ दूसरे छोर पर टिम पेन थे जिससे काफी मदद मिली। उसे खेलना वाकई कठिन था। ग्रीन और पेन ने छठे विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी की। ग्रीन ने कहा कि आस्ट्रेलियाई टीम में जगह बनाना काफी मुश्किल काम है। उन्होंने कहा कि यह काफी संतुलत टीम है। डेविड वॉर्नर चोट के कारण बाहर है लेकिन मेरा दावा उस स्थान के लिए नहीं है। मेरा काम खुद को तैयार रखना है। गुलाबी गेंद से खेले जाने वाले दूसरे अभ्यास मैच के बारे में उन्होंने कहा कि मैंने पहले गुलाबी गेंद का सामना नहीं किया है। घरेलू क्रिकेट में भी नहीं। अभ्यास सत्र में आज पहली बार इसे खेलना रोचक रहा। मैं उन खिलाड़ियों से सलाह लूंगा जो इसे खेल चुके हैं।

## भारत पर धीमी ओवरगति के लिए जुर्माना

**सिडनी।** भारतीय क्रिकेट टीम पर आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी-20 मैच में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईसीसी मैच रैफरी डेविड बून ने यह जुर्माना लगाया। भारतीय टीम मंगलवार को मैच में निर्धारित समय में एक ओवर पीछे रह गई थी। आईसीसी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि आईसीसी खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आचार संहिता की धारा 2.22 के तहत निर्धारित समय में ओवर पूरे नहीं कर पाने पर टीम पर प्रति ओवर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। कप्तान विराट कोहली ने सजा स्वीकार कर ली लिहाजा मामले की औपचारिक सुनवाई नहीं की गई। मैदानी अंपायर रॉड टक्कर, गेरार्ड अबूड, टीवी अंपायर पॉल विल्सन और चौथे अंपायर सैम नोगास्की ने शिकायत की थी।

# सेंसेक्स पहली बार 46,000 अंक के पार, निफ्टी का भी नया रिकॉर्ड

**देश-दुनिया की अर्थव्यवस्था में पुनरोद्धार की उम्मीद बढ़ी**

भाषा। मुंबई

**विदेशी** कोषों के सतत प्रवाह तथा सकारात्मक वैश्विक रुख के बीच बुधवार को सेंसेक्स 495 अंक की छलांग के साथ पहली बार 46,000 अंक के स्तर के पार निकल गया। कारोबारियों ने कहा कि कोविड-19 के टीके को लेकर हुई प्रगति से देश-दुनिया की अर्थव्यवस्था में पुनरोद्धार की उम्मीद बढ़ी है।

बीएसई के 30 शेयरों वाले सेंसेक्स ने दिन में कारोबार के दौरान 46,164.10 अंक की नई ऊंचाई तय की। अंत में सेंसेक्स 494.99 अंक या 1.09 प्रतिशत के लाभ के साथ 46,103.50 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। यह लगातार पांचवां सत्र है जबकि सेंसेक्स लाभ के साथ बंद हुआ है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 136.15 अंक या 1.02 प्रतिशत के लाभ से 13,529.10 अंक के नए रिकॉर्डस्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में लगातार सातवें दिन तेजी रही। दिन में कारोबार के दौरान इसने 13,548.90 अंक का सर्वकालिक उच्चस्तर भी छुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स का शेयर सबसे अधिक 3.37 प्रतिशत चढ़ गया। कोटक बैंक, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटीसी के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं दूसरी ओर अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील, मारुति, एसबीआई और बजाज ऑटो के शेयर 1.29 प्रतिशत तक टूट गए। कोविड-19 वैक्सीन को मंजूरियों तथा इसके वितरण की दिशा में हुई प्रगति से वैश्विक बाजार रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गए। हालांकि, ब्रेक्जिट वार्ता को लेकर अभी अनिश्चितता कायम है। घरेलू बाजारों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) शुद्ध लिवाल बने हुए हैं। शेयर बाजारों के अस्थायी आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने मंगलवार को शुद्ध रूप से 2,909.60 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि बाजार रोजाना नई ऊंचाई छू रहा है। डॉलर की तुलना में रुपया भी मजबूत हो रहा है। छोटी कंपनियों के शेयर व्यापक बाजार की तुलना में अधिक अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। बाजार में लघु से मध्यम अवधि में यह तेजी जारी रहने की उम्मीद है। वैक्सीन को लेकर उम्मीदों और भारत और विकसित देशों में प्रोत्साहन पैकेज से शेयर बाजार की धारणा मजबूत हो रही है।

## स्वर्ण ईटीएफ में मुनाफा वसूली से 141 करोड़ रुपये की निकासी

**नई दिल्ली।** लगातार सात महीने तक निवेश प्रवाह जारी रहने के बाद सोने के एक्सचेंज ट्रेडिड फंड (ईटीएफ) में नवंबर माह के दौरान निवेशकों की मुनाफा वसूली के चलते 141 करोड़ रुपये की निकासी हुई। इसके मुकाबले एक साल पहले इसी माह में स्वर्ण ईटीएफ में आठ करोड़ रुपये का निवेश प्रवाह हुआ था। एसोसिएशन आफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के पास उपलब्ध आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

स्वर्ण ईटीएफ में हालांकि अप्रैल 2020 से निवेश प्रवाह जारी है लेकिन जुलाई के बाद इसकी रफ्तार कुछ धीमी पड़ी है। मासिक आधार पर यदि देखा जाए तो जनवरी 2020 में निवेशकों ने स्वर्ण ईटीएफ में शुद्ध रूप से 202 करोड़ रुपये का निवेश किया। उसके बाद फरवरी में यह राशि उछलकर1,483 करोड़ रुपए पर पहुंच गई, लेकिन इसके बाद मार्च में इसमें मुनाफा वसूली देखी गई।

# नौ राज्यों ने एक देश एक राशन कार्ड प्रणाली को लागू किया: वित्त मंत्रालय

**इस योजना का सबसे अधिक लाभ उत्तर प्रदेश को मिला**

भाषा। नई दिल्ली

**देश** के नौ राज्यों ने एक देश एक राशन कार्ड प्रणाली को लागू किया है, जिसके तहत केंद्र सरकार ने उन्हें 23,523 करोड़ रुपये अतिरिक्त जुटाने की इजाजत दी है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में बुधवार को कहा गया कि जिन राज्यों ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) सुधारों को सफलतापूर्वक लागू किया है, उनमें आंध्र प्रदेश, गोवा, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, त्रिपुरा और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। इस योजना का सबसे अधिक लाभ उत्तर प्रदेश को मिला है, जो कर्ज की विशेष सुविधा के माध्यम से 4,851 करोड़ रुपये की अतिरिक्त उधारी ले सकेगा। इसके बाद कर्नाटक को 4,509 करोड़ रुपये और गुजरात 4,352 करोड़ रुपये अतिरिक्त उधारी जुटाने का विकल्प मिलेगा। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के तहत आने वाला खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग यह प्रमाणित करने के लिए, नोडल विभाग है कि किसी राज्य ने इस सुधार के लिए निर्धारित शर्तों को पूरा किया है।

बयान में कहा गया कि अतिरिक्त उधारी पाने के योग्य बनने के लिए राज्यों को 31 दिसंबर 2020 तक सुधारों को पूरा करना होगा और साथ ही उम्मीद जताई गई कि इस समयसीमा तक कई अन्य राज्य भी सुधार को पूरा कर लेंगे।

# उम्मीद है कि अगला प्रशासन भी ट्रंप प्रशासन ही होगा: डोनाल्ड ट्रंप



कोविड -19 टीके संबंधी एक कार्यक्रम के दौरान डोनाल्ड ट्रंप

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका में** तीन नवंबर को हुए राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडन को आधिकारिक तौर पर विजेता घोषित किए जाने से पहले उनके प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि वह चुनाव जीत चुके हैं और पद पर भी बने रहेंगे।

ट्रंप चुनाव में मतदान के फर्जीवाड़े समेत धोखाधड़ी के आरोप लगाते आ रहे हैं। हालांकि राज्यों के चुनाव अधिकारियों और मीडिया ने इन आरोपों से साफ इनकार किया है। बाइडन 538 में से 306 इलेक्टोरल वोट जीत चुके हैं। बाइडन के पास राष्ट्रपति बनने के लिए आवश्यक 270 से ज्यादा इलेक्टोरल वोट हैं। अत: चुनाव अधिकारी उन्हें नव निर्वाचित राष्ट्रपति घोषित कर चुके हैं।चुनाव परिणामों को अगले हफ्ते आधिकारिक रूप से प्रमाणित किया जाएगा। दूसरी ओर ट्रंप, बाइडन की जीत को पलटने के अपने कानूनी प्रयासों को भी जारी रखे हुए हैं।

कोविड -19 टीके संबंधी एक कार्यक्रम में मंगलवार को ट्रंप ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा, उम्मीद है कि अगला प्रशासन ट्रंप प्रशासन ही होगा, जिसने स्टॉक मार्केट को अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंचाया, अब तक के सर्वाधिक रोजगार दिए और सेना का पुनर्गठन किया। ट्रंप से पूछा गया था कि उन्होंने बाइडन के हस्तांतरण दल को इस कार्यक्रम में आमंत्रित क्यों नहीं किया है। तब उन्होंने कहा, देखना होगा कि अगला प्रशासन किसका होता है। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि अगला प्रशासन ट्रंप प्रशासन ही होगा क्योंकि आप हजारों मतों को चुरा नहीं सकते। आप इस तरह चुनाव नहीं जीत सकते। ट्रंप ने कहा कि उनके शानदार कार्यों की वजह से उन्हें जीत मिली है। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें करीब 7.5 करोड़ मत मिले हैं जो किसी भी राष्ट्रपति के लिए देश के इतिहास में सर्वाधिक हैं।

## पेनसिल्वेनिया में बाइडन की जीत के खिलाफ रिपब्लिकन पार्टी की याचिका खारिज

**वाशिंगटन।** अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपति चुनाव में जो बाइडन की पेनसिल्वेनिया में हुई जीत को पलटने से संबंधित रिपब्लिकन पार्टी की कानूनी चुनौती को खारिज कर दिया है।अदालत ने मंगलवार को बिना कोई टिप्पणी किए पेनसिल्वेनिया में चुनावी प्रक्रिया की मान्यता को लेकर उठाए गए सवाल पर सुनवाई से इनकार कर दिया।पेनसिल्वेनिया के गवर्नर डेमोक्रेटिक पार्टी के टॉम वुल्फ बाइडन की जीत को पहले ही मान्यता दे चुके है और राज्य के 20 निवार्चक (इलेक्टर) बाइडन को अपना समर्थन देने के लिए 14 दिसंबर को मुलाकात करेंगे।बाइडन 306 इलेक्टोरल वोट जीत चुके हैं ऐसे में पेनसिल्वेनिया के नतीजों पर संदेह किया जाता है तो भी उनके पास राष्ट्रपति बनने के लिए आवश्यक 270 से ज्यादा इलेक्टोरल वोट हैं। उत्तर पश्चिम पेनसिल्वेनिया के रिपब्लिकन नेता माइक केली और अन्य नेताओं ने उच्चतम न्यायालय में याचिका देकर मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया था।बाइडन ने पेनसिल्वेनिया में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को 80,000 से अधिक मतों से हराया है। वर्ष 2016 में इस राज्य में ट्रंप ने जीत हासिल की थी। केली और अन्य रिपब्लिकन नेताओं ने अदालत में 25 लाख डाक मतपत्रों को खारिज करने का अनुरोध करते हुए इसकी वैधानिकता को चुनौती दी थी।

## बाइडन, हैरिस ने नस्ली समानता, कैबिनेट की विविधता को लेकर प्रतिबद्धता दोहराई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन और नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने भारतीय-अमेरिकी वनीता गुप्ता समेत प्रतिष्ठित नागरिक अधिकार कर्मियों के साथ बैठक में नस्ली समानता बढ़ाने और अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने वाली विविध कैबिनेट बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।बाइडन (78) और हैरिस (56) 20 जनवरी को कार्यभार संभालेंगे। बाइडन के सत्ता हस्तांतरण दल ने मंगलवार को हुई बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि उन्होंने नस्ली समानता बढ़ाने, नागरिक अधिकारों को लागू करने और अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने वाले व्हाइट हाउस एवं कैबिनेट की गठन समेत अपनी संयुक्त प्राथमिकताओं पर चर्चा की।इसमें बताया गया, उन्होंने यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया कि लोगों को नवनिर्वाचित राष्ट्रपति की ओर से विभिन्न पदों के लिए नामित लोगों की ऐतिहासिक विविधता का पता चले। इसमें यह सुनिश्चित करने के लिए समुदाय को एकजुट करने की आवश्यकता पर भी बात की गई कि सीनेट नामित उम्मीदवारों की पुष्टि करे।

बाइडन ने अगले व्हाइट हाउस और कैबिनेट के कई पदों के लिए अफ्रीकी-अमेरिकियों और भारतीय-अमेरिकियों समेत विविध समुदाय के लोगों को नामित किया है। इस बैठक में लीडरशिप कान्फ्रेंस ऑन सिविल राइट्स ऐंड ह्युमन राइट्स की सीईओ एवं अध्यक्ष वनीता गुप्ता और नेशनल कोलिशन ऑन ब्लैक सिविक पार्टिसिपेशन की अध्यक्ष मेलानी कैम्पबेल समेत नागरिक अधिकारकर्मी ने भाग लिया।



लोन ट्री में एक पार्क में भ्रमण के दौरान सांता क्लास की ड्रेस पहने व्यक्ति बच्चों का इंतजार करते हुए

## सामूहिक रूप से इस्तीफा देंगे पाक के सांसद: पीडीएम प्रमुख रहमान

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान में** 11 विपक्षी दलों के गठबंधन ने घोषणा की है कि उसके सांसद सरकार को पंगु बनाने और देश के प्रधानमंत्री इमरान खान को शीघ्र मध्यावधि चुनाव कराने के लिए मजबूर करने को इस महीने के अंत में सामूहिक रूप से इस्तीफा देंगे। इस घोषणा के बाद पाकिस्तान में राजनीतिक संकट और गहरा हो गया है। प्रधानमंत्री खान की सरकार को अपदस्थ करने के लिए इस साल सितंबर में बने 11 विपक्षी दलों के संगठन पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) ने इस्लामाबाद में लंबी चली एक बैठक के बाद यह फैसला किया। पीडीएम प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने मंगलवार रात को घोषणा की कि संसद से इस्तीफा देने पर सर्वसम्मति बनी है। रहमान ने कहा, सभी सांसद 31 दिसंबर तक



अपने पार्टी प्रमुखों को इस्तीफे सौंप देंगे। इस दौरान पीएमएल-एन नेता मरियम नवाज और पीपीपी प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी भी उनके साथ थे।रहमान ने 2018 में चुनाव संपन्न होने के बाद कथित फर्जीवाड़े के कारण विपक्षी दलों से संसद सदस्य के दौर पर शपथ नहीं लेने की अपील की थी, लेकिन खासकर पीपीपी और पीएमएल-एन ने इस विचार को खारिज कर दिया था। ऐसा माना जा रहा है कि सामूहिक रूप से इस्तीफा देना ही सरकार को झुकाने और मध्यावधि चुनाव के मजबूर करने का एकमात्र तरीका है।

नेताओं ने सरकार को ताकत दिखाने के लिए 13 दिसंबर को लाहौर में रैली करने पर भी सहमति जताई। गुजरांवाला, कराची, क्वेटा, पेशावर और मुल्तान के बाद यह इस प्रकार की छठी रैली होगी। सरकार की ओर से तमाम बाधाएं पैदा करने के बावजूद विपक्षी दलों की रैलियों में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया था।प्रधानमंत्री खान ने इस्तीफा देने या मध्यावधि चुनाव कराने की मांग खारिज कर दी है। उनका कहना है कि विपक्ष अपने नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों की जांच रोकने के लिए दबाव बनाने की खातिर विरोध कर रहा है।

### अपने परमाणु, बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों से जुड़ी चिंताएं दूर करें

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनिया गुतारेस ने ईरान से उसके परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों के बारे में उठाई गई चिंताओं को दूर करने और प्रमुख ताकतों के साथ 2015 के परमाणु समझौते के पूर्ण क्रियान्वयन की दिशा में फिर से काम करने की अपील की। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने सुरक्षा परिषद को भेजी एक रिपोर्ट में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समझौते से हटने, तेहरान के खिलाफ फिर प्रतिबंध लगाने और ईरान के 2019 में यूरेनियम को समृद्ध करने सहित समझौते में तय विभिन्न सीमाओं का उल्लंघन करने के फैसले पर खेद जताया।गुतारेस ने 2015 के परमाणु समझौते के समर्थन में परिषद के प्रस्ताव के क्रियान्वयन की रिपोर्ट में कहा कि पिछले पांच साल में परमाणु समझौते को बहुपक्षवाद, कूटनीति और संवाद की प्रभावकारिता, और परमाणु निरस्त्रिकरण की सफलता को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के अस्तित्व के तौर पर देखा गया है।

## अमेरिका में फाइजर का कोविड-19 टीका मंजूरी के आखिरी चरण में

**एपी।** वाशिंगटन

**अमेरिकी नियामकों** ने दवा कंपनी फाइजर के कोविड-19 टीके पर पहली वैज्ञानिक समीक्षा जारी की है और पुष्टि की है कि यह टीका असरदार है। इसे मंजूरी मिलने पर देश में सबसे बड़े टीकाकरण अभियान का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा।अमेरिकी नियामक खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) के वैज्ञानिकों ने मंगलवार को यह समीक्षा जारी की। एजेंसी के स्वतंत्र सलाहकार बृहस्पतिवार को बैठक कर चर्चा करेंगे कि क्या लाखों अमेरिकी नागरिकों का टीकाकरण शुरू करने के लिए इस टीका की सिफारिश की जा सकती है।

अगले कुछ दिनों में एफडीए का निर्णय आ जाएगा तथा टीकाकरण की संभवत: शुरुआत हो जाएगी। ब्रिटेन ने मंगलवार को फाइजर और उसकी जर्मन सहयोगी कंपनी बायोएनटेक के टीके का इस्तेमाल शुरू कर दिया। एफडीए इस महीने मॉडर्ना कंपनी के टीका पर भी विचार करेगा।चिकित्सा

- अगले कुछ दिनों में एफडीए का निर्णय आ जाएगा तथा टीकाकरण की संभवत: शुरुआत हो जाएगी

क्षेत्र से जुड़ी एक शोध पत्रिका ने मंगलवार को एक रिपोर्ट प्रकाशित की जिसमें कहा गया है कि ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका के टीका को भी कोविड-19 से बचाव में असरदार पाया गया है लेकिन फाइजर और मॉडर्ना के टीके जितना प्रभावी नहीं है।

अमेरिका में कोविड-19 के लगातार बढ़ते मामलों के बीच टीके को लेकर उत्साहजनक खबरें ऐसे वक्त में आई हैं जब संक्रमण से 2,85,000 लोगों की मौत हो चुकी है।एफडीए वैज्ञानिकों ने फाइजर के आंकड़ों का मूल्यांकन किया और पाया कि टीका सुरक्षित प्रतीत होता है और यह अलग-अलग उम्र, नस्ल वाले लोगों में 90 प्रतिशत से ज्यादा असरदार रहा है। अध्ययन के नतीजे प्रकाशित नहीं किए गए हैं।



बेन गुरियन एअरपोर्ट पर फाइजर कंपनी की बनाई गयी एक लाख डोज पहुंचने पर प्रेसवार्ता करते इजरायल के प्रधानमंत्री बेन्जामिन नेतान्याहू

## खशोगी हत्या से जुड़े टेप के संबंध में और जानकारी मुहैया कराए अमेरिका: न्यायाधीश

**एपी।** न्यूयॉर्क

अमेरिका के एक न्यायाधीश ने कहा कि अमेरिकी सरकार को सऊदी शासन के आलोचक रहे पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या से जुड़े एक टेप और उनकी मौत पर सीआईए की रिपोर्ट से जुड़ी और जानकारियां सार्वजनिक करनी चाहिए।यूएस डिस्ट्रिक्ट जज पॉल ए. एंगलमेयर ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, उपराष्ट्रपति माइक पेंस और सेंट्रल इंटेलीजेंस एजेंसी (सीआईए) के प्रमुख सहित अन्य ने सार्वजनिक बयानों में स्पष्ट कहा है कि ये चीजें मौजूद हैं। अक्टूबर 2018 में तुर्की स्थित सऊदी अरब के वाणिज्य दूतावास में खशोगी की हत्या कर दी गई थी।एंगलमेयर ने अपने फैसले में कहा कि मामला अभी शुरुआती चरण में है और चीजों के बारे में आप कम जानकारी उपलब्ध कराते हैं, तो अमेरिका या उसकी एजेंसियों के खुफिया सूत्रों की विदेशी संबंधों से जुड़ी वह जानकारी उजागर नहीं होगी, जो अभी तक सामने नहीं आई है।उन्होंने कहा कि ट्रंप ने स्पष्ट रूप से यह स्वीकार किया था कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने टेप की समीक्षा की थी और वह अमेरिकी सरकार के पास है।

अमेरिकी न्याय मंत्रालय को भेजे एक संदेश में उन्होंने कहा कि पेंस ने भी यह स्वीकार किया था कि सीआईए के पास जांच के समय टेप था।जस्टिस इनिशिएटिव के वकील अमृत सिंह ने कहा, आज का अदालत का आदेश जमाल खशोगी की हत्या से जुड़े तथ्य छुपाने के ट्रंप प्रशासन के शर्मनाक प्रयास के खिलाफ एक बड़ी जीत है।


## कोविड-19: बाइडन ने कार्यकाल के पहले 100 दिन में 10 करोड़ लोगों के टीकाकरण का लिया संकल्प

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि अपने कार्यकाल के पहले 100 दिन में वह सभी के लिए मास्क पहनना अनिवार्य करेंगे, सुनिश्चित करेंगे कि 10 करोड़ लोगों का टीकाकरण हो जाए और अधिकांश स्कूलों को फिर से खोलेंगे। उन्होंने अमेरिकी जनता को भरोसा दिलाया कि उनके विशेषज्ञों का दल बेहतर स्वास्थ्य सेवा मुहैया करवाएगा और अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकेगा।

अमेरिका में कोरोना वायरस से अब तक करीब 1.5 करोड़ अमेरिकी संक्रमित हो चुके हैं जिनमें से 2,86,000 संक्रमितों की मौत हो चुकी है। दुनिया भर में कोविड-19 के 6.82 करोड़ मामले हैं और इस महामारी के कारण 15 लाख से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।

अपने राष्ट्रीय स्वास्थ्य दल की घोषणा करते हुए बाइडन ने ट्रंप प्रशासन ने कहा कि फाइजर और मॉडर्ना के साथ हुई बातचीत के बाद



अब वह उनकी खुराकें खरीदने के लिए कदम उठाए तथा अमेरिका एवं दुनियाभर के लिए टीके का उत्पादन बढ़ाने की खातिर तेजी से काम करे।

बाइडन ने मंगलवार को कहा, यह किया जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो मेरा दल मेरे कार्यकाल के पहले 100 दिन में कम से कम 10 करोड़ लोगों का टीकाकरण कर सकेगा। इसके अलावा बच्चों को फिर से स्कूल भेजना राष्ट्रीय प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा, अगर कांग्रेस उतना धन मुहैया

- नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि उनके कार्यकाल के पहले 100 दिन के भीतर वायरस को इतना तो काबू में लाया जा सकेगा कि अधिकांश स्कूलों को फिर से खोला जा सके।

कराए जिसकी कि हमें छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए जरूरत है, यदि राज्य और शहर सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए ठोस उपाय करें जिनका कि हम सभी पालन करें तो मेरा दल यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा कि अधिकांश स्कूल मेरे कार्यकाल के पहले 100 दिन में खुल जाएं। बाइडन ने कहा कि उनके कार्यकाल के पहले 100 दिन में तीन महत्वपूर्ण लक्ष्य हैं- मास्क अनिवार्य करना, टीकाकरण और स्कूलों को फिर से खोलना।नव निर्वाचित राष्ट्रपति ने जेवियर बेसेरा को स्वास्थ्य एवं मानवीय सेवा मंत्री, भारतवंशी डॉ. विवेक मूर्ति को अपना सर्जन जनरल, डॉ. एंथनी फाउसी को कोविड-19 पर राष्ट्रपति के प्रमुख चिकित्सा सलाहकार, डॉ. रोचेल वालेंस्की को रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र का निदेशक तथा डॉ. मार्सेला नुनेज स्मिथ को कोविड-19 इक्विटी टास्क फोर्स की अध्यक्ष के रूप में चुना है।महामारी से निपटने के लिए अपनी टीम का परिचय करवाते हुए बाइडन ने डेलावेयर में मंगलवार को कहा कि आंरभ में नई सरकार की शीर्ष तीन प्राथमिकताएं होंगी। उन्होंने अमेरिकी जनता से अगले 100 दिन तक मास्क पहनने की अपील की ताकि कोरोना वायरस को फैलने से रोका जा सके। उन्होंने कहा कि संघीय कार्यालयों एवं सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में इसे अनिवार्य किया गया है।

## पाक में सरकार करती है धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन: अमेरिका

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** एक शीर्ष राजनयिक ने कहा कि जहां पाकिस्तान में धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन सरकार द्वारा किया जाता है, भारत में इस तरह के ज्यादातर मामले सांप्रदायिक हिंसा के हैं और इसी लिए अमेरिका ने पाकिस्तान को उन देशों की सूची में क्यों शामिल किया जहां धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन विशेष चिंता का विषय है जबकि भारत को इस सूची में शामिल नहीं किया गया है।

अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने सोमवार को पाकिस्तान और चीन के साथ म्यामां, इरिट्रिया, ईरान, नाइजीरिया, उत्तर कोरिया, सऊदी अरब, ताजिकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान को उस सूची में डाला जो धार्मिक स्वतंत्रता के व्यवस्थित, निरंतर एवं घोर उल्लंघन में लिप्त हैं या फिर ए उल्लंघन होने दे रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता संबंधी अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) ने भारत को भी विशेष चिंता का विषय बने देशों (कंट्रीज ऑफ पर्टीक्यूलर कंसर्न या सीपीसी) की सूची में डालने की



सिफारिश की थी जिसे विदेश विभाग ने स्वीकार नहीं किया। भारत ने यूएससीआईआरएफ की सालाना रिपोर्ट में देश के खिलाफ की गई टिप्पणी को खारिज किया है।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने अप्रैल में नई दिल्ली में कहा था, हम यूएससीआईआरएफ की सालाना रिपोर्ट में भारत के बारे में किए गए अवलोकनों को खारिज करते हैं। यह पक्षपातपूर्ण है और भारत के खिलाफ पक्षपातपूर्ण टिप्पणियां कोई नई बात नहीं है। लेकिन इस बार तो गलतबयानी नए स्तर पर पहुंच गई। इस काम में तो उनके अपने आयुक्त उनके साथ नहीं हैं। प्रवक्ता ने कहा, हम इसे विशेष चिंता वाला संगठन मानेंगे और उसी के मुताबिक व्यवहार रखेंगे। मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता के लिए एम्बेसेडर एट लार्ज सेमुअल ब्राउनबैक ने पाकिस्तान के खिलाफ उठाए गए कदम का बचाव किया।उन्होंने कॉन्फ्रेंस कॉल के दौरान संवाददाताओं से कहा, पाकिस्तान में (धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लंघन से संबंधित) बहुत सारी गतिविधियां सरकार द्वारा की जाती हैं। भारत में इनमें से कुछ सरकार द्वारा और पारित किए गए कानून की वजह से होता है तथा ज्यादातर (मामले) सांप्रदायिक हिंसा होती है। और जब यह होती है तो हम यह निर्धारित करने की कोशिश करते हैं कि क्या वहां पुलिस का प्रभावी बंदोबस्त हुआ था या नहीं, (और) सांप्रदायिक हिंसा के बाद न्यायिक कदम प्रभावी ढंग से उठाए गए या नहीं। ब्राउनबैक से पूछा गया था कि पोम्पियो ने धार्मिक स्वतंत्रता संबंधी विशेष चिंता के देशों में पाकिस्तान को शामिल क्यों किया और भारत को शामिल क्यों नहीं किया। शीर्ष अमेरिकी राजनयिक ने कहा कि धर्मांतर अथवा ईशनिंदा के कारण दुनियाभर की जेलों में बंद लोगों की कुल संख्या में से आधे पाकिस्तान की जेलों में हैं। उन्होंने कहा, आज सुबह एक बड़ा मुश्किल वेबिनार हुआ जिसका विषय चीन में जबरन दुल्हन बनाई गई युवतियों पर केंद्रित था। और उसका एक स्रोत पाकिस्तान का धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय है। ईसाई और हिंदू महिलाओं को चीन में रखैल या जबरन दुल्हन बनाकर भेजा जाता है क्योंकि वहां इन समुदायों को खास समर्थन नहीं मिलता है। और फिर वहां धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव होता है जो उन्हें अधिक कमजोर बनाता है। ब्राउनबैक ने कहा, इसका मतलब यह नहीं है कि भारत में समस्याएं नहीं हैं... हिंसा एक समस्या है। हम उन मुद्दों को उठाते रहेंगे। ए कुछ बातें हैं जिनके आधार पर पाकिस्तान सीपीसी की सूची में बना हुआ है और भारत नहीं है। उन्होंने कहा कि वह दोनों देशों की कई यात्राएं कर चुके हैं।भारत को सीपीसी की सूची में नहीं डालने के सवाल पर ब्राउनबैक ने कहा कि आयोग ने कई सिफारिशें की थीं जिनमें से कुछ को नहीं माना गया और यह भी उन्हीं में से एक है। उन्होंने कहा, हम भारत में स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। सचिव वहां अनेक बार गए हैं।

# ‘पश्चिमी तथा भारतीय नृत्य शैलियों का एक आदर्श मिश्रण बनाना चाहता हूं’

**नृत्य निर्देशक अतुल ज़िंदल ने यो यो हनी सिंह, बादशाह तथा दिलजीत दोसांझ जैसे लोकप्रिय गायकों के लिए श्रेष्ठतम म्यूज़िक वीडियो बनाए है। वो अमिताभ बच्चन तथा शाहरुख खान जैसे महान कलाकारों के साथ काम कर चुके हैं। पायनियर संवाददाता शालिनी सक्सेना ने एक विशेष बातचीत में उनसे उनके कॅरियर, वर्तमान प्रोजेक्ट्स तथा इंडस्ट्री में आ रहे बदलाव के बारे में उनकी राय आदि विषयों के बारे में उनसे जाना। प्रस्तुत हैं प्रमुख अंश-**

**■ आप कोरियोग्राफर कैसे बन गए?**

डांस मुझे बहुत प्रिय था और में इसी को अपना कॅरियर बनाना चाहता था। मैं कॉलेज की पढ़ाई पूरी की और उसके बाद डांस के बारे में अधिक सीखने के लिए न्यूयॉर्क के ब्रॉडवे चला गया। पहले मेरा विचार डांस सिखाने का था क्योकि हमारे पास दिल्ली तथा मुंबई में डांस स्कूल हैं और हम वहां पिछले 11 सालों से डांस सिखा रहे हैं। फिर एक दिन किसी ने मुझसे एक डांस कोरियोग्राफ करने के लिए कहा। पहले तो मुझे ये ठिठोली लगी लेकिन बाद में ये पता चला कि ये वास्तविक कॉल थी बस यहीं से मेरा पदार्पण कोरियोग्राफी में हो गया।

**■ ये ‘बिग डांस सेंटर’ क्या हैं?**

हमारा बड़ा डांस सेंटर दिल्ली में है और हम वहां पश्चिमी डांस सिखाते हैं। बॉलिवुड भी है क्योंकि हम इंडस्ट्री में हैं ही। वहां हमनें 2009 में सेंटर खोला था। हम वहां न्यूयॉर्क तथा लॉस एंजेल्स तथा लंदन में सीखी डांस स्टाइल सिखाना चाहते थे। हम भारत में डांस संबंधी सही ज्ञान लाना चाहते थे। मुझे पता था कि यदि हमनें ऐसा नहीं किया तो पश्चिमी डांस वैसा ही चलता रहेगा और इसमें कोई सुधार नहीं होने वाला। हमारे दिल्ली स्कूल में 5000 स्क्वॉयर फिट स्थान उपलब्ध है और वहां लगभग 1000 बच्चे डांस सीखने आते हैं। हम वहां पेशेवर डांस सिखाना चाहते हैं न कि हॉबी वाला। लेकिन यदि हॉबी के लिए भी कोई सीखना चाहता है तो हम उसे भी अपने यहां ले लेते हैं। हम 13 से 17 वर्ष के बच्चों को अधिक महत्व देते हैं।

**■ आप अमेरिका में थे तो फिर आपने भारत में पेशेवर डांस लाने के बारे में क्यों सोचा?**

मैं वहां 23 साल की वय में था ऐसा नहीं है मुझे वहां भी काम करने का अवसर मिला था। लेकिन मैं भारत आना चाहता था क्योंकि वहां और भारत के डांस में बहुत अंतर था। मुझे लगता था कि मैं ये अंतर समाप्त कर सकता हूं। मैं आज भी दुनिया भर में घूमता रहता हूं और तब पता चलता है कि भारत में अभी कितना कुछ किया जा सकता है। बाहर का बाजार कम होता जा रहा है। वहां विवाह और बॉलिवुड जैसा कुछ भी नहीं है।


अतुल सिंह व यो यो हनी सिंह

**■ आप इस इंडस्ट्री में लंबे समय से हैं। आपकी कोरियोग्राफी के दौरान किस प्रकार के बदलाव आपने देखे?**

हमनें ब्लू आइज़् के साथ प्रारंभ किया था उन्होंने ही पहले मुझे देखकर अवसर प्रदान किया था। बाद में अमिताभ बच्चन ने मुझे प्रशिक्षण के लिए बुलाया और इसके बाद शाहरुख खान के यहां से भी इसी के लिए बुलावा आ गया। मैं बादशाह के साथ भी टूर कर चुका हूं। लेकिन मैं पिछले दो दशकों से डांस करता आ रहा हूं। पहले मैं माधुरी दीक्षित के जैसे डांस करता था जैसा कि वो अपनी वय में किया करती थीं। आजकल संगीत में भी बदलाव आ रहा है और इसी के साथ नृत्य तथा कोरियोग्राफी स्टाइल में भी वैसे ही बदलाव देखने में आ रहे हैं। संगीत वीडियो परिदृश्य में भी बदलाव देखने में आया है। लेकिन हिपहॉप तथा रैप में पगताल कुछ अलग प्रकार की होती है।

**■ विज्ञापन तथा म्यूज़िक वीडियो के लिए कोरियोग्राफी में किस प्रकार के अंतर होते हैं?**

ये दोनों दो अलग बातें हैं। वाणिज्यिक विज्ञापनों में आपको हर समय उत्पाद को ध्यान में रखना होता है। उदाहरण के लिए यदि विज्ञापन जीन्स का है तो उसके लचीलेपन को ही ध्यान में रखना होगा। उस समय मुख और ऊपरी शरीर पर किसी का ध्यान नहीं जाने वाला। कोरियाग्राफी तथा संचरण संबंधी पूरा फोकस भी शरीर के निचले हिस्से पर ही केन्द्रित रखना होता है। जबकि म्यूज़िक वीडियो में कलाकार पर ही पूरा ध्यान लगाना पड़ता है हमें दर्शकों को भी ध्यान में रखना होता है कि वे इसे किस प्रकार से देखेंगे। वीडियो में एक थीम होती है हमें उसका भी ध्यान रखना होता है।

**■ क्या आपको कोरियोग्राफी के समय अभिनेता और परिस्थिति का भी ध्यान रखना होता है?**

हमें हमेशा अभिनेता या अभिनेत्री का ध्यान रखना पड़ता है। जैसा कि मैं बता ही चुका हूं कि मैंने अमिताभ बच्चन सर को भी प्रशिक्षित किया था। मैं उन्हें वे स्टेप नही दे सकता जो मैं टाइगर श्रॉफ या ऋतिक रोशन को दे सकता हूं। यदि कलाकार स्टेप का पूरा आनंद लेकर डांस कर रहा है तो वीडियो या कॉमर्शियल आकर्षक बनेगा और दर्शकों को प्रभावित करेगा अन्यथा नहीं। लेकिन हमें ये भी ध्यान में रखना ही पड़ता है कि निर्माता हमसे क्या अपेक्षा रखते हैं।

**■ आपके अनुसार इंडस्ट्री में अब तक सबसे अच्छा डांसर कौन रहा है और क्यों?**

ऋतिक रोशन और चूंकि मैं पुराने समय का हूं तो मुझे माधुरी दीक्षित का डांस बहुत प्रिय है। मेरे अनुसार जैसा डांस वो कर सकती हैं वो कोई नहीं कर सकता।

**■ उस समय डांस इतने अच्छे कैसे हुआ करते थे?**

उस समय नृत्य गरिमामय होते थे लेकिन आजकल तो पूरी स्टाइल ही बदल चुकी है। कुछ डांस तो भारतीय शैली के नृत्य के कारण लोकप्रिय हुए। दूसरी बात ये कि उस समय नृत्य करने वाले अभ्यास अधिक किया करते थे। इसके अलावा यदि आप डांस जानते हैं तो इससे भी बहुत अंतर पड़ता है। संगीत का भी नृत्य पर बहुत अंतर पड़ता है। इसके साथ डांस स्टेप लयपूर्ण नहीं हुए तो डांस प्रभावित नहीं कर सकता।

**■ पूरी दुनिया में जो कुछ भी हो रहा है उससे आपका डांस कितनी प्रेरणा प्राप्त करता है?**

देखिये मैंने जितना डांस सीखा है वो पर्याप्त है। वहीं विश्व में आज हो रहा है। लेकिन भारतीय दर्शकों को ध्यान में रखते हुए डांस सिखाते हुए हमें परिवार आदि को भी ध्यान में रखना पड़ता है। मेरा सदा ये प्रयास रहता है कि हमारे डांस पश्चिमी तथा भारतीय शैलियों का एक आदर्श मिश्रण बन सके।

**■ भविष्य के लिए आपके पास कितने प्रोजेक्ट्स हैं?**

हाल ही में हमनें अपना एक वीडियो रिलीज़ किया है जिसका नाम है ‘फर्स्ट किस’। ये अभी से ही दुनिया भर के सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है। अगले महीने हम यो यो हनी सिंह के एक गाने पर काम प्रारंभ करेंगे।

## ट्रेंड बाजार

### राजामौली की फिल्म आरआरआर की शूटिंग से जुड़ेंगी आलिया



**अभिनेत्री** आलिया भट्ट ने इसी सोमवार से एसएस राजामौली निर्देशित बहुभाषी फिल्म आरआरआर में काम प्रारंभ कर दिया है। बाहुबली के निर्माता ने सोमवार को एक ट्वीट को रिट्वीट किया जो फिल्म के आधिकारिक ट्विटर पेज पर पोस्ट किया गया था। इसमें बताया गया था कि आलिया अब फिल्म की शूटिंग से जुड़ने की तैयारी कर रही हैं। इसमें लिखा था, ‘अपनी प्यारी ‘सीता’ का हम यहां सेट पर स्वागत करते हैं जो वास्तव में और कोई नहीं बल्कि आलिया हैं।’ फिल्म में आलिया सीता नामक चरित्र कर रही हैं। फिल्म में उनके साथ अजय देवगन, तेलुगु अभिनेता रामचरण तथा जूनियर एनटीआर केन्द्रीय भूमिका में होंगे।

### अंततः पंकज त्रिपाठी पहली बार बने हीरो



**अभिनेता** पंकज त्रिपाठी का कहना है कि ‘मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि हमारी मेहनत का प्रतीक ‘शकीला’ इसी क्रिसमस पर रिलीज़ हो सकती है। मैं इस फिल्म को लेकर बहुत उत्साहित हूं क्योंकि मैंने इसमें प्रतिभाशाली अभिनेत्री ऋचा चड्ढा के साथ काम किया है। इसमें मेरा रोल भी अच्छा है। मैं अपने कॅरियर में पहली बार इसके माध्यम से अभिनेता का चरित्र कर रहा हूं। मैं सदा से अभिनेता बनकर कलाकर की प्रतिभा को परदे पर उतारना चाहता था।

### अरमान मलिक डिवाइन संग गाएंगे गाना



**गायक** अरमान मलिक शीघ्र ही रैपर डिवाइन के साथ सहयोग कर सकते हैं। अरमान ने कहा, ‘मुझे डिवाइन से प्यार है। वो भारत के एक अद्भुत कलाकार हैं। वो यहां हिप-हॉप नृत्य को लोकप्रिय बनाने में जुटे हैं। यही कारण है कि मैं उनके साथ एक गाना करना चाहता था। ये गाना अच्छा है और इसमें मैं उनके साथ काम करने को लेकर बहुत उत्साहित हूं।’ वो अपनी इस उपलब्धि को अपने कॅरियर की यात्रा में एक कदम के तौर पर देखते हैं।

### डाउनी और शेडल ने बोस्मैन को दी श्रद्धांजलि




अभिनेता रॉबर्ट डाउनी जूनियर और डॉन शेडल ने हॉलिवुड स्टार तथा मार्वेल के सहकलाकार चैडविक बोस्मैन को उनकी विरासत के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

ब्लैक पांथर के स्टार बोस्मैन इसी अगस्त में कैंसर से चार साल के अपने संघर्ष के बाद 43 साल की आयु में काल कवलित हो गए थे। उन्हें मृत्योपरांत 2020 के एमटीवी मूवी एंड टीवी अवार्ड में हीरो ऑफ द एजेस नामक पुरस्कार से विभूषित किया गया था।

डाउनी जूनियर ने कहा, ‘जैसे ही कोई उन्हें परदे पर पहली बार देखता था या उनसे पहली बार मिलता था तो उनकी ऊर्जा तथा गहराई देखते ही बनती थी।’

आगे बताते हुए उनका कहना था, ‘चैडविक बोस्मैन में कुछ तो विशेष था वो वास्तव में बिलकुल एक सुपरहीरो ही लगते थे।’

# द लास्ट कलर 11 दिसंबर को होगी रिलीज




**प्रतिष्ठित** अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में जमकर प्रशंसा प्राप्त करने के बाद अब देश के सिनेमाप्रेमियों को मिशेलिन स्टार भारतीय शेफ विकास खन्ना द्वारा निर्देशित पहली फिल्म द लास्ट कलर देखने का मौका मिलने जा रहा है। बड़े पर्दे की इस फिल्म में अहम भूमिका नीना गुप्ता ने निभाई है।

ओमकार हाउस, जितेंद्र मिश्रा, पूनम कौल और बिंदू खन्ना इस फिल्म के निर्माता हैं। यह फिल्म 11 दिसंबर को पीवीआर सिनेमा में एक्सक्लूसिव रिलीज होगी। फिल्म प्रेमियों के लिए हाल ही में थिएटर हॉल खुले हैं। दर्शकों को एक ऐसी कहानी देखने को मिलेगीए जिसमें दो प्रमुख नायकों की अदम्य भावना दिखाई जाएगी, जो अपनी रंगहीन जिंदगी में उम्मीद की किरण तलाश रहे हैं। यह देखने में इसलिए भी उत्सुक लगेगा क्योंकि इस फिल्म की घोषणा न्यू मोशन पोस्टर द्वारा की गई, जिसमें दर्शकों और सिनेप्रेमियों की रुचि का ख्याल रखा गया है। फिल्म के मुख्य भाग में उम्मीद के संदेश को बढ़ावा दिया गया है इसे मोशन पोस्टर के जरिये बखूबी दर्शाया गया है जिसमें नीना गुप्ता का धुंधला ब्लैक एंड व्हाइट फोटो बदलकर स्पष्ट और रंगीन फोटो बन जाता है साथ ही ऊपर से गुलाबी रंग का छिड़काव होता है।

निर्देशक विकास खन्ना ने उत्सुकता के साथ कहाए द लास्ट कलर की यात्रा लंबी और अच्छी रही। पिछले एक साल में जो प्यारए सराहना व प्रशंसा हमें मिली है, उससे हमें बेहद प्रोत्साहन मिला है। इस फिल्म को ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर लाने के लिए पूरी दुनिया की यात्रा करना और अंततः इसे भारत में रिलीज करके अपनी जड़ों से जुड़ने का अनुभव हम सभी के लिए अद्भुत रहा है।

यह फिल्म मेरे दिल के काफी करीब है और कई सालों के प्रयासों के बाद इसे आप सभी के सामने पेश करते हुए मुझे बहुत खुशी हो थी है। फिल्म की प्रमुख एक्ट्रेस नीना गुप्ता ने कहाए द लास्ट कलर प्रकाश और उम्मीद की सिल्वर लाइनिंग है। शुरुआत से इसकी यात्रा शानदार रही है।

इस फिल्म ने मुझ पर गहरा प्रभाव छोड़ा है और मुझे खुशी महसूस हो रही है कि भारत में यह फिल्म आखिरकार रिलीज हो रही है। जहां हमारे अंतरराष्ट्रीय दर्शकों से प्यार और सराहना पाकर अच्छा लगाए वहीं हमें उम्मीद है कि अपने भारतीय दर्शकों से भी इसी तरह की प्रशंसा प्राप्त करेंगे। फिल्म के फर्स्ट लुक का लोकार्पण कांस अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में हो चुका है जबकि द लास्ट कलर का वर्ल्ड प्रीमियर प्रतिष्ठित पाम स्प्रिंग्स अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में हुआ। तब से फिल्म कई फिल्म समारोह. डलास अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवलए वुडस्टॉक अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवलए हवाई अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवलए न्यूयॉर्क इंडिया अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवलए रिवर टू रिवर फेस्टिवलए फ्लोरेंस और बहुत ज्यादा। आखिरकार हमने भारत में प्रीमियर अक्टूबर 2019 में 21वें मामी मुंबई अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में दिखाया। न्यूयॉर्क में यूएन हेडक्वार्टर्स स्पेशन स्क्रीनिंग करवाने के बाद हमने इस फिल्म को लॉस एंजिलिस में थिएटर रिलीज कर अपने खाते में एक और उपलब्धि जोड़ी।

आखिरकार फिल्म ने ऑस्कर्स 2020 की योग्यता लिस्ट में जगह बनाई। इस फिल्म ने कई अवॉर्ड्स जीते और दर्शकों व आलोचकों से कई तरह की आलोचनाएं व सराहना भी हासिल की। फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म अवॉर्ड्स, ऑडियंस च्वाइस और निर्देशन दृष्टि अवॉर्ड जीता। इको ब्रिक्स एफएफ 2020 में इसने बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड भी जीता।




# मैड्रिड अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में बंगाली फिल्म रविवार ने जीते दो पुरस्कार

**कोलकाता।** मैड्रिड अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में निर्देशक अतानु घोष की बंगाली फिल्म रविवार ने दो पुरस्कार जीते। फिल्म में अभिनेता प्रोसेनजीत चटर्जी और बांग्लादेशी अभिनेत्री जया एहसान ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं। अतानु घोष ने मंगलवार को एक फेसबुक पोस्ट में कहा, मैड्रिड अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2020 में रविवार ने दो पुरस्कार जीते। विदेशी भाषा की फिल्म की श्रेणी में ए पुरस्कार सर्वश्रेष्ठ मुख्य अभिनेत्री- जया एहसान और सर्वश्रेष्ठ मूल पटकथा के लिए प्रदान किए गए।

घोष ने एक वीडियो भी साझा किया जिसमें महोत्सव के अधिकारियों को घोषणा करते हुए देखा जा सकता है।घोष ने बुधवार को पीटीआई-भाषा के बताया, पुरस्कारों की घोषणा सितंबर के दूसरे सप्ताह में आयोजित महोत्सव के ऑनलाइन समारोह में की गई, लेकिन हम खबर साझा करने से पहले पुरस्कारों के यहां पहुंचने का इंतजार कर रहे थे। हालांकि, स्पेन में दूसरे चरण का लॉकडाउन शुरु होने के कारण हमने यह साल खत्म होने से पहले यह अच्छी खबर साझा करने का फैसला किया है। सोशल मीडिया पर घोष को बधाई देते हुए अभिनेत्री एहसान ने मंगलवार को कहा, ऐसे मुश्किल समय में ऐसी अद्भुत खबर देने के लिए अतानु दा का शुक्रिया। बहुत सारा प्यार। एक प्रतिष्ठित विदेशी फिल्म समारोह में, कई उत्कृष्ट अभिनेत्रियों में मुझे सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के रूप में चुना गया। यह इसीलिए संभव हो पाया, क्योंकि यह किरदार आपने गढ़ा था। फिल्म पश्चिम बंगाल में 27 दिसंबर, 2019 को प्रदर्शित हुई थी और इस साल 21 फरवरी को बांग्लादेश में इसे प्रदर्शित किया गया।

# जातिवादी टिप्पणी मामला : प्राथमिकी रद करने की सलमान की याचिका पर सुनवाई स्थगित

**जोधपुर।** राजस्थान उच्च न्यायालय ने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की तरफ से अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकियों को रद्द करने का आग्रह करने वाली याचिका पर बुधवार को रोक लगा दी। एक टीवी शो में 2017 में वाल्मीकि समुदाय के खिलाफ कथित तौर पर जातिवादी टिप्पणी करने के लिए उनके खिलाफ ए प्राथमिकियां दर्ज की गई थीं।



खान के वकील की याचिका को मंजूर करते हुए न्यायमूर्ति संदीप मेहता ने मामले में सुनवाई की अगली तारीख आठ हफ्ते बाद तय की जब तक कि उच्चतम न्यायालय में लंबित इसी तरह की याचिका पर निर्णय नहीं हो जाता है।

खान के वकील निशांत बोरा ने कहा कि खान के खिलाफ जोधपुर और चुरू जिलों में दो शिकायतें दर्ज कराई गई हैं, जिनमें आरोप लगाए गए हैं कि 2017 में अपनी फिल्म टाइगर जिंदा है के प्रमोशन के दौरान एक टीवी शो में समुदाय के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल कर उन्होंने अनुसूचित जातियों की भावनाएं आहत कीं।

उन्होंने कहा, हमने राजस्थान में इन प्राथमिकियों को रद्द करने का आग्रह करते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने याचिका को मंजूरी दी और दोनों प्राथमिकियों में जांच पर रोक लगा दी थी।

उन्होंने कहा, सुनवाई के लिए मामला आज सूचीबद्ध था। हमने अदालत को बताया कि इसी तरह की याचिका उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित है और आग्रह किया कि मामले में तब तक सुनवाई नहीं की जाए जब तक कि उच्चतम न्यायालय की याचिका पर निर्णय नहीं हो जाता है।

बोरा ने कहा कि खान के खिलाफ महाराष्ट्र, गुजरात और दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों में इस मामले में करीब आधा दर्जन प्राथमिकियां दर्ज हैं और उन्होंने इन प्राथमिकियों को रद्द करने के लिए उच्चतम न्यायालय में अपील की है।


# बंटवारे पर किताब से शुरुआत कर रहे विलियम डेलरिम्पल के पुत्र सैम

**नई दिल्ली।** इतिहासकार और लेखक विलियम डेलरिम्पल के पुत्र सैम की पहली किताब 2022 में आएगी जो एशिया के मुख्य पांच विभाजनों पर आधारित है। सैम इस किताब में भारतीय स्वतंत्रता का नए सिरे से आकलन भी प्रस्तुत करेंगे। हार्परकॉलिंस इंडिया के साथ पहले से ही जुड़े विलियम कोलिंस प्रकाशन की निदेशक एराबेला पाइक ने डेविड गॉडविन से सैम डेलरिम्पल की किताब के प्रकाशन अधिकार खरीदे लिए हैं।

प्रकाशकों ने कहा, फाइव पार्टीशन्स: द मेकिंग ऑफ मॉडर्न एशिया एशिया के इतिहास के लिए एक महत्वपूर्ण सुधारात्मक आकलन और वर्तमान समस्याओं के मूल कारणों का विश्लेषण है।सैम ने इस किताब में बंटवारे के पीड़ितों के मूल संस्मरणों को शामिल किया है। इस किताब में बर्मा का विभाजन, भारत-पाकिस्तान विभाजन, भारतीय रियासतों का विभाजन, अरब विभाजन और पाकिस्तान के विभाजन को शामिल किया गया है।पाइक ने कहा, सैम डेलरिम्पल एशिया में ब्रिटिश उपनिवेश को लेकर एक नया दृष्टिकोण पेश करने जा रहे हैं। सैम के अनुसार, दिल्ली में पले-होने और ऑक्सफोर्ड में दक्षिण एशियाई भाषाओं के अध्ययन से विभाजन को लेकर एक बेहतर सोच विकसित हुई।

# स्कैम 1992 आईएमडीबी की शीर्ष 10 भारतीय वेब सीरीज की सूची में सबसे ऊपर

**मुंबई।** फिल्मकार हंसल मेहता की स्कैम 1992: द हर्षद मेहता स्टोरी आईएमडीबी की 2020 की शीर्ष 10 भारतीय वेब सीरीज की सूची में दर्शकों द्वारा सर्वाधिक पंसद की जाने वाली सीरीज है। स्कैम 1992 ने हर्षद मेहता द्वारा किए गए शेयर बाजार घोटाले को शानदार तरीके से पर्दे पर उतारने के लिए खासी तारीफ बटोरी है। आईएमडीबी की रेटिंग 10 अंक के पैमाने पर फिल्मों एवं टीवी कार्यक्रमों को अंक देने के वाले यूजर तय करते हैं। सोनीलिव की स्कैम 1992 को 10 में से 9.5 अंक मिले और यह आईएमडीबी की शीर्ष 250 सदाबहार टीवी सीरीज में भी जगह बनाने में कामयाब रही।अमेजन प्राइम वीडियो की पंचायत सीरीज दूसरे नंबर पर और हॉटस्टार की स्पेशल ऑप्स तीसरे स्थान पर रही। इस सूची में बंदिश बैंडिट्स को चौथा और मिर्जापुर के दूसरे सीजन को पांचवां स्थान मिला।



ए दोनों ही सीरीज अमेजन पर उपलब्ध हैं। आईएमडीबी के संस्थापक एवं सीईओ कोल नीधम ने कहा कि भारतीय सीरीज को लेकर दुनिया भर इस साल दिलचस्पी सर्वाधिक रही। नीधम ने एक बयान में कहा कि इस साल शीर्ष स्थान पर रही भारतीय वेब सीरीज स्कैम 1992 इतनी लोकप्रिय हुई, कि वह शीर्ष 250 सदाबहार टीवी सीरीज की सूची में जगह बनाने में कामयाब रही।

वूट सेलेक्ट की असुर: वेलकम टू योर डार्क साइड छठे स्थान पर, पाताल लोक सातवें, हाई आठवें, अभय नौवें और आर्या दसवें स्थान पर रही।

पुलिस की लक्ष्मण रेखा लांघ नहीं पा रहे सपाई

# सिधौली के पूर्व विधायक समेत कई कार्यकर्ता नजरबंद


सीतापुर-पुलिस द्वारा नजरबंद के बाद मौजूद पूर्व विधायक मनीष रावत


सिधौली-कोतवाली में मौजूद ऊषा रावत, विद्यासागर यादव, बबलू यादव व अन्य

### ● विधानसभा क्षेत्र में निकलनी थी पदयात्रा

**संवाददाता।** सिधौली सीतापुर

**किसानों के** भारत बंद के समर्थन में तीसरे दिन बुधवार को सपा ने सिधौली विधान सभा क्षेत्र में पद यात्रा निकालने का कार्यक्रम तय किया था, लेकिन दो दिन की पुलिसिया कार्रवाई और सपाइयो की हालत देख सिधौली में भी पद यात्रा निकाली नहीं जा सकी। पुलिस ने सुबह से ही पार्टी कार्यालय को छावनी में तब्दील कर दिया था, इससे पहले इलाके के नेता भी नजरबंद कर दिए गए थे। पूर्व विधायक मनीष रावत को पद यात्रा का नेतृत्व करना था, लेकिन उन्हें उपजिलाधिकारी संतोष राय, सीओ दिनेश यादव, कोतवाल राम प्रकाश ने अनुमति नहीं दी। सपाईयों के कार्यक्रम को देखते हुए सिधौली के अलावा थाना संदना, रामपुर कलां, अटरिया पुलिस बल भी मुस्तैद हो गया था, सपाईयों को सिर्फ पार्टी कार्यालय तक जाने की अनुमति दी गई। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने किसानों के समर्थन में सात दिसंबर से किसान पद यात्रा निकालने का ऐलान किया था। इस मौके पर सिधौली कोतवाली में पूर्व जिला पंचायत सदस्य ऊषा रावत, विद्यासागर यादव, बबलू यादव, विशाल रावत शुभम आदि ने ज्ञापन भी सौंपा। कन्नौज से इस यात्रा का खुद पार्टी सुप्रीमो को करना था, लेकिन वो लखनऊ से कन्नौज नहीं जा पाए थे, पुलिस ने उन्हें लखनऊ में गिरफ्तार कर लिया गया था। सीतापुर में पुलिस ने प्रदर्शन करने पर शांति भंग की आशंका में सेवता से घ्पूर्व विधायक महेंद्र कुमार सिंह झीन बाबू, छात्र सभा के प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव, पवन सिंह, रिजवान अहमद, अंकित त्रिवेदी को जेल भेज दिया था। इसके बाद सपाई पुलिस द्वारा पद यात्रा न करने की खींची गई लक्ष्मण रेखा को पार करने की हिम्मत नहीं जा जुटा पा रहे हैं।

जेल से रिहाई के बाद बोले कांग्रेस जिलाध्यक्ष

## डरेंगे नहीं, दुगनी शक्ति से करेंगे संघर्ष: उत्कर्ष अवस्थी

### जेल से रिहा हुए पांच कांग्रेसी

**सीतापुर।** किसानों के समर्थन को लेकर मंगलवार को हुए आंदोलन में गिरफ्तार कर जेल भेजे गए पांच कांग्रेसियों की बुधवार को तो रिहाई हो गई, मगर अभी तक सपाईयों को छोड़ा नहीं गया है, हालांकि इन्हें देर शाम तक छोड़े जाने की उम्मीद जताई जा रही है। जेल से छूटने के बाद कांग्रेस के जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा। कहा यह सरकार किसानों का दमन कर रही है। सरकार के दमनकारी रवैये से कांग्रेस डरने वाली नहीं। अब कांग्रेस दुगुनी शक्ति के साथ अपनी आवाज बुलंद करेंगे। बता दें कि कृषि के तीन कानून के विरोध में दिल्ली बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसान नेताओं ने आठ दिसंबर को भारत बंदी का एलान किया था। किसान संगठनों के समर्थन में मंगलवार को सीतापुर में भी समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के कार्यकर्ता पार्टी कार्यालयों पर एकत्र हुए थे। बाद में वहां से सड़कों पर निकलने की तैयारी कर रहे थे, तभी भारी संख्या में तैनात प्रशासनिक और पुलिस फोर्स ने उन्हें रोकने की कोशिश की थी, इस दौरान उनसे झड़प भी हो गई थी, फिर क्या था कि अपनी ताकत का अहसास कराते हुए पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर पुलिस लाइन ले आई थी, जहां से मौजूदा जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी, पूर्व जिलाध्यक्ष विनीत दीक्षित, आमोद मिश्र, शिशिर बाजपेयी समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर कारागार भेजने की कार्रवाई की थी। जेल भेजे गए पांच कांग्रेसियों की बुधवार की दोपहर को रिहाई कर दी गई। जबकि सपाई नेताओं को अभी तक रिहा नहीं किया गया है, हालांकि इन्हें देर शाम तक छूटे जाने की खबर मिल रही है। लेकिन अधिकृत तौर पर किसी का बयान नहीं आया है।


सीतापुर-जेल से छूटने के बाद मौजूद कांग्रेस पदाधिकारी

जेल से रिहा हुए सपा के पूर्व विधायक व छात्रसभा के प्रदेशाध्यक्ष

## बाप को बंद किया मगर बेटे को क्यों जेल में डाल दिया: झीन बाबू


सीतापुर-जेल से छूटने के बाद मौजूद पूर्व विधायक सेउता झीन बाबू, दिग्विजय सिंह देव, व अन्य

### ● डराने-धमकाने जेल भेजने से नहीं डरते समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता: दिग्विजय सिंह देव

**सीतापुर।** भारत बंद के समर्थन में प्रदर्शन के दौरान जेल भेजे गए सेवता से पूर्व विधायक महेंद्र सिंह झीन बाबू और उनके बेटे पवन सिंह, सपा छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव, अंकित त्रिवेदी, रिजवान अहमद की रिहाई के बाद सपाईयों ने अपने नेताओं का फूल मालाओं से स्वागत किया तथा अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारे भी लगाए। आठ दिसंबर को किसानों के समर्थन में सेवता विधान सभा क्षेत्र में पूर्व घोषित किसान पद यात्रा कार्यक्रम में शामिल होने को जाते समय पूर्व विधायक महेंद्र सिंह झीन बाबू समेत अन्य नेताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था झीन बाबू को देर रात जमानत पर रिहा कर दिया गया था। जबकि उनके बेटे पवन सिंह, छात्र सभा के प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव, अंकित त्रिवेदी, रिजवान अहमद को चौबीस घंटे के बाद बुधवार की शाम को रिहा किया गया। जेल से बाहर आते ही पार्टी के नेता संतोष प्रजापति, राबिन सिंह यादव, जय सिंह यादव, अखिलेश सिंह यादव, हैप्पी, निहाल कुरैशी, इरफान खान, देवेंद्र यादव, अरुण मिश्रा आदि ने पहुंचकर फूल मालाएं पहनाई। पूर्व विधायक महेंद्र सिंह झीन बाबू आई इंडिया से भाजपा सरकार पर सवाल उठाए, कि ये कैसी दुश्मनी, बाप को जेल में बंद किया तो समझ में आता है, बेटे को क्यों बंद कर दिया।

## कोरोना के मिले पांच और मरीज

### जिलाजज के पॉजिटिव होने पर 2 दिन बंद रहेगी कोर्ट

**सीतापुर।** कोविड प्रोटोकाल को लेकर ग्रामीण अंचल में बरती जा रही लापरवाही भारी पड़ने लगी है। सावधानी बरतने के चलते शहर में मरीज कम और ग्रामीण इलाकों में ज्यादा निकल रहे हैं। पिछले 24 घंटे में 5 नए मरीजों की पहचान की गई है। शहर के मोहल्ला कोट में 1 मरीज मिला है। लहरपुर में 3 मरीज मिलने से हड़कंप है। 1 मरीज अन्य स्थान का है। जिले में कुल पॉजिटिव मरीजों की संख्या 4,655 है। उधर दीवानी न्यायालय में जज के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने से न्यायालय बंद हैं। इसे देखते हुए बार एसोसिएशन ने चुनावी कार्यक्रम में परिवर्तन कर दिया है। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन मोहम्मद शाहिद हुसैन सिददीकी ने बताया कि अब 11 दिसंबर तक सदस्यता शुल्क जमा किया जाएगा, नामांकन व मतदाता सूचियों का प्रकाशन 15 व 16 दिसंबर को होगा, नामांकन पत्रों की जांच व वापसी प्रक्रिया 17 दिसंबर को होगी, 23 दिसंबर को मतदान होगा और अगले दिन मतगणना होगी।

थाना हरगांव इलाके के शेरपुर सरावां का मामला

## गांव में बने मंदिर की सैकड़ों वर्ष पुरानी मां दुर्गा की मूर्ति खण्डित

### ● पुलिस क कहना है- गांव के शराबी विक्षिप्त युवक ने तोड़ी मूर्ति, नई मूर्ति मंगाकर की जा रही स्थापित

**संवाददाता।** हरगांव सीतापुर

**सीतापुर के** वैदेही वाटिका में खण्डित रामपुत्रों की मूर्तियां अभी स्थापित ही हो पायी थी कि अराजक तत्वों द्वारा एक और मर्ति को निशाना बनाकर माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया। हांलांकि पुलिस की सक्रियता से कोई भी अप्रिय घटना घटित होने नहीं पायी। पुलिस मूर्त्ति के खण्डित होने में गांव के ही एक शराबी का हाथ बता रही है। ताजा मामला थाना हरगांव इलाके के गांव शेरपुर सरावां का है। जहां गांव के बाहर बने मंदिर में लगी सैकड़ों वर्ष पुरानी मां दुर्गा की मूर्त्ति तोड़ दी गयी। पुलिस के अनुसार मंगलवार रात गांव के लवकुश उर्फ रामू त्रिवेदी ने नशे की हालत में घटना को अंजाम दिया है। अपनी आराध्या देवी की मूर्ति तोड़े जाने से इलाके के सनातन प्रेमियों में रोष व्याप्त हो गया है। हांलाकि कोई अप्रिय घटना घटित होती इससे पहले सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्र हमराही बल के मौके पर पहुंच गये। इसके बाद मामला की गंभीरता को देखते हुऐ शीर्ष अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी इमलिया सुल्तानपुर विनय कुमार सिंह, कोतवाल लहरपुर ओपी राय व थाना प्रभारी तालगांव अजय कुमार यादव भी दल-बल के साथ मौके पर पहुंच गये। थाना प्रभारी हरगांव ने बताया कि माहौल शांत है। मूर्त्ति गांव के ही रामू द्वारा तोड़ी गई है। वह एक विक्षिप्त शराबी युवक है। मूर्ति तोड़ने के बाद कहीं खेतों में फरार हो गया है। मां दुर्गा की नई मूर्त्ति मंगाकर स्थापित की जा रही है।


हरगांव में टूटी दुर्गा मां की प्रतिमा

## मजबूर पेट, बेबस बचपन...


सीतापुर-भले ही सर्द मौसम में रजाई से निकलने का मन न हो, लेकिन मजबूर पेट के आगे बेबस बचपन भला कहां कुछ देखता है। ये तस्वीर भी कुछ यही बंया कर रही है, जेल रोड स्थित रखे कूड़ेदार से कबाड़ निकाल बेंचने का काम करने वाले बच्चे रोज की तरह रोटी की जुगत में जुटे रहे, पूंछने पर बच्चों ने बताया कि प्राइमरी विद्यालय में पढ़ाई कर रहे हैं, लेकिन इस समय विद्यालय बंद है तो पैसे के लिए यह भी कर लेते हैं। (फोटो-विपिन राजवंशी)

## कोर्ट बंद होने से चुनावी कार्यक्रम की बढ़ीं तिथियां

### एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन ने जारी किया आदेश

**सीतापुर।** दीवानी न्यायालय में जज के कोरोना पॉजिटिव मिलने के बाद दो दिन के लिए न्यायालय बंद कर दिए गए हैं। इस तालाबंदी के चलते बार एसोसिएशन ने भी सदस्यता शुल्क समेत चुनावी कार्यक्रम में संशोधित कर तारीखें बढ़ा दी हैं। मंगलवार को सीतापुर दीवानी न्यायालय में एक जज कोरोना संक्रमित पाए गए थे। कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद नौ और दस दिसंबर तक सीतापुर न्यायालय बंद कर दिए गए हैं। इसे देखते हुए सीतापुर बार एसोसिएशन के एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन मोहम्मद शाहिद हुसैन सिददीकी के मुताबिक अब ग्यारह दिसंबर तक एसोसिएशन के सदस्यों की सदस्यता शुल्क जमा किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि नामांकन व मतदाता सूचियों का प्रकाशन पंद्रह व सोलह दिसंबर को होगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष समेत विध्भिन्न पदों पर दाखिल नामांकन पत्रों की जांच व वापसी प्रक्रिया 17 दिसंबर को होगी। जबकि 23 दिसंबर को मतदान होगा। इस दिन सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक वोट डाले जाएंगे। अगले दिन यानी 24 दिसंबर को सुबह दस बजे से वोटों की गिनती कर नतीजे घोषित किए जाएंगे।

## डीएम ने प्रयोगशाला वैन को झंडी दिखाकर किया रवाना

**संवाददाता।** सीतापुर

**कार्यालय आयुक्त** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा मोबाइल प्रयोगशाला(वैन) को हरी झंडी दिखाकर खाद्य पदार्थों की जांच हेतु रवाना किया गया। जिसमें कुल 21 नमूनों की औचक जांच की गयी, जो कि मानकों के अनुरूप पाए गए। जिसमें बर्फी के 6, बूंदी के लड्डू 02, मिर्च पाउडर 02, वेज कबाब 01, छेना मिठाई 01, गोंद के लड्डू 01, पनीर 01, नमकीन 04, खोया 01 व बेसन 02 के नमूनों की जांच कैप्टन नवीन चौक सीतापुर, ग्रीक गंज चौराहा सीतापुर, ग्रीक गंज चौराहा सीतापुर व पुलिस लाइन सीतापुर पर खाद्य विश्लेषक दुर्गेश कुमार राजम द्वारा की गई।

## नवनियुक्त नलकूप चालकों को मिले नियुक्ति पत्र

### ● लहरपुर विधायक डीएम ने वितरित किए प्रमाण पत्र

**संवाददाता।** सीतापुर

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के नवनियुक्त नलकूप चालकों को नियुक्ति प्रमाण-पत्र कार्यक्रम का वर्चुअल शुभारंभ किया। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में किया गया, जहां जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज और विधायक लहरपुर सुनील कुमार वर्मा ने नवनियुक्त नलकूप चालक अनीता यादव, प्रियंका जानसारी, रंजीत कुमार गौतम, उमाशंकर प्रजापति, प्रियंका श्रीवास्तव और मो. खालिद शाहाब को नियुक्ति पत्र दिए। बता दें सीतापुर में 66 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राकेश कुमार पाण्डेय, अधिशासी अभियंता सिंचाई आदि उपस्थित रहे।


सीतापुर-नियुक्ति पत्र वितरित के बाद मौजूद लहरपुर विधायक सुनील वर्मा, डीएम विशाल भारद्वाज व अन्य

कृषक गोष्ठी में

## सांसद ने किसानों की समस्याएं सुनीं

**मिश्रिख सीतापुर।** विकास खंड मिश्रिख के ग्राम सभा लकड़िया मऊ मे कृषक गोष्ठी का आयोजन का किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद अशोक कुमार रावत ने किसानों की समस्याएं सुनी। मिश्रिख सीतापुर विकास खंड मिश्री की ग्राम सभा लकड़िया मऊ में किसानों के हितों के लिए चलाई जा रही प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत जानकारी कृषि उपनिदेशक अरविंद मोहन ने कृषि अधिकारी राम सिंह ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए मुख्य अतिथि सांसद अशोक कुमावत लोकसभा क्षेत्र विषयक का स्वागत कर किसानों को जानकारी है उपस्थित डॉक्टर आरबी त्रिपाठी पशु चिकित्सा अधिकारी पशु से संबंधित जानकारी किसानों को दी भास्कर मिश्रा मंडल अध्यक्ष भाजपा मिश्रिख देहात ने किसानों को जानकारी दी किसानों की समस्याएं सुनते हुए सांसद अशोक कुमार रावत ने रामचंद्र राठौर की शिकायत पर तत्काल डिप्टी आरएमओ व ग्राम बरेठी धान क्रय केंद्र के खिलाफधान न लेने पर 5दिन धान की ट्राली रखने के बाबत तत्काल जिलाधिकारी को कार्यवाही करने के लिए पत्र लिखो उन्होंने कहा किसानों को हर संभव सुविधा और उपलब्ध करा रही है प्रधानमंत्री द्वारा कई योजनाएं केसीसी वगैरह भी चलाई जा रही हैं जिसका लाभ किसानों को लेना चाहिए कई किसानों को बीज का वितरण भी किया गया इस मौके पर कृषि उपनिदेशक अरविंद मोहन सहित भास्कर मिश्रा कमलाकांत मिश्रा राजकुमार सोनी प्रदीप दीक्षित सुरेश सभासद आसिफवेग मोनू प्रधान सैकड़ों की भीड़ एकत्रित रही।

गन्ना क्रय केंद्र पर भड़के विधायक, सुनाई खरी खोटी

## कड़ाके की ठंड में किसानों को काटनी पड़ रहीं रातें

### ● क्रय केंद्र गोंडा देवरिया पर खड़ी गन्ना लदी ट्रॉलियां

**संवाददाता।** रेउसा सीतापुर

**सरकारी गन्ना** क्रय केंद्र पर न तो गन्ना ढुलाई के लिए चीनी मिल की ट्रकें आ रही है और न ही किसानों के गन्ने की समय पर तौल हो रही है। महज एक ट्रक से चीनी मिल तक गन्ने की ढुलाई हो रही है। जिस कारण किसानों को गन्ना तौल के लिए शीत लहरी में क्रय केंद्र पर रातें काटनी पड़ रही हैं। इससे उन्हें दिक्कतें उठानी पड़ रहा है। ये हाल है महमूदाबाद के दि किसान सहकारी चीनी मिल के क्रय केंद्र का। गन्ना क्रय केंद्र गोंडा देवरिया पर किसानों की गन्ना लदी ट्रॉलियों की तौल न होने की शिकायत पर बुधवार को सेवता विधायक ज्ञान तिवारी मौके पर पहुंचे तो वहां के क्रय केंद्र पर करीब 25-30 गन्ना लदी ट्रॉलियां खड़ी थी। मालूमात करने पर पता चला तो महज एक ट्रक से ही चीनी मिल को गन्ना की आपूर्ति की जा रही है। जब तक ट्रक नहीं आता है, किसानों की गन्ना लदी ट्रॉलियों की तौल नहीं होती है। ऐसे में दूर-दराज से आए किसानों की गन्ना लदी ट्रॉलियां न सिर्फ कई-कई रोज तक क्रय केंद्र पर खड़ी रहती हैं, बल्कि उन्हें शीत लहरी के दौर में ट्रॉलियों के नीचे रातें भी गुजारनी पड़ती हैं। किसानों का यह भी कहना है कि समय पर उनके गन्ने की तौल न होने से उनकी पर्चियां भी खराब हो रही हैं। यही नहीं किराए की ट्रॉलियों से गन्ना लेकर आने वाले किसानों को किराए की ट्रॉलियों का भाड़ा भी देना पड़ता है। इससे किसानों को दिक्कतें उठानी पड़ रही है।


गन्ना क्रय केन्द्र पर पूछताछ करते विधायक ज्ञान तिवारी

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति से ट्रेंड होंगे प्राइमरी शिक्षक

### ● सैद्धांतिक व व्यावहारिक के संग सब्जेक्टों का भी लेंगे प्रशिक्षण

**संवाददाता।** सीतापुर

**परिषदीय विद्यालयों** के शिक्षक अब नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत ट्रेंड होंगे। ये शिक्षक सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण तो लेंगे ही, साथ ही इन्हें हिंदी और अंग्रेजी सब्जेक्ट का सरली ज्ञान भी कराया जाएगा। जिससे कि वो नौनिहालों को सरल तरीके से ज्ञान दे सकेंगे। खैराबाद के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित प्रशिक्षण में इन्हें प्रशिक्षित करने की कवायद भी शुरू कर दी गई है। डायट प्राचार्य मनोज कुमार अहिरवार ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में ईसीसीई की श्रेष्ठता के बारे में बताते हुए कहा कि शुरूआती वर्षों में महत्व में बारे में यह प्रभावशाली संकेत हैं। उनका मानना है क बच्चे के जीवन के पहले आठ साल महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि इस अवधि में विकास की गति सबसे ज्यादा होती है और शिक्षक ऐसी शक्ति है, जो प्रभाव निर्माण कर सकते हैं। बीएसए अजीत कुमार ने शिक्षकों का तकनीकी तौर पर विकसित होने पर बल दिया। न्यूरासाइंस के साक्ष्य के आधार पर इस बात को स्वयं चिंहित किया है कि बच्चे के मस्तिष्क का 85 प्रतिशत विकास आठ की आयु से पहले हो जाता है। प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा में निवेश करना इसलिए भी आवश्यक है कि तब बच्चे की शिक्षा में किए गए निवेश का भविष्य में दस गुना लाभ पाया जा सकता है। स्क्वेयर पांडा के एमडी आशीष झालानी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बुनियादी साक्षरता और अंक ज्ञान स्थापित करने के प्रति उनकी प्रगतिशील विचारधारा की हम सराहना करते हैं। स्क्वायर पांडा के विभव श्रीवास्तव व चंद्रेश कुमार सिंह ने जानकारी साझा की।

# बाइक चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

● तीन वाहन हुए बरामद



संवाददाता। मैलानी-खीरी

**पुलिस अधीक्षक** के निर्देशन मे वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिसमें थाना प्रभारी निरीक्षक विद्या शंकर शुक्ला, चौकी प्रभारी संसारपुर सतीश चंद्र, चौकी प्रभारी बांकेगंज कौशल किशोर यादव, आरक्षी राकेश त्रिवेदी, आरक्षी इंद्रेश, आरक्षी विकास पवार, आरक्षी राजेश यादव वाहन द्वारा संसारपुर तिराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान एक बाइक पर सवार दो व्यक्तियों को रोककर गाड़ी के कागजात मागने पर नहीं दिखा सके। पूछताछ के दौरान वह बाइक चोरी की निकली। उनके द्वारा निशानदेही पर पुलिस ने तीन चोरी की बाइकें व एक साइकिल भी बरामद की। इन बाइकों में से एक बाइक अभी कुछ दिन पूर्व ही गोला से चोरी की थी। यह गिरोह गाड़ियों की नम्बर प्लेट बदलकर गाड़ियों को बेंचने का काम करते थे। पुलिस ने इनके पास बाइकों की नम्बर प्लेटें भी बरामद की है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में छोटू उर्फ मदन उर्फदुर्योधन पुत्र स्व. निवासी नाथुपुर गोला खीरी तथा दूसरा कुलदीप उर्फ बूचा पुत्र राम कुमार निवासी नाथुपुर गोला खीरी बताए गए हैं। पुलिस बाइक चोरों को जेल भेजने के बाद अग्रिम कार्यवाही में जुटी हुई है।

## हत्यारोपियों को बचाने को लेकर थाने में जमकर काटा हंगामा



**लखीमपुर-खीरी।** मैगलगंज में हुए खूनी संघर्ष में एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसको लेकर परिजनों ने आज सुबह थाने में पहुंच कर पुलिस पर हत्यारों के आरोपियो को बचाने का आरोप लगाया और थाने में जमकर हंगामा किया। इसमें सपा नेता क्रान्ति कुमार सिंह ने हत्यारोपी दो लोगों पर 302 का मुकदमा पंजीकृत कराया और परिजनों को शांत कराया। पुलिस से भी कर न्याय दिलाने की बात कही। इस दौरान सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# तालाब में मिला अज्ञात युवक का शव



संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

**कस्बे के** मोहल्ला सरैंया के बैरेन्ट्री पब्लिक स्कूल के निकट तालाब में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। पुलिस ने पंचनामा कर शव पोस्ट मार्टम के लिए लखीमपुर भेजा है। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहल्ला सरैया के गर्ग क्रेशर के पीछे बने तालाब में एक युवक की लाश तालाब में तैर रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा देखे जाने के उपरांत सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे क्राइम इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश यादव और कस्बा इंचार्ज जसपाल सिंह ने शव को तालाब से निकलवाया। शव को देखकर युवक 30 या 35 वर्ष का लग रहा है।

पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए लखीमपुर भेज दिया है। क्राइम इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश यादव ने बताया कि लाश कई दिन पुरानी लग रही है। कोई गुमशुदगी थाने में दर्ज नहीं है। मोहल्ले और आस-पड़ोस के लोगों को शव की शिनाख्त के लिए बुलाया गया था। किसी ने शव को नहीं पहचाना है। युवक चेकदार शर्ट और पैंट पहने था। हवाई चप्पल तालाब में पड़ी हैं। एक युवक की लाश तालाब में मिलने की सूचना पर काफी संख्या में लोग जमा हो गये थे। मामला हत्या या खुदकुशी का है इसकी पुष्टि भी अभी नहीं हो सकी है। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

# ट्राली ने युवक को रौंदा, मौत



**मैलानी-खीरी।** मैलानी थाना क्षेत्र के राजामंडी में बुधवार की शाम लगभग 5.15 बजे दामोदरपुर में शादी समारोह में शामिल होने हरिवंश पुत्र सुंदर, अपनी माता चमेली व चाचा उमा शंकर निवासी मौठीखेड़ा चौकी संसार पुर थाना मैलानी जिला खीरी के साथ आ रहे थे। दामोदरपुर पहुंचने से पहले मैलानी तरफ से आ रही खनन में लगी ओवरलोड मिट्टी से भरी ट्राली से ओवर टेक करते समय बाइक चपेट में आ गई। हादसे में हरिवंश की मौके दर्दनाक मौत हो गई तथा उसकी माता चमेली तथा उसके चाचा के भी चोटें आई हैं। देखते ही देखते काफी भीड एकत्र हो गई। सूचना पाकर पहुंची ने ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लेकर शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला भेज दिया है। सूचना मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# किसानों की आय वृद्धि में नलकूप चालकों की बड़ी भूमिकाः मुख्यमंत्री

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**बुधवार को** 'मिशन रोजगार' के अंतर्गत उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के चयनित 3209 नलकूप चालकों के सापेक्ष जनपद खीरी को 31 नलकूप चालकों की सौगात मिली। जिसमें 28 पुरुष एवं तीन महिलाएं शामिल हैं।बुधवार को जिला सूचना विज्ञान केंद्र में जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में सभी नव चयनित नलकूप चालकों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नियुक्ति पत्रों का वितरण, पद स्थापना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि किसान भाइयों की आय में वृद्धि करने में नलकूप चालकों की बड़ी भूमिका निर्वहन करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ-साथ पारदर्शी तरीके से नलकूप चालकों का चयन किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में गत छह वर्षों में कई किसान हितार्थ जन कल्याणकारी योजनाओं शुरू हुई।। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मृदा परीक्षण, किसानों के खेत तक जल पहुंचाने के साथ ही किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य, किसान सम्मान निधि जैसी अनेक किसान परक योजनाओं में पारदर्शी व्यवस्था के तहत डीबीटी के माध्यम से किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानपरक योजनाओं व किसानों को तकनीक से जोड़ा, उन्हें समय पर खाद एवं बीज की उपलब्धता, खेत से बाजार तक पूरी व्यवस्था को सुगम बनाने के साथ उसकी उपज को क्रय करने की व्यवस्था तय की।



उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने मिशन रोजगार के तहत बड़े पैमाने पर पूरे प्रदेश में हर सेक्टर में रोजगार मुहैया कराए हैं। इसी प्रकार से आगे भी सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में रोजगार मुहैया कराने के लिए सरकार नित नए कदम उठा रही है। उन्होंने सुचितापूर्ण एवं पारदर्शी व्यवस्था के तहत चयनित व नवनियुक्त सभी नलकूप चालकों को जल शक्ति विभाग का अंग बनने पर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की। जनप्रतिनिधि नियुक्ति पत्र देकर आपकी प्रतिभा का सम्मान कर रहे हैं। आप सभी का दायित्व है कि पूरी उर्जा और क्षमता के साथ प्रत्येक अन्नदाता के खेत तक समय से पर्याप्त जल मुहैया कराएं। उन्होंने कहा कि जल के एक एक बूंद का मूल्य समझना होगा और इसके लिए जन जागरण कर अन्य लोगों को भी जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना होगा।वर्चुअल कार्यक्रम के उपरांत कलेक्ट्रेट स्थित जिला सूचना विज्ञान केंद्र में ही ज़िले को मिले 31 नवचयनित नलकूप चालकों को खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी, विधायक सदर योगेश वर्मा विधायक निघासन शशांक वर्मा, धौरहरा सांसद प्रतिनिधि सुमित तिवारी ने डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह की मौजूदगी में नियुक्ति पत्र वितरित किए एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के आरंभ में अधिशासी अभियंता नलकूप शैलेंद्र कुमार यादव ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में अधिशासी अभियंता नलकूप शैलेंद्र कुमार यादव, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, अंबरीश सिंह, सांसद धौरहरा प्रतिनिधि सुमित तिवारी सहित नलकूप विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**बरेली।** मोटरसाइकिल सवार युवक पर पास से गुजर रहे ट्रक पर लादे लोहे के एंगिल गिर पड़े जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।शाही थाने के गांव दिनरा मिर्जापुर निवासी 25 वर्षीय राम किशोर पुत्र बुद्धसेन की बीती रात शाही थाने के गांव अकसोरा में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक के घर वालों ने बताया कि रामकिशोर कल रात लगभग 8 बजे मोटरसाइकिल से बसई गांव में रहने वाले एक रिश्तेदार के घर विवाह समारोह में शामिल होने के लिए अपने घर से चला था। लेकिन रास्ते में ही अकसोरा में पीछे से आ रहा एक ट्रक उसकी बाइक को ओवरटेक करने लगा। इसी दौरान ट्रक में लदे लोहे के एंगिल बाइक सवार रामकिशोर पर गिर पड़े। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रक फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी। लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची रामकिशोर की मौत हो चुकी थी।

### ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के सतनरैनी एन0एच0 2 में मंगलवार की देर शाम ट्रक की चपेट में आ जाने से 24 वर्षीय बाइक सवार की मौके में ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र के देहुली गांव निवासी रामप्रसाद उर्फनन्हू का पुत्र शिवकुमार ती न दिन पूर्व अपनी बुआ सरोज कुमारी पत्नी छेद्दू की पुत्री की शादी में शामिल होने गया था। कल शाम मोटर साइकिल द्वारा वापस गांव आ रहा था कि जैसे ही वह सतनरैनी के समीप हाईवे पर पहुंचा। तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दिया जिससे शिवकुमार की घटना पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### जहर खा युवक ने दी जान

**फतेहपुर।** हथगांव थाना क्षेत्र के ग्राम गौरा में घरेलू कलह के चलते 30 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिसे उपचार के लिए हथगांव समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार गौरा गांव निवासी हुबलाल का पुत्र सुनील कुमार जो कई दिनों से घरेलू कलह के चलते मानसिक तनाव में था। मंगलवार की शाम उसने जान देने के इरादे से जहर खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे उपचार के लिए हथगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदनगृह भेज दिया।

### पीट-पीटकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस क्षेत्राधिकारी स्थानांतरित, हेड कांस्टेबल निलंबित

**शाहजहांपुर।** जिले में दबंगों द्वारा भाजपा कार्यकर्ता की लाठी-डंडों एवं लाइसेंसी हथियारों से पीट-पीटकर हत्या किए जाने के मामले में परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन करने के बाद परिवार वालों एवं भाजपा विधायक रोशनलाल वर्मा की मांग पर पुलिस क्षेत्राधिकारी को स्थानांतरित कर हेड कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया। नेशनल हाईवे पर शव रखकर प्रदर्शन करने की चेतावनी देते रहे सीओ के निलंबन की मांग पर अड़ गए।आक्रोशित परिजनों के समर्थन में भाजपा जिला अध्यक्ष एवं तिलहर विधायक रोशन लाल वर्मा ने भी क्षेत्राधिकारी के निलंबन की कार्यवाही का समर्थन किया। मौके पर पहुंचे एसपी ग्रामीण निपुण अग्रवाल ने उच्चाधिकारियों से वार्ता कर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी के स्थानांतरण की कार्यवाही करते हुए बमुश्किल परिजनों को शांत किया अंत्येष्टि करने को राजी हुए। गौरतलब है कि तिलहर थाना क्षेत्र के गांव राजूपुरा में भाजपा कार्यकर्ता राजीव की गांव के ही दबंगों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों एवं लाइसेंसी असलहा की बटों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। पोस्टमार्टम होने के बाद परिजन शव लेकर घर पहुंचे आक्रोशित परिजन क्षेत्राधिकारी तिलहर परमानंद पांडे के निलंबन की मांग पर अड़ गए इसी बीच भाजपा जिला अध्यक्ष हरि प्रकाश वर्मा तिलहर से भाजपा विधायक रोशनलाल वर्मा भी मौके पर पहुंच गए।और परिजनों की हां में हां मिलाते हुए उनका समर्थन कर सीओ के त्वरित निलंबन की मांग पर अड़े रहे। सूचना मिलने पर भारी पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे एसपी ग्रामीण निपुण अग्रवाल ने भाजपा जिला अध्यक्ष व विधायक सहित परिजनों से वार्ता करनी चाही लेकिन परिजन अपनी मांग पर अड़े रहे। इस पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने उच्चाधिकारियों से वार्ता कर पूरा प्रकरण पुलिस अधीक्षक को बताया जिस पर पुलिस अधीक्षक एस आनंद के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी तिलहर के स्थानांतरण पर परिजनों को किसी तरह समझा-बुझाकर शांत करवाया गया तब कहीं जाकर पुलिस की जान में जान आई और परिजन अंत्येष्टि करने के लिए राजी हुए।

# सरकार किसानों के दमन पर आमादाः तनवीर

संवाददाता। शाहजहांपुर



**तहसील पुवायां** में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर किसान यात्रा सपा जिला अध्यक्ष श्री तनवीर खां के नेतृत्व में आयोजित हुई । किसान यात्रा कटरा बाजार से शुरुआत हुई जो कि राजीव चौक होकर ब्लॉक खुटार पहुंचनी मगर रस्ते में पुलिस बल ने रोकने की कोशिश की और काफी देर तक धक्का-मुक्की हुई जिसके बाद सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान व उपेंद्र पाल सिंह व पुवायां विधानसभा अध्यक्ष गोपाल अग्निहोत्री व पुवायां ब्लॉक अध्यक्ष शफीक उर रहमान सहित पार्टी के नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए और उत्तर प्रदेश की योगी व केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे । पुलिस बल ने गिरफ्तार कर लिया पुलिस लाइन भेजा ।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने कहा कि जब तक किसानों की मांगें नहीं मानी जाएंगी तब तक समाजवादी पार्टी किसानों के साथ आंदोलन में शामिल रहेगी। केंद्र व प्रदेश की सरकार किसान विरोधी हो गई है। प्रदेश में अपराध बढ़ता जा रहा है। सपा नेता उपेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि पुलिस अपराधियों को नहीं पकड़ पा रही है लेकिन किसान आंदोलन का समर्थन करने वाले समाजवादी पार्टी के लोगों को गिरफ्तार कर रही है। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खां के साथ सरदार जगदीश सिंह टांडे, गायत्री वर्मा, हिमांशु बाजपाई, सुखबीर सिंह चौहान, मोनू इदरीसी,, श्याम जी शुक्ला, प्रसून कुमार, मिश्री लाल पटेल, स्थिति गुप्ता, चंद्र मोहन यादव, शाहनवाज, अतिउल्ला सिद्दीकी,सर्वेश मिश्रा, साबिर इदरीसी सरदार मंजीत सिंह, बलविंदर सिंह, रिजवान खान, रफ्त, आरिफ नाजिम,अनु रस्तोगी,अंकुर गुप्ता, प्रदीप तिवारी,आनंद शुक्ला उपेंद्र सिंह, राम प्रकाश शुक्ला, विश्वा देव मिश्रा, रकीम खां राहुल मिश्रा, अनीश खान,शफीका,मो0 हनीफ खान,सचिन दीक्षित अजीत गुप्ता,सौमित्र यादव, इस्माईल खां, निर्मल सिंह,अनूप गुप्ता,अजीत सिंह,शिव कुमार दीक्षित आदि मौजूद रहे।

## नगर पंचायतों के कार्यों की जाँच अपर जिलाधिकारी के हवाले

**शाहजहांपुर।** नगर पालिकाध्नगर पंचायत में 15 वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान से कराए जाने वाले विकास कार्यों की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में नगर पालिकाध्नगर पंचायत की कार्ययोजना लगभग 11 करोड़ की जिलाधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत की गयी। जिलाधिकारी द्वारा नगर पालिकाध्नगर पंचायत की एकाएक कार्ययोजना की गहनता से समीक्षा की गयी, जिसमे से कुछ कार्यों अस्वीकृत बाकी षेष कार्यों की स्वीकृति प्रदान करते हुए विकास कार्यों को तीव्र गति से समयान्तर्गत पूर्ण करने के निर्देष दिए गये। जिलाधिकारी ने कहा है कि जिन कार्यों को अस्वीकृति प्रदान की गयी है, उन कार्यों को अपर जिलाधिकारी प्रषासन एवं सम्बन्धित विभाग के अधिकारी द्वारा जांच कराई जाएगी। जांच के उपरान्त तथ्यों के आधार पर कार्य की स्वीकृति प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

# 44 नलकूप चालकों को पदस्थापना नियुक्ति पत्र



**शाहजहांपुर।** सेवा चयन आयोग नवनियुक्त नलकूप चालकों को जनपदवार पदस्थापना प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम वीडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम संवाद स्थापित किया गया, जिसका सजीव प्रसारण कलेकट्रेट एन.आई.सी. कक्ष में देखा गया। इस अवसर जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह आदि द्वारा संयुक्त रूप से नवचयनित 48 नलकूप चालकों में से 44 नलकूप चालकों को पदस्थापना प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। पदस्थापना प्रमाण-पत्र वितरित कार्यक्रम में 48 नलकूप चालकों में से 4 नलकूप चालक अपरिहार्य कारणों से अनुपस्थित रहें। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव ने कहा कि प्रदेष की योगी सरकार मिषन रोजगार के अन्तर्गत तत्परता के साथ रोजगार देने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नलकूप चालकों के लगातार सेवानिवृत्त होने के कारण प्रत्येक नलकूप चालक को 3 से 4 नलकूपों का संचालन करना पड़ता था। विभाग का यह महत्वपूर्ण जनहित का कार्य, जो कि सीधे तौर पर कृषकों के हित से जुड़ा है। कृषकों का कार्य प्रभावित न हो जिसके दृष्टिगत प्रदेष की योगी सरकार ने अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से निष्पक्ष व पारदर्षी तरीके से भर्ती प्रक्रिया पूर्ण कर चयन किया है। श्री अजय ने कहा है कि महिला सषक्तीकरण अभियान को सार्थकता देते हुए प्रथम बार प्रदेष में 516 महिला नलकूप चालकों की भर्ती विभाग में की गयी है। उन्होंने कहा है कि जनपद में 48 नलकूप चालकों में से 37 पुरूष तथा 11 महिला नलकूप चालक है। जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा है कि नियुक्ति पा रहे नलकूप चालकों से विभाग को एक नई जनषक्ति प्राप्त होगी और यह विभाग जनता व कृषकों के प्रति अपने दायित्वों को और अधिक तत्परता से पूर्ण कर सकेगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रषासन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# सूदखोरों से तंग युवक ने खाया जहर

**बिन्दकी, फतेहपुर।** सूदखोरों से तंग एक कोटेदार ने जहर खाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या करने वाले युवक ने जहर खाने से पूर्व एक सुसाइड नोट लिखा है, जिसमें सूदखोरों का जिक्र किया है। सुसाइड नोट में युवक ने यह भी आरोप लगाया है कि ब्याज और मूलधन वापस करने के बाद भी सूदखोर उन्हें तरह तरह से प्रताणित कर रहे हैं और जबरन दुकान से पैसे छीन ले जाते हैं।थाना बकेवर क्षेत्र के मुसाफा ग्राम निवासी रमेश चंद्र गुप्ता उम्र 45 वर्ष सूदखोरो से तंग आकर कल जहर खा लिया था, जिसकी कानपुर के एक अस्पताल में मौत हो गई। मृतक रमेश चंद्र गुप्ता द्वारा लिखे गए सुसाइड नोट में आधा दर्जन से ज्यादा सूदखोरो का जिक्र किया गया है ,जो सात प्रतिशत से लेकर दस प्रतिशत तक मासिक ब्याज लेते थे ,और मूलधन व ब्याज की वापसी के बाद भी प्रताणित करते थे। सुसाइड नोट में यह भी बताया गया है कि ग्राम जरारा के कोटेदार धर्मेंद्र उत्तम पुत्र भोज नारायण से उसने 400000 रुपय लिए थे, जिसने एक एग्रीमेंट भी लिखा लिया था ,और उसकी दुकान के कागजात भी अपने पास गिरवी रख लिए थे। उक्त कोटेदार का 400000 रुपया मय ब्याज के उसने वापस कर दिया था। इसके बावजूद वह उसे प्रताणित करता रहा और उसकी दुकान के कागजात भी नहीं दिए । सुसाइड नोट के अनुसार सूदखोर और पैसे न देने पर मारपीट गाली गलौज व जान से मारने की धमकी भी देते थे, जिससे मानसिक रुप से वह परेशान है और आत्महत्या कर रहा है। मृतक रमेश चंद्र की पत्नी रेनू गुप्ता 40 वर्ष ने सूदखोरों के ऊपर जबरन जहर खिलाए जाने का आरोप लगाया है। रेनू गुप्ता का कहना है कि उसके पति को पिछले लंबे अरसे से यह सूदखोर प्रताणित करते रहे हैं ,और पैसा लेने के बाद भी मूल रकम बकाया होने की बात कह कर मारपीट व गाली गलौज करते थे, जिससे उसका पति मानसिक रुप से परेशान रहता था। बीते दिन वह जब पैसा लेकर एक सूदखोर के यहां गया तो उसने पैसे लेने के बाद जबरिया जहर की गोली खिला दिया, और फोन पर खबर दिया कि उसके पति ने जहर खा लिया है ,और वह जहानाबाद में भर्ती है।

# किसानों के समर्थन में आई प्रगतिशील समाजवादी पार्टी

संवाददाता। बरेली

**प्रगतिशील समाजवादी** पार्टी लोहिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय शिवपाल सिंह यादव जी के आह्वान पर जनपद बरेली में किसानों से संबंधित समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन माननीय प्रधानमंत्री जी को जिला अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा इससे पूर्व सभी कार्यकर्ता सेठ दामोदर स्वरूप पार्क पर सुबह 11 बजे से एकत्रित होना शुरू हो गए । महानगर अध्यक्ष डॉ मोहम्मद खालिद ने कहा की आज हिंदुस्तान का किसान परेशान है जबकि बरेली जनपद में सारे जनप्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी के होते हुए भी आज बरेली में जाम की स्थिति बनी हुई हैं। कोई भी जनप्रतिनिधि इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है । दिल्ली लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग का सबसे व्यस्त चौराहा चौपला पर ओवर ब्रिज के निर्माण के चलते कोई भी वैकल्पिक व्यवस्था प्रशासन ने नहीं बनाई है । इससे आम जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । हालत यह है कि जल निगम के अधिकारियों



ने पूरे शहर को अपनी मनमर्जी तरीके से सीवर लाइन के लिए खोद डाला है ना तो वह अधिकारियों की सुनते हैं ना जनप्रतिनिधियों को सुनते हैं । ऐसी स्थिति में बरेली वासियों का बुरा हाल है । कोई सुनने वाला नहीं है । हम सरकार से मांग करते हैं की विकास कार्य भी चलते रहें और जनता को परेशानियां भी ना उठानी पड़े । बरेली वासियों को आज जो यह समस्या झेलनी पड़ रही है उसके लिए सीधे तौर पर बरेली के जनप्रतिनिधि और प्रशासन और सरकार जिम्मेदार है। इस दौरान माननीय जिला अध्यक्ष श्री मलखान सिंह यादव जी ने किसानों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव ने कहा कि ऐसा लगता है कि यह सरकार पुलिस के बल पर चल रही है और किसानों की आवाज को दबाया जा रहा है पुलिस के बल पर दबाया जा रहा है पुलिस सरकार के इशारों पर काम कर रही है और आज इतनी पुलिस फोर्स दामोदर शुरू पार्क पर इकट्ठा कर रखी थी जैसे कि बहुत बड़ा कोई अपराधी आ रहा हो अगर यही पुलिस बल अपराधियों को पकड़ने में लगाई गई होती तो शायद आज उत्तर प्रदेश में अपराध कम हो गए होते परंतु इस सरकार में अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं और इस देश का अन्नदाता के ऊपर पुलिस का पहरा लगा हुआ है हमारे पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को आने से रोक दिया गया मीरगंज में जिला महासचिव किशनलाल यादव और मीरगंज विधानसभा के अध्यक्ष महिपाल सिंह यादव को मीरगंज चौकी पर ही रोक लिया ज्ञापन सौंपते समय मुख्य रूप से प्रदेश सचिव रमेश बघेल जी, जिला प्रवक्ता रविंद्र यादव,प्रमुख महासचिव महानगर अशोक यादव ,जमुना प्रसाद मौर्य ,कंचन यादव, शरद वीर सिंह यादव ,आदेश यादव, महिला सभा महानगर अध्यक्ष सरताज गजल अंसारी ,निशा खान, नुसरत अली खान आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।

# दबंगों ने की गला दबाकर हत्या

**● कुछ दिन पहले ही हुआ था ग्रामीण का मामूली विवाद**



**संवाददाता।** कायमगंज फर्रुखाबाद

**कानून** व्यवस्था से बेपरवाह दबंग कब और कहां तथा किसे मौत के घाट उतार देंए कुछ कहा नहीं जा सकता। यह हाल आजकल कोतवाली कायमगंज क्षेत्र में बना हुआ है। एक के बाद एक कहीं ना कहीं कोई न कोई घटना आए दिन होती रहती है । किंतु कानून की रक्षक खाकी न जाने क्यों हाथ पर हाथ धरे बैठी है । विगत समय में हुई अनेकों घटनाएं जो कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाकर की जा चुकी हैं। ऐसी बहुत सी घटनाओं का पुलिस अब तक न तो खुलासा कर पाई है और ना ही घटनाओं को अंजाम देने वाले असली अपराधियों तक पहुंच पाई है। शायद यही कारण है कि आज फिर दबंगों ने कहर बरपाते हुए एक सीधे.साधे ग्रामीण की मारपीट करने के बाद गला दबाकर निर्मम हत्या कर दी।

मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव हजरतपुर निवासी सुरेंद्र सिंह पुत्र वेदराम को गांव के ही दबंग विकास पुत्र जुगेंद्रसिंह व रत्नेश एवं प्रेमपाल पुत्र गण कुलुफ सिंह ने नियोजित षड्यंत्र के तहत पकड़ लिया और जमकर मारा पीटा। इतने पर भी जब इन दबंगों को तसल्ली नहीं आई तो इन्होंने उसको गला दबाकर मरणासन्न कर दिया । घटना की खबर मिलते ही घबराए मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे तथा कुछ अन्य ग्रामीणों के आने की आहट पाकर आरोपी मौके से चले गए। गंभीर हालत में मृतक का पिता वेदराम कुछ अन्य ग्रामीणों की सहायता से अपने बेटे को कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर अमरेश कुमार ने सुरेंद्र को मृत घोषित कर दिया।

साथ आए पिता ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि यह लोग बहुत ही दबंग किस्म के हैं। उसके बेटे से इनका पहले मामूली सा विवाद विवाद हुआ था । उसी की खुन्नस में इन लोगों ने आज उसके बेटे की निर्मम हत्या कर दी। मृतक की शादी अभी कुछ वर्ष पहले ही हुई थी । उसकी पत्नी ने चंद दिनों पहले ही दो जुड़वा बच्चों को जन्म दिया। जिनमें से एक बेटा तथा दूसरी बेटी है । मृतक के शब पर उसकी पत्नी आरती तथा मां सुखदेवी बिलख ऱबिलख कर रो रही थी। पिता की आंखों से बेटे की मौत के गम में आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। अस्पताल पहुंचकर पुलिस ने घटना की जानकारी लेकर पंचनामा भरने की औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भिजवा दिया।

## बिना लेआउट प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ डीएम हुए सख्त

**फर्रुखाबाद।** जिले में बिना लेआउट पास कराकर ही प्लाटिंग करने वालों की अब आफत आनें वाली है। इस तरह के लोगों पर डीएम सख्त हो गये हैं। उन्होंने सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये है।

कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किए गया। जिसमे वाणिज्य कर, आबकारी, विधुत आपूर्ति, स्टाम्प, राजस्व की बसूली में कमी पायी गयी। डीएम नें लक्ष्य के सापेक्ष वसूली के निर्देश दिये। इसके साथ ही डीएम नें सख्त निर्देश दिये कि शहर में अबैध रूप से चल रहीं प्लाटिंग को ध्वस्त करने के निर्देश दिये। अबैध प्लाटिंग करने वाले लोगों के खिलाफ नोटिस जारी कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा विनियमित क्षेत्र में बिना लेआउट के प्लाटिंग करने की अनुमति ना दी जाये।

# पूर्व प्रधान की हत्या, झाड़ियों में मिला शव



**संवाददाता** घाटमपुर

**थाना** सजेती के बांध में बीते मंगलवार को हुई एक किसान की हत्या के मामले में पुलिस अभी हत्यारों तक पंहुच भी न पाया थी कि साढ थाना क्षेत्र के गांव कुमहूपुर में एक पूर्व प्रधान की गला कस कर हत्या कर दी गयी। मृतक रामआसरे ( 64 ) पड़री लालपुर गांव का पूर्व प्रधान था तथा बर्तमान में कुमहूपुर गांव में रह रहा था। बताया जाता है रामआसरे बीते 3 नि पहले शांम का अचानक गायब हो गया था परिजनों की सूचना पर पुलिस ने उसके मोबाइल को सर्विस लांश पर लगाया तो उसका लोकेशन पड़ोसी गांव में मिला और जब पुलिस ने वहाँ दबिस दी तो वो वहाॅ नही मिला था बाद में उसका मोबाइल नाट चिबुल बताने लगा था। साढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि आंगौछे से गला कसा शव मिलने से अनुमान है कि उसकी गला कस कर हत्या की गयी है। उधर घटना के बाद सीओ रबि कुमाार सिंह और पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बृजेश कुमार डाग स्क्वायड के साथ मौके पर पंहुचे और घटना के बावत पूछतांछ की।

## बैंक मित्र को उत्कृष्टता प्रमाण

**घाटमपुर।** अटल पेंन्शन योजना के फइनेन्शल फइटर कैम्प में उल्लेखनीय कार्य करने पर इण्डियन बैंक ( इलाहाबाद बैंक ) के उप महा प्रबन्धक एवं अंचल प्रबन्धक के0एल0 मेनन ने इलाबाद बैंक के बैंक मित्र योगेन्द्र सिह सचान को उत्कृष्टता प्रमाण पत्र व नगद राशि देकर संम्मानित किया है । कोरोना गाइड लाइन के तहत शाखा प्रबन्धक अनुज बर्मा ने उप महा प्रबन्धक की ओर से दिया। शाखा प्रबन्धक अनुज बर्मा ने बताया कि उत्कृष्टता प्रमाण पत्र 20 सितम्बर 2020 से 14 अगस्त 2020 के बीच सेवा प्रदत्त के तहत सराहनीय कार्य किया है।

# बाइक सवार दो युवकों ने कार सवार से की मारपीट, चेन लूटी

**● भरथना के गिरधारीपुरा में दिन दहाड़े घटित हुई लूट की घटना**



**संवाददाता।** इटावा

**भरथना** कोतवाली पुलिस प्रशासन में बुधवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे उस समय हड़कम्प मच गया। जब जनपद औरैया के ग्राम कुदरकोट स्थित ग्राम मानिकपुर के निबासी एक परिवार के सदस्यों से भरी मारुति ओमनी कार सबारों को निशाना बना कर पल्सर सबार दो युवकों ने भरथना कस्बा स्थित मोहल्ला गिरधारीपुरा पुलिया के निकट मारपीट करते हुये कार चालक गोलू को खींच लिया विरोध करने पर कार ने बैठे पंकज कुमार व सौरभ कुमार को भी मारपीट का शिकार बनाते हुए सौरभ की भारीभरकम सौने की जंजीर तोड़ ली। इस बीच पल्सर सबार युवकों ने दिन दहाड़े लूट की घटना को सरेबाजार अंजाम देते हुए ऐसा तांडव किया कि प्रत्यक्षदर्शियों के होश उड़ गये। पल्सर सबारों ने कार का शीशा तक तोड़ दिया और लूट की घटना को अंजाम देकर पल्सर सबार लुटेरे मौके से भाग जाने में सफल हो गये। घटना के प्रत्यक्षदर्शी सपना देवी व सन्नी समेत सृष्टि देव रुद्र घटना को लेकर अभी भी भयभीत बने हुए है। लूट के शिकार पीड़ितों ने कोतवाली पहुँच कर पल्सर सबार लुटे युवकों के विरुद्ध कार्यवाही की गुहार लगाई है।

# विधायक की पैरवी पर भी डॉक्टर ने नहीं किया दुष्कर्म पीड़िता का मेडिकल


**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**दुष्कर्म** पीड़िता का मेडिकल बीजेपी विधायक की पैरवी पर भी नही हो सका। काफी देर खीचतान भी चली। विधायक नें कड़ी नाराजगी व्यक्त की। विधायक के दबाब में बाद में दूसरे चिकित्सक नें मेंडिकल किया।

दरअसल थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी 13 वर्षीय बालिका के साथ बीती 8 दिसंबर की रात ग्राम पंतौजा निवासी आरोपी आमिल पुत्र जुल्फिक्कार नें घर में घुसकर बलात्कार किया था। पुलिस नें पीड़िता की माँ की तहरीर पर पतौंजा निवासी आमिल, आकिब, जुल्फिक्कार, शाकिर, रामू उर्फ कमाल जेके भट्टा के खिलाफ धारा 376, 452, 506, पास्को एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया। बीती रात थाना पुलिस नें बालिका का मेडिकल कराने को उसे लोहिया महिला अस्पताल में भेजा। महीला अस्पताल में पीड़िता 7रू30 बजे पुलिस के साथ मेडिकल कराने पंहुची। मौके पर डॉ0 ममता अरुण की डियूटी थी। लेकिन उनके मौके पर ना होनें के चलते जब उन्हें सूचना दी गयी तो उन्होंने समय पूरा होनें का हबाला देते हुए मेडिकल करनें से इंकार कर दिया। जिसकी जानकारी पीड़िता के परिजनों नें भोजपुर विधायक नागेन्द्र राठौर को दी। विधायक कुछ ही देर में लोहिया अस्पताल आ गये। उन्होंने सीएमएस डॉ कैलाश को बुला लिया। मौके पर डियूटी पर तैंनात डॉ कृष्णा बोस मिलीं। डॉ ममता अरुण नें सीएमएस और विधायक के कहने के बाद भी पीड़िता का मेडिकल नही किया। जिसके बाद डॉ कृष्णा बोस से मेंडिकल कराया गया। महिला चिकित्सक की मनमानी से विधायक खफा दिखे। चिकित्सक ममता अरुण का कहना था कि आठ बजे तक डियूटी पर थी तब तक पीड़िता मेडिकल के लिए नही आयी थी।

# सोलह बकायेदारों के कनेक्शन काटे, दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**संवाददाता।** इटावा



**लखना** प्रदेश सरकार के निर्देश पर अधिशाषी अधिकारी द्वितीय खंड के निर्देशन में बुधवार को लखना विद्युत कार्यालय पर विद्युत शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें 4 लाख 52 हजार रुपये के 16 बकायेदारों के कनेक्शन काटते हुए 2 कटियाधारकों को पकडकर एफआई आर दर्ज कराई गयी। अवर अभियन्ता लखना कन्हैयालाल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरुप लाइन लॉस के चलते बुधवार को विद्युत शिविर का आयोजन विजली घर पर किया गया। जिसमें 4 लाख 52 हजार के 16 बडे बकायेदारों के कनेक्शन काटे। वहीं विजली चोरी करते हुए 2 उपभोक्ताओं को पकडा गया। जिनके विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कराई गयी। इसके साथ ही 1 लाख 20 हजार रुपए की बसूली की गयी। इसके अलाबा नहर के किनारे एमातन मुहाल काछियान मुहाल खेडा मुहाल बाईपास रोड लखना पर घर घर चैकिंग की गयी। जिसमें 3 उपभोक्ताओं को नये कनेक्शन व 2 उपभोक्ताओं के लोड बढाये गये। वहीं इस चैकिंग अभियान से विजली चोरों में हडकम्प मच गया। वहीं बताया कि अब घर घर आकस्मिक चैकिंग की जाएगी। जिससे चोरों पर नकेल कसी जा सकी। इसलिए चोरों को आगाह करते हुए कनेक्शन कराने को कहा व बकायेदारों से भी अपने बिल जमा करने की अपील की।

इस मौके पर संविदा लाइनमैन सुरेश पांडेय पप्पू रामबीर महेन्द्र यादव कल्लू इन्दल सिंह बिनय यादव रामू उपस्थित रहे।

## 634 बनाए गए आज गोल्डन कार्ड

**कानपुर देहात।** आयुष्मान भारत योजना भारत सरकार की एक स्वास्थ्य योजना है। इस योजना के अन्तर्गत आने वाले प्रत्येक पात्र परिवार को पाँच लाख रूपये तक का कैश रहित स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड धारक व्यक्ति पाँच लाख रूपये तक का अपना मुफ्त इलाज चुने गये सरकारीध्प्राइवेट अस्पताल में करा सकता है। जनपद में गोल्डेन कार्ड बनाये जाने में की जा रही शिथिलताध्धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने विशेष अभियान चलाकर गुणात्मक प्रगति लाने के निर्देश दिये गये। जिसके क्रम में आज 634 गोल्डेन काडे बनाये गये है। उक्त प्रगति जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में उप जिलाधिकारीए तहसीलदार खण्ड विकास अधिकारी व स्वास्थ्य विभाग की टीमों के संयुक्त प्रयास से विशेष अभियान चलाकर किया गया है।

# टप्पेबाज ने दुकान से उड़ाए एक लाख

**संवाददाता।** कायमगंज फर्रुखाबाद

**कायमगंज** नगर में आजकल दो नटवरलाल जिन्हें टप्पे बाजी करने की कला में अच्छा हुनर हासिल है। दुकानदारों के लिए परेशानी का सबब बनते जा रहे हैं। इन टप्पे बाजो ने मोहल्ला काजमखाँ बाजार में स्थित कूकीखेल निवासी मोहम्मद अकमल मंसूरी की दुकान को निशाना बनाकर अपने काम को बड़े ही शातिराना अंदाज के साथ अंजाम दिया।

पुलिस को दी गई तहरीर में अकमल ने कहा है कि दिनांक 7-12-2020को मेरी कादरी कन्फेक्शनरी ध् ज्ञान दूधडेयरी डीलर की दुकान पर समय दिन के लगभग 2रू00 बजे एक बाइक पर सवार होकर दो लोग आए। जिनमें से एक मेरी दुकान में घुस आया और दूसरा बाहर सड़क पर ही बाइक लिए खड़ा रहा। दुकान में आए शातिर ने कहा कि मुझे 40 पैकेट गुड डे बिस्कुट चाहिए। इस पर मेरे पिता दुकान के अंदर चले गए और एक गत्ते में बिस्कुट के पैकेट रखने लगे । इसी बीच मौका पाकर टप्पे बाज ने गोलक में रखे एक लाख रुपए निकाल लिए तब तक पिताजी ने आकर उससे बिस्कुट की कीमत के रुपए देने को कहा शातिर ने बड़े ही नाटकीय ढंग से कहा कि मैं अपना पर्स घर पर भूल आया हूं । अभी आकर रुपए देकर बिस्कुट के पैकेट ले जाऊंगा।



यह कहकर वह व्यक्ति मोटरसाइकिल पर बैठकर वहां से चला गया। उसके जाने के बाद ही जब जरूरत पर गोलक देखी तो उसमें से रुपए गायब थे। इसके बाद परेशान दुकानदार ने पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक करवाई, तो मामला समझ में आ गया कि जो व्यक्ति भाजपा लिखी नेम प्लेट वाली बाइक से आया था। यह कारनामा उसी का है किंतु निकली फुटेज में टप्पेबाजों के फोटो कुछ धुंधले से नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि इसी बाइक पर सवार टप्पे बाजों ने इस घटना से एक दिन पहले गांजा भांग गली वाले मार्केट में स्थित कॉस्मेटिक दुकानदार विमल पुत्र नरेश चंद निवासी मोहल्ला पाठक की दुकान से इसी तरह के नाटकीय ढंग से चार हजार रुपए गोलक से पार कर दिए थे।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, साथी गंभीर

**राजेपुर फर्रुखाबाद।** इटावा-बरेली हाई-वे पर बाइक सबार दो युवकों को ट्रक नें कुचल दिया। जिससे दोनों बुरी तरह जख्मी हो गये। पुलिस नें उन्हें लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ एक युवक को मृत घोषित कर दिया गया जबकिदूसरे की हालत गंभीर होनें पर उसे रिफर कर दिया गया।थाना शमसाबाद क्षेत्र के ग्राम छिछौनापुर पट्टी निवासी 42 वर्षीय सर्वेश कुमार पुत्र राधेश्याम अपने दोस्त 30 वर्षीय अनुज पाण्डेय पुत्र जयप्रकाश उर्फ कल्लू निवासी ऊगरपुर के साथ बाइक एक विवाह समारोह में शामिल होनें गये थे। उसी दौरान थाना राजेपुर के ग्राम डबरी केनिकट इटावा-बरेली हाई-वे पर जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक सबार गंभीर रूप से जख्मी हो गये।दोनों को पुलिस नें लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ सर्वेश को डॉ0 सर्वेश यादव नें मृत घोषित कर दिया। जबकि अनुज को हालत गंभीर होंने पर रिफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर थानाध्यक्ष देवेन्द्र गंगवार मौके पर पंहुचे और जाँच पड़ताल की। जबकि लोहिया अस्पताल में सीओ सिटी राजवीर सिंह नें परिजनों से जानकारी ली। इसके साथ ही आवास विकास चौकी इंचार्ज विशेष कुमार को अवश्यक निर्देश दिये। मृतक की पत्नी सुनीता, 16 वर्षीय पुत्र सचिन व 18 वर्षीय रूचि के साथ आदि परिजन मौके पर आ गये। उनका रो-रो कर बुरा हाल हो गया। सीओ सिटी राजवीर सिंह नें बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जायेगा। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही होगी।

# तीस लाख के डिवाइस चोरी, तीन दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**संवाददाता।** इटावा

**सिविल** लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत 3 दिन पहले पक्का तालाब चौराहा के निकट मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनी के एक टावर के ऑफिस से शनिवार रात बदमाशों ने गार्ड को बंधक बनाकर वहां मौजूद महंगे उपकरण चोरी कर लिए। जिसके बाद जी ओके नेटवर्क लगभग 24 घंटे के लिए चले गए थे जिससे ग्राहकों को काफी परेशानी हुई थी । ज्ञात कराते चलें कि गार्ड के चीखने की आवाज पर किसी राहगीर ने यूपी 112 को सूचना दी जिसके बाद मौके पर पुलिस के आलाधिकारी पहुंच गए। रात को पक्का तालाब चौराहा से एसएसपी चौराहा तक नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग की गईए लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी।रिलायंस जियो के सर्वर से महत्वपूर्व डिवाइसों के चोरी होने से सनसनी मच गई। जिओ मोबाइल का नेटवर्क हुआ हो गया था। एस यूबी गाड़ी से देर रात आये चोरों का अभी तक कोई भी पता नहीं चल सका। मोबाइल नेटवर्क के सर्वर के लिये महत्वपूर्ण 8 डिवाइस चुरा ले गए हाई प्रोफाइल चोर। एक एक डिवाइस की कीमत 4 से 5 लाख रुपये मानी गयी है । करीब 30 लाख रुपये कीमत की है चोरी की गई आठ डिवाइसे। कंपनी के इंजीनियर मोबाइल सेवा बहाल करने में जुटे गई रविवार की रात जिओ की सेवा चालू हो सकी। बदमाशों ने वहां मौजूद गार्ड के हाथ.पैर बांध दिए और टावर से डिवाइस प्लेटें व उपकरण चोरी कर ले गए। बंधक गार्ड के चीखने चिल्लाने पर किसी राहगीर ने यूपी 112 को कॉल कर सूचना दी तो सिविल लाइन थाना पुलिस सहित जिले के आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए और पक्का तालाब चौराहा से लेकर एसएसपी चौराहा तक नाकाबंदी कर दी गई। पुलिस ने बंधक बनाए गए गार्ड को थाना में ले जाकर पूछताछ की गई थी पर 3 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक पुलिस के हाथ खाली दिखाई दे रहे हैं इस संबंध में जब वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर से बात की तो उन्होंने कहा कि चोरी की घटना का जल्दी पर्दाफाश होगा इस घटना को सुलझाने के लिए कई टीमें लगी हुई हैं और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# भुगतान के लिए पैसा नहीं धान केंद्र से लौट रहे किसान

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**धान** खरीद के लिए शासन की ओर से अधिकृत एजेंसी एनसीसीएफ ;उपभोक्ता सहकारी संघ लिमिटेड के पास किसानों को भुगतान के लिए धनराशि खत्म हो गई है। पूर्व में खरीद गए धान का भुगतान नहीं हो पा रहा है। इसके चलते अब संस्था के जिला प्रभारी ने फिलहाल संस्था के जनपद में स्थित फैजबार व नीबकरोरी केंद्र पर तौल बंद कर दी गई है। बुधवार को टोकन के आधार पर केंद्र पर धान लेकर पहुंचे किसानों को बैरंग लौटा दिया गया।

किसानों के धान खरीद के बदले भुगतान के लिए फंड न होने के कारण फैजबाग क्रय केंद्र पर बुधवार को तौल बंद हो गई। जिसके चलते किसान परेशान हैं। बुधवार को टोकन के अनुसार तीन किसान क्रय केंद्र पर धान लेकर पहुंचे लेकिन उन्हें वहां से तौल बंद होने की जानकारी देकर वापस कर दिया गया। केंद्र पर मौजूद रामबहादुर राजपूत ने तौल बंद होने की जानकारी दी। किसान परेशान होकर अपना धान वापस ले गए।

संस्था के जिला प्रभारी अनुराग यादव ने बताया कि संस्था के मंडलीय अधिकारियों ने फिलहाल पूर्व में हो चुकी धान खरीद के सापेक्ष किसानों का भुगतान होने तक खरीद न करने के निर्देश दिए हैं। संस्था के पास फंड की व्यवस्था ना होने के कारण तौल बंद कर दी गई है। बजट की व्यवस्था और उच्चाधिकारियों के निर्देश पर ही आगे तौल शुरू कराई जाएगी।

डिप्टी आरएमओ विवेक कुमार सिंह ने बताया कि संस्था के पास धनराशि समाप्त हो जाने के कारण प्रदेश स्तर पर समस्या आ रही है। प्रमुख सचिव की ओर से भी वीडियो कांफ्रेंसिग के दौरान इस पर सख्त नाराजगी जताई जा चुकी है। उन्होंने बताया कि संस्था के जिला प्रभारी की ओर से इस संबंध में जिलाधिकारी को वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। संस्था के जनपद में दो केंद्र फैजबाग व नीबकरोरी में हैं।

## सपा जिलाध्यक्ष ने निकाली बैलगाड़ी यात्रा

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कृषि कानून के खिलाफ आंदोलित किसानों के समर्थन में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को किसान यात्रा निकालकर विरोध जताया। किसानों के समर्थन में भारत बंद के दूसरे दिन सपा जिलाध्यक्ष नदीम फारुखी नें बैलगाड़ी और ट्रैक्टर यात्रा निकाली। कृषि सुधार कानून को वापस लेने के लिए चल रहे किसानों के आंदोलन के समर्थन में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुखी के नेतृत्व में बुधवार को बैलगाड़ी यात्रा निकाली। जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों के दमन पर उतारू है। कृषि सुधार कानून किसानों के हितों के खिलाफ है। यह कानून सिर्फ पूंजीपतियों को लाभ दिलाने के लिए बनाया गया है। सरकार पूंजीपतियों के हाथों खेल रही है। बैलगाड़ी और ट्रैक्टर यात्रा तहसील कायमगंज के कुद्दीपुर से मई हादीदापुर तक निकली गई। निकाली गयीं। सपा जिलाध्यक्ष नें किसानों और कार्यकर्ताओं में जोश भरा।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस हगा आयोजित

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**शासन** की शीर्ष प्राथमिकता वाले कार्यक्रम को गंभीरता के साथ लेने के आदेश दिये गये है। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये है कि सम्पूर्ण समाधान का आयोजन प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को आयोजित किये जाये। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा क्रमानुसार प्रत्येक तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की जायेगी जिसमें अतिरिक्त अन्य तहसीलों में जिलाधिकारी द्वारा निर्गत निर्धारित रोस्टर के अनुसार मुख्य विकास अधिकारी अथवा जिलाधिकारी द्वारा नामित किसी अपर जिलाधिकारी द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की जायेगीए जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। शेष तहसीलों में सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की जायेगी। यदि उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश पड़ता है तो सम्पूर्ण समाधान दिवस अगले दिन आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने निर्देशित किया है कि कोविड.19 की गाइड लाइन में दिये गये निर्देशों का पालन अवश्य किया जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि संशोधित सम्पूर्ण समाधान दिवस का माह 15 दिसम्बर 2020 से 2 मार्च 2021 का रोस्टर के अनुसार जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिलास्तरीय तहसील सम्पूर्ण दिवस 15 दिसम्बर को तहसील अकबरपुर में तहसील भोगनीपुर में मुख्य विकास अधिकारीए तहसील डेरापुर में अपर जिलाधिकारी वित्त एंव राजस्व व अपर जिलाधिकारी प्रशासन की अध्यक्षता में तहसील सिकन्दरा में आयोजित की जायेगी। इसी प्रकार 05 जनवरी को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील भोगनीपुर में आयोजित की जायेगी तथा तहसील डेरापुर में मुख्य विकास अधिकारी तहसील सिकन्दरा में अपर जिलाधिकारी वित्त आदि अधिकारी मौजूद रहेंगे।

# 136 गर्भवती महिलाओं ने कराया परीक्षण



**संवाददाता।** इटावा

**भरथना** समुदायक स्वास्थ्य केंद्र पर बुधवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृ अभियान दिवस मनाया गया है। जिसमें दोपहर तक 136 गर्भवती महिलाओं ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया कराते हुये खून की जांचएटीकाकरणएबजनएलंबाई आदि की जांच कराई गई। इस क्रम में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को चयनित कर उन्हें उचित सलाह दीगई। इसके अतिरिक्त पहुँची महिलाओं को परिवार नियोजन के बारे नवीन साधनों से अवगत कराते हुए विस्तार पूर्वक सुरक्षित उपाये बताये गये। चिकित्सकों ने बताया कि परिवार में बच्चे सीमित होने से परिवार खुशहाल होता है। इसी कार्यक्रम के दौरान दोपहर किरीब 1 बजे संयुक्त निर्देशक डॉ0राजेन्द्र सिंह ने भरथना समुदायक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया जिसपर संयुक्त निदेशक श्री सिंह ने समुदायक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक डॉ0अमित दीक्षित के साथ मातृ दिवस कार्यमर्म की बारीकी से जांच पड़ताल की। जिसमें जच्चा बच्चा वार्डएलेवर रूमएकोविड हेल्प डेस्कए इमरजेंसी रूमएपैथोलॉजी कक्षएएक्स रे रूमएआदि अस्पताल की साफ्र सफाई का बारीकी से निरीक्षण किया। साथ ही संयुक्त निदेशक ने लाभार्थी एवं आशा से अस्पताल से मिलने बाली सुविधाओं की जानकारी हासिल कर ज्यादा से ज़्यादा लाभार्थियों को चिकित्सा सुविधाओं दिलाने हेतु प्रेरित किया गया। निरीक्षण के दौरान डॉ.अर्चना शालनी सुनील राठौर राजेश तिवारी अमित वर्मा शिव कांत ओझा अनुराधा निवेदिता पिंकी फूलन संध्या आरती डॉ स्वेता आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# अकोढ़ी बैरागढ़ में ग्राम पंचायत की जमीन पर अवैध कब्जा जमाया

संवाददाता। उरई (जालौन)

**जैसे-जैसे** ग्राम पंचायतों का कार्यकाल खत्म होने की बढ़ रहा है वैसे-वैसे गांव के दबंग ग्राम पंचायत ही नहीं बल्कि पूर्व के समय में जिला पंचायत द्वारा डाली गयी सीसी सड़क पर मिट्टी का पुराव कर उस पर पिलर खोदकर निर्माण कराने की प्रयासों में जुट गये। हैरानी की बात तो यह है कि सीसी सड़क पर अवैध कब्जा कर ग्रामीणों का आवागमन वाधित करने वाले के पक्ष में लेखपाल अपनी आख्या देकर प्रशासन को गुमराह करने से नहीं चूक रहा है। हालांकि मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की गयी तब कहीं जाकर प्रशासनिक अमला सक्रिय होता नजर आया।

उक्त मामले की शिकायत जिलाधिकारी डा. मन्नान अख्तर से ऑनलाइन करते हुये गांव के ही बृजेश कुमार ने बताया कि ग्राम अकोढ़ी में श्याम शरण उर्फ राजू पुत्र



सीसी सड़क पर किया गया अवैध कब्जा।

धनीराम ग्राम पंचायत की जमीन जिसे गांव के ग्रामीण समय-समय पर उपयोग में लाते थे तथा सीसी सड़क पर बलपूर्वक पहले मिट्टी का पुराव किया बाद में छप्पर डाल लिया और अब उस पर पिलर आदि खोदकर निर्माण कार्य की तैयारी में जुट गया। श्याम शरण के द्वारा किये जा रहे अवैध कब्जे से जहां एक ओर सीसी सड़क जो कि आम रास्ता थी उससे ग्रामीणों का आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया तो वहीं एक अन्य ग्रामीण को अपने घर तक पहुंचने के लिये महज डेढ़ फिट की जगह सीसी सड़क पर छोड़ दी गयी।

अवैध कब्जे का मामला जैसे ही डीएम के संज्ञान में पहुंचा तो महकमे के जिम्मेदार अधिकारियों के कानों पर जूं रेंगनी शुरू हुई। जबकि इससे पूर्व सजातीय भाई का सहयोग करते हुये लेखपाल ने अपनी आख्या गलत देकर उसका ही पक्ष लेने का प्रयास किया। जबकि हकीकत में जिस जमीन पर श्याम शरण अवैध कब्जा कर रहा है उक्त जगह पर ग्रामीण समय-समय पर उपयोग करते रहे क्योंकि वह जगह ग्राम पंचायत की थी। फिर सीसी सड़क पर भी अवैध कब्जा कर दबंग ने अपने इरादों को साफतौर पर जाहिर कर दिया।

# नई रोशनी योजना से अल्पसंख्यकों का हो जाएगा कायाकल्पः विधायक

**उरई (जालौन)।** अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं को देश के विकास में भागीदार बनाने और मुख्यधारा में शामिल करने लिए अनुरागिनी संस्था द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। उपरोक्त विचार उरई सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने अल्पसंख्यक मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से अनुरागिनी संस्था द्वारा आयोजित बरकातिया मेमोरियल हाईस्कूल बजरिया में नई रोशनी योजना के अंतर्गत अल्पसंख्यक महिलाओ में नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर व्यक्त किए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार अल्पसंख्यक वर्ग के उत्थान के लिए विशेष रूप से कार्य कर रही है। संस्था के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने बताया कि छह दिवसीय कार्यक्रम में महिलाओं को प्रशिक्षण देकर जागरूक किया जाएगा, जिससे वह शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और कानूनी अधिकार स्वच्छ भारत जीवन कौशल का ज्ञान हो सके। जिला अल्पसंख्यक अधिकारी जालौन रामदत्त प्रजापति ने कहा अल्पसंख्यक मंत्रालय के नई रोशनी महत्वाकांक्षी योजना के तहत प्रशिक्षण देकर महिलाओं को सशक्त बनाया जाएगा जिससे महिलाओं को सक्रिय होकर भाग लेने सके विभाग द्वारा शिक्षा ऋण, लघु और मध्यम उद्योगों के लिए ऋण की भी सुविधा उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी महिलाएं समूह बनाकर ऋण के लिए आवेदन करेंगी तो प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनिवार्य और सक्रिय रुप से प्रतिभाग करने का आह्वान किया। रोगी सहायता केंद्र जिला चिकित्सालय उरई के प्रबंधक ब्रज किशोर ने स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के सलाहकार महेश कुमार ने तम्बाकू सेवन से होने वाली बीमारियां की जानकारी दी कार्यक्रम सयोजक हाजी मुहम्मद इस्माइल अधिक से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षण का लाभ लेने की गुजारिश की। इस अवसर पर प्रशिक्षिका रेशमा नाजिया सहकार भारती के जिला अध्यक्ष उपेंद्र सिंह राजावत, सुरजीत सिंह, उमेश तिवारी राहुल समाधिया, मोनू मिश्रा, समाजसेवी अलीम, प्रदीप, अकरम बॉबी उपस्थिति थे।

## तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन की शुरूआत

**जालौन (उरई)।** चुर्खीवाल स्थिति प्राचीन हनुमानजी मंदिर में तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन की शुरूआत हो गई है। बुधवार को महास्नान के बाद विग्रहों का नगर भ्रमण कराया गया। प्राचीन दक्षिणमुखी हनुमानजी के मंदिर में भगवान श्रीराम, माता जानकी व भईया लक्ष्मन, मातारानी, राधा-कृष्ण व हनुमानजी के विग्रहों की स्थापना की जा रही है। मंदिर में स्थापित होने वाले विग्रहों का आज पंडित ब्रजेश तिवारी ने महास्नान कराया तथा हवन-पूजन कराने के बाद उनका नगर भ्रमण कराया गया। मां वनखंडी सेवा संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नगर भ्रमण के दौरान विग्रह को नगर के छोटी माता, बड़ी माता, द्वारिकाधीश, नाना महाराज व हनुमानजी के मंदिर ले जाया गया। मंदिर से शुरू हुई यात्रा देवनगर चौराहे से बाजार छोटी व बड़ी माता मंदिर होते हुए वापस मंदिर पहुंची। गुरुवार की सुबह मंदिर में विग्रहों की स्थापना की जाएगी तथा भक्तों के दर्शन शुरू हो जायेगें।

## क्विक न्यूज

### बांदा में झोपड़ी में आग लगने से झुलसे साधु ने तोड़ा दम

**बांदा।** चिल्ला थाना क्षेत्र के ग्राम डिघवट घूरामोड़ के पास संदिग्ध हालात में आग लगने से झुलसे साधु ने जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने रंजिश के चलते घटना करने का आरोप लगाया था। लेकिन अभी तक कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है। डिघवट गांव निवासी साधुवेशधारी 55 वर्षीय त्रिवेणी प्रसाद घूरामोड़ रोड किनारे पीडब्ल्यूडी की जमीन में अपनी झोपड़ी बनाकर रहता था। नजदीक के हनुमान मंदिर में पूजा करने के साथ वह झोपड़ी में बिस्कुट गुटखा बेचकर अपना गुजर बसर करता था। पांच दिसंबर की रात झोपड़ी में सोते समय संदिग्ध हालात में आग लग गई थी। इससे जहां झोपड़ी जल गई थी। वहीं लपटों की चपेट में आकर सो रहा साधू झुलस गया था। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उसने बिना किसी पर संदेह जताए जिंदा जलाने की कोशिश का आरोप लगाया था। उपचार के दौरान बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई। घटना को लेकर पुलिस ने गांव में रह रहे उसके भतीजों व भाइयों से बयान लिए हैं। भतीजे केशवदास व अन्य स्वजन ने बताया कि घटना के समय रात में वहां कोई मौजूद नहीं था। इससे वह समझ नहीं पा रहे हैं कि घटना किस तरह हुई है। थाना प्रभारी वीर प्रताप सिंह ने बताया कि स्वजन ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर देने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। वृद्ध के बयानों की भी उन्होंने वीडियो क्लिप तैयार कराई है।

### बांदा में करें नवीन बाग का रोपण, मिलेंगे तीन हजार हर माह

**बांदा।** आधुनिकता के साथ लोगों की जरूरतें भी बढ़ रही हैं। ऐसे में अच्छी आय की जरूरत है। किसान गेहूं व धान की खेती में खर्च नहीं पूरा कर पा रहा है। उसे बागवानी व सब्जी की उन्नतिशील खेती करनी है। इसके लिए उद्यान विभाग में बागवानी व सब्जी से संबंधित तमाम योजनाएं चल रही हैं। औद्यानिक मिशन योजना व बुंदेलखंड एवं विंध्य विकास योजना के जरिए किसानों को अच्छा अनुदान दिया जा रहा है। रजिस्ट्रेशन कराने के बाद विभाग में संपर्क करें और योजनाओं का लाभ लें। जिला उद्यान अधिकारी परवेज खान ने आंवला पपीता आम अमरूद आदि की बागवानी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। यदि इसके बाद भी आपके मन में कुछ सवाल व जिज्ञासा रह गई हो तो डीएचओ के मोबाइल ;8922912033 या 7905371405द्ध से कभी भी बात कर सकते हैं।

### छेड़खानी से तंग छात्राओं ने विद्यालय जाना छोड़ा

**कुरारा(हमीरपुर)।** कुरारा थाना क्षेत्र के जखेला गांव से कस्बा कुरारा साइकिल से कोचिंग पढ़ने आने वाली छात्राओं के साथ दबंगो द्वारा छेड़खानी की जा रही है। जिससे छात्राओ का निकलना मुश्किल हो रहा है वही पुलिस का एंटी रोमियो अभियान धराशायी दिखाई दे रहा है। क्षेत्र के जखेला गांव से छात्राएं सुबह साइकिल से कस्बा के विद्यालयों में पढ़ने आती है। इसके बाद यह छात्रायें कोचिंग क्लास पढ़ती है। इनको शाम होजाती है। गांव निवासी अभिभावकों संतराम, सुनील कुमार अहिरवार, रामदास आदि ने बताया कि हमारी लड़कियाँ शाम को जब कोचिंग से वापस लौट कर गांव जाती हैं। तो कस्बे के लड़के बाइक से जाकर रास्ते में छेड़छाड़ कर अश्लील हरकतें करते हैं। इसकी जानकारी लड़कियों ने बताई है। इससे लड़कियों को पढ़ने आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।वही ग्रामीणों ने थाना पुलिस से कारवाही किये।जाने की मांग की है।

### कई गावों में खसरा फैला, विभाग अनजान बना

**कुरारा।** विकास खण्ड क्षेत्र के बेरी गांव में खसरा फैला है वही स्वास्थ्य विभाग इस मामले से अनजान बना हुआ है।गांव के लोगो ने जिलाधिकारी को बताया कि न केवल बेरी गांव में बल्कि कई गांवों मे खसरा संक्रामक रोग फैला हुआ है। जिससे किसी समय यह रोग महामारी का रुप ले लेगा मगर आज तक स्वास्थ्य विभाग का कोई कर्मचारी देखने नही गया है.गाव के लोग इसे देवी मा का प्रकोप मानकर पूजा अर्चना कर रहे है जिससे लोगो कीहालत गंभीर होती जा रही है। क्षेत्र के बेरी गांव निवासी शिवनारायण पुत्र जागेश्वर पाल ने बताया कि उसके बदन में बड़ी माता निकली है। जिसका पीएचसी मे इलाज नहीं मिल रहा है। इससे वह परेशान है। उसने इलाज किये जाने की मांग की है।

### वाहन की टक्कर से युवक घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खंडेह व फत्तेपुरवा के बीच अज्ञात वाहन कि टक्कर से रिशेदारी से लौट रहे युवक को गंभीर चोटों के चलते राहगीरों कि मदद से बाँदा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। ग्राम अकबई जिला महोबा निवासी कुन्नी पुत्र संजय दिवेदी अपनी बहन को करहिया गांव में एक शादी समारोह में छोड़ के वापिस अपने गांव को लौट रहा था तभी खंडेह व फत्तेपुरवा मोड पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे राहगीरों ने आनन फानन बाँदा से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया

### बाइक से गिरकर आधा दर्जन घायल

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के कुसमा खेड़ा गांव निवासी गुलाब सिंह पुत्र धरमदास बाइक से राठ आ रहा था। तभी रास्ते में संतुलन बिगड़ जाने पर वह बाइक से गिरकर घायल हो गया। वहीं मझगवां थाना क्षेत्र के मल्हेटा गांव निवासी गुलाम खचौरा, कस्बे के दीवानपुरा मोहल्ला निवासी लालदीवान की वर्षीय पत्नी देशरानी, कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी बसंतलाल की वर्षीय पत्नी भुदिया, खरेला थाना क्षेत्र के रिहुना बिहारी गांव निवासी लेखराज पुत्र योगेश, कबरई थाना क्षेत्र के जरसेहवा गांव निवासी राजकुमार पुत्र अर्जुन मार्ग दुर्घटना में गिरकर घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिये सीएचसी ले जाया गया।

### युवक पर लगाया जेवरात चोरी करने का आरोप

**राठ(हमीरपुर)।** कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ले में बीते सोमवार की रात्रि कमरे से हुई चोरी पर महिला ने मोहल्ले के एक युवक पर घर में घुस बक्से में रखे सोने चांदी के जेवरात व नकदी चोरी करने का आरोप लगाया है। आज पीडिता ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है।सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी रामदेवी पत्नी सुरेंद्र ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बीते सोमवार को उसके घर में शादी थी। शादी में उसका परिवार व्यस्त चल रहा था। आरोप लगाया कि तभी रात्रि में मोहल्ले का एक युवक आया और कमरे में घुस बक्से में रखा सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ी चांदी का पायल, चांदी की जंजीर और 500 रुपये नकद चोरी कर ले गया। आरोप लगाया कि इसकी जानकारी युवक की पत्नी ने उसे दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बच्चे की पिटाई का उलाहना दिया तो महिला से की मारपीट

**जालौन (उरई)।** पड़ोसी द्वारा बच्चे के साथ मारपीट करने एवं पत्नी के मना करने पर पत्नी के साथ भी मारपीट व गाली, गलौज करने की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जोशियाना निवासी सतीश कुमार उर्फ ललू ने पुलिस को बताया कि वह गल्ला मंडी में पल्लेदारी करता है। पल्लेदारी के चलते वह अक्सर घर से बाहर रहता है। उनके पड़ोसी मनोज कुमार अक्सर उसके साथ विवाद करते रहते हैं। घर पर न होने पर उनके 4 वर्षीय बेटे के साथ मारपीट करते रहते हैं। कई बार समझाने के बावजूद वह मानते नहीं हैं। बताया कि मंगलवार की शाम वह गल्ला मंडी में था। घर के बाहर उनका पुत्र खेल रहा था।

## चाट विक्रेता के बेटे की हत्या में सिपाही समेत तीन को उम्रकैद

**हमीरपुर।** छह साल पहले हमीरपुर शहर में सरेआम गोली मारकर हत्या करने के मामले में आज अपर सत्र न्यायाधीश ने सिपाही समेत तीन को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। अभियोजन पक्ष के अनुसार सात दिसम्बर 2014 को हमीरपुर शहर निवासी रजनी धुरिया पत्नी ओमप्रकाश जिला अस्पताल में भर्ती थी।रजनी का बेटा अरविन्द उर्फ टंडन सुवह साढ़े सात बजे बीमार मा के लिये चाय लेने अस्पताल के बाहर आया था तभी वहा बाइक से सिपाही राधे सोनकर ऋषिपाल, व कल्लू पहुचे कल्लू ने तमंचे से अरविंद को गोली मार दी और तमंचे लहराते हुये भागनिकले। अरविंद को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जिसे डाक्टरों ने कानपुर इलाज के लिये भेज दिया।वही इलाज के दौरान अरविंद की मृत्यु हो गयी। मृतक की मां ने कोतवाली में तीनों को खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्जकरायी पुलिस ने मामले की छानबीन कर अपर सत्र न्यायाधीश जी प्रसाद की अदालत ने पेश किया जिसमे आज अदालत ने तीनों आरोपियों को दोषी मानते हुये आजीवन कारावास की सजा सुनायी है साथ ही राधे व ऋषिपाल को 25-25 हजार रुपये अर्थदंड व कल्लू को 27 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। यह जानकारी सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता चंद्र प्रकाश गोस्वामी ने दी

## पड़ोसी महिला के मोबाइल से दूल्हे को मिली थीं गोलियां चलने की धमकी

**बांदा।** शादी वाले दिन दूल्हे को मोबाइल पर गोलियां चलने की धमकी दी गई थी। जिसके बाद वह अतर्रा कोतवाली पहुंच गया था। पुलिस सुरक्षा के बीच फेरे पड़े थे। इधर स्वजन ने दोबारा उसी नंबर पर फोन किया तो वह पड़ोसी महिला का निकला। बलखंडी नाका पुलिस चौकी पहुंचे दोनों पक्षों में जमकर बहस हुई। पता चला कि महिला ने घर के बाहर बैठे एक अनजान युवक को मोबाइल दिया था। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के बन्योटा मोहल्ला निवासी कृष्ण कुमार के बेटे लेखपाल राहुल की बरात रविवार को अतर्रा गई थी। इसी बीच उसके मोबाइल पर किसी ने गोलियां चलने की धमकी दी। जिसके बाद वह कोतवाली पहुंचा और शिकायत की। सुरक्षा की मांग करने पर अतर्रा थाने के निरीक्षक अखिलेश मिश्रा ने समारोह में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई थी।

शादी के बाद कृष्ण कुमार धमकी देने वाले का पता लगाने की कोशिश कर रहे थे। इसी कड़ी में जब उसी नंबर पर फोन किया तो वह नंबर उनके घर के सामने रहने वाले महिला का निकला। धमकी के संबंध में बात करने पर पड़ोसी महिला व उसके भाई मक्खन ने बताया कि उनके मोबाइल से कॉल नहीं जा रही थी। इस पर घर के बाहर बैठे एक युवक को उन्होंने मोबाइल देखने के लिए दिया था। लगता है कि इसी बीच उनके मोबाइल से उनको कॉल की गई।

मोबाइल नंबर का पता पड़ने पर कृष्ण कुमार ने बलखंडी नाका चौकी इंचार्ज नीरज यादव को जानकारी दी। जिसके बाद दोनों पक्ष को बुलाया गया। वहां दोनों पक्ष के बीच काफी देर तक कहासुनी चलती रही। पड़ोसी होने की वजह से उनके बीच में समझौता हो गया। चौकी इंचार्ज ने बताया कि फोन करने वाले अज्ञात युवक की तलाश की जा रही है। जांच कर आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# मतदाता जागरूकता बाइक रैली रवाना



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय ने मतदाता जागरूकता बाइक रैली सीएस सेन्टर संचालकों को हरीझंडी दिखाकर कलेक्टेऊ्ट से रवाना किया। उन्होंने कहा कि सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के अधीन संचालित सीएससी ईगर्वनेन्स सर्विसेज इंडिया लिमिटेड व भारत निर्वाचन आयोग का अनुबंध पहले हो चुका है। इसी सन्दर्भ में मतदाता जागरूकता रैली निकाली जा रही है। सीएससी संचालकों से एडीएम जीपी सिंह ने कहा कि सभी संचालक अपने नजदीकी क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा मतदाता कार्ड बनाकर लोगों को जागरूक करें। रैली कलेक्टेऊ्ट परिसर से निकलकर पटेल तिराहा होते हुए पुरानी कोतवाली में जाकर समाप्त हुई। रैली के माध्यम से सीएससी सेन्टर संचालकों ने आम लोगों को मतदाताओं को वोटर आईडी कार्ड बनवाने व संशोधन करवाने के प्रति जागरूक किया, ताकि आम लोग समय से मतदान कर सकें। इस मौके पर सीएससी जिला समन्वयक बदरुद्दीन खान, जिला प्रबंधक अतुल कुमार व मनीष सिंह ने बताया कि कोई भी व्यक्ति अपने नजदीकी सीएससी सेन्टर में जाकर वोटर कार्ड का आवेदन कर सकते हैं। 15 दिसम्बर तक नये मतदाता कार्ड का आवेदन व पुराने कार्ड संशोधन और वोटर आईडी कार्ड प्रिन्ट अपने नजदीकी कामन सर्विस सेन्टरों से करा सकते हैं।

## डीएम बोले-गर्भवतियों को मिल रही प्रसव पूर्व जांच सुविधा व परामर्श

**बांदा।** कोरोना संकट के बीच मातृ मृत्यु दर को कम करने व गर्भवती को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस मनाया गया। गर्भवती की प्रसव पूर्व जांच उच्च जोखिम गर्भावस्था (हाई रिस्क प्रेगनेंसी) की पहचान पोषण परिवार नियोजन तथा प्रसव स्थान के चयन के बारे में काउंसिलिग की गई। डीएम आनंद कुमार सिंह ने जिला महिला अस्पताल में स्टाल का निरीक्षण किया। काउंसलर से एचआरपी महिलाओं की जानकारी ली। पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत बुधवार को जिला महिला अस्पताल में 73 गर्भवती की जांच की गई। आयरन कैल्शियम की गोलियों सहित आवश्यक दवाएं भी वितरित की गईं। कोविड.19 से बचाव के बारे में भी जानकारी दी गई। इसका उद्देश्य गर्भवती को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ उन्हें बेहतर परामर्श देना है।

# ड्रोन से होगी खेत की निगरानी बढ़ेगी आय

**बांदा।** सूखा उस पर अन्ना की समस्या ने बुंदेलखंड के किसानों की कमर तोड़ दी है। दिन रात मेहनत करने के बाद कभी उसकी उपज पर सूखे की मार पड़ती है तो कभी अन्ना मवेशी उसे खा जाते है। ऐसे में बुंदेलखंड में एक बड़ा वर्ग खेती को छोड़कर दूसरे राज्यों में काम की तलाश में चला गया। जो लोग खेती करते भी हैं वह परंपरागत खेती से उबर नहीं पा रहे। लेकिन अब बुंदेलखंड के किसान परंपरागत खेती से निकलकर आधुनिक खेती की ओर ध्यान देंगे। इतना ही नहीं इनके खेतों की निगरानी भी ड्रोन के माध्यम से की जाएगी। इसके लिए इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अतर्रा के प्रोजेक्ट ड्रोन एवं एग्रीकल्चर सिस्टम को मंजूरी मिल गई है। योजना के तहत प्रथम चरण में तहसील क्षेत्र के दस गांवों का चयनित किया गया है। पांच फसलों को चयनित करने के साथ ही ड्रोन से निगरानी के लिए पांच स्टेप में 110 छात्रों व 100 किसानों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक प्रो० एसपी शुक्ला ने बताया कि विद्युत अभियांत्रिकी विभाग का यह प्रोजेक्ट प्रो. अनुराग चौहान व मोहम्मद तौफीक खान के दिशा निर्देश में चलेगा। कॉलेज के 110 छात्र व चिन्हित दस गांवों से प्रति गांव 10.10 किसानों को चयनित कर प्रशिक्षित किया जाएगा। ड्रोन के द्वारा चयनित दस गांवों में बोई पांच फसलों को चिन्हित कर पांच स्टेप में कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

### ड्रोन से ये होंगे काम

इसके तहत ड्रोन से फसलों में रोग लगने के कारण बीमारियों को पहचानना ड्रोन से दवा छिड़काव पंद्रह दिन बाद निरीक्षण व रोग के जड़ से समाप्त न होने पर पुनरू बचाव के लिए दवा का छिड़काव किया जाएगा। बोई फसल तैयार होने के बाद परंपरागत तरीके से खेती व आधुनिक ड्रोन से उत्पादित फसल की आय में बढोतरी की तुलना की जाएगी।

### ये बजट हुआ स्वीकृत

इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना मंत्रालय भारत सरकार द्वारा फरवरी 2020 में प्रोजेक्ट को मंजूरी देते हुए 44 लाख रुपये ग्रांट भी स्वीकृत की गई है। प्रोजेक्ट के शोधकर्ता डॉ० अनुराग चौहान ने बताया कि वैश्विक महामारी कोरोना के चलते कार्य मे तेजी नहीं आ सकी है। पांच फसलों को चयनित किया जा रहा है।

### ये दस गांव किए गए चिह्नित

ड्रोन द्वारा निगरानी किये जाने की विधि से खेती के लिए राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रोजेक्ट की देखरेख कर रहे डॉ० अनुराग चौहान व मोहम्मद तौफीक खान ने तहसील क्षेत्र के दस गांवो क्रमशरू खमहौरा महोतरा नगनेधी नंदना अनथुवा गुमाई बुढ़ौली तेंदुही.रहुसत व हस्तम को चिहित किया है।

# किसानों के लिए काला कानून है मोदी सरकार का कृषि विधेयकः पप्पू जायसवाल



एडीएम को ज्ञापन सौपते संगठन के पदाधिकारी।

**चित्रकूट।** किसान आंदोलन के समर्थन में राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष पप्पू जासवाल के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा। संगठन ने सरकार से कृषि बिल में संसोधन कर अन्नदाताओं को राहत दिये जाने की मांग की है। जिलाध्यक्ष पप्पू जायसवाल के नेतृत्व में राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के रूपेश निगम,विष्णु केशरवानी,करामत अली,दशरथ केशरवानी एवं हरिशंकर गुप्ता आदि ने किसान आंदोलन के समर्थन का ऐलान करते हुए कृषि बिल में संसोधन किये जाने की मांग को लेकर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा। इस मौके पर प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे संगठन के जिलाध्यक्ष पप्पू जायसवाल ने कहा कि कृषि विधेयक किसानों के साथ-साथ छोटे गल्ला व्यापारियों के लिए काला कानून है। जिसकी वजह से देश के अन्नदाताओं को आज सडकों पर उतरना पड रहा है। उन्होने कहा कि संगठन किसानों के हितों की अनदेखी किसी कीमत पर बर्दास्त नही करेगा। ज्ञापन के माध्यम से व्यापार संगठन ने सरकार से कृषि बिल में संसोधन किये जाने की मांग की है।

# मप्र के सीएम शिवराज 17 को करेंगे खजुराहो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का शुभारंभ

- 17 से 23 दिसम्बर तक होगा आयोजन, सैकड़ों फिल्में होंगी प्रदर्शित
- 6 देशों के राजदूत रहेंगे मौजूद, दर्जनों फिल्मी हस्तियों का लगेगा जमावड़ा
- किसान बिल, महिला व बाल विकास पर केंद्रित होंगे कार्यक्रम

संवाददाता। चित्रकूट

**छठवें खजुराहो** अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का शुभारंभ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे स महोत्सव में शनि देवोल, मनीषा कोइराला, भाग्यश्री समेंत दर्जनों फिल्मी हस्तियों का जमावड़ा लगेगा साथ ही बुंदेलखंड़ में निर्मित एक सैकड़ा से अधिक फिल्में टपरा टाकीज में प्रदर्शित की जायेंगीं स किसान बिल, महिला एवं बाल विकास पर केंद्रित कार्यक्रम होंगे स जेम्स बांड की भूमिका निभाने वाले जॉन कैमरी समेंत देश के दिवंगत फिल्म अभिनेताओं को श्रद्धांजलि दी जाएगी, पुस्तकों का विमोचन होगा साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम शमां बांधेंगे। बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के यूपी बुंदेलखंड संयोजक बुन्देली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि आयोजन 17 से 23 दिसंबर तक खजुराहो में किया जाएगा स यह आयोजन कोविड के कारण मुख्य मंच व टपरा टॉकीज के अलावा 60४40 रेसियों में वर्चुअल प्लेटफार्म पर भी आयोजित किया जाएगा।

मास्क के बिना किसी को आयोजन में शामिल होने की इजाजत नहीं होगी स मास्क का वितरण होगा और कोविड नियमों का बखूबी पालन किया जाएगा स उन्होंने बताया कि फिल्म महोत्सव में वेन्सजुएला, मोरक्को, ईरान, अर्जेंटीना समेंत 6 विदेशी देशों के राजदूत मौजूद रहेंगे



खजुराहो महोत्सव की फाइल फोटो।

स इसके अलावा जावेद जाफरी, पंकज धीर, नितिन भारद्वाज, अनीता राज, पूनम ढिल्लो, भाग्यश्री, मनीषा कोइराला और शनि देवोल समेंत दर्जनों फिल्मी हस्तियों का जमावड़ा लगेगा स अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के परिकल्पक संयोजक और बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष राजा बुंदेला ने युद्धस्तर पर आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं।

10 दिसम्बर तक फिल्मों का संग्रह किया जाएगा स बाद में बुंदेलखंडी कलाकारों द्वारा निर्मित यह फिल्में टपरा टाकीज और वर्चुअल प्लेटफार्म में प्रसारित की जायेंगीं सश्रेष्ठ प्रथम, द्वितीय और तृतीय फिल्मों को पुरष्कृत भी किया जाएगा स बुंदेलखंड के युवा फिल्म निर्माता निर्देशकों के लिए इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल वरदान जैसा है स फेस्टिवल का छठा महोत्सव दिवंगत फिल्मी सितारों की याद में आयोजित किया जाएगा स विदेशी कलाकार और जेम्स बांड की भूमिका निभाने वाले जॉन कैमरी के अलावा अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत, इरफान खान, ऋषि कपूर समेंत एक दर्जन फिल्मी हस्तियों को श्रद्धांजलि दी जाएगी स यह फेस्टिवल बुन्देली प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ ही मुम्बई की फिल्मी हस्तियों का खजुराहो में जमावड़ा करता है सकोविड एवं राष्ट्र प्रेम विषय आधारित लघु फिल्म , फीचर फिल्म ,एनीमेशन फिल्म , गीत वीडियो एवं वृत्तचित्र फिल्म का प्रदर्शन वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर नियमित किया जाएगा ससर्वश्रेष्ठ फिल्म निर्माता ,निर्देशक, अभिनेता , गायक को भी सम्मानित किया जाएगा स महोत्सव के यूपी बुंदेलखंड अजीत सिंह ने बताया कि लघु फिल्म , फीचर फिल्म ,एनीमेशन फिल्म , गीत वीडियो एवं वृत्तचित्र आदि 10 दिसम्बर तक भेजे जा सकते हैं स फिल्म फेस्टिवल में कोरोना के सभी नियमों का पालन करने के साथ ही बुन्देलखण्ड की अधिकाधिक प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जाएगा स सुप्रसिद्ध अभिनेत्री सुष्मिता मुखर्जी समेंत कई साहित्यकारों द्वारा लिखी पुस्तकों का महोत्सव के मंच पर लोकार्पण किया जाएगा स विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम शमां बांधेंगे साथ ही दो बुंदेलखंडी नाटक श्जाति न पूंछों साधु की, व मोहल्ले में हल्ला का मंचन किया जाएगा स बुंदेलखंड की लोक विधाओं और लोककलाकारों को तो हर साल इस मंच की प्रतीक्षा रहती है स चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर, जालौन, झांसी और ललितपुर के सैकड़ों कलाकार महोत्सव में हर साल उपस्थिति दर्ज कराते हैं स यूपी बुंदेलखंड के 7 जिलों से अब तक डेढ़ दर्जन से अधिक फिल्में भी पहुंच चुकी हैं जिनका प्रदर्शन किया जाएगा।

# श्रवण बाधित इमरान को सांसद ने पहनाई हेयरिंग एड खुशी से छलक उठे दिव्यांग के आँसू

संवाददाता। चित्रकूट

**कोरोना** लॉक डाउन के दौरान असहाय और जरूरतमंदों की मदद के लिए तत्पर रहे बाँदा -चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने बुधवार को जनसुनवाई के दौरान उनके आवास पहुंचे एक श्रवण बाधित गरीब दिव्यांग को हियरिंग एड देकर एक बार फिर मानवता की मिशाल पेश की।

बुधवार को बाँदा -चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल अपने बलदाऊ गंज स्थित आवास पर जनसुनवाई कर रहे थे। इसी दौरान अपनी फरियाद लेकर पहुंचे श्रवण बाधित दिव्यांग इमरान अली पुत्र फैज हुसैन निवासी कलवारा बुजुर्ग की समस्याओ का समाधान कराया। इसके साथ ही गरीब श्रवण बाधित दिव्यांग की सुविधा के लिए हियरिंग एड मंगवा कर अपने हाथ से लगाया। बाँदा -चित्रकूट सांसद के इस दरियादिली और अपने पन को देख दिव्यांग की आँखे खुशी के



दिव्यांग को किट पहनाते सांसद।

आंशुओ से छलक उठे। हियरिंग एड से लम्बे समय से श्रवण बाधित दिव्यांगता से जूझ रहे इमरान को खासी राहत मिली है। दिव्यांग इमरान का कहना है कि यदि सभी जनप्रतिनिधि बाँदा -चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल की भांति अपने क्षेत्र की गरीब जनता की सेवा करने लगे तो निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सबका साथ -सबका विकास का सपना जरूर साकार होगा। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह, समाजसेवी आशीष रघुवंशी आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 10 दिसंबर 2020



# मौसम ने ली करवट, बढ़ गया कोहरा और सर्दी

## इंसानों के साथ-साथ पशु-पक्षियों पर भी दिखा ठण्ड का असर, कोहरे की चादर से प्रभावित हुआ आवागमन



संवाददाता। सुलतानपुर

**मौसम** के करवट बदलते ही कोहरे और धुंध में इजाफा होने लगा है। सुबह सब कुछ कोहरे से ढका रहा। वहीं शाम होते-होते फिर से ठिठुरन बढ़ गई। लोग सर्दी से बचने के लिए गर्म कपड़ों में नजर आए। ठण्ड से बाइक चालकों को भारी दिक्कतें उठानी पड़ी। इंसानों के साथ-साथ पशु-पक्षियों पर भी सर्दी का असर दिखा।

बीते कुछ दिनों से न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट आ रही है। पारा आठ से दस डिग्री सेल्सियस के बीच टिका है। मंगलवार को इस सर्दी का सबसे घना कोहरा छाया। इसके चलते सुबह आठ बजे तक दृश्यता लगभग 10 मीटर ही रही। इस दौरान हवा चलने से लोग घरों में ही दुबके रहे। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या के मौसम विभाग के अनुसार अगले सात दिनों तक घना कोहरा छाया रहेगा। जिले का अधिकतम तापमान 27 व न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। एक सप्ताह में तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम में बदलाव का आम जनजीवन पर असर पड़ा है। कोहरे के बीच वाहन चालकों ने हेडलाइट जला कर धीमी गति से इनका संचालन किया। वहीं दिहाड़ी कमाने वालों पर भी मौसम की प्रतिकूलता भारी पड़ी। दोपहर में कुछ देर बदली के साथ हुई धूप लोगों को राहत नहीं दे सकी। वहीं शाम ढलते ही सर्दी ने फिर अपनी रंगत दिखना शुरू कर दिया।

### नहीं जले अलाव

**मौसम** की बेरुखी के बावजूद शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में अलाव जलाने की व्यवस्था शुरू नहीं की गई है। ऐसे में साधनहीनों के लिए रात काटना कठिन हो रहा है। दो दिन पूर्व गोलाघाट बस स्टेशन और जिला अस्पताल में अलाव जलाए गए। अधिशाषी अधिकारी श्यामेंद्र मोहन चौधरी ने बताया कि सर्दी कुछ कम होने से अलाव जलाना रोक दिया गया था। अब इसे कई स्थानों पर शीघ्र ही जलवाया जाएगा।

### वाहनों का काटा गया चालान

**बल्दीराय, सुल्तानपुर।** बल्दीराय पुलिस ने पारा चौकी के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उधर से गुजर रहे सभी दो पहिया चार पहिया वाहनों को रोक कर वाहनों के कागजात ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की गई। वहीं गाड़ियों के डिक्की खोलकर भी पड़ताल की गई। हालांकि इस दौरान किसी भी वाहन में कोई आपत्तिजनक सामान नहीं बरामद हुआ। लगभग दर्जनों वाहनों की जांच की गई और एमवी एक्ट के उल्लंघन पर चालान काटा गया। वहीं लोगों को सख्त हिदायत भी दी कि हेलमेट, मास्क पहन कर ही वाहन चलाएं और यातायात के नियमों का पालन करें। जांच दल में थाना प्रभारी अमरेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल कमलेश पटेल,कांस्टेबल शुभम,कांस्टेबल इंद्रेश आदि शामिल रहे।

## रंकेडीह गांव में सोते समय किशोर की हत्या

**कुड़वार,सुलतानपुर।** थाना क्षेत्र के रंकेडीह गांव में सोते समय किशोर की हत्या कर दी गई। किशोर की हत्या पर परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कुड़वार थाना क्षेत्र के रंकेडीह गांव निवासी दीपक कुमार पुत्र राम तीरथ कोरी (18) की बेरहमी से रात में सोते समय हत्या कर दी गई। ज्ञात हो कि मृतक दीपक रोजगार के लिए दिल्ली मे रहता था अभी 15 दिन पहले ही घर आया था। सुबह जब परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। सूचना पर पहुची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को सूचना दिया। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। सीओ सिटी सतीश चंद्र शुक्ला ने मौके का निरीक्षण किया। मृतक के पिता राम तीरथ कोरी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष कुड़वार अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि हत्या के कारणों की जांच की जा रही है। बहुत जल्द खुलासा किया। जाएगा। मृतक युवक अपने चार भाई बहनों में सबसे छोटा था।

# क्विक न्यूज

## पूर्व विधायक तीसरे दिन भी नजरबंद

**श्रावस्ती।** भिनगा किसानों द्वारा भारत बन्द के समर्थन को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी किसानों के इस आंदोलन को समर्थन दे रही है। अपने आंदोलन के तीसरे दिन बुधवार को प्रदर्शन करने का एक बार फिर खाका तैयार किया गया। लेकिन श्रावस्ती पुलिस ने काफी चौकसी दिखाते हुए सपा का नेतृत्व करने वाले पूर्व विधायक इंद्राणी वर्मा व उनके समर्थकों को घर मे ही नजर बन्द कर दिया। प्रशासन के सख्त तेवर को देख सपा के लोग धरना प्रदर्शन नही कर पाए। समाजवादी पार्टी द्वारा किसानों के समर्थन में चलने वाले इस आंदोलन के तीसरे दिन प्रशासन ने सख्ती दिखाई। इस सम्बंध में पूर्व विधायक इंद्राणी वर्मा ने कहा कि इस लोकतांत्रिक देश मे सरकार का यह अमानवीय व्यवहार ठीक नही है। सरकार शासन सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। प्रदेश की भाजपा सरकार कुछ भी कर सकती है। हमको सुबह से ही घर मे नजर बन्द कर रखा है तथा हमारे साथ मुलायम यादवए मंसा राम वर्माए कैलास वर्माए समीम अहमद को भी नजर बन्द कर दिया गया है। वहीं सपा के जिला मीडिया प्रभारी अतीकुर्रहमान ने बताया की प्रशासन ने आज भी पूर्व विधायक इन्द्राणी वर्मा को नजर बन्द कर दिया है तथा सपा कार्यालय पर लगातार दूसरे दिन भी ताला बंद कर रखा है। किसी भी कार्यकर्ता को जाने नही दिया जा रहा है। सभी सपा कार्यकर्ताओ ने जिले में जगह जगह किसानों के समर्थन में पम्पलेट बाट कर सरकार के नीतियों का विरोध किया गया है।

## मल्हीपुर चौराहा बना पुलिस छावनी

**श्रावस्ती।** जमुनहा. मल्हीपुर थाना के जमुनहा तहसील मुख्यालय पर सपाइयों के धरना प्रदर्शन की जानकारी मिलत ही सुबह से ही तहसील मुख्यालय मल्हीपुर चौराहा पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। यहाँ पर एसडीएम जमुनहा इकौना व अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिसफोर्स के साथ स्वंय मोर्चा संभाला। प्राप्त जानकारी के अनुसार नए कृषि अधिनियम पर बुधवार को जमुनहा तहसील मुख्यालय पर सपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों के बीच एक दिन पूर्व ही गुपचुप बैठक हुई थी। जिसकी पुलिस व प्रसाशन को भनक लग गयी। सपाई पदाधिकारी अपने कार्यकर्ताओं के हूजूम के साथ जबतक तय कार्यक्रम स्थल पर पहुँचते उससे पहले ही अपर पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती बीसी दूबे भारी पुलिसफोर्स के पहुँचकर तहसील मुख्यालय को जाने वाले मार्ग मल्हीपुर चौराहे को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया और सभी सपा के वरिष्ठ नेताओ के घर पर पुलिस जवानों की तैनाती कर दी। जिससे तहसील मुख्यालय पर सपाइयों के इस विरोध प्रदर्शन को नाकाम कर दिया गया।

## कन्या सुमंगला योजना बेटियों के लिए वरदान

**श्रावस्ती ।** जिलाधिकारी टी0के0शिबु ने बताया है कि प्रदेश में समान लिंगानुपात स्थापित करने व कन्या भूण्र हत्या को रोकने बालिकाओ के स्वास्थ्य व शिक्षा को सुदृढ़ करने बालिका के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा बालिका के प्रति आम जन में सकारात्मक सोच विकसित करने हेतु माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा मार्च 2019 में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की घोषणा की गई थी। यह योजना 1 अप्रैल 2019 से अब तक लागू है मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत बालिकाओं के जन्म के समय रुपये 2000.एक वर्ष के बाद टीकाकरण पूर्ण करने पर 1000 रुपये कक्षा 1 में प्रवेश करने के समय 2000 रुपये कक्षा 6 में प्रवेश के समय 2000 रुपये कक्षा 9 में प्रवेश के समय 3000 रुपये तथा 10 व 12वी परीक्षा उत्तीर्ण कर डिग्री या दो वर्षीय या अधिक के डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लेने पर 5000 रुपये एक मुश्त प्रदान किये जाने की व्यवस्था है।

## नर्सिंग होमों पर अधिकारियों ने मारा छापा

**सुल्तानपुर।** लंभुआ क्षेत्र में चल रहे नर्सिंग होम में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने छापा मारा। चिकित्साधिकारी के अनुपस्थिति में चलते पाये गए नर्सिंगहोम संचालकों को नोटिस दिया गया। सभी नर्सिंग होम में चिकित्सकों के अनुपस्थिति में हो मरीजों का इलाज होना पाया गया। मरीजों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। जांच में नर्सिंग होम में घोर लापरवाही आई सामने आई है। लंभुआ कस्बे में स्थित लक्ष्मी मैटरनिटी सेंटर, कल्पना नर्सिंग होम, बालाजी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर पर छापा मारी की गई। एक सप्ताह में साक्ष्य प्रस्तुत करने की नोटिस दी गई है। यूनानी अधिकारी ने कहा कि साक्ष्य न प्रस्तुत करने पर की वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## सोनिया के जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने लिया संकल्प

**सुल्तानपुर।** सोनिया गांधी के जन्मदिन पर गरीब मजलूम और दबे कुचले लोगों के सहयोग व किसान बिल के विरोध में किसानों की लड़ाई लड़ने का जिला कांग्रेस कमेटी ने लिया संकल्प लिया है। कोरोना महामारी व शीतलहर और ठंड में जूझ रहे किसानों के संघर्ष को देखते हुए कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी ने जन्मदिन न मनाने का निर्णय लिया है। उनके जन्मदिन के अवसर पर दीर्घायु एंव अच्छे स्वास्थ की कामना करते हैं। हम जिला कांग्रेस कमेटी अपने नेता की मंशा के अनुरूप यह शपथ लेते हैं कि गरीब मजलूम और दबे कुचले की आवाज बनेंगे। किसानों के विरोध में आए तीन काले कानून के लिए किसानों के साथ उनकी लड़ाई को सड़क से सदन तक पहुंचाने का काम करेंगे। जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने बताया कि आज हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन जिला कांग्रेस कमेटी सुल्तानपुर धूमधाम से मनाती। परंतु जब हमारे नेता ने अपना जन्मदिन न मनाने का निर्णय लिया तो हमारा यह फर्ज बनता है कि हम उनके अरमानों पर खरा उतरे। उनके और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाएं। इस मौके लाल पदमाकर सिंह, हौसिला भीम, पवन मिश्र नन्हे, सुब्रत सिंह सनी समेत दर्जनों कांग्रेसी मौजूद रहे।

## हनुमान चालीसा के साथ मना सोनिया का जन्म दिवस

**रायबरेली ।** सोनिया गांधी के जन्म दिवस पर आज केन्द्रीय कांग्रेस कार्यालय में सबके संकट मोचक हनुमान जी का पाठ पूजन व आरती कर सांसद सोनिया के दीर्घायु की विनती की गयी। पाठ समापन के पश्चात प्रसाद वितरण का कार्यक्रम हुआ। जिसमें रामचन्द्र शुक्ल व कृष्णा चन्द्र में भागींदारी की।अपने संक्षिप्त भाषण में समाजसेवी जगदीश शुक्ल ने कहा इंदिरा गांधी के विकास कार्यों को सोनिया जी ने पूरा किया है। एम्स, रेलवे कोच, राष्ट्रीय राज्य मार्ग, तकनीकी उच्च शिक्षा व राष्ट्रीय कैसन डिजाइनिंग उन्हीं की देन है। इस मौके पर आशीष द्विवेदी, अभय द्विवेदी, सुरेन्द्र सिंह मोंगा, सभासद रामखेलावन, दिनेश शुक्ल, अनवर पठान, अशोक श्रीवास्तव, शिबू श्रीवास्तव, सूर्य कुमार बाजपेयी, गोपाल त्रिपाठी, मुन्ना घोसी, नन्दू शुक्ल, शैलेन्द्र, बिन्दु द्विवेदी, रजवन्त सिंह, कमल पाण्डे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेसी मानिक चन्द्र जैन ने की।

## बाइक को बचाने में रोडवेज बस डिवाइडर से टकराई

**बछरावां रायबरेली ।** बछरावां थाना क्षेत्र अंतर्गत आज दोपहर हसनगंज नीमटीकर के पास लखनऊ से इलाहाबाद जा रही रोडवेज बस के सामने मोटरसाइकिल सवार युवक आ जाने से चालक द्वारा मोटरसाइकिल सवारों को बचाने के चक्कर में ब्रेक लगाई जिसमें अनियंत्रित होकर बस डिवाइडर से टकरा गई गली गलिमत यह थी कि 55 यात्री बाल-बाल बचे गए मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष राकेश सिंह ने सभी यात्रियों को बाहर निकाला और दूसरी रोडवेज बस मुलाकत यात्रियों को जहाँ जाना था वहां के लिए रवाना किया।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन

**करनैलगंज ( गोंडा )।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज में बुधवार को अधीक्षक सुरेश चन्द्रा की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की सलाह देते हुये फल का वितरण किया गया। ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर संजय यादव ने बताया कि कुल 186 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। साथ ही नि:शुल्क अल्ट्रासाउंड, हीमोग्लोबीन आदि जांच होंगी।

# नियुक्त पत्र पाकर नलकूप चालक गदगद

संवाददाता। रायबरेली



**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने लखनऊ से मिशन रोजगार हेतु निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के नवचयनित 3209 नलकूप चालको को पदस्थापन व नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ करते हुए अपने कर कमलों से नवचयनित नलकूप चालकों को पदस्थापन व नियुक्ति पत्र वितरित किया। इसी क्रम में जनपद रायबरेली में एमएलसी दिनेश प्रताप सिंह व बछरावां विधायक राम नरेश रावत, सलोन विधायक दल बहादुर कोरी सहित जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाइव प्रसारण को देखा। मुख्यमंत्री ने वीडियों क्रान्फेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में नलकूप चालक के पद पर नवचयनित नलकूप चालकों को शुभकामनाए दी। साढे तीन वर्षो में कराये गये कार्यो व नियुक्ति के सम्बन्ध में पारदर्शिता भर्ती प्रक्रिया के सम्बन्ध में अवगत कराया और कहा कि समस्त जनपदों में वितरित किये गये मेहनत करने वालों ने भर्ती प्रक्रिया में हिस्सा लेकर कामयाबी हासिल की है। जो कि अपने में एक उपलब्धी है। सरकारी की प्रार्थिकता है जो भी भर्ती प्रक्रिया हो पूरी ईमानदारी व निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ सम्पन्न की जाए।

इसी दौरान जनपद रायबरेली के नवचयनित 46 नलकूप चालकों में से 10 नलकूप चालकों को कलेक्ट्रेट के एनआईसी सभागार में पदस्थापन व नियुक्ति पत्र वितरित किये। जिसमें सोनी कनौजिया, सचिन अवस्थी, उपेन्द्र सिंह, सौरभ राठौर, विपिन मौर्य, विपिन कुमार, मुकेश मौर्या, रोशनी मौर्या, मो0 शमीम सिद्दीकी एवं राजू गोंड को नियुक्ति व पदस्थापन पत्र वितरित किये गये।इस दौरान एमएलसी दिनेश प्रताप सिंह, विधायक राम नरेश रावत, दलबहादुर कोरी एवं जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# नलकूप चालकों को मिला नियुक्ति पत्र

संवाददाता। श्रावस्ती



**सिंचाई** एवं जल संसाधन विभाग में 3209 नवनियुक्त नलकूप चालकों को मुख्यमंत्री जी ने वर्चुअल माध्यम से नियुक्त प्रमाण पत्र वितरित किया । जनपद श्रावस्ती में भी 09 नवनियुक्त नलकूप चालकों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा नियुक्त पत्र सौंपा गया। नवनियुक्त नलकूप चालकों को नियुक्त प्रमाण पत्र देने के लिए प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी ने लखनऊ में नलकूप चालकों नियुक्ति पत्र देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इसी क्रम में बुधवार कों एन आई सी में 09 नवनियुक्त नलकूप चालकों को जिले के माननीय विधायक रामफेरन पांडे एवं जिलाधिकारी टी0 के0 शिबु ने नियुक्त पत्र प्रदान किया। एनआईसी में विधायक एवं जिलाधिकारी ने नवनियुक्त नलकूप चालक क्रमश: प्रमोद कुमार विशवकर्मा अंकुर प्रसाद राजीव रंजन शर्मा संजय कुमार यादव राजेश प्रकाश दीपक कुमार दुर्गेश सिंह प्रशांत कुमार सिंह प्रवीण कुमार तिवारी को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।नवनियुक्त नलकूप चालकों को नियुक्ति पत्र देने के दौरान विधायक राम फेरन पांडे ने कहा कि प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज लखनऊ में नवनियुक्त नलकूप चालकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया है इसी क्रम में आज जिले में भी नवनियुक्त नलकूप चालकों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है जिलाधिकारी टी के शिबू ने कहा भारत वर्ष कृषि प्रधान देश है यहां का किसान खुशहाल होगा तो निश्चित ही देश एवं प्रदेश तथा हमारा समाज खुशहाल होगा नवनियुक्त नलकूप चालकों का दायित्व है कि वह अपने अपने तैनाती स्थलों पर मौजूद रहकर किसान भाइयों को उनके खेतों में सिंचाई है पानी मुहैया कराएं ताकि किसान भाई अपने खेतों में बेहतर अन्न उत्पादन कर अपनी आमदनी और बढ़ा सकें।इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारीए अधिशासी अभियंता नलकूप खंड नानपारा हरिओम वर्माए अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड 6 अजय कुमार एवं विभागीय अभियंता गण उपस्थित रहे।

# कोतवाल की आईडी हैक कर ली, ठगी का प्रयास

संवाददाता। लालगंज, रायबरेली

**साइबर** अपराधी कब किसके नाम पर किसे निशाना बना दे कुछ कहा नहीं जा सकता।यह साइबर अपराधी आए दिन किसी न किसी को निशाना बनाकर ठगी का शिकार बनाया करते हैं। लेकिन जागरूक लोग इनके झांसे में आने से बच जाते हैं। बुधवार को भी साइबर अपराधियों ने दूसरो को जागरूक करने वाले एक पत्रकार को ही अपना निशाना बनाने का प्रयास किया लेकिन उसे नहीं पता था कि वह जिसे ठगी का शिकार बना रहा है वह आए दिन ऐसे मामलों को समाचार पत्र के माध्यम से उजागर किया करता है। सजगता के चलते पत्रकार ठगी का शिकार होने से बच गया। इस बार साईबर अपराधियों ने ऊंचाहार कोतवाल की आईडी हैक कर ली और उनके एक परिचित पत्रकार को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेज दी। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के गोपालपुर मजरे मदुरी गांव निवासी एवं पत्रकार चंद्रशेखर शरण सिंह के मैसेंजर पर ऊंचाहार कोतवाल विनोद सिंह की फोटो लगे नाम से फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी। दरअसल विनोद सिंह इसके पहले लालगंज कोतवाल रह चुके हैं। जिसके चलते चंद्रशेखर उनसे पूर्व परिचित भी थे। इसलिए मैसेज देखते ही श्रीसिंह ने मैसेज रिसीव करते हुए कोतवाल के हाल चाल मैंसेजर पर ही मैसेज भेजकर पूंछे। दूसरी तरफ से पहले हाल चाल पूछा गया। जरूरी काम बताते हुए शाम तक रूपये वापस करने का वादा कर मोबाइल नंबर 7099893126 पर 15 हजार रूपये भेजने के लिए कहा गया। शंका होने पर पत्रकार श्रीसिंह ने कोतवाल विनोद सिंह के मोबाइल नंबर पर फोन कर बात की तो पता चला कि कोतवाल की आईडी हैक कर साईबर अपराधी द्वारा रूपयों की मांग की गई है।

## ऊंचाहार विधायक ने बैठक में किया मंथन

**डलमऊ रायबरेली।** बुधवार को डलमऊ तहसील सभागार ऊंचाहार विधायक मनोज पांडे ने किसानों की सिंचाई की समस्याओं को लेकर सिंचाई विभाग की जमकर क्लास ली बैठक मे सिंचाई के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गयी जिनमे बाह्य सहायता एजेंसियों की आवश्यकताओं के साथ निर्धारित समय-सीमा में सिंचाई परियोजना के निर्धारण के लिए और अधिक कुशलता से करने पर पर पूरा जोर देते हुए कहा कि क्रियान्वित सिंचाई परियोजनाओं में नदियों की सफाई व बुनियादी ढांचे को और अधिक टिकाऊ और प्रभावी बनाने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे सिंचाई विभाग के अधिकारियों को नहरों की सफाई के साथ नहर प्रणाली के ठीक अंत में जिन किसानो की भूमि पायी जाती है जो टेल एंडर्स किसान है ऐसे किसान अपनी फसलो के लिए पर्याप्त और समय पर पानी नहीं प्राप्त कर पाते हैं और उनकी कृषि अत्यधिक प्रभावित रहती है उसे दूर करने के साथ नहर के आखिरी हिस्सों के किसानों तक पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना होगा भ्रष्टाचार पर सख्त होते हुए विधायक द्वारा पुल,पुलिया,नहरों की सफाई,मरम्मत पर खर्चों पर जांच कराए जाने पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों के चेहरों पर बेचौनी के भाव स्पष्ट दिखे अगली कड़ी में डलमऊ पंप कैनाल स्थिति सभी पंप की ताजा जानकारी उपलब्ध कराते हुए विधायक मनोज पांडे द्वारा सिंचाई विभाग के अधिकारियों से पूछा कि कम पंप चलाने के क्या कारण है तो सिंचाई विभाग के अधिकारी के कार्य प्रगति के जवाब से संतुष्ट नहीं हुए सिंचाई विभाग के अधिकारी के लो वोल्टेज समस्या को दूर करने बात कही जिस पर विधुत विभाग के एक्सईएन धीरेन्द्र सिंह द्वारा बताया गया कि फिलहाल अभी लो वोल्टेज का कोई भी इशू नहीं है वोल्टेज की समस्या गर्मियों के मौसम में केवल तीन महीने रहती है जिसके लिए कैपीसीटर लगवाने की बात सिंचाई विभाग के अधिकारियों को पूर्व की बैठक मे बताई जा चुकी है कैपीसीटर का एस्टिमेट एक हफ्ते में देने की बात कही जिसको लेकर ऊंचाहार विधायक संतुष्ट दिखे इस अवसर पर राजेंद्र यादव, देवराज यादव, अलोक यादव, अनुराग यादव आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम ने किया चीनी मिल का गहन निरीक्षण



संवाददाता। गोंडा

**जिलाधिकारी** डा0 नितिन बंसल के निर्देश पर एसडीएम सदर कुलदीप सिंह ने मंगलवार की शाम बजाज चीनी मिल कुन्दरखी में औचक निरीक्षण कर गन्ना तौल की हकीकत देखी। एसडीएम श्री सिंह ने बताया कि प्रशासनिक स्तर पर गन्ना तौल में घटतौली की सूचनाएं मिल रही थीं, जिसकी हकीकत परखने के लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर बजाज चीनी मिल में औचक निरीक्षण किया गया तथा अपने सामने कई ट्रालियों पर लदे गन्ने की तौल कराई गई। इस दौरान बजाजा चीनी मिल में गन्ने की तौल सही होती पाई गई। उन्होंने बताया कि चीनी मिल में तौल के लिए गन्ना लेकर कई किसानों से इस सम्बन्ध में वार्ता की गई तो किसानों ने तौल की गुणवत्ता से संतुष्टि व्यक्त की। इस दौरान इकाई प्रमुख, महाप्रबन्धक (गन्ना), वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक आदि मौजूद रहे।

## अधेड़ की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**शिवगढ़ ( रायबरेली )।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के भैरमपुर मजरे बैंती में जहरीले जंतु के काटने से 42 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। जिसकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। गौर तलब हो कि शिवगढ़ थाना क्षेत्र के भैरमपुर मजरे बैंती का रहने वाला रामलल्लन यादव मंगलवार को लखनऊ जिले के नगराम थाना क्षेत्र अंतर्गत रसूलपुर निमंत्रण में गया था। जो मंगलवार की रात करीब 11 बजे लघु शंका करने के लिए बाहर गया था तभी झाड़ी के पास किसी जहरीले जंतु ने उसे काट लिया। जिससे घटनास्थल पर ही राम लल्लन यादव की मौत हो गई। रिश्तेदार ने देखा तो राम लल्लन यादव अचेत पड़ा था। जिसे अस्पताल ले जाया जाता तब तक राम लल्लन यादव की मौत हो चुकी थी। जिसकी सूचना रिश्तेदारों ने परिजनों को दी, सूचना पर पहुंचे परिजन रामलखन के शव को लेकर भैरमपुर मजरे बैंती ले आये बुधवार को राम लल्लन का अंतिम संस्कार किया गया। रामलखन की मौत से गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया है।

# स्थाई लोक अदालत में निपटेंगे जनहित के वाद

संवाददाता। सुलतानपुर

**जनहित** की समस्याओं को निपटाने के लिए एक अलग न्यायालय खुल गया है। इस अदालत में स्वच्छता, सफाई, प्रकाश यातायात आदि से जुड़े वादों की सुनवाई की जाएगी और त्वरित कार्रवाई होगी।

इसे स्थाई लोक अदालत का दर्जा दिया गया है। जनता से जुड़ी समस्याओं के बाबत अब लागों को भटकना नहीं पड़ेगा। अधिकारियों के न सुनने पर लोग न्यायालय में वाद दायर कर समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभाग को आदेश कराकर समाधान पा सकते हैं। स्थायी लोक अदालत जन उपयोग से जुड़े सभी मामलों की सुनवाई कर सकती है। अब तक अदालत में दो दर्जन मुकदमे दायर हो चुके हैं। जिसमें यातायात के एक, प्रकाश, विद्युत से संबंधित 16, लोक स्वच्छता एवं सफाई संबंधित एक, अस्पताल एवं औषधि एक, बीमा तीन मुकदमें शमिल हैं। स्थायी लोक अदालत में वही मामले आ सकते हैं जो किसी अन्य न्यायालय में दायर नहीं होंगे। आपराधिक मामलों को भी लोक अदालतों के दायरे से बाहर रखा गया है।

इन अदालतों में कोई न्याय शुल्क नहीं लगता। साथ ही वकील की जरूरत भी नहीं होती है। न्यायालय में दोनों पक्षों की सहमति से फैसला किया जाता है। इसलिए इन फैसलों की किसी अन्य न्यायालय में अपील नहीं होती है। जिससे दोनों पक्षों को फैसले से राहत मिलती है और अदालत से मुकदमों का बोझ कम होता है। नवनियुक्त अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि जनहित से जुड़े मुकदमों की शीघ्र सुनवाई की जाती है। जिससे पीड़ित को तुरंत न्याय मिले। अभी तक दो सदस्यों की नियुक्त नहीं हो सकी है। नियुक्ति के लिए लिखापढ़ी की जा रही है।

## कोहरे के प्रकोप से दुर्घटनाओं का दौर

**गोंडा।** घने कोहरे के प्रकोप से दुर्घटनाओं का दौर शुरू हो गया। कोहरे के कहर से बुधवार की सुबह कटरा बाजार के शाहबाजपुर रेलवे क्रॉसिंग पर चार वाहन उस समय आपस में टकरा गये जब रेलवे क्रासिंग पर खड़े तीन अन्य वाहनों को पीछे से आये गिट्टी लदे एक डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे डंपर चालक बुरी तरह घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती करवाया गया है। घटना कोतवाली करनैलगंज के कटरा शाहबाजपुर रेलवे क्रॉसिंग की है। यहां क्रॉसिंग बंद होने के चलते एक ट्रैक्टर, कार व ट्रक खड़े होकर क्रॉसिंग खुलने का इंतजार इंतजार कर रहे थे। इतने में ही घने कोहरे के चलते दिखाई न देने से पीछे से आए एक डंपर ने तीनों वाहनों को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे सभी वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। टक्कर मारने वाला डंपर मां शारदा ट्रांसपोर्ट झांसी का बताया जा रहा है। इसके चालक चंद्रपाल दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गये।

## नलकूप चालकों को मिला नियुक्ति पत्र

**सुलतानपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निर्देश पर ''मिशन रोजगार, युवाओं के साथ योगी सरकार'' कार्यक्रम के तहत सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के नवनियुक्त 3209 नलकूप चालको को नियुक्त पत्र वितररित किया। सीएम ने 3209 नवनियुक्त नलकूप चालकों को नियुक्ति पत्र वितरण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। जिसका सजीव प्रसारण प्रदेश के सभी जनपदों में कराते हुए एनआईसी वीडियो कान्फ्रेन्सिंग हाल में देखने के पश्चात विधायक सदर सीताराम वर्मा, जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स व सांसद प्रतिनिधि रंजीत सिंह द्वारा पांच नवनियुक्त नलकूप चालकों को नियुक्ति पत्र दिया गया तथा सभी को शुभकामनाएं एवं बधाईयाँ दी गयी। भवन के प्रेरणा सभागार में नलकूप खण्ड सुलतानपुर के 61 नवनियुक्त नलकूप चालकों के पद स्थापना पत्र (नियुक्ति पत्र) प्रदान करने हेतु जनपद सुलतानपुर के विधायक सदर सीताराम वर्मा, सांसद प्रतिनिधि रंजीत सिंह, जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी पन्ना लाल, सिंचाई विभाग के नोडल अधिकारी, एस0एस0के0-16 के अधिशाषी अभियन्ता पंकज गौतम एवं अधिशाषी अभियन्ता नलकूप खण्ड, जगदीश प्रसाद रावत की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 12 को

**सुलतानपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश सन्तोष राय की संरक्षता में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हरीश कुमार के विश्राम कक्ष में समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट की एक बैठक राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बंध में आयोजित की गई। बैठक में 12 दिसम्बर को होने वाली लोक अदालत के बारे में चर्चा हुई और अधिक से अधिक वादों को समस्त न्यायालयों के पीठासीन अधिकारी को जरिए सुलह समझौता निस्तारित कराए जाने के लिए निर्देशित किया गया। इस बैठक में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम शशि कुमार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुल्तानपुर सतीश कुमार मगन न्यायिक मजिस्ट्रेट आशालिंका पांडेय आदि मौजूद रहे।

# सीएम ने बस्ती को दी सौगात

## 202.30 करोड़ की परियोजनाओं का वर्चुअल लोकापर्ण और शिलान्यास किया

- सीएम के मुण्डेरवा लोकापर्ण में न आने से मायूस हुए लोग
- गन्ना व चीनी विकास मंत्री ने बटन दबाकर किया सल्फरलेस प्लांट का शुभारंभ



संवाददाता। बस्ती

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने 202.30 करोड़ की लागत से विभिन्न निर्माण परियोजनाओं का आनलाइन लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। 81.81 करोड़ की लागत की कुल 15 परियोजनाओं का लोकार्पण, 120.49 करोड़ की कुल 43 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्य कार्यक्रम मुण्डेरवा चीनी मिल में सल्फरलेस प्लांट का लोकापर्ण करना था। कोहरे और धुंध के चलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुण्डेरवा चीनी मिल में आयोजित सल्फरलेस प्लांट का लोकापर्ण करने नहीं पहुंच पाए। मुण्डेरवा में आयोजित कार्यक्रम को देखते हुए सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए जनप्रतिनिधियों ने भी भीड़ जुटाने में कोर कसर नहीं रख छोड़ा था। बस्ती मण्डल के जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर अपनी ताकत दिखाने का भरसक प्रयास किया। कार्यक्रम में लोगों को लाने के लिए अपनी ताकत लगा दी। लेकिन उनके द्वारा कार्यक्रम में लाई गई भीड़ को जैसे ही यह पता चला कि कार्यक्रम स्थगित हो गया है वे निकल लिए। 'माननीयों' का धन और परिश्रम दोनों बर्बाद हो गया। बर्चुअल रूप में मुख्यमंत्री ने सल्फरलेस प्लांट का लोकापर्ण किया। गन्ना एवं चीनी विकास मंत्री सुरेश सिंह राणा, खलीलाबाद के सांसद प्रवीण निषाद, बस्ती सदर के विधायक दयाराम चौधरी ने प्लांट का बटन दबाकर शुभारम्भ किया।

### इन परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण व शिलान्यास

जिन परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया उनमें राष्ट्रीय राजमार्ग 28 से पॉलिटेक्निक होते हुए एलडी मार्ग के गौरा चौराहा तक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य, जिला अस्पताल से कैली अस्पताल होते हुए सोनूपार रामपुर देवरिया मार्ग पर निर्माणाधीन मेडिकल कालेज तक मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य, अगौना सांसद आदर्श ग्राम पेयजल योजना, अशोकपुर ग्राम पंचायत पेयजल योजना, पिपरा खास ग्राम पंचायत पेयजल योजना, घिरौली बाबू ग्राम पंचायत पेयजल योजना, बभनान से गौर टिनिच वाया वाल्टरगंज भिटिया चौराहा मार्ग (अन्य जिला मार्ग) का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य, धधरिया दीप नारायण यादव के घर से पगारे ग्राम तक पिच निर्माण कार्य, अद्या सिंह के घर से प्राथमिक पाठशाला होते हुए महेवा कुवॅर (छोटा पुरवा) तक पिच रोड, शिवाकान्त के घर से नहर की पुलिया तक पक्की सड़क का निर्माण, श्रीराम जानकी अकला बीडी बन्धा मार्ग के किमी 5 से पूरेआसरे गॉव गुण्डाकुवर जूनियर हाई स्कूल होते हुए पूरेनाथ पूरेमहा सम्पर्क मार्ग, हेल्थ वेलनेस सेण्टर 30 नग, बाबा भदेश्वरनाथ धाम का पर्यटन विकास, ग्राम पंचायत बोदवल बाजार, बनकटी में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर एवं पोखरे का सुन्दरीकरण ,छावनी स्थित रामरेखा मंदिर का बाउण्ड्रीवाल एवं गेट निर्माण कार्य, सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम किठिउरी में राजकीय आईटीआई भवन निर्माण कार्य, थाना कोतवाली, दुबौलिया, वाल्टरगंज, मुण्डेरवा, नगर ,हर्रैया, सोनहां रुधौली, कप्तानगंज, लालंगज, परशुरामपुर, पैकवलिया में कर्मियों हेतु हास्टल/बैरक एवं विवेचना कक्ष का निर्माण कार्य, आईआरक्यूपी के अन्तर्गत पैकोलिया शिवाघाट मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य, बेलसड़, अहिरौली, अहिरौला, रामनगर, पैड़ा खरहरा, खलीलपट्टी ग्राम पंचायत पेयजल योजना सहित अन्य का षिलान्यास किया।

# बाल स्वास्थ्य पोषण माह का आयोजन 14 से

**सोनभद्र।** जनपद में बाल स्वास्थ्य पोषण माह अभियान 14 दिसंबर से स्वास्थ्य विभाग की तरफ से चलाया जाएगा जो 31 जनवरी 2021 तक चलेगा। इस अभियान के दौरान 9 माह से 5 वर्ष तक के 2ए35ए692 बच्चों को विटामिन ए की खुराक दिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अलावा बच्चे स्वस्थ एवं पोषित रहे इसको लेकर लोगों को जागरूक किया जाएगा।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ राम कुवर ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग एवं आईसीडीएस विभाग के सहयोग से जिले में 14 दिसंबर से 13 जनवरी 2021 तक बाल स्वास्थ्य पोषण माह का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और स्वास्थ्य कर्मियों समेत आशाए आंगनबाड़ी तथा एएनएम को निर्देशित कर दिया गया है। इस पोषण माह के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक देने का कार्य किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बच्चों की जांच पड़ताल की जाएगी और जो बच्चे कुपोषित पाए जाएंगे उन्हें एनआरसी में संदर्भित कराया जाएगा।

# सरकारी नौकरियों की बौछार, 48 नलकूप चालकों को नियुक्ति पत्र



- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अनुभवी व हकदारो युवाओं को दे रहे है सरकारी नौकरीः सांसद
- सबका साथ सबका विकास से हो रहा है कार्यः विधायक बघेल

**संतकबीरनगर।** कलेक्ट्रेट सभागार में प्रदेश सरकार द्वारा नियुक्त 52 नलकूप चालकों के सापेक्ष आज 48 नलकूप चालकों को सांसद प्रवीण कुमार निषाद, मेहदावल के विधायक राकेश सिंह बघेल एवं जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने नियुक्ति पत्र वितरित किया। उल्लेखनीय है कि जनपद में स्थापित राजकीय नलकूपों द्वारा किसानों को निशुल्क सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। वर्तमान में जनपद में कुल 509 राजकीय नलकूप संचालित हैं। नलकूप चालकों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए सांसद ने प्रदेश सरकार की किसान हितेषी नीति की सराहना करते हुए कहा कि जनपद में नलकूप चालकों की नियुक्ति से राजकीय नलकूपों का सुलभ संचालन संभव हो सकेगा जिससे किसानों को समय-समय पर फसलों हेतु पानी की उपलब्धता बनी रहेगी। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने नवनियुक्त नलकूप चालकों को बधाई देते हुए कहा कि वे पूरी तन्मयता एवं लगन से तैनाती स्थल पर कार्य करें, जिससे किसानों को उनकी सेवा का बेहतर लाभ मिल सके। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान माननीय राज्यमंत्री एवं धनघटा विधायक के प्रतिनिधि मुन्नू पाल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्रा, नलकूप खंड के अधिशासी अभियंता लालचंद्र सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# लालगंज धान क्रय केंद्र पर पहुंचे एमएलसी और क्षेत्रीय विधायक

- इंट्री रजिस्टर की जांच की केंद्र प्रभारी को दी हिदायत

**मिर्ज़ापुर।** अपना दल एस के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष विधान परिषद सदस्य आशीष पटेल व छानबे क्षेत्र के विधायक राहुल प्रकाश कोल ने बुधवार को लालगंज स्थित धान क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों से बात कर धान बेचने में आ रही समस्याओं को सुना। विधान परिषद सदस्य ने केंद्र पर इंट्री रजिस्टर की जांच की। केंद्र प्रभारी को हिदायत दी कि किसानों से धान खरीद में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने किसानों से कहा कि वे अपना धान क्रय केंद्र पर ले जाएं। कोई परेशानी हो तो अवगत कराएं।

श्री कोल ने कहा कि नमी के नाम पर किसानों का शोषण अक्षम्य है। श्री पटेल के साथ अपना दल एस के जिलाध्यक्ष राम लौटन बिन्द एवं युवा जिलाध्यक्ष उदय पटेल, डॉ. एसपी पटेल, प्रदेश सचिव छात्र मंच दिलीप सिंह पटेल, अनिल सिंह (पगड़ी) , लालगंज जोन अध्यक्ष अखिलेश बिंद, विधानसभा उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, जिला मीडिया प्रभारी शंकर सिंह चौहान, सांसद प्रतिनिधि हलिया ब्लाक विकास सोनकर, युवा नेता योगेश पटेल एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एमएलसी पहुंचे बामी गांव, हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी के लिए एडीजी वाराणसी जोन से फोन पर की बात

**मिर्जापुर।** अपना दल (एस) के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष विधान परिषद सदस्य आशीष पटेल बुधवार को लालगंज थाने के बामी गांव पहुंचे। उन्होंने तीनों बच्चों की हत्या पर शोक जताया तथा उनके अभिभावकों को न्याय का भरोसा दिया। कहा कि प्रदेश सरकार के स्पष्ट निर्देश के बाद हत्यारे निश्चित रूप से जल्द गिरफ्तार होंगे। प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच चल रही है। हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा ढिलाई जाएगी।

इससे पहले पीड़ित परिवार को दो दो लाख का चेक का वितरण क्षेत्रीय विधायक द्वारा किया गया था। श्री पटेल के साथ छानबे के विधायक एवं अपना दल एस युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल प्रकाश कोलए अपना दल एस के जिलाध्यक्ष राम लौटन बिन्द एवं युवा जिलाध्यक्ष उदय पटेलए डॉ एस पी पटेल, प्रदेश सचिव छात्र मंच दिलीप सिंह पटेल, अनिल सिंह (पगड़ी) एलालगंज जोन अध्यक्ष अखिलेश बिंद, विधानसभा उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, जिला मीडिया प्रभारी शंकर सिंह चौहान सांसद प्रतिनिधि हलिया ब्लाक विकास सोनकर, युवा नेता योगेश पटेल एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पुलिस ने एक कुन्तल गांजे के साथ दो तस्करों को पकड़ा



**सोनभद्र।** सोनभद्र में नशाखोरी के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान में बुधवार को बड़ी सफलता हाथ लगी जब पुलिस ने लगभग 10लाख रुपए के अवैध एक कुंतल गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किये गये तस्करों में एक रावर्ट्सगंज दूसरा बिहार का रहने वाला है। जनपद मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान जनपद के पुलिस अधीक्षक अमरेंद्र प्रसाद सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि रावर्ट्सगंज कोतवालीए स्वाट टीम व एसओजी टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि रावर्ट्सगंज कोतवाली अंतर्गत मरकरी पुल के पास से दो गांजा तस्कर गांजे की बडी खेप लेकर बिहार जाने के प्रयास में है। मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिसएस्वाट व एसओजी टीम ने मरकरी पुल के पास से दो गांजा तस्कर सुखपाल यादव पुत्र हरिप्रसाद यादव निवासी टीचर्स कॉलोनी रावर्ट्सगंज सोनभद्रए बुल्लू यादव पुत्र स्वर्गीय सीताराम यादव निवासी दूबर कोन थाना अधौरा जिला भभुआ बिहार को एक कुंतल गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया गया । तलाशी के दौरान अभियुक्तों के पास से दो मोटरसाइकिल व 2200 रूपये नकद भी बरामद किया गया बरामद किए गए गांजे की कीमत लगभग 10 लाख रूपये बताई गई।

## क्विक न्यूज

### राज्यसभा सदस्य और भाजपा प्रदेश मंत्री का स्वागत



**बस्ती।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्य सभा सदस्य बीएल वर्मा और भाजपा के प्रदेश मंत्री त्रयंबक नाथ तिवारी का बस्ती प्रथम आगमन पर बड़ेबन चौराहे पर वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेष मिश्र, विजय कुमार द्विवेदी, आदित्य शुक्ल, दुर्गेश सिंह, टिंकू सिंह, चंद्र प्रकाश गौतम, मनोज कुमार यादव, विश्वनाथ पांडेय एवं दिलीप सिंह सहित अन्य ने फूल मालाओं से स्वागत किया। दोनों भाजपा ने कहा कि मोदी और योगी के प्रयास से देश और प्रदेश का चौमुखी विकास हो रहा है। विपक्ष इन दोनों नेताओं की उपलब्धियों को पचा नहीं पा रहा है, अर्नगल आरोप लगाए जारहे है। किसानों के आंदोलन के नाम पर विपक्ष राजनीति कर रहा है। मौहौल खराब करने का प्रयास विपक्ष कर रहा है।

### बच्चों को मिला गणवेश



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल के निर्देशन में जनपद के सरकारी विद्यालयो में गणवेश वितरित किया जा रहा है। प्राथमिक विद्यालयो में एसएमसी अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में गणवेश वितरित किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को प्राथमिक विद्यालय सियारा साथा विकास क्षेत्र खलीलाबाद पर 119 बच्चों को विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं प्रधानाध्यापक द्वारा जिला समन्वयक मध्यान भोजन धीरेन्द्र प्रताप चन्द्र एवं जिला समन्वय क समेकित शिक्षा रजनीश वैद्यनाथ की उपस्थिति में निशुल्क यूनिफॉर्म वितरण किया गया।

### निर्माण कार्यो को जांचा-परखा



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल बुधवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार पाण्डेय के साथ कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम रखने के लिए बन रहे भवन की गुणवत्ता का सत्यापन किया। निर्माण कार्यो में तेजी लाये जाने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने बगल में ही ईवीएम स्ट्राॅग रूम में सुरक्षा में लगे गादर की उपस्थिति को जॉचा तथा भवन के अन्दर गोपनीय तरीके से ईवीएम मशीनो के रख रखाव को देखा गया। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने निर्वाचन के अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

### प्रशिक्षण से महिलाओं को किया गया जागरूक



**संतकबीरनगर।** जनपद-संत कबीर नगर के नगर पंचायत मगहर में जनता ग्रामीण सेवा संस्थान जनपद-संत कबीर नगर के तत्वावधान में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से नई रोशनी योजनान्तर्गत 06 दिवसीय कुल पाँच बैच के प्रशिक्षण क्रमशः गत 09 नवम्बर 2020 से 08 दिसम्बर 2020 तक स्थानीय मुहल्ला-अंजान शहीद, शेरपुर, दर्जीटोला, काजीपुर एवं चूड़ीफरोश, मगहर जनपद- संत कबीर नगर में नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से अल्पसंख्यक महिलाओं को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रमुख विषयों जैसे-महिलाओ में नेतृत्व कुशलताएं, महिलाओं के कानूनी अधिकार, जीवन कौशल शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, शैक्षिक सशक्तिकरण, स्वच्छ भारत अभियान की उपयोगिता, वित्तीय प्रणाली, डिजिटल साक्षरता, सामाजिक एवं व्यवहार परिवर्तन के लिए पक्ष-समर्थन शिक्षा के स्तर में सुधार स्वास्थ्य, सामाजिक स्तर में सुधार आदि विभिन्न जीवनोपयोगी मुद्दों पर उक्त प्रशिक्षण के माध्यम से जागरूक करने का सफलता पूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### 42 नलकूप चालकों को मिला नियुक्ति पत्र



**बस्ती।** नवनियुक्त 42 नलकूप चालकों को कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। मुख्य राजस्व अधिकारी नीता यादव ने नवनियुक्त नलकूप चालकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इसमें चार महिला नलकूप चालक हैं। कार्यक्रम में कप्तानगंज विधायक प्रतिनिधि विमल पाण्डेय, अधिशासी अभियंता नलकूप मुजीबुर्रहमान, सहायक अभियन्ता रवि सागर, सत्येन्द्र कुमार विश्वकर्मा, नन्देश कुमार गुप्ता, सुजीत कुमार श्रीवास्तव, समस्त अवर अभियन्ता, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# एआईएमआईएम के कार्यकर्ता बैठक में मुस्लिम समाज को किया गया सचेत

- प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने केन्द्र व प्रदेश सरकार पर साधा निशाना



**संतकबीरनगर।** आल इण्डिया मजलिसे इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली साहब ने उपरोक्त विचार बुधवार को दो मण्डलो (गोरखपुर व बस्ती मण्डल) के एम0आई0एम0 के एक कार्यकर्ता सम्मेलन में जो कि रायल पार्टी लान में आयोजित किया गया उस सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। प्रदेश अध्यक्ष कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि अभी तक एम0आई0एम0 को सकुलर पार्टियॉ वोट कटवा और भाजपा का एजेन्ट कहा करती थी, लेकिन बिहार विधानसभा के चुनाव नतीजों और हैदराबाद में अभी हाल ही में हुए मेयर के चुनाव को सारी दुनिया देख चुकी है कि भाजपा का असली एजेन्ट कौन है। उन्होने कहा कि एम0आई0एम0 केवल एक पार्टी नही बल्कि लगातार चलने वाला एक आन्दोलन है, जो अब रूकने वाला नही है। एम0आई0एम0 उन सभी समान विचारधारा वाली पार्टियो से सम्मानजनक समझौता करने को तैयार है, लेकिन सच्चाई यह है कि इन सभी पार्टियों का एक ही मकसूद है कि मुसलमानों को भाजपा का खौफदिलाकर उनका वोट लेते रहो और इनको हमेशा सियासी गुलाम बनाए रखो। इनके लिए कुछ करने की जरूरत नहीं है लेकिन अब ऐसा नही होगा अब इन्हें मजलूमों, महरूमों को उनका अधिकार देना ही होगा। इसलिए मजलिस के सभी कार्यकर्ताओं को चाहिए वह जनता के बीच में आए और जनता के बीच में धार्मिक भेदभाव और नफरत फैला रही पार्टियों के बेनकाब करें। उन्होने कहा कि मजलिस के बारे में, असदुद्दीन ओवैसी के बारे में कौन क्या कहता है, हमें इसकी चिन्ता नही है। चिन्ता अब उन्हें है जो अब सियासी तौर पर बेरोजगार होने जा रहे है। इस अवसर पर मोहम्मद शफीक, सरवर खान, इरशाद अहमद, सनुील कुमार यादव, विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

# मिर्जापुर में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान

- 1280 गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

**मिर्जापुर।** कोविड.19 के दौर में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की शुरूआत जिला महिला चिकित्सालय स्थित मातृ शिशु स्वास्थ्य विंग में मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर पीडी गुप्ता ने फीता काटकर शुभारम्भ किया।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने इस अवसर पर बताया कि यह गर्भवती महिलाओं के लिए योजना चलायी जा रही है। जो प्रत्येक माह के 9 तारीख को जिले के 9 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रए 44 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान जिले में 1280 महिलाओं के प्रसव पूर्ण की सारी जांच व टीके लगवाने का कार्य किया। जिला कार्यक्रम प्रबन्धक अजय सिंह ने बताया कि जिले की जो महिलायें कोरोना के डर के कारण जिला महिला चिकित्सालय आने से डर रही है। वे अपने घर के नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों पर जाकर इस अवसर का पूर्ण लाभ ले सकती है।

गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्ण की जांच व टीका हर केन्द्रों पर निशुल्क उपलब्ध है। प्रसव के समय होने वाले खतरों से मां एवं शिशु की देखभाल के लिए जांच अति महत्वपूर्ण है। गर्भवती माँ को ख़ास होने का एहसास दिलाते हुए प्रत्येक नौ तारीख़ को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्रदान करने के लिए उन्हें निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में लायें और निःशुल्क जाँचों और सेवाओं का अवसर ना गँवायें। साथ ही जिले के 2043 आशाओं को ज़िम्मेदारी दी गयी है कि वह अपने क्षेत्र की सभी गर्भवती महिलाओं को इस दिवस पर केंद्र पर लाकर जांच जरूर करवाएँ। उन्होने कहा कि गर्भवती आपदा से न घबराएँ और केन्द्रों पर टीकाकरण और जांच के लिए जरूर आयें।

### प्रधानमंत्री मातृत्व योजना एक नजर में

जिला कार्यक्रम प्रबन्धक अजय सिंह ने बताया कि इस योजना में अब तक कुल 35010 हजार प्रार्थना आये जिसमें से 26943 महिलाओं को लाभ मिल चुका है। इस पर अब तक कुल 13 करोड़ 47 लाख 15 हजार रूपये खर्च किये जा चुके है। इसके अलावा 1 अप्रैल 2020 से 8 नवम्बर2020 तक 10440 प्रार्थना आये जिसमें 1894 महिलाओं को लाभ दिया जा रहा है। जिस पर 94 लाख 70 हजार रूपये खर्च किये जा रहे है। इस योजना के अन्तर्गत गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को तीन चरणों में 5000 रूपये की धनराशि मानदेय के रूप में दी जाती है। स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा 26943 पात्र गर्भवती महिलाओं एवं

# 'ओठगनपुर कला' बना विकास का 'माडल' गांव

- 'मुख्यमंत्री पंचायत पुरस्कार' के लिए हुआ चयन
- बिहरा, सिक्टोहर, ओड़वारा व बहेरिया भी पा सकता हैं पुरस्कार
- मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन योजना में 78 ग्राम पंचायतों ने की दावेदारी


**बस्ती।** सदर ब्लॉक का ग्राम पंचायत 'ओठगनपुर कला' विकास के मामले में माडल गांव बन गया हैं, इसके लिए ग्राम पंचायत 'मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार' मिलने जारहा है। चौमुखी विकास करने के लिए इस ग्राम को सबसे अधिक 91 अंक मिला। इस ग्राम पंचायत को माडल बनाने में एडीओ पंचायत एवं सेक्रेटरी अरुणेष पाल, प्रधान राम तौल यादव, जिला समन्यवक स्वच्छ भारत मिषन विष्णुदेव तिवारी, जिला परियोजना प्रबंधक हरिकेष सिंह, सफाई कर्मी सुषीला का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस ग्राम पंचायत की खास बात यह है कि बहुत कम धन खर्च हुआ, और जो भी धन खर्च हुआ उसमें पूरी तरह ईमानदारी बरती गई। वहीं पर करोड़ों खर्च करने वाली ग्राम पंचायते पुरस्कार के दौड़ से कोसों दूर है। कुल पांच ग्राम पंचायतों को यह पुरस्कार मिलना हैं, इसके लिए 78 ग्राम पंचायतों ने आवेदन किया था, जिसमें अंकों के आधार 18 ग्राम पंचायतों की सूची फाइनल की गई।पुरस्कार पाने के लिए 30 मानक बनाए गए, जिसमें प्रमुख रुप से सड़क, नाली, खड़ंजा, सोक्ता पिट, आगंनबाड़ी केंद्र, स्कूलों में बच्चों की उपस्थित, गांव की साफ-सफाई, सीएससी और षतप्रतिषत लोगों के पास षौचालय, घरेलू गैस कनेक्षन और बिजली अनिवार्य रुप से होना चाहिए। प्रत्येक के लिए अंक निर्धारित किया। पुरस्कार के रुप में दो लाख रुपये मिलेगा।

इस पुरस्कार के लिए जिन अन्य ग्राम पंचायतों का चयन हुआ और उन्हें कितना नंबर मिला,उनमें सदर ब्लॉक के ओठगनपुर कला को सबसे अधिक 91 अंक, कप्तानगंज के बिहरा को 89, गौर के सिक्टोहर को 88, साउंघाट के ओड़वारा, बहादुरपुर के बहेरिया एवं हर्रैया के महुआपार को 88-88, कुदरहा के बगही को 85, कप्तानगंज के मदनपुरा को 82, रामनगर के बारहकोनी को 79, बरगदवा को एवं चिरई बुजुर्ग को 78-78, धौरहरा एवं अहिरौला को 77-77, बड़ागी को 76, साडंघाट के भीटा रामसेन सिंह को 75, कुदरहा के रसूलपुर को 73 एवं इसी ब्लॉक के ग्राम पंचायत अइलिया को सबसे कम 64 अंक मिला। 60 अंक से अधिक पाने वाले ग्राम पंचायतों को ही इसमें षामिल किया गया है।

### करोड़ों खर्च करने वाली पंचायतें हुई पुरस्कार के दौड़ से बाहर

जिले ही नहीं प्रदेष में सबसे अधिक धन खर्च करने वाली बनकटी ब्लॉक की बाघापार, बेलसुही और कड़सरी का नाम पुरस्कार पाने वालों की दौड़ में षामिल ही नहीं है। इन तीनों ग्राम पंचायतों में पिछले 19 माह में लगभग दस करोड़ विकास के नाम पर खर्च हुआ, वह भी सिर्फ मनरेगा से, जबकि सबसे कम धन खर्च करने वाला ग्राम पंचायत ओठगनपुर कला 'मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार' पाने में सबसे आगे है। बताया जारहा है कि इन तीनों ग्राम पंचायतों ने इसलिए पुरस्कार के लिए आवेदन नहीं किया, क्यों कि इन्हें डर है कि अगर कहीं कार्यो की जांच हो गई तो पोल खुल जाएगी। बनकटी ब्लॉक का एक भी ग्राम पंचायत ऐसा नहीं है, जो पुरस्कार के मानक पर खरे उतर सके। यही हाल विक्रमजोत, सल्टौआ, रुधौली और परसुरामपुर ब्लॉक का भी है।

# छात्र और छात्राओं का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण जरुरीः मुनीर



- राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत ए. एच. एग्री. इंटर कॉलेज दुधारा में स्वास्थ्य परीक्षण का कार्यक्रम सम्पन्न

**सेमरियावां ( संतकबीरनगर )** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत ए. एच. एग्री. इंटर कॉलेज दुधारा में स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य मुनीर आलम ने कहा कि नियमित स्वास्थ्य परीक्षण से हमें शारिरिक कठिनाइयों का समय से ज्ञान हो जाता है। हम उसका बेहतर इलाज करा लेते हैं। कार्यक्रम का संचालन संजय द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में 130 बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। डा. आफ्ताब अहमद ने बताया कि कैंप के माध्यम से बच्चों के दृष्टि दोष, माहवारी व अन्य बीमारियों से संबंधित बातों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाइयां व जरूरी दिशा निर्देश दिए जाते हैं। कैम्प के दौरान सभी छात्र-छात्राओं का थर्मल स्कैनर भी किया गया। छात्राओं को निःशुल्क सेनेट्री पैड व मास्क भी वितरित किया गया। कैंप में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडलीय मंत्री संजय द्विवेदी, डा. खान फौजिया, सुनील चौरसिया, संजू देवी, मुनीर आलम प्रथम, इश्तियाक अहमद. कमर आलम, इश्तियाक अंसारी, ओबैदुल्लाह खान, अब्दुलसलाम, जुनेद आलम, रफीक अहमद, सबी अहमद, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद यूनुस, जुबेर अहमद, सहित अन्य मौजूद रहे।

# जिलाध्यक्ष को हाउस अरेस्ट करने पर सपाइयों का धरना

संवाददाता। गाजीपुर

**सात** दिसम्बर से ष्किसानों की आय बढ़ाओ, खेती किसानी बचाओ नारे की मांग के साथ चल रही किसान यात्रा के मद्देनजर जिले के पुलिस प्रशासन ने जिलाध्यक्ष रामधारी यादव सहित तमाम नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया था, लगातार तीसरे दिन जिलाध्यक्ष रामधारी यादव को पुलिस द्वारा हाउस अरेस्ट किए जाने पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त हो गया।

विरोध में समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश कुशवाहा, जिला मीडिया प्रभारी अरुण कुमार श्रीवास्तव, डॉ समीर सिंह और सदर विधानसभा के उपाध्यक्ष कमलेश यादव व अवधेश कुशवाहा जिलाध्यक्ष के वहादीपुर स्थित आवास पर धरने पर बैठ गये और जिलाध्यक्ष सहित हाउस अरेस्ट किए गए पार्टी के तमाम नेताओं को तत्काल रिहाई की मांग करने लगे। पार्टी के तमाम नेता और कार्यकर्ता धरने की खबर पाते ही सैकड़ों कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष के आवास पर पहुंच गये। कार्यकर्ताओं के गुस्से एवं उनके बढ़ते हुजूम को देखकर पुलिस प्रशासन ने जिलाध्यक्ष को तत्काल नजरबन्दी से मुक्त कर दिया। जिलाध्यक्ष के रिहा होते ही कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गयी। धरनास्थल पर पहुंचने वाले कार्यकर्ताओं में मुख्य रूप से समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष सदानंद कनौजिया, सदर विधानसभा के अध्यक्ष तहसीन अहमद, परशुराम बिंद, प्रभुनाथ राम, कमलेश बिन्द, अभिनव सिंह, सुखपाल यादव, रामजीवन, उदय प्रताप यादव, संतोष यादव, रामग्यान यादव आदि थे।

### पूर्व सांसद तूफानी व रत्नाकर को पुलिस ने किया नजरबंद

**सिरकोनी** (जौनपुर)। किसान आन्दोलन के समर्थन में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ धरना-प्रदर्शन व सरकार का पुतला दहन के कार्यक्रम को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा सपाइयों को घर पर नजरबंद कर दिया गया। बताया गया कि पूर्व सांसद तूफानी सरोज अपने आवास फूलपुर करखियांव में नजरबंद किये गये, जहां जलालपुर व फूलपुर पुलिस तैनात भी रही। इसी तरह सपा नेता रत्नाकर चौबे अपने गांव बिशुनपुर मझवारा में पुलिस द्वारा नजरबंद कर दिये गये।

## भूमि आवंटन से संबंधित लेखा-जोखा अंकित करने का दिया निर्देश

संवाददाता। मऊ

**जिलाधिकारी** अमित सिंह बंसल मासिक समीक्षा बैठक में सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि अपने कार्यालयों में सम्पत्ति रजिस्टर बनावा लें, जिसमें कार्यालय के लिए कितना भूमि आवंटित या उससे सम्बन्धित लेखा-जोखा उस रजिस्टर में अंकित किया जाएगा। जिसका कभी भी जांच किया जा सकता है। 50 लाख से कराये जा रहे कार्ययोजना के अन्तर्गत मऊ से आजमगढ़ मार्ग पर चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कराये गये कार्य के अन्तर्गत विजली के पोल खिचाव आने के कारण सभी पोल सड़क के तरफ लटके हुए है। जिसको तत्काल ठीक कराने के निर्देश अधिशासी अभियन्ता विद्युत को दिये। रानीपुर सुल्तानपुर मार्ग के कराये जा रहे कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

# रोजगार सृजन को चलाएं अभियानः डीएम

### प्रत्येक कार्यालय में एक रोजगार हेल्प डेस्क स्थापित करें

संवाददाता। देवरिया।

**जिलाधिकारी** अमित किशोर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कार्यालयाध्यक्षों को मिशन रोजगार के तहत युवाओं हेतु रोजगारए स्वरोजगार के सृजन के साथ ही उन्हे अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया है।

उन्होने कहा है कि इससे सभी जुड़े विभाग विस्तृत कार्ययोजना बनाकर अधिकतम रोजगार सृजन करें तथा प्रत्येक कार्यालय में एक रोजगार हेल्प डेस्क अनिवार्य रुप से स्थापित करें। उन्होने कहा है कि यह शासन की प्राथमिकताओं से जुडा हुआ कार्यक्रम है। इस लिये सभी जुड़े विभाग अभियान का रुप दें। उन्होने प्रत्येक माह के 15 तारीख एवं माह के अन्तिम दिवस की रोजगार प्रगति सूचना जिला सेवायोजन अधिकारी को उपलब्ध कराये जाने का भी निर्देश दिया है।

जिलाधिकारी ने बताया है कि रोजगार, स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण तथा अप्रेन्टिसशिप के माध्यम से विशेष अवसर सृजन के उद्देश्य से मिशन रोजगार के नाम से एक विशेष अभियान चलाया जाना है। इस मिशन रोजगार के अन्तर्गत समन्वित रुप से युवाओं हेतु रोजगारए स्वरोजगार के सृजन के साथ ही कौशल प्रशिक्षण, अपरेंटिस के माध्यम से, भूमि आवंटन के माध्यम से, विभिन्न प्रकार के लाइसेंस व अनुमतियों के माध्यम से अधिक से अधिक रोजगार, स्वरोजगार के अवसरों का सृजन किये जाने का अभियान चलाया जायेगा। संबंधित विभागों द्वारा विस्तृत कार्य योजना बनायी जायेगी तथा इस कार्ययोजना के संबंध में आकडे एकत्रित करते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्रस्तावित नियुक्तियों, प्रशिक्षण, अनुमतियों, आवंटन इत्यादि के माध्यम से सृजित रोजगार स्वरोजगार के संबंध में कार्ययोजना को मूर्त रुप देगें, ताकि युवाओं को रोजगार से जोड़ते हुए उन्हे सक्षम बनाया जा सके। विभिन्न विभागों द्वारा जागरुकता के कार्यक्रम भी आयोजित कराये जायेगें, जिसमें जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करने हेतु विभागो को निर्देशित किया गया है।

### नवनियुक्त 45 नलकूप चालकों को प्रदान किए नियुक्ति पत्र



देवरिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जलशक्ति विभाग के तहत प्रदेश में नवनियुक्त 3209 नलकूप चालकों को नियुक्ति पत्र वितरण, पदस्थापना एवं नवनियुक्तों से वीडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से संवाद कार्यक्रम उपरान्त जनपद के एनआईसी में भी नियुक्ति पत्र वितरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिलाधिकारी अमित किशोर, सदर विधायक डा, सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, रामपुर कारखाना विधायक कमलेश शुक्ला एवं सलेमपुर विधायक काली प्रसाद द्वारा जनपद में नियुक्त 45 नलकूप चालकों को नियुक्ति पत्र पत्र प्रदान किया गया। पहली बार नलकूप चालको के रुप में महिलाएं भी इस सेवा से जुड़ीं।

## 29 नलकूप चालकों को दिया गया नियुक्ति पत्र



**सिद्धार्थनगर।** मिशन रोजगार के अन्तर्गत में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के चयनित नलकूप चालकों को बुधवार को आनलाइन नियुक्ति पत्र दिया गया।

बुधवार को विकास भवन सभागार में सांसद जगदम्बिका पालए विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राहीए जिलाधिकारी दीपक मीणाए प्रभारी मुख्य विकास अधिकारीध् पीडी सन्त कुमार की उपस्थिति में जनपद के चयनित 29 नवनियुक्त नलकूप चालको को नियुक्ति पत्र दिया गया।इस दौरान सांसद जगदम्बिका पाल ने नवनियुक्त नलकूप चालको को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें।

# परिषदीय शिक्षकों के योगासन प्रतियोगिता के लिए आभा तिवारी व नन्दलाल चयनित



संवाददाता। जौनपुर

**बच्चों** को बचपन से ही योग की संस्कारशाला में संस्कारित करके एक शिक्षक उनके भीतर सन्निहित सभी शक्तियों को पूर्णत: विकसित कर सकता हैए इसलिए प्रत्येक शिक्षक को अपने विद्यालयों में उचित वातावरण में बच्चों को उनके अवस्था के अनुसार योगाभ्यास को नियमित कराना चाहिए। उक्त बातें परिषदिय विद्यालयों के शिक्षकों के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित जिलास्तरीय योगासन प्रतियोगिता में डायट प्राचार्य नन्द लाल यादव ने कही। उन्होने बताया कि योग हमारी प्राचीनतम सांकृतिक विरासत है। प्रतियोगिता में पतंजलि योग समिति सदर के प्रभारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे मड़ियाहूं ब्लाक के शिक्षक नन्द लाल यादव व महिला संवर्ग में जलालपुर विकास खंड से आभा तिवारी ने प्रथम स्थान पाकर एससीआरटी लखनऊ द्वारा आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय योगासन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु अर्हता हासिल किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता डा.आरएन यादव, रविचन्द्र यादव, अचल हरीमूर्ति, शैलेश चतुर्वेदी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## सपाइयों ने दिया धरना

**डुमरियागंज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वह पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर 9 सितंबर को सभी जिले में किसान यात्रा के दौरान बांसी भग्गोभार चौराहे पर सपाईयों का धरना.प्रदर्शन में दिलीप पाठकण् दिलीप चौरसियाण्की अगवाई में धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान समाजवादी पार्टी के अफसर रिजवी ने कहां कि जिस तरह भाजपा सरकार को किसानों की हित को देखते हुए काला कानून वापस लेना चाहिए और जिस तरह से आज राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के घर को छावनी में तब्दील किया गया है उन्हें कन्नौज जाने से रोका जा रहा है अभिव्यक्ति की स्वतंत्रताए हक के लिए इकट्ठा होना और धरने के माध्यम से प्रदर्शन करना सरकार के गलत फैसलों का विरोध करना लोकतांत्रिक व्यवस्था का मूल पहलू है प्रेम चौरसिया ने अपने संबोधन में कहा की भारत जैसे लोकतांत्रिक देश के लोगों को सरकार के फैसलों के खिलाफ आवाज उठाना या किसी भी सामाजिक व राष्ट्रीय महत्व के मुद्दे पर अपने आक्रोश को अभिव्यक्त करने का अधिकार है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत: मानव श्रृंखला बनाकर किया गया लोगों को जागरूक

संवाददाता। देवरिया



**बुधवार** को जिला विधिक सेवा प्राधिकरणए देवरिया के तत्वावधान में दीवानी न्यायालय के परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता हेतु मानव श्रृंखला बनाकर आमजनमानस को जागरूक किया गया। इसका शुभारम्भ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया के सचिव न्यायाधीश शिवेन्द्र कुमार मिश्र ने किया। इस मौके पर न्यायाधीश ने कहा कि मानव श्रृंखला बनाकर आमजनमानस से यह अपील की गयी कि अपने वादों का राष्ट्रीय लोक अदालत में नियत कराकर अधिक से अधिक संख्या में वादों को निस्तारित कराएं। उन्होंने कहा कि इस बार की लोक अदालत वैश्विक महामारी कोरोना के बाद प्रथम तथा वर्ष का अंतिम लोक अदालत हैं इसलिए इसे भव्य बनाने के लिए आप सभी विद्वान अधिवक्ता व वादकारी को एक साथ आगे आने होगा। किसी भी तरह के वाद को आप जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया में एक प्रार्थना देकर लोक अदालत की तिथि पर नियत कराकर अपने वाद का निस्तारण करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस मानव श्रृंखला के माध्यम से आम जनमानस में 12 दिसम्बर को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा वादध्मुकदमा निस्तारित कराने हेतु जागरूकता बढ़ेगी। ऐसे मामले जो बैंको के ऋण संबंधित, मोटर दुर्घटना बीमा से संबंधित, पारिवारिक मामले व अन्य लघु सुलहनीय मामले से संबंधित हो उसको निस्तारित करने पर सुलह.समझौता केन्द्र कार्य कर रही हैं तथा जिसका निस्तारण 12 दिसम्बर को होना हैं। उन्होंने कहा कि एक सच्चे नागरिक होने के लिए यह कर्तब्य हैं कि हम अच्छे व्यक्ति बनते हुये परोपकार की भावना विकसित करें। इस जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अधिवक्त, एनसीसी छात्र-छात्राएं व समस्त स्टाफ ने एक साथ एक स्वर में राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता हेतु कार्य करने का आहवान किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुभाषचन्द्र राव, पूर्व मंत्री प्रेमनरायण मणि, अधिवक्ता अशोक दीक्षित बीनू वर्मा, रूपेश मिश्रा,एनसीसी छात्र-छात्रायें उपस्थित रहीं।

## युवती की हत्या करने वाला गिरफ्तार

संवाददाता। गाजीपुर

**जनपद** के बहरियाबाद थाना क्षेत्र में युवती की हत्या के मामले में पुलिस ने भीम कुमार निवासी खाजेपुर मठिया थाना बहरियाबाद ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त को मीडिया के सामने पेश कर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने अभियुक्त भीम कुमार को बहरियाबाद पानी टंकी तिराहा से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि गांव खाजेपुर मठिया में खेत में जिस युवती का शव मिला था, उसकी हत्या मैंने ही की थी। उसने बताया कि मृतक युवती मेरे गांव की थी, जिससे मैं एकतरफा प्यार करता था। उसे अकेले शौच करते हुए देख मैंने दुष्कर्म करने का प्रयास किया, जिसका वह विरोध करने लगी और सबको यह बात बताने को बोलने लगी। जिससे डर कर मैंने गला दबाकर उसे मारने की कोशिश की तथा उसके गले पर दांत से काटकर लहूलुहान कर दिया। उसके मर जाने के बाद उसे छोड़कर भाग गया।

## भू-माफिया जयप्रताप ऊर्फ नंगा सिंह गिरफ्तार

**मऊ।** भीटा और ग्राम सभा की सार्वजनिक जमीनों पर कूटरचना कर फर्जी तरीके से अपने नाम चढ़वाने वाले भूमाफियाओं के खिलाफ सदर उपजिलाधिकारी निरंकार सिंह ने मुहिम छेड़ दी है। सदर तहसील क्षेत्र में जमीनों को लेकर किए गए फर्जीवाड़े के खिलाफ चुन-चुन कर उनकी कार्रवाई शुरू होने के बाद भूमाफियाओं में खलबली मची हुई है। बुधवार को अछार गांव में सार्वजनिक भीटे की जमीन से अवैध तरीके से मिट्टी खनन कराकर उसे व्यवसायिक उपयोग के लिए इस्तेमाल करने पर जयप्रताप ऊर्फ नंगा सिंह को एसडीएम निरंकार सिंह ने रंगे हाथों पकड़ने पर एंटी भूमाफिया एक्ट के तहत एफआइआर दर्ज कर जेल भेज दिया। सदर उपजिलाधिकारी निरंकार सिंह ने कहा कि पोखरी, पोखरा, भीटा आदि सार्वजनिक जमीनों की नवैयत नहीं बदली जा सकती।

# बदमाशों ने शिक्षक नेता को मारी गोली, हालत नाजुक

संवाददाता। जौनपुर

**जलालपुर** थाना क्षेत्र के बहरीपुर गांव में आई बरात से में बदमाशों ने एक शिक्षक नेता को गोली मारकर घायल कर दिया। गंभीर अवस्था में उन्हें वाराणसी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की छानबीन में जुटी है।

मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के देवापार गांव निवासी एवं जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के मड़ियाहूं ब्लाक अध्यक्ष रायसाहब यादव (48 वर्ष) मंगलवार को एक बरात में शामिल होने जलालपुर थाना क्षेत्र के बहरीपुर गांव गए थे। बरात सिरकोनी क्षेत्र के इजरी धौरहरा गांव निवासी अनिल यादव के घर से गई थी। बताया जा रहा है कि बरात में ही शामिल कुछ अराजक तत्वों से रायसाहब का किसी बात को लेकर विवाद हुआ था।

रात में करीब साढ़े आठ बजे रायसाहब यादव बरात से घर के लिए रवाना हुए, वह करीब सौ मीटर आगे रास्ते पर गए थे तभी किसी ने उनपर गोली चला दी। गोली उनके कंधे के पास लगी और वह बाइक से जमीन पर गिर पड़े। गोली की आवाज सुनते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई। हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल शिक्षिक को लोगों की मदद से पीएचसी ले जाया गया जहां हालत गंभीर देख डाक्टर ने वाराणसी रेफर कर दिया।

### राय के हमलावरों को पकड़ा जाएः डा. प्रकाश

**जौनपुर।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक जिलाध्यक्ष डा. अतुल प्रकाश यादव की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय पर हुई। जहां मड़ियाहूं ब्लाक इकाई के अध्यक्ष राय साहब यादव पर हुए कातिलाना हमले की उपस्थित जनों ने निंदा किया। साथ ही मांग किया कि हमलावरों ने जिस दुस्साहसिक ढंग से जान लेने के लिए अंधाधुंध फायरिंग किया, उससे समस्त शिक्षकों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। अपराधियों को किसी भी कीमत पर तत्काल गिरफ्तार कर उन्हें सजा दिलाई जायए अन्यथा एस्मा लगे होने के बावजूद धरना-प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

## सामूहिक विवाह कार्यक्रम 14 को

**देवरिया।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत जिलाधिकारी अमित किशोर द्वारा आगामी 14 दिसम्बर को चीनी मिल ग्राउण्ड में सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित करने हेतु तिथि निर्धारित की गयी है तथा इससे जुड़े सभी अधिकारियों को तैयारियों को पूर्ण करने हुए कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु निर्देश दिया है। इसी क्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी रामपाल यादव ने बताया है कि वैवाहिक कार्यक्रम में जरुरतमंद, निराश्रित, निर्धन परिवारों की विवाह योग्य कन्या, विधवा, तलाकशुदा महिलाओं के विवाह हेतु सामूहिक विवाह सम्पन्न कराकर उनकी सामाजिक,धार्मिक मान्यता एवं रीति-रिवाज के अनुसार विवाह कराने की व्यवस्था कराकर समाज में सर्वधर्म-समभाव एवं सामाजिक समरसता को बढावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का कार्यक्रम किया जा रहा है।

# उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

संवाददाता। गाजीपुर



**उत्तर** प्रदेश अपराध निरोधक समिति लखनऊ के सचिव व जेल पर्यवेक्षक संजय श्रीवास्तव व सदस्यों द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। अपराध निरोधक समिति द्वारा जिला जेल व जेल अस्पताल का निरीक्षण किया गया जिसमें कुल 906 कैदी है जिसमें पुरुष 826 व महिला 32 है अल्प वयस्क 48 हैं जिला कारागार में महिला बंदियों के साथ एक बच्चा निरुद्ध है। सुबह के नाश्ते में कैदियों को ब्रेड चाय व दोपहर भोजन में रोटी चावल अरहर की दाल आलू पालक की सब्जी दी गई। पैरोल से वापस आए वापस आए कैदियों की संख्या पांच है। जिला जेल में 397 कैदी की क्षमता है जिसके सापेक्ष 906 कैदी बंद है। डिप्टी जेलर कमल चंद ने बताया कि जेल के अंदर आने वाले लोगों को गहन चेकिंग करके व कोविड.19 का ध्यान देते हुए सभी को सैनिटाइज करके ही अंदर प्रवेश करने दिया जाता है। जेल में 30 सीसीटीवी कैमरे लगे है जो सभी काम करते पाए गए जेल की सबसे बड़ी समस्या बाउंड्री वॉल 12 फीट का ही होना बताया जेल में चार डिप्टी जेलर होने चाहिए जबकि यहां तैनाती केवल तीन की है। वही 68 सिपाही तैनात होना चाहिए जिसके सापेक्ष केवल 42 की नियुक्ति है। दीवाल व चारदीवारी की स्थिति जर्जर है जिसके लिए कई बार पत्र लिखा जा चुका है।

# अब नई दवा से भी होगा एचआईवी एड्स का इलाज

### नेशनल कंट्रोल एड्स सोसाइटी की ओर से भेजी गई नई दवा

संवाददाता। गाजीपुर



हयूमन इम्यूनोडिफिशिएंसी वायरस (एचआईवी) के मरीजों को अब और बेहतर इलाज मिल सकेगा। इसके लिए शासन ने इलाज के प्रोटोकॉल में नई दवा को शामिल किया है। नए मरीजों के साथ ही पुराने मरीजों को भी यह दवा दी जाएगी।

नेशनल कंट्रोल एड्स सोसाइटी की ओर से जिले के एआरटी सेंटरों पर यह दवा भेज दी गई है। अब तत्काल प्रभाव से मरीजों को नई दवा दी जाएगी। जिला एचआईवी व एड्स एवं क्षय रोग अधिकारी डा. केके वर्मा ने बताया कि शासन के दिशा-निर्देशों के तहत प्रोटोकॉल में नई दवा को शामिल किया गया है। दिशा-निर्देशों के अनुसार यह दवा एचआईवी के वायरस पर अधिक तेज और असरकारक है। इससे शरीर में वायरस का असर जल्दी कम होता है। वहीं इसके साइड इफेक्ट भी नहीं होंगे। अभी तक इलाज में जो दवाएं दी जातीं थीं, उनमें से अब एक दवा को हटा दिया गया है।

**यह होगा फायदा:** डा. वर्मा ने बताया कि एड्स के मरीजों के लिए प्रोटोकॉल में शामिल नई दवा की सबसे बड़ी खूबी यह है कि किसी भी समय इसका सेवन किया जा सकता है। हटाई गई दवा के लिए समय रात को सोने से पहले निर्धारित थाए जिसकी वजह से कई बार मरीज यह दवा खाना भूल जाते थे और ड्रग रेजिस्टेंस की समस्या बढ़ जाती थी। वहीं इस दवा के साइड इफेक्ट भी सामने आ रहे थे।

इसमें मरीजों में घबराहटए नींद आनाए गफलत बनी रहना जैसे लक्षण बने रहते थे। इन परिणामों को देखते हुए प्रोटोकॉल में नई दवा को शामिल किया गया है।

**पुराने मरीजों को भी मिलेगी नयी दवा:** शासन की ओर से जारी दिशा.निर्देशों के अनुसार मरीजों को तय दवा दी जाएगी। एड्स को लेकर लोगों में जागरूकता कम है। सही समय पर इलाज करवाकर वायरस को शरीर में बढ़ने से रोका जा सकता है। अब नये मरीजों के साथ पुराने मरीजों को भी यह दवा दी जाएगी।

## हत्या के खुलासे को लेकर डीएम व एसपी से मिले परिजन

सकलडीहा (**चन्दौली**)। तीन माह से अधिक समय बीत जाने के बाद छात्र अनमोल यादव की मौत का खुलासा नहीं हो पाया। परिजनों द्वारा हत्या का आरोप लगाते हुए दो नामजद सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। बुधवार को परिजनों ने डीएम और एसपी से मिलकर मामले की निष्पक्ष जांच एजेंसी के माध्यम से कराकर खुलासा की मांग किया है। चेताया कि इस मामले का शीध्र खुलासा नही होने पर आन्दोलन किया जायेगा।

चतुर्भुजपुर गांव निवासी जयप्रकाश यादव के तीन पुत्र है। 22 वर्षीय पुत्र अनमोल यादव बीए तृतीय वर्ष का छात्र था। बीते 29 अगस्त को घर से फोन पर बात करते हुए छात्र गायब हो गया था। दो दिन बाद 31 अगस्त को सुबह गांव के सिवान में कुंआ में शव मिलने से सनसनी फैल गयी। घटना को लेकर ग्रामीणों ने जमकर बबाल मचाया था।

# स्कूली बच्चों के स्वेटर बांटे



धर्मापुर (**जौनपुर**)। स्थानीय विकास खण्ड क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के अभिभावकों को बुधवार को आमंत्रित करके उनके बच्चों का स्वेटर उन्हें वितरित किया गया। बता दें कि ठंड की शुरुआत को देखते हुए धर्मापुर क्षेत्र के सरैयां गांव के प्राथमिक विद्यालय इंग्लिश मीडियम के 165 बच्चों के अभिभावकों को प्रधानाध्यापिका संगीता राय द्वारा स्वेटर वितरित किया गया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि ठंड की शुरुआत हो गई है। ऐसी स्थिति में कोविड×19 की वजह से बच्चों को न बुलाकर उनके अभिभावकों को बुलाकर स्वेटर वितरित किया गया। स्वेटर पाकर बच्चों के अभिभावकों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर सहायक अध्यापिका संगीता राय, सविता सरोज, शिक्षामित्र सावित्री देवी आदि मौजूद रही।

# पुलिस ने पांच बालू से लदे ट्रैक्टर किए सीज



संवाददाता। सकलडीहा (**चन्दौली**)

**नवागत** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को देर शाम तक पांच ओवरलोड बालू ट्रैक्टर बोगा को सीज कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद भी सुबह शाम बालू ट्रैक्टर और ट्रकों का संचालन बंद नही हो रहा है। जिसे लेकर जाम की समस्या गहराती जा रही है। सफेदपोश की मिली भगत से बालू खनन माफ़िआओं का लम्बा रैकेट सुबह शाम वाहनों को पास कराने में जुटा है। जिसके कारण लाखों करोड़ों की लागत से निर्मित सड़क जर्जर हो रही है। वही दूसरी ओर जाम की समस्या बरकार है। नवागत पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने कार्यभार ग्रहण करते ही बालू खनन माफ़िआओं के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है। इसी क्रम में कोतवाल वंदना सिंह के नेतृत्व में नईबाजार चौकी प्रभारी हरिकेश ने पुलिस फोर्स के साथ पांच ओवर लोड बालू लदी ट्रैक्टर को नई बाजार से सीज कर दिया है।

# नलकूप चालकों को नियुक्तिपत्र

## सांसद और विधायक ने किया वितरित



मुख्यमंत्री ने नवचयनित नलकूप चालक विनोद कुमार मिश्र से किया आनलाइन संवाद

**प्रतापगढ़।** मिशन रोजगार के अन्तर्गत निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा नवचयनित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के 3209 नलकूप चालकों को आज लखनऊ से माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने नियुक्ति पत्र वितरित कर उन्हें सम्बोधित किया। इसी क्रम में जनपद प्रतापगढ़ में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के नव चयनित 21 नलकूप चालकों को एनआईसी के सभागार में सांसद संगम लाल गुप्ता, विधायक सदर राजकुमार पाल एवं डीएम डा. रूपेश कुमार ने नियुक्ति पत्र वितरित किया, इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। एनआईसी के सभागार में आज जिन 21 नलकूप चालकों को नियुक्ति पत्र दिया गया उनमें राम आसरे पटेल, पवन कुमार मोदनवाल, सूरज शुक्ला, महेन्द्र कुमार पाल, राहुल कुमार, अखिलेश त्रिपाठी, राघवेन्द्र सिंह, खालिद अली, राजू कुमार गुप्ता, सतीश कुमार शर्मा, राम बहादुर गौतम, सजन लाल सरोज, अभय प्रताप सिंह, अनूप कुमार सिंह, विनोद कुमार मिश्र, अशोक कुमार कौडिन्य, अरविन्द तिवारी, अतुल आजाद, कु. कल्पना गुप्ता, कु. राजकिरन एवं जगराम के नाम सम्मिलित है। मुख्यमंत्री ने नव चयनित नलकूप चालक विनोद कुमार मिश्र से आनलाइन संवाद के दौरान जानकारी प्राप्त की कि नलकूप आपरेटर बनकर आपको किसानों की सेवा करने का मौका मिला है, आप किसानों के लिये कैसा कार्य करेंगें तो उसने कहा कि किसानों के लिये मैं अच्छा कार्य करूंगा और किसी को शिकायत का मौका नहीं दूंगा। मुख्यमंत्री ने सभी नवचयनित नलकूप चालकों एवं उनके परिवार को बधाई भी दी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई सुधीर कुमार पाल, अधिशासी अभियन्ता नलकूप प्रयागराज बलवन्त कुमार, सहायक अभियन्ता सिंचाई खण्ड संजय सिंह, सिंचाई बन्धु के उपाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

# बेटियों को बढ़ने का दें मौकाः वर्मा



**प्रतापगढ़।** मिशन शक्ति के तहत 16 दिवसीय महिला हिंसा बिरोधी अभियान के अंतर्गत आज जिला प्रोबेशन कार्यालय मे महिला हिंसा व बाल विवाह पर एक परिचर्चा आयोजित की गई जिसमे जिला प्रोबेशन अधिकारी रन बहादुर वर्मा ने कहा कि बेटियो को आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिये ताकि बेटिया सशक्त होकर अपने अधिकार ले सके। घरेलू महिला हिंसा पर चर्चा करते हुए श्री वर्मा ने कहा कि घर मे महिलाओ के प्रति सकारात्मक सोच पैदा करने के लिए पुरुषो को आगे आना चाहिये।

आक्स्पम इंडिया, सहयोग, तरुण चेतना व चाइल्डलाइन के संयुक्त तत्वाधान मे आयोजित इस कार्यक्रम मे बाल विवाह रोकथाम पर चर्चा करते हुए तरुण चेतना के निदेशक नसीम अंसारी ने कहा कि शादी की कानूनी उम्र बढ़ाने के बजाय बेटियो को सशक्त करने की जरूरत है इसके लिए बेटियो को सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के क्षेत्र मे आगे बढ़ाकर बाल विबाह जैसे सामाजिक बुराई को रोका जा सकता जा सकता है। बाल संरक्षण अधिकारी अभय शुक्ला ने बच्चो के मुद्दे पर चर्चा करते हुए कहा कि बच्चो को आगे बढ़ने के लिए, समाज मे सकारात्मक माहौल बनाने की जरूरत है उनके लिए हम शिक्षा, स्वाथ्य व बरावरी की अलख जगाकर उनके अधिकार को सुनिश्चित कर सकते है।

समन्वयक कृष्ण कान्त राय चाइल्डलाइन ने बच्चो के अधिकारो पर बोलते हुए कहे कि जबतक हर परिवार जागरूक नही होगा तव तक बेटिया जागरूक नही होगी इसके लिए सभी हम सबको मिलकर बेटियो को जागरूक करने का काम करना है। कार्यक्रर्म मे महिला शक्ति केंद्र की जया यादव, विशेष किशोर पुलिस इकाई से राजेश सिंह व एन्टी हुयमन ट्राफकिंग से राम बचन ने भी अपने बिचार ब्यक्त करते हुए संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर किए।

## क्विक न्यूज

### पुलिस बूथ से चंद कदम की दूरी पर उचक्के ने उड़ाए 50 हजार

**जगदीशपुर अमेठी।** शादी के लिए बैंक से पैसा निकाल कर घर वापस जा रहे व्यक्ति के गाड़ी में लगे बैग में रखे पचास हजार नगदी चुरा ले जाने में सफल रहे भुक्तभोगी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस जाँच पड़ताल में जुटी। जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत डोमाडीह निवासी संतोष कुमार मिश्र कस्बा स्थित भारतीय स्टेट बैंक से अपने पुत्र की शादी के लिए पचास हजार रुपए निकाल कर सामान लेने लगे जैसे ही गाड़ी के पास पहुंचे तो देखा कि बैग का चैन खुला हुआ पाया जब तक कुछ समझ पाते कि उचक्के पचास हजार रुपये लेकर फरार हो जाने में सफल रहे भुक्तभोगी ने बताया कि घर पर शादी होने के चलते घटना की लिखित तहरीर अभी नहीं दिया है शादी से लौटने के बाद दे दूगा फिर भी हमने पुलिस को सूचना दूरभाष से दिया है। इस संबंध में उपनिरीक्षक महेंद्र सरोज ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है लिखित तहरीर मिलने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### प्रतिबन्धित लकड़ी के साथ ठेकेदार गिरफ्तार

**जगदीशपुर, अमेठी।** पुलिस एवं वन विभाग की मिलीभगत के चलते प्रतिबंधित हरे पेड़ों की कटान से सम्बंधित खबर छापने के बाद पुलिस ने दो बोटा प्रतिबन्धित लकड़ी के साथ ठेकेदार को गिरफ्तार किया। कमरौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूरे हैदर अली मजरे कठौरा में मंगलवार को लकड़ी ठेकेदार द्वारा प्रतिबंधित हरे पेड़ों को काट कर पुलिस को चुनौती दी थी जिसकी खबर पायनियर समाचार पत्र ने प्रमुखता से छापी थी तो वहीं कमरौली उपनिरीक्षक रमेश चन्द्र ने मुखबिर की सूचना पर ठेकेदार मो0 अरमान पुत्र नूर मोहम्मद निवासी पहाड़पुर कोतवाली मोहनगंज जनपद अमेठी को पूरे हैदर अली मजरे कठौरा से गिरफ्तार कर मौके से दो नग हरे आम की लकड़ी का बोटा भी बरामद किया। वहीं कमरौली पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया।

### आरआरपीजी कालेज में नये एनसीसी कैडेटों की भर्ती

**अमेठी।** आज आर आर पी जी कालेज में 18 यूपी बटालियन के तत्वावधान में एनसीसी कैडेटों की शारीरिक एवं लिखित परीक्षा सम्पन्न कराई गयी। इस परीक्षा में आर आर पी जी कालेज के 203 तथा श्री रणवीर इंटर कालेज अमेठी के 320 छात्र.छात्राओं ने भाग लिया। इस भर्ती में भाग लेने के लिए छात्रों की लंबाई का मानक 172 सेमी निर्धारित था इसमें सफल अभ्यर्थियों की दौड़ एवं लिखित भी सम्पन्न कराई गयी इसका परिणाम 22 दिसम्बर तक घोषित किया जा सकता है। इस भर्ती प्रक्रिया का समापन कराने हेतु 18 यूपीबटालियन के लेफ्टिनेंट कर्नल आरएसएच चौहान एवं उनकी टीम ने निष्पक्षरूप किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ त्रिवेणी सिंह तथा एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ उमेश पूरी भर्ती प्रक्रिया का निरीक्षण स्वयं करते रहे।

### सांड के हमले से बुजुर्ग किसान की मौत

**प्रतापगढ़।** सांड के हमले से एक बुजुर्ग किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। लहूलुहान हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के भवसरनपुर निवासी मुरली वर्मा (60) मंगलवार देर शाम घर के पीछे खेत की रखवाली करने गया था। इस दौरान गेहूं के खेत में घुसे सांड ने मुरली पर हमला बोल दिया। मुरली लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। शोर मचाने पर ग्रामीणों की मदद से परिजनों ने किसी तरह सांड को भगाकर मुरली को सीएचसी पट्टी में भर्ती कराया। वहां से गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बुधवार सुबह वहां मुरली की मौत हो गई।

### किसान विरोधी है विधेयक

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** कांग्रेस युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष तरुण पटेल ने हैदरगढ़ स्थित एक ढाबे पर प्रेस वार्ता की, जिसमें उन्होंने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहाकेंद्र सरकार द्वारा किसानों के प्रति 3 काले कानून बनाए गए हैं वह किसान विरोधी है इस कानून के लागू होने से किसानों का आने पौने 9-10 रुपये किलो धान बिक रहा है। कहा कि जब तक यह तीनों कानूनों को सरकार वापस नहीं लेती तब तक मैं व हमारी पार्टी प्रदेश के हर जिले तहसील ब्लाक को व गांव स्तर पर पर जाकर विरोध प्रदर्शन करती रहेगी। इस अवसर पर तनुज पुनिया ने कहा कि हम केंद्र सरकार किसानों की आमदनी धोनी कादोगनी करने की बात कर रही है। किंतु किसानों की हालत बहुत नाजुक है खुलेआम बेसहारा पशुओं द्वारा फसलें नष्ट हो रही है और सरकार किसानों की आमदनी दूनी करने के बाद कर रही है।

### प्रबन्ध समिति की बैठक हुई संपन्न

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** विकास खंड त्रिवेदीगंज क्षेत्र के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय तहवापुर में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक की गई। कोरम पूरा रहा प्रधानाध्यापक राम कुमार पांडे द्वारा बताया गया। कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी विद्यालय प्रबंध समिति का गठन होना है। जिसमें 11 अभिभावक ,सचिव,प्रधानाध्यापक,ए एन एम, लेखपाल,एवं ग्राम पंचायत का एक निर्वाचित सदस्य मौजूद रहेगा। विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में 15 सदस्यीय टीम का गठन हुआ है। 11 अभिभावकों में से 5 महिला एवं 6 पुरुष ही सदस्य बनाए जाएंगे। प्रधानाध्यापक द्वारा बताया गया कि अध्यक्ष पद के लिए पुरुष व उपाध्यक्ष पद पर एक महिला को नियुक्त किया जाएगा।

### तमंचे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**बाराबंकी।** अवैध तमंचे के साथ शातिर अभियुक्त को बड्डूपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है उसके पास से 315 बोर का अवैध तमंचा व कारतूस बरामद करने का दावा किया है। एसपी डॉण् अरविंद चतुर्वेदी के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों को विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत बड्डूपुर थानाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह उपनिरीक्षक अमर बहादुर सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने क्षेत्र के सुर्जनाभारी से अभियुक्त जयसिंह पुत्र राममनोहर निवासी टीकापुर थाना देवा को गिरफ्तार किया है इसके कब्जे से पुलिस ने 315 बोर के तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद किया है। जय सिंह के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज करके कार्यवाई की जा रही है।

### जमीन के विवाद में मारपीट, चार घायल

**प्रतापगढ़।** फतनपुर थाना क्षेत्र के रहेटुआ परसरामपुर निवासी राम सजीवन व नंदलाल के बीच भूमि विवाद है। उसी विवाद में बुधवार को दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चले। इसमें एक पक्ष से राम सजीवन (40), कमलेश (26), सितारा (24) व दूसरे पक्ष से नंदलाल (34) घायल हो गए। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफतहरीर दी है।

### रोजगार मेले का आयोजन 18 को

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन कार्यालय में 18 दिसम्बर को रोजगार मेले का आयोजन किया गया है जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनियों के द्वारा विभिन्न पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो सेवायोजन वेब पोर्टल पर पंजीकृत है 16 दिसम्बर तक आनलाइन आवेदन कर सकते है। रोजगार मेले में प्रतिभागिता सुनिश्चित करने के लिये अभ्यर्थियों को अनिवार्य रूप से आनलाइन आवेदन करना होगा। आनलाइन आवेदन के लिये सर्वप्रथम अभ्यर्थी को सेवायोजन वेब पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा।

# जरूरतमंदो तक जन-कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारीः प्रमोद

- विभिन्न कार्यक्रमों मे शामिल होने पहुंचे सीडब्लूसी मेंबर, लोगों ने किया जमकर स्वागत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य व यूपी आउटरीच कमेटी के प्रदेश प्रभारी प्रमोद तिवारी बुधवार को रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र के विविध कार्यक्रमो मे सम्मिलित हुये। लालगंज मे कार्यकर्ताओं से मुलाकात के दौरान तिवारी ने कहा कि यहां संचालित विकास योजनाओं मे पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य संपादित कराना उनकी प्रमुख जिम्मेदारी है। बिजली, पानी व सड़क तथा स्वास्थ्य समेत विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ क्षेत्र के गरीब व जरूरतमंद जनता तक पहुंच पाना तभी संभव है जब इसमे कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी व मेहनत से जुट जाय। श्री तिवारी ने कहा कि कोरोना महामारी को देखते हुए सोशल डिस्टेसिंग के तहत कार्यकर्ता लोगो से मिलकर उनकी समस्याओ के निराकरण का पूरा प्रयास करें, जहां जरूरत होगी वह दिन-रात सहयोग के लिए तैयार मिलेगें। उन्होने जगह जगह लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं पूछी और निस्तारण के लिए अफसरो से फोन पर वार्ता की। तिवारी बैजलपुर मे रामसिंह, शीतलमऊ मे रामेश्वर प्रसाद तथा जैनपुर मे देवी प्रसाद कौशल व उदियापुर मे धर्मराज मौर्या, अझारा मे सुधीर मिश्र के संयोजन मे आयोजित कार्यक्रमों मे प्रतिभाग किया। वह महिमापुर, अमांवा, पश्चिम देउम, कल्यानपुर कला, कामापुर सरैंया, बरीबोझ आदि स्थानों पर लोगों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों मे भी शामिल हुये। पूर्व सांसद व सीडब्लूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने घुइसरनाथ धाम पहुंचकर भगवान शंकर की पूजा-अर्चना कर जन-कल्याण की मंगलकामना की।

# सांसद ने नए नलकूप चालकों को वितरित किया नियुक्ति पत्र




**संवाददाता।** बाराबंकी

**एनआईसी** हॉल में मुख्यमंत्री से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सांसद की अगुवाई में नलकूप चालकों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। जनपद के एन आई सी हॉल में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सांसद उपेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में जिलाधिकारी डॉ आदर्श सिंह व मुख्य विकास अधिकारी मेघा रूपम ने नलकूप चालकों विजय कुमार मिश्र, सुरेन्द्र सिंह, रवीन्द्र वर्मा, प्रीती गुप्ता, उमेश राजभर, उपेन्द्र थारू को नियुक्ति पत्र वितरण किया। इस अवसर पर दिनेश चन्द्र रावत,शिवकुमार शर्मा, राहुल कुमार सहित आला अधिकारी व तमाम भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मार्फीन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**सिद्धौर बाराबंकी।** एसपी डॉ. अरविंद चतुर्वेदी के निर्देश पर जनपद में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में जैदपुर के प्रभारी निरीक्षक जैदपुर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक अभिमन्यु शुक्ला ने तस्करों के धरपकड़ अभियान में लखनऊ जनपद के निवासी दो तस्करों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से क्रमशः 50.50 ग्राम मार्फिन बरामद कर कुल 100 ग्राम मार्फिन के साथ तस्कर सुमित शर्मा पुत्र स्वर्गीय कमलेश शर्मा व रविशंकर



निगम पुत्र द्वारिका प्रसाद निगम निवासीगण नगरिया थाना ठाकुरगंज जनपद लखनऊ को गिरफ्तार किया है।दोनो ही तस्कर क्षेत्र से मार्फिन खरीद कर अन्य स्थानों पर बेचने का काम करते थेऔर बेहद ही शातिर तस्कर हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार राय वरिष्ठ उपनिरीक्षक अभिमन्यु शुक्ला, कांण्तिुल दीक्षित,कांण्चालक शैलेंद्र सिंह ने गिरफ्तार किया है और दोनों पर एनडीपीएस की धाराओ में मुकदमा दर्ज करके कार्यवाई शुरू की है।

# बिना अनुमति साइकिल यात्रा निकालना सपाइयों को पड़ा महंगा

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** बिना अनुमति के किसान जागरूकता साइकिल रैली निकाल रहे सपाइयों को पुलिस ने किया गिरफ्तार। सपा नेता विनोद कुमार यादव की अगुवाई में दर्जनों सपा कार्यकर्ताओं ने कस्बा बदोसराय के मुख्य चौराहे पर एकत्रित होकर सरकार विरोधी नारे लगाते हुए बदोसराय से मरकामऊ तक साइकिल रैली लेकर निकले। रैली की भनक लगते ही प्रशासनिक हलके में हड़कंप मच गया। एसडीएम ने प्रभारी निरीक्षक बदोसराय दयाशंकर सिंह के साथ भारी पुलिस बल लेकर रैली को बदोसराय कस्बे के बाहर रामनगर रोड पर रोक लिया। पुलिस बल को देखते ही सपाइयों में भगदड़ मच गयी पुलिस ने सपा नेता विनोद कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर थाने ले आई। गिरफ्तार सपाइयों को दिन भर थाने पर बैठाए रखने के बाद शाम को कानूनी औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद छोड़ा गया।

# बारातियों ने रिश्तेदारों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

**प्रतापगढ़।** डांस के लिए बारातियों व लड़की पक्ष के रिश्तेदारों में मारपीट हो गई। पिटने से खुन्नस खाए बारातियों ने घर लौट रहे रिश्तेदारों को घेरकर पीटा। रिश्तेदार जान बचाने के लिए बाइक छोड़कर भाग गए तो उनकी बाइक तोड़ दी। लावारिस हालत में घटनास्थल पर मिली दोनों बाइक थाने भेजकर पुलिस छानबीन कर रही है। अंतू थाना क्षेत्र के बसखोरी निवासी राम फकीरे वर्मा के बेटे की बारात 8 दिसंबर को लंगडा का पुरवा निवासी ननकू वर्मा के घर गई थी। बताया जाता है कि शादी में शामिल होने के लिए आए ननकू के चार रिश्तेदार नशे में थे। बारात में डांस करने को लेकर बारातियों व ननकू के रिश्तेदारों में मारपीट हो गई। आरोप है कि रिश्तेदारों ने कुछ बारातियों को पीट दिया। वहां उपस्थित लोगों ने बीचबचाव किया। खाना खाने के बाद रिश्तेदार दो बाइक से अपने घर जाने लगे। पिटे बारातियों ने चारों आरोपितों का पीछा कर लिया। बारातियों ने कल्यानपुर के पास रिश्तेदारों को घेर लिया और दौडाकर पीटने लगे। वह लोग अपनी जान बचाते हुए कल्यानपुर निवासी नोहर के घर में घुस गए। बाराती वहां भी पहुंच गए तो रिश्तेदार अपनी बाइक नोहर के घर छोड़ कर पैदल खेत की ओर भाग निकले। वहीं, दूसरी बाइक पर सवार रिश्तेदार पूरे परमेश्वर में अपनी बाइक छोड़ कर भाग गए। बारातियों ने दोनों बाइक को ईंट-पत्थर व डंडे से मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया, तब तक ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। ग्रामीणों को देख बाराती भाग गए। एसओ प्रवीण कुशवाहा का कहना है कि दोनों बाइक थाने भेज दी गई है, घटना की जांच की जा रही है लेकिन अभी किसी पक्ष ने तहरीर नहीं दी है।

# शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें अधिकारीः डीएम

**संवाददाता।** अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में 10 बजे जन सामान्य की समस्याएं सुनी एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। शासन के निर्देश पर बुधवार को कार्यालय में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना एवं मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में आए लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोविड.19 संक्रमण से बचाव हेतु सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करेंए मास्क लगाएं तथा साफसफाई व सैनिटाइजेशन पर नियमित रूप से ध्यान देंए कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सोशल डिस्टेंसिंग का का पालन कराते हुए जन समस्याएं सुनी तथा निस्तारण हेतु संबंधित



जनसुनवाई करते हुए जिलाधिकारी

अधिकारियों को निर्देश दिया। आज जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष लगभग 20 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई।

जिनमें नाली विवाद, भूमि पर अवैध कब्जे, वसीयत, भूमि की पैमाइश, शौचालय, राशन आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों को लंबित न रखा जाएए शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएए इसके साथ ही उन्होंने कहा जिस भी विभाग से संबंधित शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# कोविड अस्पताल में मरीजों की अधिक संख्या को लेकर जिलाधिकारी खफा

**ललितपुर।** डीएम अन्नावि दिनेश कुमार की अध्यक्षता में कोविड.19 कोर कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम विगत 24 घंटे के कोविड परिणामों पर चर्चा हुई, जिसमें बताया गया कि आज 1645 टेस्ट किये गए हैं। विगत 24 घण्टे में जनपद में कुल 10 धनात्मक केस पाए गए हैंए साथ ही 03 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया है। जनपद में वर्तमान में कुल 73 एक्टिव केस हैं। जनपद में मरीजों का रिकवरी रेट 96.24, सीएफआर 1.45 तथा धनात्मकता रेट 1.47 प्रतिशत है। इसी दौरान डीएम महोदय ने कहा कि जनसंख्या के अनुसार अन्य जनपदों की अपेक्षा हमारे जनपद में पॉजिटिव केस अधिक आ रहे हैंए इसमें सुधार करने की आवश्यकता है।

कोविड अस्पतालों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि अस्पताल में बताया गया कि अस्पतालों में मरीजों को गर्म खाना एवं पेयजल दिया जा रहा हैए साथ ही नियमित रुप से उनके स्वास्थ्य की जांच की जा रही है। समीक्षा के दौरान एल.2 अस्पताल में मरीजों की संख्या कम होने पर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त करते हुए मरीजों को एल.2 अस्पताल में अधिक संख्या में भर्ती करने हेतु निर्देश दिये।

जनपद में विगत 24 घण्टे में विभिन्न धाराओं में 213 चालान किये गए हैंए जिनसे 92313 रु0 जुर्माना वसूला गया है। इस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं क्षेत्राधिकारी सदर को निर्देशित कि जिन क्षेत्रों में अधिक पॉजिटिव मरीज निकल रहे हैंए उस क्षेत्र की आबादी वाली बस्तियों में कोविड के नियमों का अधिक से अधिक प्रचार.प्रसार कराया जायेए साथ ही मास्क न लगाने वालों एवं कोविड नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालान कर जुर्माना वसूला जाये। कांटेक्ट ट्रेसिंग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि अधिक से अधिक कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग करते रहें। साथ ही प्रतिदिन 24 घण्टे में किये गए कार्य की प्रगति से अवगत करायें डोर 2 डोर सर्विलांस की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि नोडल अधिकारी सर्वे के कार्य की निगरानी करें। साथ ही प्रतिदिन 24 घण्टे में किये गए सर्वे की रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

साफसफाई एवं सैनिटाइजेशन की समीक्षा के दौरान डीएम ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि अपने अपने क्षेत्रों में नियमित रुप से सफाई कराते रहेंए साथ ही कोविड से बचाव हेतु शासन द्वारा जारी दिशा.निर्देशों का जनसंख्या बाहुल्य क्षेत्रों में व्यापक प्रचार.प्रसार करायें। सीडीओ अनिल कुमार पांडेयए अपर जिलाधिकारी न्यायिक लवकुश त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ डी.के. गर्ग, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (पुरुष) डॉ अमित चतुर्वेदीए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामप्रवेश, अधि. अभि. जल संस्थानए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, जिला क्षय रोग अधिकारी जेएस बक्शी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ हुसैन खान, डॉ राजेश भारती सहित चिकित्सा विभाग के अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

# दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना का ऑनलाइन आवेदन 15 तक

**अमेठी।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त शिक्षण संस्थाओं विद्यालय/महाविद्यालय के प्रधानाचार्यों/प्रबंधकों एवं समस्त अध्ययनरत छात्र.छात्राओं को वित्तीय वर्ष 2020.21 के लिए अल्पसंख्यक वर्ग के दशमोत्तर (कक्षा 11.12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाएं) छात्रवृत्ति हेतु छात्रध्छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर छात्र.छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र को सबमिट करने की अंतिम तिथि 22 दिसंबर एवं संस्थाओं द्वारा छात्रध्छात्राओं से प्राप्त ऑनलाइन आवेदन पत्रों को अंतिम तिथि 29 दिसंबर तक अग्रसारित कर दिया जाएगा। नवीन/ नवीनीकरण के जिन छात्र.छात्राओं द्वारा अपने आधार कार्ड में नाम संशोधन किया जाना है ऐसे छात्र.छात्राओं को छात्रवृत्ति की वेबसाइट पर अपने नवीनीकृत नाम संशोधन आधार की प्रविष्टि के उपरांत गत वर्ष के आवेदन पत्र की प्रति, हाई स्कूल प्रमाण पत्र, संशोधित आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की प्रति विद्यालय द्वारा प्रमाणित आवेदन सहित 11 दिसंबर, तक कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, अमेठी को उपलब्ध करा दें ताकि ऑनलाइन आवेदन वेरीफाई होने के पश्चात छात्र. छात्राओं को पोर्टल पर आवेदन भरने हेतु खोला जाएगा, सभी छात्र.छात्राएं अपना ऑनलाइन आवेदन पत्र को प्रत्येक दशा में 15 दिसंबर तक अवश्य कर दें।

## पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**जगदीशपुर, अमेठी।** जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक अमेठी दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के विरुध चलाये जा रहे अभियान के तहत वरिष्ठ उपनिरीक्षक संतोष कुमार त्रिपाठी अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र देखभाल व चेकिंग के दौरान मु0अ0सं0 417/20 धारा 323 504 506 354 427 376 में वांछित चल रहे भवन पुत्र तुलसीराम निवासी थौरी कोतवाली जगदीशपुर जनपद अमेठी को देवकली चौराहे के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# विधायक निवास के सामने से चोरों ने उड़ाये हजारों की नगदी और जेवरात

**बाराबंकी।** नगर कोतवाली क्षेत्र में बीती रात एक बार फिर अज्ञात चोरों ने एक कमरे का ताला तोड़कर उसमें रखी हजारों की नकदी व लाखों के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया और फरार हो गए। यह घटना उस वक्त घटी जब घर के लोग शादी समारोह में भाग लेने के लिए अपने पैतृक निवास संत कबीर नगर गए हुए थे। पीड़ित की सूचना पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की है लेकिन अभी तक चोरों का सुराग नहीं लग सका है। प्राप्त विवरण के अनुसार जनपद संत कबीर नगर निवासी अनिल त्रिपाठी यहां कई वर्षों से विकास भवन रोड पर स्थित विधायक आवास के सामने मकान बनाकर रहते हैं।इनका पूरा परिवार पीड़ित की भाई के विवाह समारोह में भाग लेने के लिए गत 27 नवंबर को संतकबीरनगर गया हुआ था इस बात का फायदा उठाकर बीती रात अज्ञात चोरों ने सर्वप्रथम इनके मुख्य गेट की कुंडी तोड़ दी और फिर मकान के अंदर प्रवेश हो गए, इसके पश्चात चोरों ने बारी.बारी से घर में बने तीनों कमरों को खंगाला घंटा चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद चोर यहां सेबीस हजारकी नगदी एवं लाखों की कीमत के सोने चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया और फरार हो गए।

इस बात की भनक पड़ोसियों को तब हुई जब चोर घटना को अंजाम देकर वापस जाने लगे तब खटपट की आवाज सुनकर पड़ोसी बाहर निकले घर का गेट टूटा देख इसकी सूचना पीड़ित मकान मालिक को दी। तब वह लोग भी सपरिवार मौके पर पहुंच गए तब उनके होश उड़ गए जब दरवाजा खुला होने के साथ पूरा सामान अस्त.व्यस्त पड़ा देखा।पीड़ित मकान मालिक ने बताया कि घर में 20000 की नकदी और पत्नी व मां के जेवरात से जो चोर उठा ले गए हैं इस सूचना पर नगर कोतवाल एवं चौकी इंचार्ज आवास विकास एवं अन्य पुलिसकर्मियों ने जांच पड़ताल की किंतु चोरों का कहीं कोई सुराग नहीं लग सका है।

## ताबड़तोड़ चोरी की घटनाओं से सहमे शहरवासी

एक के बाद एक ताबड़तोड़ शहर में हो रही चोरियों से शहरवासी भयभीत हैं लेकिन पुलिस इसकी परवाह किए बिना अपनेपुराने ढर्रे पर चल रही है जिससे पुलिस के प्रति लोगों में जन आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बताते चलें कि अभी पिछले माह अज्ञात चोरों ने डिवाइन ग्रीन सिटी कॉलोनी में एक पत्रकार सहित 5 घरों में एकही रात में चोरी की घटना को अंजाम देकर सबको हैरत में डाल दिया था अगले दिन पुलिस सक्रियता की पोल खुल गई थी। पुलिस अभी खुलासा ही नहीं कर पाई कि बीती रात फिर विकास भवन रोड पर एक बंद कमरे में हुई लाखों की चोरी से शहरवासी सहम गए हैं और सुरक्षा के नाम पर स्वयं जागने पर विवश हैं, चोरी कीयें घटनाएं तो अभी हाल ही की है इससे पूर्व की घटनाओं पर नजर दौड़ाई जाए तो यह कहना गलत ना होगा कि शहर पुलिस चोरी की घटनाओं को रोकने में विफल है और चोर बेखौफहोकर घटना को अंजाम दे रहे हैं।